जिनवाणी *Jinavāṇī*

अहिंसा

परस्परोपग्रहो जीवानाम्

Table of Contents

1. नवकार (णमोकार) मंत्र - NAVKAR (NAMOKAR) MANTRA 9
   NAVKAR MANTRA MEANING IN HINDI 10
   NAVKAR MANTRA MEANING IN ENGLISH 10
2. लोकवर्णन (UNIVERSE DESCRIPTION) 12
3. मूर्ति पूजा की वैज्ञानिकता (SCIENTIFIC REASONS OF IDOL WORSHIPPING) 16
4. देव दर्शन / स्वाध्याय विधि (WORSHIP-STUDY GUIDE) 18
5. अभिषेक विधि निर्देश (ANOINTMENT PROCEDURE GUIDE) 24
6. स्वस्तिक: भावना एवं उद्धेश्य (SWASTIK MAKING OBJECTIVE & INTENTION) 30
7. पूजन विधि निर्देश (POOJAN PROCEDURE GUIDE) 34
8. जैन दर्शन का उद्देश्य (AIM OF JAIN PHILOSOPHY) 45
9. प्रारंभिक PRARAMBHIK 49
   श्री मंगलाष्टक स्तोत्रं SH. MANGALASHTAK STOTRAM 49
   मंगलाष्टक स्तुति MAṄGALĀṢṬAKA STUTI 55
   दर्शन पाठ(तुम निरखत) DARSHAN PAATH (TUM NIRAKHAT) 58
   स्तुति (प्रभु पतित पावन) STUTI (PRABHU PATIT PAWAN) 63
   देवदर्शन स्तोत्रं DEVDARSHAN STOTRAM 65
   पंचकल्याणक मंगल पाठ *PANCHKALYANAK MANGALPAATH* 67
   जलाभिषेक पाठ JALABHISHEK PAATH 82
   प्रतिमा प्रक्षाल विधि पाठ PRATIMA PRAKSHAL VIDHI PAATH 88
   अभिषेक पाठ ABHISHEK PAATH 97
10. नित्य नियम पूजा NITYA NIYAM POOJA 105
   विनयपाठ VINAYPAATH 105
   मंगलपाठ MANGALPAATH 109
   भजन : मैं थाने पूजन आयो BHAJAN : MAIN THANE POOJAN AAYO 110
   पूजा विधि प्रारम्भ POOJA VIDHI PRARAMBH 111
   पंच कल्याणक अर्घ्य PANCH KALYANAK ARGH 115
   पंचपरमेष्ठी का अर्घ्य PAṄCAPARAMĒṢṬHĪ KĀ ARGHYA 115
   स्वस्ति (मंगल) विधान SVASTI (MANGAL) VIDHAN 117
   चतुर्विंशति तीर्थंकर स्वस्ति मंगल विधान CHATURVINSHATI TIRTHANKAR SVASTI MANGAL VIDHAN 120
   अथ परमर्षि स्वस्ति मंगल विधान ATHA PARMARSHI SVASTI MANGAL VIDHAN 121

अठारह बुद्धि ऋद्धियाँ AṬHĀRAHA BUD'DHI ṚD'DHIYĀṀ 122
नौ चारण ऋद्धियाँ NAU CĀRAṆA ṚD'DHIYĀṀ 123
तीन बल एवं ग्यारह विक्रिया ऋद्धियाँ TĪNA BALA ĒVAṀ GYĀRAHA VIKRIYĀ ṚD'DHIYĀ 124
सात तप ऋद्धियाँ SĀTA TAPA ṚD'DHIYĀṀ 124
आठ औषधि ऋद्धियाँ एवं दो रस ऋद्धियाँ ĀṬHA AUṢADHI ṚD'DHIYĀṀ ĒVAṀ DŌ RASA ṚD'DHIYĀ 125
चौंसठ ऋद्धियों के गुणों की व्याख्या : CAUNSAṬHA ṚD'DHIYŌṀ KĒ GUṆŌṀ KĪ VYĀKHYĀ : 126
अथ देव-शास्त्र-गुरु पूजा ATH DEV-SHASTRA-GURU POOJA 136
तीस चौबीसी का अर्घ्य TIS CHAUBISI KA ARGH 145
विद्यमान बीस तीर्थंकर पूजा VIDHYAMAAN BIS TIRTHANKAR POOJA 146
कृत्रिम-अकृत्रिम चैत्य-चैत्यालयों की अर्चना KRATIM-AKRATIM CHETYA-CHETYALAYO KI ARCHANA 152
चैत्य-भक्ति CHAITYA BHAKTI 157
सिद्ध-पूजा (संस्कृत) SIDDH-POOJA (SANSKRIT) 160
सिद्ध-पूजा : भावाष्टक तथा द्रव्याष्टक SIDDH-POOJA : BHAVASTAK TATHA DRAVYASTAK ... 179
सिद्ध-पूजा (हिन्दी द्रव्याष्टक) SIDDH-POOJA(HINDI DRAVYASTAK) 191
समुच्चय चौबीसी पूजा (चौबीसों श्री)SAMUCHCHAY CHOUBISI POOJA (CHOUBEESON SHRI) 201
श्री आदिनाथ-जिन पूजा SHRI AADINAATH-JIN POOJA 209
श्री शांतिनाथ जिन पूजा SHRI SHAANTINATH JIN POOJAA 219
श्री पार्श्वनाथ-जिन पूजा SHRI PARSHVANATH JIN POOJA 229
श्री महावीर-जिन पूजा SHRI MAHAVEER JIN POOJA 240
समुच्चय महार्घ्य SAMUCCHAY MAHAARGH 251
आसिका लेने का पद AASIKA LENE KA PAD 255
शांति-पाठ SHANTI PAATH 256
स्तुति : तुम तरणतारण STUTI : TUM TARANTAARAN 257
स्तुति : मैं तुम चरण-कमल गुण गाय STUTI : MAIN TUM CHARAN-KAMAL GUN GAAY 260
विसर्जन-पाठ VISARJAN PAATH 262
भजन : तोरी पूजा को फल पायो BHAJAN : TORI POOJA KO PHAL PAAYO 264
विद्यमान बीस तीर्थंकरों का अर्घ्य VIDYAMAAN BIS TIRTHANKARON KA ARGHYA 265
11. अन्य वैकल्पिक पूजाएँ ANYA VAIKALPIK POOJAYEN 267
श्री देव-शास्त्र-गुरु पूजा ŚRĪ DĒV-ŚĀSTRA-GURU POOJĀ 267
श्री पार्श्वनाथ जिन पूजा ŚRĪ PĀRŚVANĀTHA JINA PŪJĀ 274
श्री महावीर स्वामी पूजा (चाँदनगाँव) ŚRĪ MAHĀVĪRA SVĀMĪ PŪJĀ (CĀṀDANAGĀṀVA) 282

आचार्यप्रवर श्री कुंदकुंद स्वामी पूजन ĀCĀRYAPRAVARA SRĪ KUNDAKUNDA SVĀMĪ PŪJAN . 293
श्री जम्बू स्वामी पूजा ŚRĪ JAMBŪ SVĀMĪ PŪJĀ 300
श्री बाहुबली स्वामी पूजा ŚRĪ BĀHUBALĪ SVĀMĪ PŪJĀ 309
सिद्ध-पूजा SID'DHA-PŪJĀ 317
श्री पंच-परमेष्ठी पूजा ŚRĪ PAÑCA-PARAMĒṢṬHĪ PŪJĀ 325
नवदेवता-पूजा NAVADĒVATĀ – PŪJĀ 331
श्री महावीर-जिन पूजन ŚRĪ MAHĀVĪRA-JINA PŪJANA 340
12. सलूनो पर्व पूजाएँ SALUNO PARV POOJAYEN 348
श्री विष्णुकुमार महामुनि पूजा ŚRĪ VIṢṆUKUMĀRA MAHĀMUNI PŪJĀ 348
श्री अकम्पनाचार्यादि सप्त-शत मुनि पूजा ŚRĪ AKAMPANĀCĀRYĀDI SAPTA-SATA MUNI PŪJĀ 356
13. विशेष पर्व पूजाएँ VISHESH PARV POOJAYEN 363
क्षमावणी पर्व-पूजा KṢAMĀVAṆĪ PARVA-PŪJĀ 363
स्वयंभूस्तोत्र-भाषा SVAYAMBHŪSTŌTRA-BHĀṢĀ 373
सम्यक्चारित्र पूजा SAMYAKCĀRITRA PŪJĀ 379
सम्यग्ज्ञान पूजा SAMYAGJÑĀNA PŪJĀ 385
सम्यग्दर्शन पूजा SAMYAGDARŚANA PŪJĀ 389
श्री रत्नत्रय-पूजा ŚRĪ RATNATRAYA-PŪJĀ 393
दशलक्षण-धर्म पूजा DAŚALAKṢAṆA-DHARMA PŪJĀ 397
श्री नंदीश्वर-द्वीप-पूजा ŚRĪ NANDĪŚVARA-DVĪPA-PŪJĀ 409
श्री पंचमेरु-पूजा ŚRĪ PAÑCAMĒRU-PŪJĀ 417
सोलहकारण-भावना पूजा SŌLAHAKĀRAṆA-BHĀVANĀ PŪJĀ 425
14. नैमित्तिक पूजाएँ NAIMITTIK POOJAYEN 439
णमोकार महामंत्र पूजा ṆAMŌKĀRA MAHĀMANTRA PŪJĀ 439
श्रुतपंचमी पूजा SRUTAPAÑCAMĪ PŪJĀ 450
निर्वाणकांड (हिंदी) NIRVĀṆAKĀṆḌA (HINDĪ) 458
श्री गौतम-गणधरदेव की पूजा SRĪ GAUTAMA-GAṆADHARADĒVA KI PŪJĀ 464
वीर-प्रभु की आरती VĪRA-PRABHU KĪ ĀRATĪ 473
विसर्जन-पाठ (हिन्दी) VISARJANA-PĀṬHA (HINDĪ) 476
शांति पाठ (हिन्दी) SĀNTI PĀṬHA (HINDĪ) 477
विसर्जन-पाठ (संस्कृत) VISARJANA-PĀṬHA (SANSKṚTA) 483
शांति पाठ (संस्कृत) SĀNTI PĀṬHA (SANSKṚTA) 484

शुभ + लाभ SUBHA + LĀBHA 487
15. वर्तमान चौबीसी पूजा संग्रह VARTMAAN CHOUBISI POOJA SANGRAH 489
समुच्चय चौबीसी पूजा SAMUCCAYA CAUBĪSĪ PŪJĀ 489
श्री महावीर-जिन पूजा ŚRĪ MAHĀVĪRA-JINA PŪJĀ 497
श्री पार्श्वनाथ जिन पूजा SHREE PAARSHVANAATH JIN PUUJA 508
श्री नेमिनाथ-जिन पूजा SHREE NEEMINAATH-JIN PUUJA 512
श्री नमिनाथ-जिन पूजा ŚRĪ NAMINĀTHA-JINA PŪJĀ 516
श्री मुनिसुव्रतनाथ-जिन पूजा ŚRĪ MUNISUVRATANĀTHA-JINA PŪJĀ 524
श्री मल्लिनाथ-जिन पूजा ŚRĪ MALLINĀTHA-JINA PŪJĀ 533
श्री अरहनाथ-जिन पूजा ŚRĪ ARAHANĀTHA-JINA PŪJĀ 544
श्री कुंथुनाथ-जिन पूजा SHREE KUNTHUNAATH-JIN PUJA 553
श्री शांतिनाथ-जिन पूजा ŚRĪ ŚĀNTINĀTHA-JINA PŪJĀ 558
16. स्तोत्र-संग्रह STOTRA-SANGRAH 567
रत्नाकर पंचविंशतिका RATNĀKARA PAÑCAVINŚATIKĀ 567
भूपाल चतुर्विंशतिका) हिन्दी (BHŪPĀLA CHATURVINŚATIKĀ (HINDĪ) 575
विषापहार स्तोत्र (हिंदी अनुवाद) VIṢĀPAHĀRA STŌTRA (HINDĪ ANUVĀDA) 584
एकीभाव-स्तोत्र (भाषानुवाद) ĒKĪBHĀVA-STŌTRA (BHĀṢĀNUVĀDA) 598
कल्याणमंदिर स्तोत्र (हिंदी) KALYĀṆAMANDIRA STŌTRA (HINDĪ) 607
तीर्थंकर महावीर संबंधित महत्त्वपूर्ण तत्थ्य TĪRTHANKARA MAHĀVĪRA SAMBANDHITA MAHATTVAPŪRṆA TATTHYA 617
महावीराष्टक-स्तोत्रम् MAHĀVĪRĀṢṬAKA-STŌTRAM 621
भक्तामर स्तोत्र (हिन्दी) BHAKTĀMARA STŌTRA (HINDĪ) 626
भक्तामर-स्तोत्र महिमा BHAKTĀMARA-STŌTRA MAHIMĀ 639
भक्तामर-स्तोत्र BHAKTĀMARA-STŌTRA 641
17. पाठ व स्तुति संग्रह PAATH V STUTI SANGRAH 656
तिथि षोडशी (पखवाड़ा) पाठ TITHI SŌḌAŚĪ (PAKHAVĀṚĀ) PĀṬHA 656
आराधना-पाठ ĀRĀDHANĀ-PHAĀṬ 659
जिनवाणी स्तुति JINAVĀṆĪ STUTI 662
शास्त्र-स्वाध्याय विधि ŚĀSTRA-SVĀDHYĀYA VIDHI 663
श्री पाश्र्वनाथ स्तुति SHRI PARASNAATH STUTI 668
श्री सिद्धचक्र की स्तुति ŚRĪ SID'DHACAKRA KĪ STUTI 669

श्री सिद्धचक्र की आरती ŚRĪ SID'DHACAKRA KĪ ARATĪ 672
आत्म-भक्ति ĀTMA-BHAKTI 675
आत्म-रमण ĀTMA-RAMAṆA 676
सम्बोधन SAMBŌDHANA 677
18. चालीसा संग्रह CHALISA SANGRAH 678
श्री महावीर जिन चालीसा ŚRĪ MAHĀVĪRA JINA CĀLĪSĀ 678
श्री पार्श्वनाथ जिन चालीसा (अहिच्छत्र) ŚRĪ PĀRŚVANĀTHA JINA CĀLĪSĀ (AHICCHATRA) 683
बड़ागाँव पार्श्वनाथ जिन चालीसा BAṚĀGĀM̐VA PĀRŚVANĀTHA JINA CĀLĪSĀ 687
श्री मुनिसुव्रतनाथ जिन चालीसा ŚRĪ MUNISUVRATANĀTHA JINA CĀLĪSĀ 694
श्री चंद्रप्रभ जिन चालीसा ŚRĪ CANDRAPRABHA JINA CĀLĪSĀ 698
चालीसा : श्री पद्मप्रभ भगवान CĀLĪSĀ: ŚRĪ PADMAPRABHA BHAGAVĀNA 702
चालीसा : भगवान् आदिनाथ (चाँदखेड़ी) CĀLĪSĀ: BHAGAVĀN ĀDINĀTHA (CĀM̐DAKHĒṚĪ).. 706
19. आरती संग्रह AARTI SANGRAH 710
आरती श्री पार्श्वनाथजी (बड़ागांव) ĀRATĪ SHREE PĀRŚVANĀTHAJI (BAṚĀGĀNVA) 710
आरती श्री महावीर प्रभु (चाँदनपुर) ĀRATĪ ŚRĪ MAHĀVĪRA PRABHU (CHĀM̐DANAPURA) 712
आरती श्री वर्द्धमान स्वामी ĀRATĪ ŚRĪ VARD'DHAMĀNA SWAMI 713
आरती श्री महावीर स्वामी ĀRATĪ ŚRĪ MAHĀVĪRA SVĀMĪ 714
आरती श्री पार्श्वनाथ जी ĀRATĪ ŚRĪ PĀRŚVANĀTHAJI 716
आरती श्री मुनिसुव्रतनाथजी (पैठण) ĀRATĪ: ŚRĪ MUNISUVRATANĀTHAJI (PAITHAN) 717
आरती श्री चंद्रप्रभ जिन (तिजारा) ĀRATĪ ŚRĪ CHANDRAPRABHA JĪN (TIJĀRĀ) 718
आरती : शब्दार्थ और संक्षिप्त व्याख्या ĀRATĪ: ŚABDĀRTHA AURA SAṄKṢIPTA VYĀKHYĀ... 720
आरती भगवान् आदिनाथ (चांदखेड़ी) की ĀRATĪ BHAGAVĀN ADINĀTHA (CĀM̐DAKHĒṚĪ) KI. 721
आरती चौबीस भगवान् की ĀRATĪ CHAUBĪSA BHAGAVĀN KĪ 723
20. अन्य उपयोगी पाठ्य सामग्री ANAY UPYOGI PAATHYA SAMGRI 724
दिगम्बर जैन मुनि DIGAMBARA JAINA MUNI 724
जैन-धर्म-दर्शन की सामान्य प्रवृतियाँ JAINA-DHARMA-DARŚANA KĪ SĀMĀN'YA PRAVṚTIYĀM̐726
सल्लेखना का स्वरूप SALLĒKHANĀ KĀ SVARŪPA 733
चैत्य-चैत्यालय निर्माण : वास्तु-विचार CAITYA-CAITYĀLAYA NIRMĀṆA: VĀSTU-VICĀRA... 737
संक्षिप्त सूतक-अवधि-विचार SAṄKṢIPTA SŪTAKA-AVADHI-VICĀRA 741
दिशाशूल-विचार DIŚĀŚŪLA-VICĀRA 743
रस त्याग विचार RASA TYĀGA VICĀRA 744
ग्यारह – प्रतिमा – व्रत क्रम GYARAHA – PRATIMA – VRAT KRAM 745

चैत्य-चैत्यालय निर्माण : वास्तु-विचार CHAITYA – CHAITYALAY NIRMAAN : VASTU – VICHAR747

जैन-धर्म-दर्शन की सामान्य प्रवृतियाँ JAIN – DHARM – DARSHAN KI SAMANYA PRAVARTIYAN751

दिशाशूल-विचार DISHASHUL – VICHAR 758

पंच कल्याणक तिथि (चार्ट) PANCH KALYANAK TITHI (CHART) 759

श्री चौबीस तीर्थंकरों की पंच कल्याणक तिथियाँ ŚRĪ CAUBĪSA TĪRTHANKARŌN KĪ PAÑCA KALYĀṆAKA TITHIYĀMĔ 759

पंच- कल्याणक तिथियाँ PANCH KALYANAK TITHIYAN 762

महीनों के क्रम से पंच- कल्याणक तिथियाँ MAHĪNŌ KĒ KRAMA SĒ PAÑCA- KALYĀṆAKA TITHIYĀMĔ 762

रस त्याग विचार RAS TYAG VICHAR 766

संक्षिप्त सूतक-अवधि-विचार SANKSHIPT SUTAK – AVADHI – VICHAR..... 767

सल्लेखना का स्वरूप SALLEKHANA KA SWARUP 770

नवकार (णमोकार) मंत्र - Navkar (Namokar) Mantra

Navkar Mantra is the universal prayer of Jainism. The Navkar Mantra is the most important mantra in Jainism and can be recited at any time. This mantra is also called **Namaskar (नमस्कार) or Namokar (णमोकार) Mantra**. It is the first prayer recited by the Jains while doing Samayik (Jain meditation). It is the first prayer recited by the Jains while doing Samayik (Jain meditation). Recitation of this Mantra helps one remember that the most important goal of life, it contains the main message of Jainism. The message is to achieve liberation from the non-reality. This mantra which offers respect to the great ones also reminds one of their qualities, thus keeping one focused on the path. It is one of the oldest mantras, this mantra was found on 162 BC Hathigumpha inscription.

णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आयरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्व साहूणं
[एसोपंचणमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो मंगला णं च सव्वेसिं, पडमम हवई मंगलं]

NAVKAR MANTRA meaning in Hindi

णमो अरिहंताणं – मैं अरिहंतों को नमन करता हूँ।

णमो सिद्धाणं – मैं सिद्धों को नमन करता हूँ।

णमो आयरियाणं – मैं आचार्यो को नमन करता हूँ।

णमो उवज्झायाणं – मैं उपाध्याओ को नमन करता हूँ।

णमो लोए सव्व साहूणं – मैं लोक (जगत्) के सर्व साधुओ को नमन करता हूँ।

एसोपंचणमोक्कारो – ये पाँच नमन के उच्चार

सव्वपावप्पणासणो – सभी पापो का पूरा नाश करते हैं।

मंगला णं च सव्वेसिं – और, सभी मंगलों में

पडमम हवई मंगलं – यह बिलकुल प्रथम मंगल हैं।

NAVKAR MANTRA meaning in English

Namo Arihantanam: I bow down to Arihanta,
Namo Siddhanam: I bow down to Siddha,
Namo Ayariyanam: I bow down to Acharya,
Namo Uvajjhayanam: I bow down to Upadhyaya,
Namo Loe Savva-sahunam: I bow down to Sadhu and Sadhvi.
Eso Panch Namokaro: These five bowings downs,
Savva-pavappanasano: Destroy all the sins,
Manglananch Savvesim: Amongst all that is auspicious,
Padhamam Havei Mangalam: This Navkar Mantra is the foremost.

The Navkar Mantra is the most important mantra in Jainism and can be recited at any time. While reciting the Navkar Mantra, we are bowing down with respect to Arihantas (souls who have reached the state of non-attachment towards worldly process), Siddhas (liberated souls), Ächäryäs (heads of sadhus and sadhvis), Upädhyäyas (those who teach scriptures to sadhus and sadhvis), Sädhus (monks, who have voluntarily given up social, economical and family relationships) and

Sädhvis (nuns, who have voluntarily given up social, economical and family relationships). Collectively, they are called Panch Parmesthi (five supreme spiritual people). In this mantra we worship their virtues rather than worshipping any one particular person; therefore, this Mantra is not named after Lord Mahavir, Lord Parshvanath or Adinath, etc. When we recite Navkar Mantra it, also reminds us that, we need to be like them. This mantra is also called Namaskär or Namokär Mantra because we are bowing down.

लोकवर्णन (Universe Description)

लोक क्या है ?

जैन दर्शन के अनुसार, तीर्थंकर भगवान जो सर्वज्ञ हैं, उनके द्वारा देखे गए अनंत आकाश द्रव्य में से 343 घन-रज्जु (राजु) प्रमाण पुरुषाकार आकाश- भाग जिसमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म एवं काल ये शेष पांच द्रव्य व्याप्त हैं, लोक कहलाता है, और इसे छोड़ कर शेष अलोकाकाश है|

लोक का आकार क्या है ?

एक के पीछे एक, सात पुरुष दोनों पैर फैलाकर, दोनों हाथ कमर पर दोनों तरफ रखकर खड़े होने पर जैसा आकार बनता है वह ही लोक का आकार है।14 रज्जु ऊंचे, 7 रज्जु मोटे इस लोक के नीचे से ऊपर क्रमशः तीन भाग हैं – अधोलोक (7 रज्जु ऊंचा), मध्यलोक + ऊर्ध्वलोक (कुल 7 रज्जु ऊंचे)|

1. अधोलोक: सुमेरु पर्वत की जड़ से लगी पहली पृथ्वी के तीन भाग हैं।

i. खरभाग: इस में भवनवासी और व्यंतर देवों का वास है,

ii. पंकभाग: इस में असुरकुमार जाति के भवनवासी व राक्षस जाति के व्यंतर देव रहते हैं,

iii. अब्बहुल भाग: इस में प्रथम नर्क है।

इस के नीचे नीचे दूसरी से सातवीं तक छह पृथ्वियाँ और हैं जिन में नारकी जीव रहते हैं, तथा सातवीं के नीचे का आयतन निगोदिया जीवों से भरा है, जिसे 'कलकला' कहते हैं (यह पृथ्वी नहीं है)|

2. मध्यलोक: इसकी लम्बाई-चौड़ाई एक-एक रज्जु और ऊँचाई मात्र 1लाख 40 योजन अर्थात् सुमेरु पर्वत के बराबर है। इस के मध्य में एक लाख योजन व्यास वाला गोलाकार जम्बूद्वीप है, जिस के केंद्र में सुमेरुपर्वत है। इस द्वीप को चूड़ी आकार लवण समुद्र घेरे हुए है,व लवण समुद्र को चूड़ी आकार का धातकी द्वीप; इस क्रम से कालोदधि समुद्र, पुष्कर द्वीप आदि एक-दूसरे को घेरे हुए दुगुने-दुगुने माप के असंख्यात द्वीप व समुद्र मध्यलोक में हैं ।आठवां द्वीप नन्दीश्वर द्वीप और अंत में स्वयम्भुरमण द्वीप व स्वयम्भुरमण समुद्र हैं|

5 भरत, 5 ऐरावत व 32 विदेह क्षेत्र, सुमेरु सहित पांच मेरु पर्वत, भोगभूमियां आदि जम्बू, धातकी व आधे पुष्कर द्वीप में स्थित हैं। मनुष्य गति के समस्त जीव मात्र 45 लाख योजन विस्तृत इन ढाई द्वीपों में ही स्थान पाते हैं| तिर्यंच गति के जीव समूचे मध्यलोक में पाए जाते हैं।

3. ऊर्ध्वलोक: सुमेरु पर्वत से उपर 6 रज्जु ऊँचाई पर्यंत सोलह स्वर्गों के विमानों में असंख्यात कल्पवासी देव-देवियाँ रहती हैं। सातवें रज्जु की ऊँचाई में नौ ग्रैवेयक, उनके उपर नौ अनुदिश और उनसे भी उपर पाँच अनुत्तर विमानों में कल्पातीत देवों के विमान हैं। सर्वार्थसिद्धि नामा अनुत्तर विमान से बारह योजन ऊपर एक रज्जु चौड़ी,7 रज्जु लम्बी आठ योजन ऊंची ईषत्प्राग्भार नामक आठवीं (अष्टम) पृथ्वी के बीचों बीच मनुष्य क्षेत्र के सामान 45 लाख योजन व्यास वाली सिद्ध शिला है जिस के ऊपर अनंतानंत सिद्ध भगवान पद्मासन या खडगासन मुद्रा में तनुवात-वलय से शिर लगाए निराकुल, अनंत ज्ञाता-दृष्टा बने अनंत सुख भोग रहे हैं।

Lōka kyā hai?
Jaina darśana kē anusāra, tīrthaṅkara bhagavāna jō sarvajña haiṁ, unakē dvārā dēkhē ga'ē ananta ākāśa dravya mēṁ sē 343 ghana- rajju (rāju) pramāṇa puruṣākāra ākāśa- bhāga jisamēṁ jīva, pudgala, dharma, adharma ēvaṁ kāla yē śēṣa pāñca dravya vyāpta haiṁ, lōka kahalātā hai, aura isē chōṛa kara śēṣa alōkākāśa hai|

Lōka kā ākāra kyā hai?
Ēka kē pīchē ēka, sāta puruṣa dōnōṁ paira phailākara, dōnōṁ hātha kamara para dōnōṁ tarapha rakha kara khaṛē hōnē para jaisā ākāra banatā hai vaha hī lōka kā ākāra hai.14 Rajju ūñcē, 7 rajju mōṭē isa lōka kē nīcē sē ūpara kramaśaḥ tīna bhāga haiṁ – adhōlōka (7 rajju ūñcā), madhyalōka + ūrdhvalōka (kula 7 rajju ūñcē) |

1. Adhōlōka: Sumēru parvata kī jaṛa sē lagī pahalī pṛthvī kē tīna bhāga haiṁ.

I Khara bhāga: is mēṁ bhavanavāsī aura vyantara dēvōṁ kā vāsa hai,
ii. Paṅka bhāga: is mēṁ asurakumāra jāti kē bhavanavāsī tathā rākṣasa jāti kē vyantara dēva rahatē haiṁ,
iii. Abbahula bhāga: is mēṁ prathama narka hai.Isa kē nīcē nīcē dūsarī sē sātavīṁ taka chaha pṛthviyāṁ aura haiṁ jina mēṁ nārakī jīva rahatē haiṁ, tathā sātavīṁ kē nīcē kā āyatana nigōdiyā jīvōṁ sē bharā hai, jise kalakalaa kahaate hain (yah prithvi nahin hai).

2. Madhyalōka: Isakī lambāi-cauṛāi ēka-ēka rajju aura ūṁcāi mātra 1lākha 40 yōjana arthāt sumēru parvata kē barābara hai. Isa kē madhya mēṁ ēka lākha yōjana vyāsa vālā gōlākāra jambūdvīpa hai, jisa kē kēndra mēṁ sumēruparvata hai. Isa dvīpa kō cūṛī ākāra lavaṇa samudra ghērē hu'ē hai,va lavaṇa samudra kō cūṛī ākāra kā dhātakī dvīpa; isa krama sē kālōdadhi samudra, puṣkara dvīpa ādi ēka-dūsarē kō ghērē hu'ē dugunē-dugunē māpa kē asaṅkhyāta dvīpa va samudra madhyalōka mēṁ haiṁ.Āṭhavāṁ dvīpa nandīśvara dvīpa aura anta mēṁ svayambhuramaṇa dvīpa va svayambhuramaṇa samudra haiṁ.

5 bharata, 5 airāvata va 32 vidēha kṣētra, sumēru sahita pāñca mēru parvata, bhōgabhūmiyāṁ ādi jambū, dhātakī va ādhē puṣkara dvīpa mēṁ sthita haiṁ. Manuṣya gati kē samasta jīva mātra 45 lākha yōjana vistṛta ina ḍhā'ī dvīpōṁ mēṁ hī sthāna pātē haiṁ| tiryañca gati kē jīva samūcē madhyalōka mēṁ pā'ē jātē haiṁ.

3. Ūrdhvalōka: Sumēru parvata sē upara 6 rajju ūm̐cā'ī paryanta sōlaha svargōṁ kē vimānōṁ mēṁ asaṅkhyāta kalpavāsī dēva-dēviyāṁ̐ rahatī haiṁ. Sātavēṁ rajju kī ūm̐cāi mēṁ nau graivēyaka, unakē upara nau anudiśa aura unasē bhī upara pām̐ca anuttara vimānōṁ mēṁ kalpātīta dēvōṁ kē vimāna haiṁ.Sarvārthasid'dhi nāmā anuttara vimāna sē bāraha yōjana ūpara ēka rajju cauṛī,7 rajju lambī āṭha yōjana ūñcī īṣatprāgbhāra nāmaka āṭhavīṁ (aṣṭama) pṛthvī kē bīcōṁ bīca manuṣya kṣētra kē sāmāna 45 lākha yōjana vyāsa vālī sid'dha śilā hai jisa kē ūpara anantānanta sid'dha bhagavāna padmāsana yā khaḍagāsana mudrā mēṁ tanuvāta-valaya sē śira lagā'ē nirākula, ananta jñātā-dṛṣṭā banē ananta sukha bhōga rahē haiṁ.

मूर्ति पूजा की वैज्ञानिकता (Scientific Reasons Of Idol Worshipping)

प्रतिष्ठाचार्य मूर्ति की प्रतिष्ठा के समय जिस मंत्र से उसे अभिमंत्रित कर उसमें प्राण-प्रतिष्ठा करते हैं , वह मंत्र उस मूर्ति में सर्वांगतः समाविष्ट हो जाता है। उसके प्रभाव से प्रतिष्ठित मूर्ति में इतनी शक्ति आ जाती है कि यदि दर्शनार्थी एकाग्रतापूर्वक राग-द्वेष-विहीन होकर पूर्ण भक्ति-भरित भाव से उस मूर्ति के दर्शन करता है, तो उस मंत्र-शक्ति का प्रभाव, नेत्र-दृष्टि-पथ के माध्यम से दर्शनार्थी के हृदय में प्रवेश कर जाता है। उस मंत्र के प्रभाव से दर्शनार्थी स्वस्थ, ऊर्जस्वित एवं प्रमुदितमन बना रहता है। उसका रक्तचाप सम रहता है और उसकी बुद्धि निर्मल एवं कुशल रहती है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि वास्तुविद्या और शिल्प की दृष्टि से यदि मूर्ति निर्दोष हो, मंदिर-वेदिका भी शास्त्रानुकूल निर्मित हो, साथ ही प्रतिष्ठाचार्य भी सुयोग्य विद्वान, निर्लोभी तथा सच्चरित्र हों, उन्हें मंत्र-सिद्धि हो और उनका मंत्र-प्रक्षेपण भी विधि-सम्मत तथा उच्चारण निर्दोष हो, तो वह मूर्ति निश्चित रूप से सिद्धिदायक और चमत्कारी बन जाती है। खोजने पर इसके अनेक उदाहरण वर्तमान में भी उपलब्ध हो सकते हैं।

तीर्थयात्रा करने वालों की विविध मनोकामनाएँ पूर्ण होती हुई भी देखी-सुनी जाती हैं। इसका मूल कारण पूर्वोक्त मंत्र-शक्ति ही है। उन मूर्तियों के दर्शनों से आत्मिक शांति एवं सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। शास्त्रोक्त-विधि से निर्मित मूर्ति की वीतरागता भी व्यक्ति की सहज सात्विकता, कष्टसहिष्णुता एवं 'सत्वेषु मैत्री गुणिषु प्रमोदम्' भावनाओं को प्रबल बनाती है। यही कारण है कि तीर्थयात्रा के लिए हम लालायित बने रहते हैं।

शास्त्र-भक्ति और शास्त्र-स्वाध्याय के महत्व को तीर्थंकर की भक्ति से भी अधिक माना गया है क्योंकि शास्त्र-स्वाध्याय से ही जीव को निज स्वरूप का भान होता है |

Pratiṣṭhācārya mūrti kī pratiṣṭhā kē samaya jisa mantra sē usē abhimantrita kara usamēṁ prāṇa-pratiṣṭhā karatē haiṁ , vaha mantra usa mūrti mēṁ sarvāṅgataḥ samāviṣṭa hō jātā hai. Usakē prabhāva sē pratiṣṭhita mūrti mēṁ itanī śakti ā jātī hai ki yadi darśanārthī ēkāgratāpūrvaka rāga-dvēṣa-vihīna hōkara pūrṇa bhakti-bharita bhāva sē usa mūrti kē darśana karatā hai, tō usa mantra-śakti kā prabhāva, nētra-dṛṣṭi-patha kē mādhyama sē darśanārthī kē hṛdaya mēṁ pravēśa kara jātā hai. Usa mantra kē prabhāva sē darśanārthī svastha, ūrjasvita ēvaṁ pramuditamana banā rahatā hai.

Usakā raktacāpa sama rahatā hai aura usakī bud'dhi nirmala ēvaṁ kuśala rahatī hai.Vaijñānikōṁ kā kahanā hai ki vāstuvidyā aura śilpa kī dṛṣṭi sē yadi mūrti nirdōṣa hō, mandira-vēdikā bhī śāstrānukūla nirmita hō, sātha hī pratiṣṭhācārya bhī suyōgya vidvāna, nirlōbhī tathā saccaritra hōṁ, unhēṁ mantra-sid'dhi hō aura unakā mantra-prakṣēpaṇa bhī vidhi-sam'mata tathā uccāraṇa nirdōṣa hō, tō vaha mūrti niścita rūpa sē sid'dhidāyaka aura camatkārī bana jātī hai. Khōjanē para isakē anēka udāharaṇa vartamāna mēṁ bhī upalabdha hō sakatē haiṁ.

Tīrthayātrā karanē vālōṁ kī vividha manōkāmanā'ēṁ pūrṇa hōtī hui bhī dēkhī-sunī jātī haiṁ. Isakā mūla kāraṇa pūrvōkta mantra-śakti hī hai. Una mūrtiyōṁ kē darśanōṁ sē ātmika śānti ēvaṁ sukha-samṛd'dhi prāpta hōtī hai. Śāstrōkta-vidhi sē nirmita mūrti kī vītarāgatā bhī vyakti kī sahaja sātvikatā, kaṣṭasahiṣṇutā ēvaṁ 'satvēṣu maitrī guṇiṣhu pramōdam' bhāvanā'ōṁ kō prabala banātī hai. Yahī kāraṇa hai ki tīrthayātrā kē li'ē hama lālāyita banē rahatē haiṁ.

Śāstra-bhakti aura śāstra-svādhyāya kē mahatva kō tīrthaṅkara kī bhakti sē bhī adhika mānā gayā hai kyōṅki śāstra-svādhyāya sē hī jīva kō nija svarūpa kā bhāna hōtā hai.

देव दर्शन / स्वाध्याय विधि (Worship-Study Guide)

प्रतिदिन सूर्योदय से पहले जाग जाना चाहिए। जागते ही कम से कम नौ बार णमोकार-मंत्र जपना चाहिए। फिर विचार करना चाहिए कि 'मैं कौन हूँ, और मेरा क्या धर्म है? अनादिकाल से संसार में भ्रमण करते-करते बड़ी कठिनता से यह मनुष्य जन्म मिला है और उसमें बड़े पुण्य से यह जैनधर्म प्राप्त हुआ है। अत: प्रमाद छोड़कर सावधानी से इस दुर्लभ-धर्म का पालन करना है।' मन में ऐसा दृढ़-संकल्प करके उठना चाहिए, घर के बड़ों को प्रणाम कर, फिर स्नानादि करके स्वच्छ-वस्त्र पहिनकर अक्षत (चावल), बादाम आदि द्रव्य लेकर जिनमन्दिर जाना चाहिए।

मंदिरजी जाते समय स्तुति, पाठ आदि बोलते रहने से किसी तरह के दुनियादारी के संकल्प-विकल्प मन में नहीं आते और मन स्वच्छ रहता है। मंदिरजी पहुँचकर छने जल से मुँह, हाथ व पैर धोना चाहिए और 'नि:सहि-नि:सहि-नि:सहि' कहते हुये भक्तिभाव से जिनालय में प्रवेश कर, घंटा बजाना चाहिए। मंदिर जी का घंटा हमारी विशुद्ध भावनाओं को प्रसारित करने का साधन है; क्योंकि पंचकल्याणक के समय घंटे को भी मंत्रों से संस्कारित किया जाता है; इस की आवाज से सांसारिक विचारों का तारतम्य टूट जाता है और एकाग्रता आती है। इसे 'सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-प्राप्ताय नम:' बोलते हुए प्राय: तीन बार ही बजाना चाहिए। घंटे की ध्वनि से पर्यावरण भी परिशुद्ध होता है; और यदि किसी को 'नि:सहि' की ध्वनि सुनाई नहीं दी है तो घंटे की आवाज से वह सचेत हो जायेगा।

वेदी के सम्मुख जिनेन्द्रप्रभु के दर्शन, खड़े होकर दोनों हथेलियों में द्रव्य ले, बन्द-कमल के आकार में जोड़कर, दोनों कोहनियों को पेट से लगाकर, णमोकार मंत्र, दर्शन स्तुति आदि बोलते हुए करने चाहिए। दर्शन करते समय अपनी दृष्टि प्रतिमा जी पर ही रहे तथा विनती-स्तोत्र में ऐसी तल्लीनता रहनी चाहिए कि वचन और काया के साथ मन भी एकरूप हो जाये। इससे राग-द्वेष से छुटकारा होकर कर्मों की निर्जरा होती है। 'नि:काचित कर्म' जिनमें किसी दशा में परिवर्तन नहीं होता और जिनका अशुभ-फल सनत्कुमार चक्रवर्ती, श्रीपाल जैसे बड़े-बड़े पुण्यात्माओं को भी भोगना पड़ा, ऐसे कर्म वीतराग-भगवान् की सुदृढ़-भक्ति से ही कट पाते हैं। अत: भक्ति में तल्लीनता बहुत आवश्यक और कल्याणकारिणी है। स्तोत्र पूरा होने पर अर्घ्य-पद व मन्त्र बोलते हुए हथेलियों का द्रव्य वेदी पर विनय सहित चढ़ा देवें। (द्रव्य न हो, तो गोलक में कुछ रुपये-पैसे डाले जा सकते हैं)। फिर धोक देकर पुनः पुण्यवर्द्धक स्तुति पढ़ते हुये तीन प्रदक्षिणाएँ देना चाहिए। (प्रदक्षिणा का अर्थ है- घड़ी के काँटों की दिशा में, भगवान के दाहिनी बाजू से पीछे जाना और बाईं बाजू से वापस सामने आना |)

धोक – नमस्कार सामान्यता तीन प्रकार से किया जाता है(ऊपर के चित्र के अनुसार) :

1. अष्टांग नमस्कार : इस मुद्रा में जमीन पर लेटने में शरीर आठ अंगों से धरती छूता है: दो पैर, दो जंघाएँ, छाती, दो हाथ एवं मस्तक।

2. पंचांग नमस्कार : इस मुद्रा में जमीन पर बैठकर धोक देने में शरीर पाँच अंगों से धरती छूता है: दो पैर, दो हाथ, मस्तक।

3. गवासन नमस्कार : केवल जैन आचार में ही गवासन नाम की एक विशेष मुद्रा है| जिस तरह गाय एक ही ओर पैर कर के बैठती है, शील गुण के उत्कृष्ट पालक हमारे आचार्य उपाध्याय व साधु गण उसी तरह दोनों पैर एक ओर कर के बैठ कर पांचों अंगों से ढोक देते हैं| समस्त नारी वर्ग के लिए इसी मुद्रा में ढोक देने की शिक्षा देते हैं| इसे पुरुष वर्ग भी अपना सकता है|

किसी अन्य की दर्शन-क्रिया में किसी भी प्रकार से बाधक नहीं बनना चाहिए। प्रदक्षिणा देते समय, यदि कोई नमस्कार कर रहा हो, तो उसके सामने से न निकलें, रुक जावें या उसके पीछे से निकलें। पाठ, विनती या स्तोत्र धीरे-धीरे, धीमे स्वर में पढ़ना चाहिए और पढ़ते समय इस बात का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए कि दूसरों को बाधा न हो।

भगवान के दर्शन के समय यह विचार रहना चाहिए कि यह जिनमन्दिर समवसरण है और उसमें साक्षात् जिनेन्द्रदेव के समान जिनप्रतिमा विराजमान हैं। समवसरण में भी भगवान् के बाह्यरूप के ही दर्शन होते हैं। वही रूप जिनबिम्ब (प्रतिमा) का है। किन्तु, साक्षात् जिनेन्द्रदेव के मुख से निकली दिव्यध्वनि सुनने का सौभाग्य जिनबिम्ब से संभव नहीं है, इसीलिए वेदिकाजी में जिनबिम्ब के साथ जिनवाणी भी विराजमान रहती है। जिनबिम्ब और जिनवाणी दोनों मिलकर ही समवसरण का रूप बनाती हैं। अत: देवदर्शन के पश्चात् शास्त्र-स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए। ऐसा करने से साक्षात् जिनेन्द्रदेव के दर्शन और उनके उपदेश-श्रवण जैसा लाभ प्राप्त होता है।

प्रतिष्ठित प्रतिमाएँ और यंत्र ही पूज्य होते हैं और उन्हीं को नमस्कार करना चाहिए। मन्दिर में बने हुए चित्र तथा टंगी हुई तस्वीरें मन्त्रों द्वारा प्रतिष्ठित नहीं होते, अत: वे नमस्कार के योग्य नहीं होते।

मंदिर में हँसी-मज़ाक, खोटी-कथा जैसे – स्त्रीकथा, भोजनकथा, चोर आदि की कथा, श्रृंगार, कलह, निद्रा, खान-पान तथा थूकना आदि कार्य नहीं करने चाहिए। मुख स्वच्छ होना चाहिए। पान-इलायची वगैरह खाया हो, तो कुल्ला करके ही मंदिर में जाना चाहिए। मंदिर आत्म-साधना का पवित्र-स्थान है। वहाँ आरम्भ-परिग्रह (घरेलू काम-काज तथा धन-सम्पत्ति) के विचारों को त्यागकर अत्यन्त शांतिपूर्वक धार्मिक भावनाएँ ही मन में लानी चाहिए। धर्म-चर्चा

के अलावा कोई बाहरी विषयों की चर्चा मंदिर में नहीं करनी चाहिए। यह पाप का कारण है। धार्मिक मर्यादाओं के पालन से पुण्यबंध होने के साथ-साथ जीवन भी सफल होता है। जिनवाणी की पुस्तक, ग्रन्थ या जिस शास्त्र का स्वाध्याय कर रहे हों, उन में फंसे चावल आदि अच्छी तरह झाड कर, उन्हें ठीक प्रकार वेष्टन में बाँधकर उचित-स्थान पर अलमारी में रखें, ताकि कीड़ों-चूहों आदि से बचाया जा सके। वर्ष में एक दो बार सभी पुस्तकों को धूप में रखकर फिर यथास्थान रखें। उनके वेष्टन भी धुलवा लें। निशान के लिए पुस्तकों के पृष्ठों को मोड़ना नहीं चाहिए, कोई पतला कागज रखें। किसी भी पुस्तक, ग्रंथ, शास्त्र आदि को जिनवाणी को लेट कर, अधलेटे अथवा घुटनों पर रखकर पढ़ना, अशौच अवस्था में वाचन आदि भारी अविनय और पाप-बंध के कारण हैं।

महिलाओं के लिए विशेष -

मंदिर की शुद्धता व पवित्रता बनाये रखने हेतु, नारी वर्ग को मासिक अशौच की अवस्था में मंदिर में प्रवेश नहीं करना चाहिए, और घर में रखे शास्त्र, माला आदि धार्मिक उपकरणों को नहीं छूना चाहिए| णमोकार मंत्र एवं स्तोत्र आदि का पाठ भी मन में ही करना चाहिए, बोल कर नहीं |

Pratidina sūryōdaya sē pahalē jāga jānā cāhi'ē. Jāgatē hī kama sē kama nau bāra ṇamōkāra-mantra japanā cāhi'ē. Phira vicāra karanā cāhi'ē ki 'maiṁ kauna hūm̐, aura mērā kyā dharma hai? Anādikāla sē sansāra mēṁ bhramaṇa karatē-karatē baṛī kaṭhinatā sē yaha manuṣya janma milā hai aura usamēṁ baṛē puṇya sē yaha jainadharma prāpta hu'ā hai. Atah Pramāda chōṛakara sāvadhānī sē isa durlabha-dharma kā pālana karanā hai.' Mana mēṁ aisā dṛṛha-saṅkalpa karakē uṭhanā cāhi'ē, ghara kē baṛōṁ kō praṇāma kara, phira snānādi karakē svaccha-vastra pahinakara akṣata (cāvala), bādāma ādi dravya lēkara jinamandira jānā cāhi'ē.

Mandirajī jātē samaya stuti, pāṭha ādi bōlatē rahanē sē kisī taraha kē duniyādārī kē saṅkalpa-vikalpa mana mēṁ nahīṁ ātē aura mana svaccha rahatā hai. Mandirajī pahum̐cakara chanē jala sē mum̐ha, hātha va paira dhōnā cāhi'ē aura 'ni:Sahi-ni:Sahi-ni:Sahi' kahatē huyē bhaktibhāva sē jinālaya mēṁ pravēśa kara, ghaṇṭā bajānā cāhi'ē. Mandira jī kā ghaṇṭā hamārī viśud'dha bhāvanā'ōṁ kō prasārita karanē kā sādhana hai; kyōṅki pañcakalyāṇaka kē samaya ghaṇṭē kō bhī mantrōṁ sē sanskārita kiyā jātā hai;

isa kī āvāja sē sānsārika vicārōṁ kā tāratamya ṭūṭa jātā hai aura ēkāgratā ātī hai. Isē ‘samyagdarśana-jñāna-cāritra-prāptāya namah’ Bōlatē hu’ē prāyah Tīna bāra hī bajānā cāhi’ē. Ghaṇṭē kī dhvani sē paryāvaraṇa bhī pariśud’dha hōtā hai; aura yadi kisī kō ‘ni:Sahi’ kī dhvani sunāi nahīṁ dī hai tō ghaṇṭē kī āvāja sē vaha sacēta hō jāyegā.

Vēdī kē sam’mukha jinēndra prabhu kē darśana, khaṛē hōkara dōnōṁ hathēliyōṁ mēṁ dravya lē, banda-kamala kē ākāra mēṁ jōṛakara, dōnōṁ kōhaniyōṁ kō pēṭa sē lagākara, ṇamōkāra mantra, darśana stuti ādi bōlatē hu’ē karanē cāhi’ē. Darśana karatē samaya apanī dr̥ṣṭi pratimā jī para hī rahē tathā vinatī-stōtra mēṁ aisī tallīnatā rahanī cāhi’ē ki vacana aura kāyā kē sātha mana bhī ēkarūpa hō jāye. Isasē rāga-dvēṣa sē chuṭakārā hōkara karmōṁ kī nirjarā hōtī hai. ‘NihKācita karma’ jinamēṁ kisī daśā mēṁ parivartana nahīṁ hōtā aura jinakā aśubha-phala sanatkumāra cakravartī, śrīpāla jaisē baṛē-baṛē puṇyātmā’ōṁ kō bhī bhōganā paṛā, aisē karma vītarāga-bhagavān kī sudr̥ṛha-bhakti sē hī kaṭa pātē haiṁ. Atah Bhakti mēṁ tallīnatā bahuta āvaśyaka aura kalyāṇakāriṇī hai. Stōtra pūrā hōnē para arghya-pada va mantra bōlatē hu’ē hathēliyōṁ kā dravya vēdī para vinaya sahita caṛhā dēvēṁ. (Dravya na hō, tō gōlaka mēṁ kucha rupayē-paisē ḍālē jā sakatē haiṁ). Phira dhōka dēkara punaḥ puṇyavard’dhaka stuti paṛhatē huyē tīna pradakṣiṇā’ēṁ dēnā cāhi’ē. (Pradakṣiṇā kā artha hai- ghaṛī kē kāṁṭōṁ kī diśā mēṁ, bhagavāna kē dāhinī bājū sē pīchē jānā aura bā’īṁ bājū sē vāpasa sāmanē ānā).

Dhōka – namaskāra sāmāyataḥ tīna prakāra sē kiyā jātā hai (ūpara kē citra kē anusāra) :

1. Aṣṭāṅga namaskāra: Isa mudrā mēṁ jamīna para lēṭanē mēṁ śarīra āṭha aṅgōṁ sē dharatī chūtā hai: Dō paira, dō jaṅghā’ēṁ, chātī, dō hātha ēvaṁ mastaka.

2. Pañcāṅga namaskāra: Isa mudrā mēṁ jamīna para baiṭhakara dhōka dēnē mēṁ śarīra pāṁca aṅgōṁ sē dharatī chūtā hai: Dō paira, dō hātha, mastaka.

3. Gavāsana namaskāra: Kēvala jaina ācārya mēṁ hī gavāsana nāma ki ēka viśēṣa mudrā hai. Jisa taraha gāya ēka hī ōra paira kara kē baiṭhatī hai, śīla guṇa ke utkrastha pālaka hamārē ācārya upādhyāya va sādhu gaṇa usī taraha dōnōṁ paira ēka ōra kara kē baiṭha kara pāñcōṁ aṅgōṁ sē ḍhōka dētē haiṁ. Samasta nārī varga kē li'ē isī mudrā mēṁ ḍhōka dēnē kī śikṣā dētē hain| isē puruṣa varga bhī apanā sakatā hai.

Kisī an'ya kī darśana-kriyā mēṁ kisī bhī prakāra sē bādhaka nahīṁ bananā cāhi'ē. Pradakṣiṇā dētē samaya, yadi kōi namaskāra kara rahā hō, tō usakē sāmanē sē na nikalēṁ, ruka jāvēṁ yā usakē pīchē sē nikalēṁ. Pāṭha, vinatī yā stōtra dhīrē-dhīrē, dhīmē svara mēṁ paṛhanā cāhi'ē aura paṛhatē samaya isa bāta kā pūrṇa dhyāna rakhanā cāhi'ē ki dūsarōṁ kō bādhā na hō.

Bhagavāna kē darśana kē samaya yaha vicāra rahanā cāhi'ē ki yaha jina-mandira samavasaraṇa hai aura usamēṁ sākṣāt jinēndradēva kē samāna jinapratimā virājamāna haiṁ. Samavasaraṇa mēṁ bhī bhagavān kē bāhyarūpa kē hī darśana hōtē haiṁ. Vahī rūpa jinabimba (pratimā) kā hai. Kintu, sākṣāt jinēndradēva kē mukha sē nikalī divyadhvani sunanē kā saubhāgya jinabimba sē sambhava nahīṁ hai, isīli'ē vēdikājī mēṁ jinabimba kē sātha jinavāṇī bhī virājamāna rahatī hai. Jinabimba aura jinavāṇī dōnōṁ milakara hī samavasaraṇa kā rūpa banātī haiṁ. Atah Dēvadarśana kē paścāt śāstra-svādhyāya avaśya karanā cāhi'ē. Aisā karanē sē sākṣāt jinēndra dēva kē darśana aura unakē upadēśa-śravaṇa jaisā lābha prāpta hōtā hai.

Pratiṣṭhita pratimā'ēṁ aura yantra hī pūjya hōtē haiṁ aura unhīṁ kō namaskāra karanā cāhi'ē. Mandira mēṁ banē hu'ē citra tathā ṭaṅgī hui tasvīrēṁ mantrōṁ dvārā pratiṣṭhita nahīṁ hōtē, atah Vē namaskāra kē yōgya nahīṁ hōtē.

Mandira mēṁ haṁsī-mazāka, khōṭī-kathā jaisē – strīkathā, bhōjanakathā, cōra ādi kī kathā, śrṛṅgāra, kalaha, nidrā, khāna-pāna tathā thūkanā ādi kārya nahīṁ karanē cāhi'ē. Mukha svaccha hōnā cāhi'ē. Pāna-ilāyacī vagairaha khāyā hō, tō kullā karakē hī mandira mēṁ jānā cāhi'ē. Mandira ātma-sādhanā kā pavitra-sthāna hai. Vahāṁ ārambha-parigraha (gharēlū kāma-kāja tathā dhana-sampatti) kē vicārōṁ kō tyāgakara atyanta śāntipūrvaka dhārmika bhāvanā'ēṁ hī mana mēṁ lānī cāhi'ē. Dharma-carcā kē alāvā kō'ī bāharī viṣayōṁ kī carcā mandira mēṁ nahīṁ karanī cāhi'ē. Yaha pāpa kā kāraṇa hai. Dhārmika maryādā'ōṁ kē pālana sē puṇyabandha hōnē kē sātha-sātha jīvana bhī saphala hōtā hai.

Jinavāṇī kī pustaka, grantha yā jisa śāstra kā svādhyāya kara rahē hōṁ, una mēṁ phansē Cāvala ādi acchī taraha jhāḍa kara, unhēṁ ṭhīka prakāra vēṣṭana mēṁ bāṁdhakara ucita-sthāna para alamārī mēṁ rakhēṁ, tāki kīṛōṁ-cūhōṁ ādi sē bacāyā jā sakē. Varṣa mēṁ ēka dō bāra sabhī pustakōṁ kō dhūpa mēṁ rakhakara phira yathāsthāna rakhēṁ. Unakē vēṣṭana bhī dhulavā lēṁ. Niśāna kē li'ē pustakōṁ kē pṛṣṭhōṁ kō mōṛanā nahīṁ cāhi'ē, kōi patalā kāgaja rakhēṁ. Kisī bhī pustaka, grantha, śāstra ādi kō jinavāṇī kō lēṭa kara, adhalēṭē athavā ghuṭanōṁ para rakhakara paṛhanā, aśauca avasthā mēṁ vācana ādi bhārī avinaya aura pāpa-bandha kē kāraṇa haiṁ.

Mahilāōṁ kē li'ē viśēṣa-

Mandira kī śud'dhatā va pavitratā banāyē rakhanē hētu, nārī varga kō māsika aśauca kī avasthā mēṁ mandira mēṁ pravēśa nahī karanā cāhi'ē aura ghara mēṁ rakhē śāstra mālā ādi dhārmika upakaraṇōṁ kō nahī chūnā cāhi'ē. ṇamōkāra mantra ēvaṁ strōtra ādi kā pāṭha bhī mana mēṁ hī karanā cāhi'ē, bōla kara nahī.

अभिषेक विधि निर्देश (Anointment Procedure Guide)

जिन-प्रतिमा अभिषेक व पूजन की पात्र होती है क्योंकि जिनेन्द्र प्रभु के दर्शन, अभिषेक, पूजन आदि से उन के गुणों का स्मरण हो जाता है।

जिनबिम्ब अभिषेक: यह पाँचों कल्याणक-सम्पन्न जिन-प्रतिमा की पुरुषों द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली न्हवन की क्रिया है। इस में प्रतिमाजी के आपाद-मस्तक सभी अंगों का प्रासुक जल से न्हवन किया जाता है।

चरणाभिषेक: किन्हीं विशाल प्रतिमाओं के अभिषेक शीश की ऊंचाई तक मचान आदि के बिना संभव नहीं होते, उन के चरणों का न्हवन चरणाभिषेक कहलाता है|

मस्तकाभिषेक: ऊपरोक्त प्रतिमाओं का मस्तकाभिषेक पर्वादि विशेष अवसरों पर किया जाता है; तथा प्रतिमाजी, मंदिरजी व क्षेत्र के अनुरक्षण व विकास के भावों से प्रायः बारह वर्षों के अंतराल से महामस्तकाभिषेक महोत्सव के विशाल आयोजन होते हैं|

पंचामृत-अभिषेक: कहीं कहीं दूध, दही, घी, इक्षुरस आदि से प्रतिमा के न्हवन की परंपरा देखने में आती है| इस में प्रासुक जल-अभिषेक में निहित अहिंसा का भाव गौण हो जाता है |

प्रक्षालन: अचल प्रतिमाओं के पूर्ण अभिषेक में जल की मात्रा अधिक लगने व गंधोदक वेदी जी में फैलने से जीव-उत्पत्ति व हिंसा बचाने के भाव से, उनका केवल गीले छन्नों से प्रक्षालन होता है, तथा प्रतिमाओं की संख्या अधिक होने पर मात्र कुछ प्रतिमाओं का पूर्णाभिषेक व शेष का प्रक्षालन होता है|

शांतिधारा: यह अत्यंत अनूठा पवित्र मंत्राभिषेक है जो स्वयं व पर के पापों के प्रक्षालन कर आत्म-कल्याण व समस्त चराचर की शान्ति के भाव से जिन-प्रतिमाजी पर अखंड जल धारा करने की क्रिया है|

जन्माभिषेक: यह नित्य जिनाभिषेक से भिन्न क्रिया है जो तीर्थंकर के 'जन्म कल्याणक' अवसर पर इन्द्रादि द्वारा सम्पन्न की जाती है। जिस मूर्त्ति के पाँचों कल्याणक संस्कार सम्पन्न हो चुके हैं अर्थात् पूर्ण वीतरागी बन गई है, वही जिनेन्द्र-प्रतिमा कहलाती है| उस का पुनः जन्माभिषेक नहीं होता| जन्माभिषेक तो सराग अवस्था की क्रिया है। अत: जिनबिम्ब अभिषेक जन्माभिषेक नहीं है।

वेश-भूषा

जिनेन्द्र प्रभु की अभिषेक-पूजन समस्त आरम्भ-परिग्रहों का त्याग कर, सौधर्म-इंद्र के समान अत्यंत उत्तम भावों से की जाती है, अतः इन्द्र के समान केशरिया अथवा श्वेत, अहिंसात्मक (बिना सिले) धोती-दुपट्टे पहिन कर मुकुट, माला व तिलक-अलंकरणों आदि से सुशोभित होने पर सहज ही वैसे भाव बन जाते हैं| अभिषेक-कर्ता स्नान करके शुद्ध धोती-दुपट्टे पहिनें व सिर ढकें। पेंट, शर्ट, पाजामा आदि तथा दूसरों के उतरे हुए पूजा-वस्त्रों से अथवा अकेली धोती पहिने अभिषेक नहीं करना चाहिए।

अभिषेक-क्रिया-विधि

प्रतिमाजी के समक्ष अभिषेक के संकल्प-रूप अर्घ्य चढ़ा कर, कायोत्सर्ग कर, विनयपूर्वक एक हाथ प्रतिमाजी के नीचे और दूसरा हाथ उन की पीठ पर लगाकर उठावें, ढंके सिर पर प्रतिमाजी को रख, अभिषेक-स्थल की तीन प्रदक्षिणा दे, श्रीकार लिखे थाल पर स्थापित सिंहासन पर पूर्व-मुखी अथवा उत्तर-मुखी कर विराजित करें। यदि प्रतिमाजी का मुख पूर्व की ओर है तो प्रमुख अभिषेक-कर्ता को उत्तर की ओर मुख कर खड़े होना चाहिए, और यदि उत्तर की ओर मुख है तो अभिषेक-कर्ता का मुख पूर्व दिशा की ओर रहना चाहिए। सिंहासन-तल की ऊंचाई पूजक की नाभि से नीचे नहीं, अपितु ऊपर होना चाहिए।

जीवाणि किये गए शुद्ध पानी को प्रासुक करके (गर्म करके अथवा लौंग आदि डाल कर) ही अभिषेक करना चाहिए| प्रतिमाजी से स्पर्श होते ही यह पवित्र गंधोदक बन जाता है जिसे न्हवन-जल भी कहते हैं| अभिषेक उपरांत सावधानी से स्वच्छ सूखे छन्ने से प्रतिमाजी के समस्त अंगों से से समस्त जल कण पौंछें, व दूसरा अर्घ्य चढ़ा कर वेदी में मूल सिंहासन पर स्वस्तिक बना कर पुनः विराजमान करें और तीसरा अर्घ्य भी चढ़ावें| फिर छन्नों को खंगाल कर सूखने डाल दें| फिर विनय पूर्वक इस परम सौभाग्य प्रदायक गंधोदक की कुछ बूँदें बांयी हथेली पर ले, दांये हाथ की मध्यमा व अनामिका उँगलियों से ललाट पर व ऊपरी नेत्र-पटों पर धारण करें|

अन्य दर्शनार्थियों के लिए एक कटोरे में कुछ गंधोदक रख शुद्ध जल युक्त थाली में रखें व शेष अतिरिक्त गंधोदक उत्तम-पुष्पों के पौधों के गमलों में विसर्जित कर दें|

वर्जनाएं:

1. आँखों में, मुख में, अथवा अन्य अंगों में गंधोदक लगाना अविनय है और पापास्रव का कारण है|

2. अभिषेक-पूजन पूर्ण होने तक नाक, कान, मुँह में उँगली न डालें एवं नाभि से नीचे का भाग स्पर्श न करें। खून, पीव आदि निकलने पर, सर्दी- जुकाम, बुखार, चर्मरोग, सफेद दाग, दाद, खुजली एवं चोट-ग्रस्त होने पर अभिषेकादि न करें।

3. पूजन की पुस्तकों में पूजा के स्थापना-मंत्र, द्रव्याष्टक-मंत्र एवं पंच कल्याणकों के मंत्र संक्षेप में दिये होते हैं। कृपया उन मंत्रों को पूरा एवं शुद्ध पढ़ना चाहिए। 'इत्याशीर्वाद' के बाद पुष्पांजलि क्षेपण अवश्य करें, यह प्रभु के आशीर्वाद की महान क्रिया है ।

4. जहाँ नौ बार णमोकार मंत्र जपना है, वहाँ प्रत्येक णमोकार मंत्र तीन श्वास में पढ़ना चाहिए।

5. पूजन चाहे जितनी की जाएं, पर जल्दी-जल्दी नहीं गानी चाहिए। जो पूजन, विनती, पाठ, स्तोत्र आदि पढ़ें जावें उनके भावों को जीवन में उतारने पर मनुष्य पर्याय की सार्थकता है |

6. पूजन क्रिया समाप्त होने पर पूजन पुस्तकों के अन्दर फंसे चांवल आदि के कणों को अच्छी तरह झाड़ कर ही पुस्तकों को यथा स्थान सहेज कर रखना चाहिए|

Jina-pratimā abhiṣēka va pūjana kī pātra hōtī hai Kyōṅki jinēndra prabhu kē darśana, abhiṣēka, pūjana ādi sē una kē guṇōṁ kā smaraṇa hō jātā hai.

Jinabimba abhiṣēka: Yaha pām̐cōṁ kalyāṇaka-sampanna jina-pratimā kī puruṣōṁ dvārā pratidina kī jānē vālī nhavana kī kriyā hai. Isa mēṁ pratimājī kē āpāda-mastaka sabhī aṅgōṁ kā prāsuka jala sē nhavana kiyā jātā hai.

Caraṇābhiṣēka: Kinhīṁ viśāla pratimā'ōṁ kē abhiṣēka śīśa kī ūñcā'ī taka macāna ādi kē binā sambhava nahīṁ hōtē, una kē caraṇōṁ kā nhavana caraṇābhiṣēka kahalātā hai.

Mastakābhiṣēka: Ūparōkta pratimā'ōṁ kā mastakābhiṣēka parvādi viśēṣa avasarōṁ para kiyā jātā hai; tathā pratimājī, mandirajī va kṣētra kē anurakṣaṇa va vikāsa kē bhāvōṁ sē prāyaḥ bāraha varṣōṁ kē antarāla sē Mahāmastakābhiṣēka Mahōtsava kē viśāla āyōjana hōtē haiṁ.

PañCāmr̥Ta-Abhiṣēka: Kahīṁ kahīṁ dūdha, dahī, ghī, ikṣurasa ādi sē pratimā kē nhavana kī paramparā dēkhanē mēṁ ātī hai| isa mēṁ prāsuka jala-abhiṣēka mēṁ nihita ahinsā kā bhāva gauṇa hō jātā hai.

Śāntidhārā: Yaha atyanta anūṭhā pavitra mantrābhiṣēka hai jō svayaṁ va para kē pāpōṁ kē prakṣālana kara ātma-kalyāṇa va samasta carācara kī śānti kē bhāva sē jina-pratimājī para akhaṇḍa jala dhārā karanē kī kriyā hai.

Janmābhiṣēka: Yaha nitya jinābhiṣēka sē bhinna kriyā hai jō tīrthaṅkara kē 'janma kalyāṇaka' avasara para indrādi dvārā sampanna kī jātī hai. Jisa mūrtti kē pām̆cōṁ kalyāṇaka sanskāra sampanna hō cukē haiṁ arthāt pūrṇa vītarāgī bana ga'ī hai, vahī jinēndra-pratimā kahalātī hai| usa kā punaḥ janmābhiṣēka nahīṁ hōtā| janmābhiṣēka tō sarāga avasthā kī kriyā hai. Ata: Jinabimba abhiṣēka janmābhiṣēka nahīṁ hai.

Vēśa-bhūṣā

Jinēndra prabhu kī abhiṣēka-pūjana samasta ārambha-parigrahōṁ kā tyāga kara, saudharma-indra kē samāna atyanta uttama bhāvōṁ sē kī jātī hai, ataḥ indra kē samāna kēśariyā athavā śvēta, ahinsātmaka (binā silē) dhōtī-dupaṭṭē pahina kara mukuṭa, mālā va tilaka-alaṅkaraṇōṁ ādi sē suśōbhita hōnē para sahaja hī vaisē bhāva bana jātē haiṁ| abhiṣēka-kartā snāna karakē śud'dha dhōtī-dupaṭṭē pahinēṁ va sira ḍhakēṁ. Pēṇṭa, śarṭa, pājāmā ādi tathā dūsarōṁ kē utarē hu'ē pūjā-vastrōṁ sē athavā akēlī dhōtī pahinē abhiṣēka nahīṁ karanā cāhi'ē.

Abhiṣēka-kriyā-vidhi

Pratimājī kē samakṣa abhiṣēka kē saṅkalpa-rūpa arghya caṛhā kara, kāyōtsarga kara, vinayapūrvaka ēka hātha pratimājī kē nīcē aura dūsarā hātha una kī pīṭha para lagākara uṭhāvēṁ, ḍhaṅkē sira para pratimājī kō rakha, abhiṣēka-sthala kī tīna pradakṣiṇā dē, śrīkāra likhē thāla para sthāpita sinhāsana para pūrva-mukhī athavā uttara-mukhī kara virājita karēṁ. Yadi pratimājī kā mukha pūrva kī ōra hai tō pramukha abhiṣēka-kartā kō uttara kī ōra mukha kara khaṛē hōnā cāhi'ē, aura yadi uttara kī ōra mukha hai tō abhiṣēka-kartā kā mukha pūrva diśā kī ōra rahanā cāhi'ē. Sinhāsana-tala kī ūñcā'ī pūjaka kī nābhi sē nīcē nahīṁ, apitu ūpara hōnā cāhi'ē.

Jīvāṇi kiyē ga'ē śud'dha pānī kō prāsuka karakē (garma karakē athavā lauṅga ādi ḍāla kara) hī abhiṣēka karanā cāhi'ē| pratimājī sē sparśa hōtē hī yaha pavitra gandhōdaka bana jātā hai jisē nhavana-jala bhī kahatē haiṁ| abhiṣēka uparānta sāvadhānī sē svaccha sūkhē channē sē pratimājī kē samasta aṅgōṁ sē sē samasta jala kaṇa pauñchēṁ, va dūsarā arghya caṛhā kara vēdī mēṁ mūla sinhāsana para svastika banā kara punaḥ virājamāna karēṁ aura tīsarā arghya bhī caṛhāvēṁ| phira channōṁ kō khaṅgāla kara sūkhanē ḍāla dēṁ| phira vinaya pūrvaka isa parama saubhāgya pradāyaka gandhōdaka kī kucha būṁdēṁ bānyī hathēlī para lē, dānyē hātha kī madhyamā va anāmikā uṁgaliyōṁ sē lalāṭa para va ūparī nētra-paṭōṁ para dhāraṇa karēṁ.

An'ya darśanārthiyōṁ kē li'ē ēka kaṭōrē mēṁ kucha gandhōdaka rakha śud'dha jala yukta thālī mēṁ rakhēṁ va śēṣa atirikta gandhōdaka uttama-puṣpōṁ kē paudhōṁ kē gamalōṁ mēṁ visarjita kara dēṁ.

Varjanā'ēṁ

1. Āṁkhōṁ mēṁ, mukha mēṁ, athavā an'ya aṅgōṁ mēṁ gandhōdaka lagānā avinaya hai aura pāpāsrava kā kāraṇa hai.

2. Abhiṣēka-pūjana pūrṇa hōnē taka nāka, kāna, muṁha mēṁ uṁgalī na ḍālēṁ ēvaṁ nābhi sē nīcē kā bhāga sparśa na karēṁ. Khūna, pīva ādi nikalanē para, sardī-jukāma, bukhāra, carmarōga, saphēda dāga, dāda, khujalī ēvaṁ cōṭa-grasta hōnē para abhiṣēkādi na karēṁ.

3. Pūjana kī pustakōṁ mēṁ pūjā kē sthāpanā-mantra, dravyāṣṭaka-mantra ēvaṁ pañca kalyāṇakōṁ kē mantra saṅkṣēpa mēṁ diyē hōtē haiṁ. Kr̥payā una mantrōṁ kō pūrā ēvaṁ śud'dha paṛhanā cāhi'ē. 'Ityāśīrvāda' kē bāda puṣpāñjali kṣēpaṇa avaśya karēṁ, yaha prabhu kē āśīrvāda kī mahāna kriyā hai.

4. Jahāṁ nau bāra ṇamōkāra mantra japanā hai, vahāṁ pratyēka ṇamōkāra mantra tīna śvāsa mēṁ paṛhanā cāhi'ē.

5. Pūjana cāhē jitanī kī jā'ēṁ, para jaldī-jaldī nahīṁ gānī cāhi'ē. Jō pūjana, vinatī, pāṭha, stōtra ādi paṛhēṁ jāvēṁ unakē bhāvōṁ kō jīvana mēṁ utāranē para manuṣya paryāya kī sārthakatā hai .

6. Pūjana kriyā samāpta hōnē para pūjana pustakōṁ kē andara phansē cānvala ādi kē kaṇōṁ kō acchī taraha jhāṛa kara hī pustakōṁ kō yathā sthāna sahēja kara rakhanā cāhi'ē.

स्वस्तिक: भावना एवं उद्धेश्य (Swastik Making Objective & Intention)

स्वास्तिक हमारी पूजा के उद्देश्य का सार्थक प्रतीक है।

निर्वाण होने पर भगवान का शरीर कपूर की तरह उड़ जाता है, केवल नख और केश शेष रह जाते हैं जिन्हें इंद्र संसारी जीवों की भावना के अनुरूप, मायावी शरीर से जोड़ कर दाह-संस्कार संपन्न करते है; और उस स्थली पर अपने वज्र से स्वास्तिक आकार का अमेट्य स्वस्ति-चिह्न बनाता है, ताकि पवित्रता की रक्षा भी हो सके और स्थल भी अनंतकाल के लिए प्रकट और पूज्य बना रहे. यही चिह्न 'स्वास्तिक' अर्थात मांगलिक है जो अब 'स्वस्तिक' भी बोला व लिखा जाने लगा है. भगवान का अंतिम सांसारिक प्रतीक होने से यही चिह्न हम हर उस स्थान पर बनाते हैं जहाँ जहाँ भगवान को विराजित देखने की भावना करते हैं, आह्वान-स्थापन करते हैं| पूजा की आसिका (लघु आसन) अर्थात् ठोना पर चन्दन-केशर से स्वास्तिक मांडने का विधान आचार्य जयसेन ने प्रतिष्ठा पाठ में उल्लेखित किया है। पूजन की थाली, कटोरा, जल, चन्दन आदि के पात्रों पर भी मंगल-प्रतीक स्वस्तिक मांडते हैं । यह हमारी अंतरंग भावनाओं का उत्कृष्ट प्रतीक है।

स्वास्तिक मांडने की विधि

सर्वप्रथम प्रासुक जल से हस्त प्रक्षालन कर, मंत्रित जल से स्वयं की एवं स्थल की शुद्धि करें। ठोने व द्रव्य चढ़ाने की थाली में दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली से (ऊपर के चित्र के क्रम से) स्वस्तिक की रेखाएं बनाते हुए भावना भावें कि हे भगवन्!

(क्र.1) इस त्रस नाली में निगोद से स्वर्गों तक परिभ्रमण करते हुए,

(क्र.2) अनादिकाल से चारों गतियों की 84 लाख योनियों में जन्म-मरण कर रहा हूँ |

(क्र.3) खोटे कर्म करके कभी अधोगति नरक में गया हूँ।

(क्र.4) हे प्रभु! शक्ति देना कि ऐसे कार्य नहीं करूँ जिससे नरक जाना पड़े |

(क्र.5) कभी छल-कपट करके तिर्यंच गति में गया,

(क्र.6) मैं तिर्यंच गति में न जाने के लक्ष्य से छल-कपट के त्याग का संकल्प करता हूँ।

(क्र.7) कभी शुभ भावों से मरण कर देव गति को प्राप्त हुआ,

(क्र.8) मैं असंयमी देव भी नहीं होना चाहता |

(क्र.9) कभी शुभ संकल्प व्रतादि धारण कर मानव पर्याय पाई,

(क्र.10) मैं इसमें उत्कृष्ट संयम पालन करने की भावना करता हूँ |

यह परिभ्रमण मूलत: अज्ञान, मिथ्यात्व, मोह एवं विषय-कषाय के कारण से हो रहा है। इन्हें मिटाने के लिए मैं पूजा-संकल्प करता हूँ कि

(क्र.11) प्रथमानुयोग

(क्र.12) करणानुयोग

(क्र.13) चरणानुयोग एवं

(क्र.14) द्रव्यानुयोग का स्वाध्याय करके मैं सुख से शून्य चारों गतियों से छूटने के लिए

(क्र.15) सम्यक्दर्शन,

(क्र.16) सम्यक्ज्ञान एवं

(क्र.17) सम्यक्चारित्र को प्राप्त करूँगा तथा रत्नत्रय की पूर्णता करके

(क्र.18) सिद्ध शिला से ऊपर मानव पर्याय के परम लक्ष्य

(क्र.19) सिद्ध पद को प्राप्त करूँगा।

Svāstika hamārī pūjā kē uddēśya kā sārthaka pratīka hai.

Nirvāṇa hōnē para bhagavāna kā śarīra kapūra kī taraha uṛa jātā hai, kēvala nakha aura kēśa śēṣa raha jātē haiṁ jinhēṁ indra sansārī jīvōṁ kī bhāvanā kē anurūpa, māyāvī śarīra sē jōṛa kara dāha-sanskāra sampanna karte hai; aura usa sthalī para apanē vajra sē svāstika ākāra kā amēṭya svasti-cihna banātā hai, tāki pavitratā kī rakṣā bhī hō sakē aura sthala bhī anantakāla kē li'ē prakaṭa aura pūjya banā rahē. Yahī cihna 'svāstika'

arthāta māṅgalika hai jō aba ‘svastika’ bhī bōlā va likhā jānē lagā hai. Bhagavāna kā antima sānsārika pratīka hōnē sē yahī cihna hama hara usa sthāna para banātē haiṁ jahāṁ jahāṁ bhagavāna kō virājita dēkhanē kī bhāvanā karatē haiṁ, āhvāna-sthāpana karatē haiṁ. Pūjā kī āsikā (laghu āsana) arthāt ṭhōnā para candana-kēśara sē svāstika māṇḍanē kā vidhāna ācārya jayasēna nē pratiṣṭhā pāṭha mēṁ ullēkhita kiyā hai. Pūjana kī thālī, kaṭōrā, jala, candana ādi kē pātrōṁ para bhī maṅgala-pratīka svastika māṇḍatē haiṁ. Yaha hamārī antaraṅga bhāvanā’ōṁ kā utkr̥ṣṭa pratīka hai.

Svāstika māṇḍanē kī vidhi

Sarvaprathama prāsuka jala sē hasta prakṣālana kara, mantrita jala sē svayaṁ kī ēvaṁ sthala kī śud’dhi karēṁ. Ṭhōnē va dravya caṛhānē kī thālī mēṁ dāhinē hātha kī anāmikā aṅgulī sē (ūpara kē citra kē krama sē) svastika kī rēkhā’ēṁ banātē hu’ē bhāvanā bhāvēṁ ki hē bhagavan!

(Kra.1) Isa trasa nālī mēṁ nigōda sē svargōṁ taka paribhramaṇa karatē hu’ē,
(kra.2) Anādikāla sē cārōṁ gatiyōṁ kī 84 lākha yōniyōṁ mēṁ janma-maraṇa kara rahā hūṁ. |
(kra.3) Khōṭē karma karakē kabhī adhōgati naraka mēṁ gayā hūṁ.
(Kra.4) Hē prabhu! Śakti dēnā ki aisē kārya nahīṁ karūṁ jisasē naraka jānā paṛē |
(kra.5) Kabhī chala-kapaṭa karakē tiryañca gati mēṁ gayā,
(kra.6) Maiṁ tiryañca gati mēṁ na jānē kē lakṣya sē chala-kapaṭa kē tyāga kā saṅkalpa karatā hūṁ.
(Kra.7) Kabhī śubha bhāvōṁ sē maraṇa kara dēva gati kō prāpta hu’ā,
(kra.8) Maiṁ asanyamī dēva bhī nahīṁ hōnā cāhatā |
(kra.9) Kabhī śubha saṅkalpa vratādi dhāraṇa kara mānava paryāya pāi,
(kra.10) Maiṁ isamēṁ utkr̥ṣṭa sanyama pālana karanē kī bhāvanā karatā hūṁ |Yaha paribhramaṇa mūlata: Ajñāna, mithyātva, mōha ēvaṁ viṣaya-kaṣāya kē kāraṇa sē hō rahā hai. Inhēṁ miṭānē kē li’ē maiṁ pūjā-saṅkalpa karatā hūṁ ki

(kra.11) Prathamānuyōga
(**kra.12)** Karaṇānuyōga

(kra.13) Caraṇānuyōga ēvaṁ
(kra.14) Dravyānuyōga kā svādhyāya karakē maiṁ sukha sē śūn'ya cārōṁ gatiyōṁ sē chūṭanē kē li'ē
(kra.15) Samyakdarśana,
(kra.16) Samyakjñāna ēvaṁ
(kra.17) Samyakcāritra kō prāpta karūṁgā tathā ratnatraya kī pūrṇatā karakē
(kra.18) Sid'dha śilā sē ūpara mānava paryāya kē parama lakṣya
(kra.19) Sid'dha pada kō prāpta karūṁgā.

पूजन विधि निर्देश (Poojan Procedure Guide)

सामग्री

१. प्रासुक जल (कुंए या बोरिंग का जल आवश्यक मात्रा में एक बड़े बर्तन में, दोहरे छन्ने से छान कर, जिवाणि वापिस कुएं में डालें, छने पानी को गर्म करके पुनः ठंडा होने छोड़ दें| (पानी गर्म करने की सुविधा न होने पर लौंग डाल कर भी जल को प्रासुक किया जाता है)|

२. द्रव्य-बर्तन: प्रासुक जल से धुली एक थाली, दो कलश, दो छोटी चम्मचें, चन्दन कटोरी, एक सूखा छन्ना|

३. पूजा-बर्तन: प्रासुक जल से धुली दूसरी थाली, एक ठोना (आसिका), एक कटोरा, धूपदान (धुपाडा)|

४. चन्दन लेप (सिल पर अथवा खरड में केशर के कुछ रेशे भिगोएँ और चन्दन की लकड़ी से घिसने से बना लेप चन्दन-कटोरी में समेट लें)|

५. अक्षत (छान-बीन कर भली-भांति साफ़ किये हुए जीव-जंतु रहित अखंड चावल प्रासुक जल से धो लें)|

६.पुष्प (तीन चौथाई अक्षत खरड/सिल पर डाल कर केसरिया रंग का बना लें)|

७. नैवेद्य (छोटी छोटी चिटकें प्रसुक जल से धो लें)|

८. दीप (उपरोक्त कुछ चिटकें खरड में डाल कर केशरिया रंग की कर लें)|

९. धूप (नारियल के सूखे गोले की छीलन का बारीक चूर्ण)|

१०. फल (छिलके वाले सूखे बादाम, लौंग, छोटी इलायची, कमल गट्टा, पूजा की सुपारी आदि प्रासुक जल से धो लें)|

११. अर्घ्य (ऊपरोक्त आठों द्रव्यों के कुछ अंशों का मिश्रण)|

१२.जाप्य-माला |

१३.एक छन्ना शुद्धता बनाये रखने के लिए |

१४.पूजा पुस्तक, स्वाध्याय ग्रन्थ आदि: जैन पूजा-साहित्य-ग्रन्थ भण्डार के दर्शन कर, कायोत्सर्ग–पूर्वक याचना कर इन्हें उठाएं व विनय पूर्वक पूजा-स्थल पर निर्जन्तु व सूखा स्थान देख कर रखें |

द्रव्य-थाल सजाने की विधि

दोनों कलशों में प्रासुक जल भरें, उन पर चन्दन-लेप से स्वास्तिक मांड कर चम्मच डाल कर द्रव्य-थाली में रखें | दाहिनी ओर रखे कलश में चन्दन लेप की कुछ बूँदें घोल दें, इनके दाहिनी ओर क्रमशः अक्षत पुंज, पुष्प पुंज, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल रखें और बीच में अर्घ्य-पुंज सजाएं|

पूजा-थाल सजाने की विधि

शुद्ध कपड़े से पोंछकर साफ की हुई थाली में बीचोंबीच चन्दन लेप से अनामिका उँगली से या लौंग से सिद्ध-शिला समेत स्वास्तिक (चित्रानुसार) मांडें| पोंछे हुए ठोने (आसन/ आसिका) में आठ पंखुड़ी वाला कमल पुष्प मांड कर स्वास्तिक के ऊपर वाले खाली स्थान में रखें, उसी के बराबर जल व चन्दन चढाने के लिए मंगल-चिह्न-रूप पुष्प मांड कर कटोरा रखें| (कहीं कहीं ठोने व कटोरे में भी स्वास्तिक अथवा ॐ/ओं/श्री मांडने का चलन है)|

(जिनेन्द्र-प्रभु की पूजन 'कमलासन' पर विराजमान कर होती है (सिंहासन पर नहीं), ठोने पर कमल इसी भाव से मांडते हैं, तथा स्वास्तिक भगवान के निर्वाण-स्थान पर इंद्र द्वारा बनाया गया शाश्वत चिह्न है| हमारी द्रव्य व भाव पूजाओं की समस्त सामग्री इसी चिह्न पर चढाने के भाव करें)|

जहाँ धूप खेने की परंपरा है, धूपायन (धुपाड़ा, वह पात्र जिसमें लकड़ी के अंगारे हों) भी रखते हैं| आज के समय में अग्नि के खतरों व प्रदूषण के विचार से, अग्नि में खेने के विकल्प के रूप में धूप को पूजन-थाली में या अलग पात्र में चढ़ाया जा रहा है| अग्निकायिक जीवों की रक्षा तो है ही, धूप की शुद्धता में संदेह के समाधान रूप में नारियल की छीलन, सफेदा के सूखे वृक्ष की छीलन, अथवा लौंग के चूरे का प्रयोग होता देखा जा रहा है| बाज़ार में मिलने वाली धूप का प्रयोग न करें|

पूजा विधि

१. पूजन-प्रतिज्ञा व स्वस्ति (मंगल) याचना: खड़े रह कर कायोत्सर्ग करें व विनय पाठ पढें। आगे पुस्तक में दिए क्रम से अनादि-मूल-मंत्र, चत्तारि दंडक,. अपवित्र: पवित्रो वा.... के मंद मधुर स्वर में गायन कर पुष्प चढ़ायें।क्रमश: पंचकल्याणक अर्घ्य, पंच-परमेष्ठी अर्घ्य, श्रीजिनसहस्रनाम अर्घ्य और जिनवाणी के अर्घ्य चढ़ायें । पूजन-प्रतिज्ञा पाठ पढ़ पुष्पांजलि करें। चौबीस तीर्थंकर स्वस्ति विधान (श्री वृषभो नः...), पुनः परम-ऋषि स्वस्ति विधान (नित्याप्रकम्पाद्....)पूरे पूरे पढ़ते जाएँ व स्वस्ति शब्द उच्चारण करते ही पुष्प चढाते जाएँ।

Ramaṇīka amaravimāna[13] phaṇipati – bhavana[14] ravi chavi chājar'I |
Ruci ratanarāsi[15] dipanta – dahana su tējapuñja[16] virājar'i ||3||

ये सखि सोलह सुपने सूती सयन ही |
देखे माय मनोहर पच्छिम रयन ही ||
उठि प्रभात पिय पूछियो अवधि प्रकाशियो |
त्रिभुवनपति सुत होसी फल तिहँ भासियो ||
भासियो फल तिहिं चिंत दम्पति परम आनंदित भये |
छहमास परि नवमास पुनि तहँ रैन दिन सुखसों गये ||
गर्भावतार महंत महिमा सुनत सब सुख पावहीं |
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत-मंगल गावहीं ||४||
Yē sakhi sōlaha supanē sūtī sayana hī |
Dēkhē māya manōhara pacchima rayana hī ||
Uṭhi prabhāta piya pūchiyō avadhi prakāśiyō |
Tribhuvanapati suta hōsī phala tihaṁ bhāsiyō ||
Bhāsiyō phala tihiṁ cinta dampati parama ānandita bhayē |

Chahamāsa pari navamāsa puni tahaṁ raina dina sukhasōṁ gayē ||
Garbhāvatāra mahanta mahimā sunata saba sukha pāvahīṁ |
Bhaṇi 'rūpacanda' sudēva jinavara jagata-maṅgala gāvahīṁ ||4||

(जन्म कल्याणक)
(Janma Kalyāṇaka)

मति-श्रुत-अवधि-विराजित जिन जब जनमियो |
तिहुँलोक भयो छोभित सुरगन भरमियो ||
कल्पवासि-घर घंट अनाहद बज्जिया |
जोतिष-घर हरिनाद सहज गल-गज्जिया ||
गज्जिया सहजहिं संख भावन-भवन शब्द सुहावने |
विंतर-निलय पटु पटह बज्जहिं कहत महिमा क्यों बने ||
कंपित सुरासन अवधिबल जिन-जनम निहचै जानियो |
धनराज तब गजराज मायामयी निरमय आनियो ||५||

Mati – śruta – avadhi – virājita jina jaba janamiyō |
Tihuṁlōka bhayō chōbhita suragana bharamiyō ||
Kalpavāsi – ghara ghaṇṭa anāhada bajjiyā |
Jōtiṣa – ghara harināda sahaja gala – gajjiyā ||
Gajjiyā sahajahiṁ saṅkha bhāvana – bhavana śabda suhāvanē |
Vintara – nilaya paṭu paṭaha bajjahiṁ kahata mahimā kyōṁ banē ||
Kampita surāsana avadhibala jina – janama nihacai jāniyō |
Dhanarāja taba gajarāja māyāmayī niramaya āniyō ||5||

जोजन लाख गयंद वदन सौ निरमये |
वदन वदन वसु दंत दंत सर संठये ||
सर-सर सौ-पनवीस कमलिनी छाजहीं |
कमलिनि कमलिनि कमल-पचीस विराजहीं ||
राजहीं कमलिनि कमलऽठोतर सौ मनोहर दल बने |
दल दलहिं अपछर नटहिं नवरस हाव भाव सुहावने ||
मणि कनक किंकणि वर विचित्र सु अमर मण्डप सोहये |
घन घंट चँवर धुजा पताका देखि त्रिभुवन मोहये ||६||

Jōjana lākha gayanda vadana sau niramayē |
Vadana vadana vasu danta danta sara saṇṭhayē ||
Sara, sara sau – panavīsa kamalinī chājahīṁ |
Kamalini kamalini kamala – pacīsa virājahīṁ ||
Rājahīṁ kamalini kamalaṭhōtara sau manōhara dala banē |
Dala dalahiṁ apachara naṭahiṁ navarasa hāva bhāva suhāvanē| |
Maṇi kanaka kiṅkaṇi vara vicitra su amara maṇḍapa sōhayē |
Ghana ghaṇṭa caṁvara dhujā patākā dēkhi tribhuvana mōhayē ||6||

तिहिं करि हरि चढ़ि आयउ सुर परिवारियो |
पुरहिं प्रदच्छन दे त्रय जिन जयकारियो ||
गुपत जाय जिन-जननिहिं सुख निद्रा रची |
मायामयि सिसु राखि तौ जिन आन्यो शची ||
आन्यो सची जिनरूप निरखत नयन-तृपति न हूजिये |
तब परम हरषित-हृदय हरि ने, सहस लोचन कीजिये ||
पुनि करि प्रणाम जु प्रथम इन्द्र, उछंग धरि प्रभु लीनऊ |
ईशान इन्द्र सु चंद्र छवि सिर, छत्र प्रभु के दीनऊ ||७||

Tihiṁ kari hari caṛhi āya'u sura parivāriyō |
Purahiṁ pradacchana dē traya jina jayakāriyō ||
Gupata jāya jina – jananihiṁ sukha nidrā racī |
Māyāmayi sisu rākhi tau jina ān'yō śacī ||
Ān'yō sacī jinarūpa nirakhata nayana – tr̥pati na hūjiyē |
Taba parama haraṣita – hr̥daya hari nē, sahasa lōcana kījiyē ||
Puni kari praṇāma ju prathama indra, uchaṅga dhari prabhu līna'ū |
R'iśāna indra su candra chavi sira, chatra prabhu kē dīna'ū ||7||

सनतकुमार माहेन्द्र चमर दुइ ढारही |
सेस सक्र जयकार सबद उच्चारही ||
उच्छव-सहित चतुर विधि सुर हरषित भये |
जोजन सहस निन्यानवे गगन उलंघि गये ||
लंघि गये सुरगिरि जहाँ पांडुक-वन विचित्र विराजहीं |

पांडुक-शिला तहँ अर्द्धचंद्र समान मणि-छवि छाजहीं ||
जोजन पचास विशाल दुगुणायाम, वसु ऊँची गनी |
वर अष्ट – मंगल कनक – कलशनि, सिंहपीठ सुहावनी ||८||

Sanatakumāra māhēndra camara du'i ḍhārahī |
Sēsa sakra jayakāra sabada uccārahī ||
Ucchava – sahita catura vidhi sura haraṣita bhayē |
Jōjana sahasa nin'yānavē gagana ulaṅghi gayē ||
Laṅghi gayē suragiri jahāṁ pāṇḍuka – vana vicitra virājahīṁ |
Pāṇḍuka – śilā tahaṁ ard'dhacandra samāna maṇi – chavi chājahīṁ ||
Jōjana pacāsa viśāla duguṇāyāma, vasu ūṁcī ganī |
Vara aṣṭa – maṅgala kanaka – kalaśani, sinhapīṭha suhāvanī ||8||

रचि मणिमंडप सोभित मध्य सिंहासनो |
थाप्यो पूरब-मुख तहँ प्रभु कमलासनो ||
बाजहिं ताल मृदंग वेणु वीणा घने |
दुंदुभि प्रमुख मधुर-धुनि अवर जु बाजने ||
बाजने बाजहिं सची सब मिलि धवल मंगल गावहीं |
पुनि करहिं नृत्य सुरांगना सब देव कौतुक धावहीं ||
भरि छीरसागर जल जु हाथहिं हाथ सुरगन ल्यावहीं |
सौधर्म अरु ईशान इन्द्र सु कलस ले प्रभु न्हावहीं ||९||

Raci maṇimaṇḍapa sōbhita madhya sinhāsanō |
Thāpyō pūraba – mukha tahaṁ prabhu kamalāsanō ||
Bājahiṁ tāla mr̥daṅga vēṇu vīṇā ghanē |
Dundubhi pramukha madhura – dhuni avara ju bājanē ||
Bājanē bājahiṁ sacī saba mili dhavala maṅgala gāvahīṁ |
Puni karahiṁ nr̥tya surāṅganā saba dēva kautuka dhāvahīṁ ||
Bhari chīrasāgara jala ju hāthahiṁ hātha suragana lyāvahīṁ |
Saudharma aru r'iśāna indra su kalasa lē prabhu nhāvahīṁ ||9||

वदन उदर अवगाह कलस-गत जानियो |
एक चार वसु जोजन मान प्रमानियो ||
सहस-अठोतर कलसा प्रभु के सिर ढरइँ |
पुनि सिंगार प्रमुख आचार सबै करइँ ||
करि प्रगट प्रभु महिमा महोच्छव आनि पुनि मातहिं दये |
धनपतिहिं सेवा राखि सुरपति आप सुरलोकहिं गये ||
जन्माभिषेक महंत-महिमा सुनत सब सुख पावहीं |
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं ||१०||

Vadana udara avagāha kalasa – gata jāniyō |
Ēka cāra vasu jōjana māna pramāniyō ||
Sahasa – aṭhōtara kalasā prabhu kē sira ḍhara'iṁ |
Puni siṅgāra pramukha ācāra sabai kara'iṁ ||
Kari pragaṭa prabhu mahimā mahōcchava āni puni mātahiṁ dayē |
Dhanapatihiṁ sēvā rākhi surapati āpa suralōkahiṁ gayē ||
Janmābhiṣēka mahanta – mahimā sunata saba sukha pāvahīṁ |
Bhaṇi' rūpacanda' sudēva jinavara jagata maṅgala gāvahīṁ ||10||

(तप कल्याणक)
(Tapa Kalyāṇaka)

श्रम-जल-रहित सरीर सदा सब मल-रहिउ |
छीर-वरन वर रुधिर प्रथम आकृति लहिउ ||
प्रथम सार संहनन सरूप विराजहीं |
सहज सुगंध सुलच्छन मंडित छाजहीं ||
छाजहीं अतुल बल परम प्रिय हित मधुर वचन सुहावने
दस सहज अतिशय सुभग मूरति बाललील कहावने ||
आबाल काल त्रिलोकपति मन-रुचिर उचित जु नित नये |
अमरोपनीत पुनीत अनुपम सकल भोग विभोगये ||११||

Śrama – jala – rahita sarīra sadā saba mala – rahi'u |
Chīra – varana vara rudhira prathama ākṛti lahi'u ||
Prathama sāra sanhanana sarūpa virājahīṁ |
Sahaja sugandha sulacchana maṇḍita chājahīṁ ||
Chājahīṁ atula bala parama priya hita madhura vacana suhāvanē |
Dasa sahaja atiśaya subhaga mūrati bālalīla kahāvanē ||
Ābāla kāla trilōkapati mana – rucira ucita ju nita nayē |
Amarōpanīta punīta anupama sakala bhōga vibhōgayē ||11||

भव तन भोग विरत्त कदाचित् चित्तए |
धन जौबन पिय पुत्त कलत्त अनित्त ए ||
कोउ न सरन मरनदिन दुख चहुँगति भर्यो |
सुख दुख एकहि भोगत जिय विधि-वसि पर्यो ||
पर्यो विधि-वस आन चेतन आन जड़ जु कलेवरो |
तन असुचि परतैं होय आस्रव परिहरेतैं संवरो ||
निरजरा तपबल होय समकित बिन सदा त्रिभुवन भ्रम्यो |
दुर्लभ विवेक बिना न कबहूँ परम धरम विषै रम्यो ||१२||
Bhava tana bhōga viratta kadācit citta'ē |
Dhana jaubana piya putta kalatta anitta ē ||
Kō'u na sarana maranadina dukha cahuṁgati bharyō |
Sukha dukha ēkahi bhōgata jiya vidhi – vasi paryō ||
Paryō vidhi – vasa āna cētana āna jaṛa ju kalēvarō |
Tana asuci parataiṁ hōya āsrava pariharētaiṁ sanvarō ||
Nirajarā tapabala hōya samakita bina sadā tribhuvana bhramyō |
Durlabha vivēka binā na kabahūṁ parama dharama viṣai ramyō ||12|

ये प्रभु बारह पावन भावन भाइया |
लौकांतिक वर देव नियोगी आइया ||
कुसुमांजलि दे चरन कमल सिर नाइया |
स्वयंबुद्ध प्रभु थुतिकर तिन समुझाइया ||
समुझाय प्रभु को गये निजपुर पुनि महोच्छव हरि कियो |

रुचि रुचिर चित्र-विचित्र सिविका कर सुनंदन वन लियो ||
तहँ पंचमुट्ठी लोंच कीनों प्रथम सिद्धनि थुति करी |
मंडिय महाव्रत पंच दुद्धर सकल परिग्रह परिहरी ||१३||

Yē prabhu bāraha pāvana bhāvana bhā'iyā |
Laukāntika vara dēva niyōgī ā'iyā ||
Kusumāñjali dē carana kamala sira nā'iyā |
Svayambud'dha prabhu thutikara tina samujhā'iyā ||
Samujhāya prabhu kō gayē nijapura puni mahōcchava hari kiyō |
Ruci rucira citra – vicitra sivikā kara sunandana vana liyō ||
Tahaṁ pañcamuṭṭhī lōñca kīnōṁ prathama sid'dhani thuti karī |
Maṇḍiya mahāvrata pañca dud'dhara sakala parigraha pariharī ||13||

मणि-मय-भाजन केश परिट्ठिय सुरपती |
छीर-समुद्र-जल खिप करि गयो अमरावती ||
तप-संयम-बल प्रभु को मनपरजय भयो |
मौन-सहित तप करत काल कछु तहँ गयो ||
गयो कुछ तहँ काल तपबल रिद्धि वसुविधि सिद्धिया |
जसु धर्मध्यानबलेन खय गय सप्त प्रकृति प्रसिद्धिया ||
खिपि सातवें गुण जतन बिन तहँ तीन प्रकृति जु बुधि बढ़िउ |
करि करण तीन प्रथम सुकलबल खिपकसेनी प्रभु चढ़िउ ||१४||
Maṇi – maya – bhājana kēśa pariṭṭhiya surapatī |
Chīra – samudra – jala khipa kari gayō amarāvatī ||
Tapa – sanyama – bala prabhu kō manaparajaya bhayō |
Mauna – sahita tapa karata kāla kachu tahaṁ gayō ||
Gayō kucha tahaṁ kāla tapabala rid'dhi vasuvidhi sid'dhiyā |
Jasu dharmadhyānabalēna khaya gaya sapta prakṛti prasid'dhiyā ||
Khipi sātavēṁ guṇa jatana bina tahaṁ tīna prakṛti ju budhi baṛhi'u |
Kari karaṇa tīna prathama sukalabala khipakasēnī prabhu caṛhi'u ||14||

प्रकृति छतीस नवें गुणथान विनासिया |
दसवें सूच्छम लोभ प्रकृति तहँ नासिया ||
सुकल-ध्यानपद दूजो पुनि प्रभु पूरियो |
बारहवे गुण सोलह प्रकृति जु चूरियो ||
चूरियो त्रेसठ प्रकृति इह विधि घातिया-करमनि तणी |
तप कियो ध्यानपर्यन्त बारह बिधि त्रिलोक-सिरोमणी ||
नि:क्रमण-कल्याणक सुमहिमा सुनत सब सुख पावहीं |
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं ||१५||

Prakṛti chatīsa navēṁ guṇathāna vināsiyā |
Dasavēṁ sūcchama lōbha prakṛti tahaṁ nāsiyā ||
Sukala – dhyānapada dūjō puni prabhu pūriyō |
Bārahavē guṇa sōlaha prakṛti ju cūriyō ||
Cūriyō trēsaṭha prakṛti iha vidhi ghātiyā – karamani taṇī |
Tapa kiyō dhyānaparyanta bāraha bidhi trilōka – sirōmaṇī ||
Ni: Kramaṇa – kalyāṇaka sumahimā sunata saba sukha pāvahīṁ |
Bhaṇi' rūpacanda' sudēva jinavara jagata maṅgala gāvahīṁ ||15||

(ज्ञान कल्याणक)
(Jñāna Kalyāṇaka)

तेरहवें गुणथान सयोगि जिनेसुरो |
अनंत-चतुष्टय-मंडित भयो परमेसुरो ||
समवसरन तब धनपति बहुविधि निरमयो |
आगम-जुगति प्रमान गगनतल परिठयो ||
परिठयो चित्र-विचित्र मणिमय सभामंडप सोहये |
तिहि मध्य बारह बने कोठे कनक सुर-नर मोहये ||
मुनि कलपवासिनि अरजिका पुनि ज्योति-भौमि-भवन-तिया |
पुनि भवन व्यंतर नभग सुर नर पसुनि कोठे बैठिया ||१६||

Tērahavēṁ guṇathāna sayōgi jinēsurō |
Ananta – catuṣṭaya – maṇḍita bhayō paramēsurō ||
Samavasarana taba dhanapati bahuvidhi niramayō |
Āgama – jugati pramāna gaganatala pariṭhayō ||
Pariṭhayō citra – vicitra maṇimaya sabhāmaṇḍapa sōhayē |
Tihi madhya bāraha banē kōṭhē kanaka sura – nara mōhayē ||
Muni kalapavāsini arajikā puni jyōti – bhaumi – bhavana – tiyā |
Puni bhavana vyantara nabhaga sura nara pasuni kōṭhē baiṭhiyā ||16||

मध्य प्रदेस तीन मणि-पीठ तहाँ बने |
गंध-कुटी सिंहासन कमल सुहावने ||
तीन छत्र सिर सोहत त्रिभुवन मोहए |
अंतरीच्छ कमलासन प्रभुतन सोहए ||
सोहये चौंसठ चमर ढुरत अशोकतरु तल छाजए |
पुनि दिव्य-धुनि प्रति-सबद-जुत तहँ देव दुंदुभि बाजए ||
सुरपुहुप-वृष्टि सुप्रभा-मंडल कोटि-रवि छवि छाजए |
इमि अष्ट अनुपम प्रातिहारज वर विभूति विराजए ||१७||
Madhya pradēsa tīna maṇi – pīṭha tahāṁ banē |
Gandha – kuṭī sinhāsana kamala suhāvanē ||
Tīna chatra sira sōhata tribhuvana mōha'ē |
Antarīccha kamalāsana prabhutana sōha'ē ||
Sōhayē caunsaṭha camara ḍhurata aśōkataru tala chāja'ē |
Puni divya-dhuni prati-sabada-juta tahaṁ dēva dundubhi bāja'ē ||
Surapuhupa-vr̥ṣṭi suprabhā-maṇḍala kōṭi-ravi chavi chāja'ē |
Imi aṣṭa anupama prātihāraja vara vibhūti virāja'ē ||17||

दुइसै जोजन मान सुभिच्छ चहूँ दिसी |
गगनगमन अरु प्राणी-वध नहिं अह-निसी ||
निरुपसर्ग निराहार सदा जगदीश ए |
आनन चार चहुँदिसि सोभित दीसए ||
दीसय असेस विसेस विद्या विभव वर ईसुरपना |

कायाविवर्जित सुद्ध फटिक समान तन प्रभु का बना ||
नहिं नयन-पलक-पतन कदाचित् केस नख सम छाजहीं |
ये घातिया-छय-जनित अतिशय दस विचित्र विराजहीं ||१८||

Du'isai jōjana māna subhiccha cahūm̐ disī |
Gaganagamana aru prāṇī – vadha nahiṁ aha – nisī ||
Nirupasarga nirāhāra sadā jagadīśa ē |
Ānana cāra cahum̐disi sōbhita dīsa'ē ||
Dīsaya asēsa visēsa vidyā vibhava vara r'isurapanā |
Kāyāvivarjita sud'dha phaṭika samāna tana prabhu kā banā ||
Nahiṁ nayana – palaka – patana kadācit kēsa nakha sama chājahīṁ |
Yē ghātiyā – chaya – janita atiśaya dasa vicitra virājahīṁ ||18||

सकल अरथमय मागधि-भाषा जानिए |
सकल जीवगत मैत्री-भाव बखानिए ||
सकल रितुज फल-फूल-वनस्पति मन हरै |
दरपन सम मनि अवनि पवन-गति अनुसरै ||
अनुसरै परमानंद सबको नारि नर जे सेवता |
जोजन प्रमान धरा सुमार्जहिं जहाँ मारुत देवता ||
पुन करहिं मेघकुमार गंधोदक सुवृष्टि सुहावनी |
पद-कमल तर सुर खिपहिं कमल सु, धरणि-ससि-सोभा बनी ||१९||

Sakala arathamaya māgadhi-bhāṣā jāni'ē |
Sakala jīvagata maitrī-bhāva bakhāni'ē ||
Sakala rituja phala-phūla – vanaspati mana harai |
Darapana sama mani avani pavana-gati anusarai ||
Anusarai paramānanda sabakō nāri nara jē sēvatā |
Jōjana pramāna dharā sumārjahiṁ jahām̐ māruta dēvatā ||
Puna karahiṁ mēghakumāra gandhōdaka suvr̥ṣṭi suhāvanī |
Pada-kamala tara sura khipahiṁ kamala su, dharaṇi-sasi-sōbhā banī ||19||

अमल गगनतल अरु दिसि तहँ अनुहारहीं |
चतुर-निकाय देवगण जय जयकारहीं ||
धर्मचक्र चलै आगैं रवि जहँ लाजहीं |
पुनि भृंगारप्रमुख वसु मंगल राजहीं ||
राजहीं चौदह चारु अतिशय देव रचित सुहावने |
जिनराज केवलज्ञानमहिमा अवर कहत कहा बने ||
तब इन्द्र आय कियो महोच्छव सभा सोभा अति बनी |
धर्मोपदेश दियो तहाँ,उच्चरिय वानी जिनतनी ||२०||

Amala gaganatala aru disi tahaṁ anuhārahīṁ |
Catura – nikāya dēvagaṇa jaya jayakārahīṁ ||
Dharmacakra calai āgaiṁ ravi jahaṁ lājahīṁ |
Puni bhṛṅgārapramukha vasu maṅgala rājahīṁ ||
Rājahīṁ caudaha cāru atiśaya dēva racita suhāvanē |
Jinarāja kēvalajñānamahimā avara kahata kahā banē ||
Taba indra āya kiyō mahōcchava sabhā sōbhā ati banī |
Dharmōpadēśa diyō tahāṁ, uccariya vānī jinatanī ||20||

क्षुधा तृषा अरु राग रोष असुहावने |
जन्म जरा अरु मरण त्रिदोष भयावने ||
रोग सोग भय विस्मय अरु निद्रा घनी |
खेद स्वेद मद मोह अरति चिंता गनी ||
गनिये अठारह दोष तिनकरि रहित देव निरंजनो |
नव परम केवललब्धि मंडिय सिव-रमनि-मन रंजनो ||
श्रीज्ञानकल्याणक सुमहिमा सुनत सब सुख पावहीं |
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत-मंगल गावहीं ||२१||

Kṣudhā tṛṣā aru rāga rōṣa asuhāvanē |
Janma jarā aru maraṇa tridōṣa bhayāvanē ||
Rōga sōga bhaya vismaya aru nidrā ghanī |
Khēda svēda mada mōha arati cintā ganī ||
Ganiyē aṭhāraha dōṣa tinakari rahita dēva nirañjanō |

Nava parama kēvalalabdhi maṇḍiya siva – ramani – mana rañjanō ||
Śrījñānakalyāṇaka sumahimā sunata saba sukha pāvahīṁ |
Bhaṇi' rūpacanda' sudēva jinavara jagata – maṅgala gāvahīṁ ||21||

(निर्वाण कल्याणक)
(Nirvāṇa Kalyāṇaka)

केवल-दृष्टि चराचर देख्यो जारिसो |
भव्यनि प्रति उपदेस्यो जिनवर तारिसो ||
भवभय भीत भविक जन सरणै आइया |
रत्नत्रय-लच्छन सिव-पंथ लगाइया ||
लगाइया पंथ जु भव्य पुनि प्रभु, तृतिय सुकल जु पूरियो |
तजि तेरवाँ गुणथान जोग, अजोगपथ पग धारियो ||
पुनि चौदहें चौथे सुकल-बल बहत्तर तेरह हती |
इमि घाति वसुविध-कर्म पहुँच्यो, समय में पंचम-गती ||२२||

Kēvala – dṛṣṭi carācara dēkhyō jārisō |
Bhavyani prati upadēsyō jinavara tārisō ||
Bhavabhaya bhīta bhavika jana saraṇai ā'iyā |
Ratnatraya – lacchana siva – pantha lagā'iyā ||
Lagā'iyā pantha ju bhavya puni prabhu, tṛtiya sukala ju pūriyō |
Taji tēravāṁ guṇathāna jōga, ajōgapatha paga dhāriyō ||
Puni caudahēṁ cauthē sukala – bala bahattara tēraha hatī |
Imi ghāti vasuvidha – karma pahuṁcyō, samaya mēṁ pañcama – gatī ||22||

लोकसिखर तनुवात-वलय महँ संठियो |
धर्मद्रव्य बिन गमन न जिहिं आगे कियो ||
मयनरहित मूषोदर अंबर जारिसो |
किमपि हीन निज-तनुतैं भयो प्रभु तारिसो ||
तारिसो पर्जय नित्य अविचल अर्थ पर्जय छन छयी |

निश्चय-नयेन अनंतगुण विवहार नय वसु गुणमयी ||
वस्तु-स्वभाव विभाव विरहित सुद्ध परिणति परिणयो |
चिद्रूप परमानंदमंदिर सिद्ध परमातम भयो ||२३||

Lōkasikhara tanuvāta – valaya mahaṁ saṇṭhiyō |
Dharmadravya bina gamana na jihiṁ āgē kiyō ||
Mayanarahita mūṣōdara ambara jārisō |
Kimapi hīna nija – tanutaiṁ bhayō prabhu tārisō ||
Tārisō parjaya nitya avicala artha parjaya chana chayī |
Niścaya – nayēna anantaguṇa vivahāra naya vasu guṇamayī ||
Vastu – svabhāva vibhāva virahita sud'dha pariṇati pariṇayō |
Cidrūpa paramānandamandira sid'dha paramātama bhayō ||23||

तन-परमाणू दामिनि-वत सब खिर गए |
रहे शेष नख-केशरूप जे परिणए ||
तब हरिप्रमुख चतुर विधि सुरगण शुभ सच्यो |
मायामयि नख-केशरहित जिन-तनु रच्यो ||
रचि अगर-चंदन प्रमुख परिमल द्रव्य जिन जयकारियो |
पदपतित अगनिकुमार मुकुटानल सुविध संस्कारियो ||
निर्वाणकल्याणक सु महिमा, सुनत सब सुख पावहीं |
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं ||२४||

Tan – paramāṇū dāmini – vata saba khira ga'ē |
Rahē śēṣa nakha – kēśarūpa jē pariṇa'ē ||
Taba haripramukha catura vidhi suragaṇa śubha sacyō |
Māyāmayi nakha – kēśarahita jina – tanu racyō ||
Raci agara – candana pramukha parimala dravya jina jayakāriyō |
Padapatita aganikumāra mukuṭānala suvidha sanskāriyō ||
Nirvāṇakalyāṇaka su mahimā, sunata saba sukha pāvahīṁ |
Bhaṇi' rūpacanda' sudēva jinavara jagata maṅgala gāvahīṁ ||24||

मैं मतिहीन भगतिवस भावन भाइया |
मंगल गीतप्रबंध सु जिनगुण गाइया ||
जो नर सुनहिं बखानहिं सुर धरि गावहीं |
मनवाँछित-फल सो नर निहचै पावहीं ||
पावहीं आठों सिद्धि नव-निध मन प्रतीत जो लावहीं |
भ्रमभाव छूटै सकल मन के निजस्वरूप लखावहीं ||
पुनि हरहिं पातक टरिहिं विघन सु होंहिं मंगल नित नये |
भणि 'रूपचंद' त्रिलोकपति जिनदेव चउ-संघहिं जये ||२५||

Maiṁ matihīna bhagativasa bhāvana bhā'iyā |
Maṅgala gītaprabandha su jinaguṇa gā'iyā ||
Jō nara sunahiṁ bakhānahiṁ sura dhari gāvahīṁ |
Manavām̐chita – phala sō nara nihacai pāvahīṁ ||
Pāvahīṁ āṭhōṁ sid'dhi nava – nidha mana pratīta jō lāvahīṁ |
Bhramabhāva chūṭai sakala mana kē nijasvarūpa lakhāvahīṁ ||
Puni harahiṁ pātaka ṭarihiṁ vighana su hōnhiṁ maṅgala nita nayē |
Bhaṇi' rūpacanda' trilōkapati jinadēva ca'u – saṅghahiṁ jayē ||25||

जलाभिषेक पाठ **Jalabhishek Paath**

जय-जय भगवंते सदा, मंगल-मूल महान |
वीतराग सर्वज्ञ प्रभु, नमौं जोरि जुग-पान ||

Jaya – jaya bhagavantē sadā, maṅgala – mūla mahāna |
Vītarāga sarvajña prabhu, namauṁ jōri juga – pāna ||

(ढाल मंगल की, छन्द अडिल्ल और गीता)

(Ḍhāla maṅgala kī, chanda aḍilla aura gītā)

श्री जिन! जग में ऐसो को बुधवंत जू |
जो तुम गुण-वरननि करि पावे अंत जू ||
इंद्रादिक सुर चार ज्ञानधारी मुनी |

कहि न सकें तुम गुणगण हे! त्रिभुवन-धनी ||
अनुपम अमित तुम गुणनि-वारिधि ज्यों अलोकाकाश है |
किमि धरें हम उर कोष में सो अकथ गुण-मणिराश है ||
पै निज-प्रयोजन सिद्धि की तुम नाम में ही शक्ति है |
यो चित्त में सरधान यातें नाम ही में भक्ति है ||१||

Jina śrī! Jaga mēṁ aisō kō budhavanta jū |
Jō tuma guṇa – varanani kari pāvē anta jū ||
Indrādika sura cāra jñānadhārī mun ī|
Kahi na sakēṁ tuma guṇagaṇa hē! Tribhuvana – dhanī ||
Anupama amita tuma guṇani – vāridhi jyōṁ alōkākāśa hai |
Kimi dharēṁ hama ura kōṣa mēṁ sō akatha guṇa – maṇirāśa hai ||
Pai nija – prayōjana sid'dhi kī tuma nāma mēṁ hī śakti hai |
Yō citta mēṁ saradhāna yātēṁ nāma hī mēṁ bhakti hai ||1||

ज्ञानावरणी दर्शन-आवरणी भने |
कर्म मोहनी अंतराय चारों हने ||
लोकालोक विलोक्यो केवलज्ञान में |
इंद्रादिक के मुकुट नये सुरथान में ||
तब इन्द्र जान्यो अवधितें उठि सुरन-युत वंदत भयो |
तुम पुन्य को प्रेर्यौ हरी ह्वै मुदित धनपतिसों कह्यो ||
अब वेगि जाय रचो समवसृति सफल सुरपद को करो |
साक्षात श्रीअरिहंत के दर्शन करो कल्मष हरो ||२||
Jñānāvaraṇī darśana – āvaraṇī bhanē |
Karma mōhanī antarāya cārōṁ hanē ||
Lōkālōka vilōkyō kēvalajñāna mēṁ |
Indrādika kē mukuṭa nayē surathāna mēṁ ||
Taba indra jān'yō avadhitēṁ uṭhi surana – yuta vandata bhayō |
Tuma pun'ya kō prēryau harī hvai mudita dhanapatisōṁ kahyō ||
Aba vēgi jāya racō samavasṛti saphala surapada kō karō |
Sākṣāta śrī'arihanta kē darśana karō kalmaṣa harō ||2||

ऐसे वचन सुने सुरपति के धनपति |
चलि आयो तत्काल मोद धारे अती ||
वीतराग-छवि देख शब्द जय जय चयो |
दे प्रदच्छिना बार-बार वंदत भयो ||
अति भक्ति-भीनो नम्रचित ह्वे समवसरण रच्यो सही |
ताकी अनूपम शुभ-गती को कहन समरथ कोउ नहीं ||
प्राकार तोरण सभामंडप कनक मणिमय छाजहीं |
नग-जड़ित गंधकुटी मनोहर मध्यभाग विराजहीं ||३||

Aisē vacana sunē surapati kē dhanapati |
Cali āyō tatkāla mōda dhārē atī ||
Vītarāga – chavi dēkha śabda jaya jaya cayō |
Dē pradacchinā bāra – bāra vandata bhayō ||
Ati bhakti – bhīnō namracita hvē samavasaraṇa racyō sahī |
Tākī anūpama śubha – gatī kō kahana samaratha kō'u nahīṁ ||
Prākāra tōraṇa sabhāmaṇḍapa kanaka maṇimaya chājahīṁ |
Naga – jaṛita gandhakuṭī manōhara madhyabhāga virājahīṁ ||3||

सिंहासन ता-मध्य बन्यो अद्भुत दिपै |
ता पर वारिज रच्यो प्रभा दिनकर छिपै ||
तीन छत्र सिर शोभित चौंसठ चमरजी |
महा भक्तियुत ढोरत हैं तहाँ अमरजी ||
प्रभु तरन-तारन कमल ऊपर अंतरीक्ष विराजिया |
यह वीतराग दशा प्रतच्छ विलोकि भविजन सुख लिया ||
मुनि आदि द्वादश सभा के भवि जीव मस्तक नाय के |
बहुभाँति बारंबार पूजें नमें गुण-गण गाय के ||४||

Sinhāsana tā – madhya ban'yō adbhuta dipai |
Tā para vārija racyō prabhā dinakara chipai ||
Tīna chatra sira śōbhita caunsaṭha camarajī |
Mahā bhaktiyuta ḍhōrata haiṁ tahāṁ amarajī ||.

Prabhu tarana – tārana kamala ūpara antarīkṣa virājiyā |
Yaha vītarāga daśā prataccha vilōki bhavijana sukha liyā ||
Muni ādi dvādaśa sabhā kē bhavi jīva mastaka nāya kē |
Bahubhāṁti bārambāra pūjēṁ namēṁ guṇa – gaṇa gāya kē ||4||

परमौदारिक दिव्य देह पावन सही |
क्षुधा तृषा चिंता भय गद दूषण नहीं ||
जन्म जरा मृति अरति शोक विस्मय नसे |
राग रोष निद्रा मद मोह सबै खसे ||
श्रम बिना श्रम-जल रहित पावन अमल ज्योति-स्वरूपजी |
शरणागतनि की अशुचिता हरि करत विमल अनूपजी ||
ऐसे प्रभु की शांति-मुद्रा को न्हवन जलतें करें |
'जस' भक्तिवश मन उक्ति तें, हम भानु ढिग दीपक धरें ||५||
Paramaudārika divya dēha pāvana sahī |
Kṣudhā tr̥ṣā cintā bhaya gada dūṣaṇa nahīṁ ||
Janma jarā mr̥ti arati śōka vismaya nasē |
Rāga rōṣa nidrā mada mōha sabai khasē ||
Śrama binā śrama – jala rahita pāvana amala jyōti – svarūpajī |
Śaraṇāgatani kī aśucitā hari karata vimala anūpajī |
Aisē prabhu kī śānti – mudrā kō nhavana jalatēṁ karēṁ ||
' Jasa' bhaktivaśa mana ukti tēṁ, hama bhānu ḍhiga dīpaka dharēṁ ||5||

तुम तो सहज पवित्र यही निश्चय भयो |
तुम पवित्रता-हेत नहीं मज्जन ठयो ||
मैं मलीन रागादिक मलतें ह्वे रह्यो |
महा मलिन तन में वसु-विधि-वश दु:ख सह्यो ||
बीत्यो अनंतो काल यह मेरी अशुचिता ना गई |
तिस अशुचिता-हर एक तुम ही भरहु वाँछा चित ठई ||
अब अष्टकर्म विनाश सब मल रोष-रागादिक हरो |

तनरूप कारा-गेह तें उद्धार शिव-वासा करो ||६||

Tuma tō sahaja pavitra yahī niścaya bhayō |
Tuma pavitratā – hēta nahīṁ majjana ṭhayō ||
Maiṁ malīna rāgādika malatēṁ hvē rahyō |
Mahā malina tana mēṁ vasu – vidhi – vaśa du: Kha sahyō ||
Bītyō anantō kāla yaha mērī aśucitā nā gar'I |
Tisa aśucitā – hara ēka tuma hī bharahu vāṁchā cita ṭhar'I ||
Aba aṣṭakarma vināśa saba mala rōṣa – rāgādika harō |
Tanarūpa kārā – gēha tēṁ ud'dhāra śiva – vāsā karō ||6||

मैं जानत तुम अष्टकर्म हनि शिव गये |
आवागमन-विमुक्त राग-वर्जित भये ||
पर तथापि मेरो मनोरथ पूरत सही |
नय-प्रमान तें जानि महा साता लही ||
पापाचरण-तजि न्हवन करता चित्त मैं ऐसे धरूँ |
साक्षात श्रीअरिहंत का मानो न्हवन परसन करूँ ||
ऐसे विमल परिणाम होते अशुभ नसि शुभबंध तें |
विधि अशुभ-नसि शुभबंध तें ह्वे शर्म सब विधि तास तें ||७||

Maiṁ jānata tuma aṣṭakarma hani śiva gayē |
Āvāgamana – vimukta rāga – varjita bhayē ||
Para tathāpi mērō manōratha pūrata sahī |
Naya – pramāna tēṁ jāni mahā sātā lahī ||
Pāpācaraṇa – taji nhavana karatā citta maiṁ aisē dharūṁ |
Sākṣāta śrī'arihanta kā mānō nhavana parasana karūṁ ||
Aisē vimala pariṇāma hōtē aśubha nasi śubhabandha tēṁ |
Vidhi aśubha – nasi śubhabandha tēṁ hvē śarma saba vidhi tāsa tēṁ ||7||

पावन मेरे नयन भये तुम दरस तें |
पावन पाणि भये तुम चरननि परस तें ||
पावन मन ह्वै गयो तिहारे ध्यान तें |

पावन रसना मानी तुम गुण-गान तें ||
पावन भई परजाय मेरी भयो मैं पूरण धनी |
मैं शक्तिपूर्वक भक्ति कीनी, पूर्ण-भक्ति नहीं बनी ||
धनि धन्य ते बड़भागि भवि तिन नींव शिव-घर की धरी |
वर क्षीरसागर आदि जल मणिकुंभ भर भक्ती करी ||८||

Pāvana mērē nayana bhayē tuma darasa tēṁ |
Pāvana pāṇi bhayē tuma caranani parasa tēṁ ||
Pāvana mana hvai gayō tihārē dhyāna tēṁ |
Pāvana rasanā mānī tuma guṇa – gāna tēṁ ||
Pāvana bhar'i parajāya mērī bhayō maiṁ pūraṇa dhanī |
Maiṁ śaktipūrvaka bhakti kīnī, pūrṇa – bhakti nahīṁ banī ||
Dhani dhan'ya tē baṛabhāgi bhavi tina nīnva śiva – ghara kī dharī |
Vara kṣīrasāgara ādi jala maṇikumbha bhara bhaktī karī ||8||

विघन-सघन-वन-दाहन दहन प्रचंड हो |
मोह-महा-तम-दलन प्रबल मारतंड हो ||
ब्रह्मा विष्णु महेश आदि संज्ञा धरो |
जग-विजयी जमराज नाश ताको करो ||
आनंद-कारण दु:ख-निवारण परम-मंगल-मय सही |
मोसो पतित नहिं और तुम-सो पतित-तार सुन्यो नहीं ||
चिंतामणी पारस कल्पतरु एकभव-सुखकार ही |
तुम भक्ति-नवका जे चढ़े ते भये भवदधि-पार ही ||९||

Vighana – saghana – vana – dāhana dahana pracaṇḍa hō |
Mōha – mahā – tama – dalana prabala māratanḍa hō ||
Brahmā viṣṇu mahēśa ādi sañjñā dharō |
Jaga – vijayī jamarāja nāśa tākō karō ||
Ānanda – kāraṇa du: Kha – nivāraṇa parama – maṅgala – maya sahī |
Mōsō patita nahiṁ aura tuma – sō patita – tāra sun'yō nahīṁ ||

Cintāmaṇī pārasa kalpataru ēkabhava – sukhakāra hī |
Tuma bhakti – navakā jē caṛhē tē bhayē bhavadadhi – pāra hī ||9||

(दोहा)

तुम भवदधि तें तरि गये, भये निकल अविकार |
तारतम्य इस भक्ति को, हमें उतारो पार ||१०||

(Dōhā)
Tuma bhavadadhi tēṁ tari gayē, bhayē nikala avikāra |
Tāratamya isa bhakti kō, hamēṁ utārō pāra ||10||

।।इति अभिषेक पाठ।।
|| ***Iti Abhiṣēka Pāṭha*** ||

प्रतिमा प्रक्षाल विधि पाठ **Pratima Prakshal Vidhi Paath**

(दोहा)
परिणामों की स्वच्छता, के निमित्त जिनबिम्ब |
इसीलिए मैं निरखता, इनमें निज-प्रतिबिम्ब ||
पंच-प्रभू के चरण में, वंदन करूँ त्रिकाल |
निर्मल-जल से कर रहा, प्रतिमा का प्रक्षाल ||
(dōhā)
Pariṇāmōṁ kī svacchatā, kē nimitta jinabimba |
Isīli'ē maiṁ nirakhatā, inamēṁ nija – pratibimba ||
Pañca – prabhū kē caraṇa mēṁ, vandana karūṁ trikāla |
Nirmala – jala sē kara rahā, pratimā kā prakṣāla ||

अथ पौर्वाह्निक देववंदनायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजा-
स्तवन वंदनासमेतं श्री पंचमहागुरुभक्तिपूर्वकं कायोत्सर्गं करोम्यहम् ।

Atha paurvāhrika dēvavandanāyāṁ pūrvācāryānukramēṇa sakalakarmakṣayārthaṁ bhāvapūjā-stavana vandanāsamētaṁ śrī pañcamahāgurubhaktipūrvakaṁ kāyōtsargaṁ karōmyaham|

(नौ बार णमोकार मंत्र पढ़ें)

(Nau bāra ṇamōkāra mantra paṛhēṁ)

(छप्पय)

तीन लोक के कृत्रिम औ अकृत्रिम सारे |

जिनबिम्बों को नित प्रति अगणित नमन हमारे ||

श्रीजिनवर की अन्तर्मुख छवि उर में धारूँ |

जिन में निज का, निज में जिन-प्रतिबिम्ब निहारूँ ||

(chappaya)

Tīna lōka kē kr̥trima au akr̥trima sārē |
Jinabimbōṁ kō nita prati agaṇita namana hamārē ||
Śrījinavara kī antarmukha chavi ura mēṁ dhārūm̐ |
Jina mēṁ nija kā, nija mēṁ jina – pratibimba nihārūm̐ ||

मैं करूँ आज संकल्प शुभ, जिन-प्रतिमा प्रक्षाल का |

यह भाव-सुमन अर्पण करूँ, फल चाहूँ गुणमाल का ||

Maiṁ karūm̐ āja saṅkalpa śubha, jina – pratimā prakṣāla kā |
Yaha bhāva – sumana arpaṇa karūm̐ , phala cāhūm̐ guṇamāla kā ||

ओं ह्रीं प्रक्षाल-प्रतिज्ञायै पुष्पांजलिं क्षिपामि।

Ōṁ hrīṁ prakṣāla – pratijñāyai puṣpāñjaliṁ kṣipāmi|

(प्रक्षाल की प्रतिज्ञा हेतु पुष्प क्षेपण करें)

(Prakṣāla kī pratijñā hētu puṣpa kṣēpaṇa karēṁ)

(रोला)

अंतरंग बहिरंग सुलक्ष्मी से जो शोभित |

जिनकी मंगलवाणी पर है त्रिभुवन मोहित ||

श्रीजिनवर सेवा से क्षय मोहादि-विपत्ति |

हे जिन! 'श्री' लिख, पाऊँगा निज-गुण सम्पत्ति ||

(rōlā)

Antaraṅga bahiraṅga sulakṣmī sē jō śōbhita |
Jinakī maṅgalavāṇī para hai tribhuvana mōhita ||
Śrījinavara sēvā sē kṣaya mōhādi – vipatti |
Jina hē! ' Śrī' likha, pā'ūm̐gā nija – guṇa sampatti ||

(अभिषेक-थाल की चौकी पर केशर से 'श्री' लिखें)

(Abhiṣēka – thāla kī caukī para kēśara sē' śrī' likhēṁ)

(दोहा)

अंतर्मुख मुद्रा सहित, शोभित श्री जिनराज |

प्रतिमा प्रक्षालन करूँ, धरूँ पीठ यह आज ||

(dōhā)

Antarmukha mudrā sahita, śōbhita śrī jinarāja |
Pratimā prakṣālana karūm̐ , dharūm̐ pīṭha yaha āja ||

ओं ह्रीं श्री स्नपन-पीठ स्थापनं करोमि।

Ōṁ hrīṁ śrī snapana – pīṭha sthāpanaṁ karōmi.

(प्रक्षाल हेतु थाल स्थापित करें)

(Prakṣāla hētu thāla sthāpita karēṁ)

(रोला)

भक्ति-रत्न से जड़ित आज मंगल सिंहासन |

भेद-ज्ञान जल से क्षालित भावों का आसन ||

स्वागत है जिनराज तुम्हारा सिंहासन पर |
हे जिनदेव! पधारो श्रद्धा के आसन पर ||
(rōlā)
Bhakti – ratna sē jaṛita āja maṅgala sinhāsana |
Bhēda – jñāna jala sē kṣālita bhāvōṁ kā āsana ||
Svāgata hai jinarāja tumhārā sinhāsana para |
jinadēva hē! Padhārō śrad'dhā kē āsana para ||
ओं ह्रीं श्री धर्मतीर्थाधिनाथ भगवन्निह सिंहासने तिष्ठ! तिष्ठ!
Ōṁ hrīṁ śrī dharmatīrthādhinātha bhagavanniha sinhāsanē tiṣṭha! Tiṣṭha!

(प्रदक्षिणा देकर अभिषेक-थाल में जिनबिम्ब विराजमान करें)
(Pradakṣiṇā dēkara abhiṣēka-thāla mēṁ jinabimba virājamāna karēṁ)

क्षीरोदधि के जल से भरे कलश ले आया |
दृग-सुख वीरज ज्ञान स्वरूपी आतम पाया ||
मंगल-कलश विराजित करता हूँ जिनराजा |
परिणामों के प्रक्षालन से सुधरें काजा ||
Kṣīrōdadhi kē jala sē bharē kalaśa lē āyā |
Dr̥ga – sukha vīraja jñāna svarūpī ātama pāyā ||
Maṅgala – kalaśa virājita karatā hūṁ jinarājā |
Pariṇāmōṁ kē prakṣālana sē sudharēṁ kājā ||
ओं ह्रीं अर्हं कलश-स्थापनं करोमि।
Ōṁ hrīṁ ar'haṁ kalaśa – sthāpanaṁ karōmi |

(चारों कोनों में निर्मल जल से भरे कलश स्थापित करें, व स्नपन-पीठ स्थित जिन-प्रतिमा को अर्घ्य चढ़ायें)
(Cārōṁ kōnōṁ mēṁ nirmala jala sē bharē kalaśa sthāpita karēṁ, va snapana-pīṭha sthita jina-pratimā kō arghya caṛhāyēṁ)

जल-फल आठों द्रव्य मिलाकर अर्घ्य बनाया |
अष्ट-अंग-युत मानो सम्यग्दर्शन पाया ||
श्रीजिनवर के चरणों में यह अर्घ्य समर्पित |
करूँ आज रागादि विकारी-भाव विसर्जित ||

Jala – phala āṭhōṁ dravya milākara arghya banāyā |
Aṣṭa – aṅga – yuta mānō samyagdarśana pāyā ||
Śrījinavara kē caraṇōṁ mēṁ yaha arghya samarpita |
Karūm̐ āja rāgādi vikārī – bhāva visarjita ||

ओं ह्रीं श्री स्नपनपीठस्थिताय जिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ōṁ hrīṁ śrī snapanapīṭhasthitāya jināya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |

(चारों कोनों के इंद्र विनय सहित दोनों हाथों में जल कलश ले प्रतिमाजी के शिर पर धारा करते हुए गावें)

(Cārōṁ kōnōṁ kē indra vinaya sahita dōnōṁ hāthōṁ mēṁ jala kalaśa lē pratimājī kē śira para dhārā karatē hu'ē gāvēṁ)

मैं रागादि विभावों से कलुषित हे जिनवर |
और आप परिपूर्ण वीतरागी हो प्रभुवर ||
कैसे हो प्रक्षाल जगत के अघ-क्षालक का |
क्या दरिद्र होगा पालक! त्रिभुवन-पालक का ||
भक्ति-भाव के निर्मल जल से अघ-मल धोता |
है किसका अभिषेक! भ्रान्त-चित खाता गोता ||
नाथ! भक्तिवश जिन-बिम्बों का करूँ न्हवन मैं |
आज करूँ साक्षात् जिनेश्वर का पृच्छन मैं ||

Maiṁ rāgādi vibhāvōṁ sē kaluṣita hē jinavara !
Aura āpa paripūrṇa vītarāgī hō prabhuvara ||
Kaisē hō prakṣāla jagata kē agha – kṣālaka kā |
Kyā daridra hōgā pālaka! Tribhuvana – pālaka kā ||
Bhakti – bhāva kē nirmala jala sē agha – mala dhōtā |
Hai kisakā abhiṣēka! Bhrānta – cita khātā gōtā ||

Nātha! Bhaktivaśa jina – bimbōṁ kā karūṁ nhavana maiṁ |
Āja karūṁ sākṣāt jinēśvara kā pṛcchana maiṁ ||

(दोहा)

क्षीरोदधि-सम नीर से करूँ बिम्ब प्रक्षाल |
श्री जिनवर की भक्ति से जानूँ निज-पर चाल ||
तीर्थंकर का न्हवन शुभ सुरपति करें महान् |
पंचमेरु भी हो गए महातीर्थ सुखदान ||
करता हूँ शुभ-भाव से प्रतिमा का अभिषेक |
बचूँ शुभाशुभ भाव से यही कामना एक ||

(Dōhā)

Kṣīrōdadhi – sama nīra sē karūṁ bimba prakṣāla |
Śrī jinavara kī bhakti sē jānūṁ nija – para cāla ||
Tīrthaṅkara kā nhavana śubha surapati karēṁ mahān |
Pañcamēru bhī hō ga'ē mahātīrtha sukhadāna ||
Karatā hūṁ śubha – bhāva sē pratimā kā abhiṣēka |
Bacūṁ śubhāśubha bhāva sē yahī kāmanā ēka ||

ओं ह्रीं श्रीमन्तं भगवन्तं कृपालसन्तं वृषभादिमहावीरपर्यन्तं चतुर्विंशति-तीर्थंकर-परमदेवम् आद्यानामाद्ये जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे <….शुभे….> नाम्निनगरे मासानामुत्तमे <….शुभे….> मासे <….शुभे….> पक्षे <….शुभे….> दिने मुन्यार्यिकाश्रावकश्राविकाणां सकलकर्म – क्षयार्थं पवित्रतर-जलेन जिनमभिषेचयामि ।

(मास, पक्ष, दिन की जानकारी ना होने पर "शुभे" का प्रयोग करें)

Ōṁ hrīṁ śrīmantaṁ bhagavantaṁ kṛpālasantaṁ Vntaṁ caturvinśati-tīrthaṅkara-paramadēvam ādyānāmādyē jambūdvīpē bharatakṣētrē āryakhaṇḍē <…. shubhe....> Nāmninagarē māsānāmuttamē <…. shubhe….> Māsē <…. shubhe….> Pakṣē <….shubhe….> Dinē mun'yāryikāśrāvakaśrāvikāṇāṁ sakalakarma-kṣayārthaṁ pavitratara-jalēna jinamabhiṣēcayāmi|

(Māsa, pakṣa, dina kī jānakārī na hōnē para "śubhe" kā prayōga karēṁ)

(चारों कलशों से अभिषेक करें, वादित्र-नाद करावें एवं जय-जय शब्दोच्चारण करें)

(Cārōṁ kalaśōṁ sē abhiṣēka karēṁ, vāditra-nāda karāvēṁ ēvaṁ jaya-jaya śabdōccāraṇa karēṁ)

(दोहा)

जिन-संस्पर्शित नीर यह, गन्धोदक गुणखान |

मस्तक पर धारूँ सदा, बनूँ स्वयं भगवान् ||

(dōhā)

jina – sansparśita nīra yaha, gandhōdaka guṇakhāna |

Mastaka para dhārūṁ sadā, banūṁ svayaṁ bhagavān ||

(गंधोदक केवल मस्तक पर लगायें, अन्य किसी अंग में लगाना आस्रव का कारण होने से वर्जित है)

(Gandhōdaka kēvala mastaka para lagāyēṁ, an'ya kisī aṅga mēṁ lagānā āsrava kā kāraṇa hōnē sē varjita hai)

जल-फलादि वसु द्रव्य ले, मैं पूजूँ जिनराज |

हुआ बिम्ब-अभिषेक अब, पाऊँ निज-पद-राज ||

Jala – phalādi vasu dravya lē, maiṁ pūjūṁ jinarāja |

Hu'ā bimba – abhiṣēka aba, pā'ūṁ nija – pada – rāja ||

ओं ह्रीं श्री अभिषेकांन्ते वृषभादिवीरान्तेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

Ōṁ hrīṁ śrī abhiṣēkānntē vr̥ṣabhādivīrāntēbhyō arghyaṁ nirvapāmīti svāhā|

श्री जिनवर का धवल-यश, त्रिभुवन में है व्याप्त |
शांति करें मम चित्त में, हे! परमेश्वर आप्त ||
Śrī jinavara kā dhavala – yaśa, tribhuvana mēṁ hai vyāpta |
Śānti karēṁ mama citta mēṁ, hē! Paramēśvara āpta ||

(पुष्पांजलि क्षेपण करें)
(Puṣpāñjali kṣēpaṇa karēṁ)

(रोला)
जिन-प्रतिमा पर अमृत सम जल-कण अतिशोभित |
आत्म-गगन में गुण अनंत तारे भवि मोहित ||
हो अभेद का लक्ष्य भेद का करता वर्जन |
शुद्ध वस्त्र से जल कण का करता परिमार्जन ||
(rōlā)
Jina – pratimā para amr̥ta sama jala – kaṇa atiśōbhita |
Ātma – gagana mēṁ guṇa ananta tārē bhavi mōhita ||
Hō abhēda kā lakṣya bhēda kā karatā varjana |
Śud'dha vastra sē jala kaṇa kā karatā parimārjana ||

(प्रतिमा को शुद्ध-वस्त्र से पोंछें)
(Pratimā kō śud'dha – vastra sē pōñchēṁ)

(दोहा)
श्रीजिनवर की भक्ति से, दूर होय भव-भार |
उर-सिंहासन थापिये, प्रिय चैतन्य-कुमार ||
(dōhā)
Śrījinavara kī bhakti sē, dūra hōya bhava – bhāra |
Ura – sinhāsana thāpiyē, priya caitan'ya – kumāra ||

(वेदिका-स्थित सिंहासन पर नया स्वस्तिक बना प्रतिमाजी को विराजित करें व निम्न पद गाकर अर्घ्य चढ़ायें)

(Vēdikā – sthita sinhāsana para nayā svastika banā pratimājī kō virājita karēṁ va nimna pada gākara arghya caṛhāyēṁ)

जल गन्धादिक द्रव्य से, पूजूँ श्री जिनराज |
पूर्ण अर्घ्य अर्पित करूँ, पाऊँ चेतनराज ||

Jala gandhādika dravya sē, pūjūm̐ śrī jinarāja |
Pūrṇa arghya arpita karūm̐ , pā'ūm̐ cētanarāja ||

ओं ह्रीं श्री वेदिका-पीठस्थितजिनाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

Ōṁ hrīṁ śrī vēdikā – pīṭhasthitajināya anarghyapadaprāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā|

नित्य नियम-प्रक्षाल के संबंध में प्रमुख विचारणीय बिन्दु

1. अरिहन्त भगवान का अभिषेक नहीं होता, जिन-बिम्ब का प्रक्षाल किया जाता है,जो अभिषेक के नाम से प्रचलित है।
2. यह प्रक्षाल केवल 'छानकर गर्म किये गये प्रासुक जल से' शुद्ध वस्त्र पहनकर किया जाए। दैनिक प्रक्षाल जल के अलावा अन्य द्रव्यों से करना अहिंसा तथा बिम्बों के रक्षण की दृष्टि से हीन कार्य है।
3. प्रक्षाल मात्र पुरुषों द्वारा ही किया जाए। महिलाएं जिनबिम्ब को स्पर्श न करें। उनके द्वारा अभिषेक की केवल अनुमोदना करना भी उतनी ही मंगलकारी है।
4. जिनबिम्ब का प्रक्षाल प्रतिदिन एक बार हो जाने के पश्चात् बार-बार न करें। यदि बहुत आवश्यक हो जाये, तो पहिले किये गये अभिषेक-सम्बन्धी पूजन एवं विसर्जन पूर्ण होने के पश्चात् ही दूसरी बार अभिषेक करें।

Nitya niyama-prakṣāla kē sambandha mēṁ pramukha vicāraṇīya bindu

1. Arihanta bhagavāna kā abhiṣēka nahīṁ hōtā, jina-bimba kā prakṣāla kiyā jātā hai,jō abhiṣēka kē nāma sē pracalita hai |
2. Yaha prakṣāla kēvala 'chānakara garma kiyē gayē prāsuka jala sē' śud'dha vastra pahanakara kiyā jā'ē. Dainika prakṣāla jala kē alāvā an'ya dravyōṁ sē karanā ahinsā tathā bimbōṁ kē rakṣaṇa kī dṛṣṭi sē hīna kārya hai |

3. Prakṣāla mātra puruṣōṁ dvārā hī kiyā jā'ē. Mahilā'ēṁ jinabimba kō sparśa na karēṁ. Unakē dvārā abhiṣēka kī kēvala anumōdanā karanā bhī utanī hī maṅgalakārī hai |

4. Jinabimba kā prakṣāla pratidina ēka bāra hō jānē kē paścāt bāra-bāra na karēṁ.

Yadi bahuta āvaśyaka hō jāyē, tō pahilē kiyē gayē abhiṣēka-sambandhī pūjana ēvaṁ
visarjana pūrṇa hōnē kē paścāt hī dūsarī bāra abhiṣēka karēṁ |

अभिषेक पाठ Abhishek Paath

श्रीमन्नता-मर-शिरस्तट-रत्न-दीप्ति, तोयाव-भासि-चरणाम्बुज-युग्ममीशम् |
अर्हन्त-मुन्नत-पद-प्रदमाभिनम्य, त्वन्मूर्तिषूद्य-दभिषेक-विधिं करिष्ये ||१||

Śrīmannatā-mara-śirastaṭa-ratna-dīpti,tōyāva-bhāsi-caraṇāmbuja-yugmamīśam |
Ar'hanta-munnata-pada-pradamābhinamya, tvanmūrtiṣūdya-dabhiṣēka-vidhiṁ kariṣyē ||1||

अथ पौर्वाह्णिक/मध्याह्निक/अपराह्णिक-देववन्दनायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकल-कर्म-क्षयार्थं
भाव-पूजा-वन्दना-स्तव-समेतं श्रीपंचमहागुरुभक्तिपुरस्सरं कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

Atha paurvāhṇika/madhyāhnika/aparāhṇika-dēvavandanāyāṁ pūrvācāryānukramēṇa sakala-karma-kṣayārthaṁ bhāva-pūjā-vandanā-stava-samētaṁ śrīpañcamahāgurubhaktipuras'saraṁ kāyōtsargaṁ karōmyaham |

(२७ श्वासोच्छवास पूर्वक नौ बार णमोकार मंत्र का ध्यान करें)

(27 Śvāsōcchavāsa pūrvaka nau bāra ṇamōkāra mantra kā dhyāna karēṁ)

या: कृत्रिमास्तदितरा: प्रतिमा जिनस्य, संस्नापयन्ति पुरुहूत-मुखादयस्ता:|
सद्भाव-लब्धि-समयादि-निमित्त-योगात्, तत्रैव-मुज्ज्वल-धियां कुसुमं क्षिपामि ||२||

Yā: kr̥trimāstaditarā: pratimā jinasya, sansnāpayanti puruhūta-mukhādayastā:|
Sadbhāva-labdhi-samayādi-nimitta-yōgāt, tatraiva-mujjvala-dhiyāṁ kusumaṁ kṣipāmi ||2||

जन्मोत्सवादि-समयेषु यदीयकीर्ति, सेन्द्रा: सुराप्तमदवारणगा: स्तुवन्ति |
तस्याग्रतो जिनपते: परया विशुद्ध्या, पुष्पांजलिं मलयजात-मुपाक्षिपेऽहम् ||३||

Janmōtsavādi-samayēṣu yadīyakīrti, sēndrā: Surāptamadavāraṇagā: Stuvanti |
Tasyāgratō jinapatē: Parayā viśud'dhyā, puṣpāñjaliṁ malayajāta-mupākṣipēham ||3||

यह पढ़कर अभिषेक-थाल में पुष्पांजलि क्षेपण कर अभिषेक की प्रतिज्ञा करें।)

(Yaha paṛhakara abhiṣēka-thāla mēṁ puṣpāñjali kṣēpaṇa kara abhiṣēka kī pratijñā karēṁ.)

ओं ह्रीं अभिषेक-प्रतिज्ञायां पुष्पांजलिं क्षिपामि।

Ōṁ hrīṁ abhiṣēka-pratijñāyāṁ puṣpāñjaliṁ kṣipāmi |

श्रीपीठ-क्लृप्ते विशदाक्षतौघै:, श्रीप्रस्तरे पूर्ण-शशांक-कल्पे |
श्रीवर्तके चन्द्रमसीति-वर्तां, सत्यापयन्तीं श्रियमालिखामि ||४||

Śrīpīṭha-klr̥ptē viśadākṣataughai:, Śrīprastarē pūrṇa-śaśāṅka-kalpē |
Śrīvartakē candramasīti-vartāṁ, satyāpayantīṁ śriyamālikhāmi ||4||

ओं ह्रीं अर्हं श्री-लेखनं करोमि।

Ōṁ hrīṁ ar'haṁ śrī-lēkhanaṁ karōmi |

कनकादि-निभं कम्रं पावनं पुण्य-कारणम् |
स्थापयामि परं पीठं जिनस्नापनाय भक्तित: ||५||

Kanakādi-nibhaṁ kamraṁ pāvanaṁ puṇya-kāraṇam |
Sthāpayāmi paraṁ pīṭhaṁ jinasnāpanāya bhaktita: ||5||

ओं ह्रीं श्री स्नपन-पीठ स्थापनं करोमि।

Ōṁ hrīṁ śrī snapana-pīṭha sthāpanaṁ karōmi |

भृंगार-चामर-सुदर्पण-पीठ-कुम्भ-, ताल-ध्वजा-तप-निवारक भूषिताग्रे |
वर्धस्व-नन्द जय-पाठ-पदावलीभि:, कमलासने जिन भवंत-महं श्रयामि ||

Bhr̥ṅgāra-cāmara-sudarpaṇa-pīṭha-kumbha-, tāla-dhvajā-tapa-nivāraka bhūṣitāgrē |
Vardhasva-nanda jaya-pāṭha-padāvalībhi:, Kamalāsanē jina bhavanta-mahaṁ śrayāmi ||

वृषभादि-सुवीरांतान् जन्माप्तौ जिष्णुचर्चितान् |
स्थापयाम्यभिषेकाय भक्त्या पीठे महोत्सवम् ||६||

Vr̥ṣabhādi-suvīrāntān janmāptau jiṣṇucarcitān |
Sthāpayāmyabhiṣēkāya bhaktyā pīṭhē mahōtsavam ||6||

ओं ह्रीं श्री धर्मातीर्थाधिनाथ भगवन्निह (पाण्डुक-शिला) स्नपन-पीठे तिष्ठ! तिष्ठ!

Ōṁ hrīṁ śrī dharmātīrthādhinātha bhagavanniha (pāṇḍuka-śilā) snapana-pīṭhē tiṣṭha! Tiṣṭha!

श्रीतीर्थकृत्स्नपन-वर्य-विधौ सुरेंद्र:, क्षीराब्धि-वारिभि-रपूरयदर्थ-कुम्भान् |
तांस्तादृशानिव विभाव्य यथार्हणीयान्, संस्थापये कुसुम-चन्दन-भूषिताग्रान् ||

Śrītīrthakr̥tsnapana-varya-vidhau surēndra:, Kṣīrābdhi-vāribhi-rapūrayadartha-kumbhān |
Tānstādr̥śāniva vibhāvya yathār'haṇīyān, sansthāpayē kusuma-candana-bhūṣitāgrān ||

शातकुम्भीय कुम्भौघान् क्षीराब्धेस्तोय-पूरितान् |
स्थापयामि जिनस्नान-चन्दनादि-सुचर्चितान् ||७||

Śātakumbhīya kumbhaughān kṣīrābdhēstōya-pūritān |
Sthāpayāmi jinasnāna-candanādi-sucarcitān ||7||

ओं ह्रीं चतु:कोणेषु स्वस्तये चतु:कलशस्थापनं करोमि।

Ōṁ hrīṁ catu:Kōṇēṣu svastayē catu:Kalaśasthāpanaṁ karōmi |

आनन्द-निर्झर-सुर-प्रमदादि-गानै, र्वादित्र-पूर जय-शब्द-कलप्रशस्तै: |
उद्गीयमान जगती-पति-कीर्तिमेनं, पीठस्थलीं वसु-विधार्चन-योल्लसामि ||८||

Ānanda-nirjhara-sura-pramadādi-gānai, rvāditra-pūra jaya-śabda-kalapraśastai: |
Udgīyamāna jagatī-pati-kīrtimēnaṁ, pīṭhasthalīṁ vasu-vidhārcana-yōllasāmi ||8||

ओं ह्रीं स्नपनपीठस्थित-जिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

Ōṁ hrīṁ snapanapīṭhasthita-jināya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |

कर्म-प्रबन्ध-निगडै-रपि हीनताप्तं, ज्ञात्वापि भक्ति-वशत: परमादि-देवम् |
त्वां स्वीय-कल्मष गणोन्मथनाय देव, शुद्धोदकै-रभिनयामि नयार्थतत्त्वम् ||९||

Karma-prabandha-nigaḍai-rapi hīnatāptaṁ, jñātvāpi bhakti-vaśata: Paramādi-dēvam |
Tvāṁ svīya-kalmaṣa gaṇōnmathanāya dēva, śud'dhōdakai-rabhinayāmi nayārthatattvam ||9||

ओं ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं झं झं झ्वीं झ्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतर-जलेन जिनमभिषेचयामि स्वाहा।

Ōṁ hrīṁ śrīṁ klīṁ aiṁ ar'haṁ vaṁ maṁ haṁ saṁ taṁ paṁ vaṁ vaṁ maṁ maṁ haṁ haṁ saṁ saṁ taṁ taṁ paṁ paṁ jhaṁ jhaṁ jhvīṁ jhvīṁ kṣvīṁ kṣvīṁ drāṁ drāṁ drīṁ drīṁ drāvaya drāvaya namōr'hatē bhagavatē śrīmatē pavitratara-jalēna jinamabhiṣēcayāmi svāhā.

तीर्थोत्तम-भवै-र्नीरै: क्षीर-वारिधि-रूपकै: |
स्नापयामि प्रतिमायां जिनान् सर्वार्थसिद्धिदान् ||१०||

Tīrthōttama-bhavai-nīrai: Kṣīra-vāridhi-rūpakai: |
Snāpayāmi pratimāyāṁ jinān sarvārthasid'dhidān ||10||

ओं ह्रीं श्री वृषभादिवीरान्तान् जलेन स्नापयाम:।

Ōṁ hrīṁ śrī vr̥ṣabhādivīrāntān jalēna snāpayāma: |

(यह पढ़ते हुए कलश से 108 बार धारा प्रतिमाजी पर करें)

(Yaha paṛhatē hu'ē kalaśa sē 108 bāra dhārā pratimājī para karēṁ)

सकल-भुवन-नाथं तं जिनेन्द्रं सुरेन्द्रै- रभिषव-विधि-माप्तं स्नातकं स्नापयाम: |

यदभिषवन-वारां बिन्दु-रेकोऽपि नृणां, प्रभवति विदधातुं भुक्तिसन्मुक्तिलक्ष्मीम् ||११||

Sakala-bhuvana-nāthaṁ taṁ jinēndraṁ surēndrai- rabhiṣava-vidhi-māptaṁ snātakaṁ snāpayāma |
Yadabhiṣavana-vārāṁ bindu-rēkō'pi nr̥ṇāṁ, prabhavati vidadhātuṁ bhuktisanmuktilakṣmīm ||11||

ओं ह्रीं श्रीमन्तं भगवन्तं कृपावन्तं श्रीवृषभादिमहावीरान्त-चतुर्विंशति तीर्थंकर-परम-देवं आद्यानां आद्ये मध्यलोके भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे भारतदेशे ...प्रदेशे ... नाम्निनगरे ... मन्दिरे (मण्डपे) ..... वीरनिर्वाण-संवत्सरे मासानामुत्तमे मासे .... पक्षे ... तिथौ .... वासरे मुन्यार्यिका-श्रावक-श्राविकाणां सकलकर्मक्षयार्थं जलेनाभिषिंचयाम:।।

Ōṁ hrīṁ śrīmantaṁ bhagavantaṁ kr̥pāvantaṁ śrīvr̥ṣabhādimahāvīrānta-caturvinśati tīrthaṅkara-parama-dēvaṁ ādyānāṁ ādyē madhyalōkē bharatakṣētrē āryakhaṇḍē bhāratadēśē...Pradēśē... Nāmninagarē... Mandirē (maṇḍapē)..... Vīranirvāṇa-sanvatsarē māsānāmuttamē māsē.... Pakṣē... Tithau.... Vāsarē mun'yāryikā-śrāvaka-śrāvikāṇāṁ sakalakarmakṣayārthaṁ jalēnābhiṣiñcayāma:..

(यह पढ़कर चारों कोनों में रखे हुए चार कलशों से अभिषेक करें)

(Yaha paṛhakara cārōṁ kōnōṁ mēṁ rakhē hu'ē cāra kalaśōṁ sē abhiṣēka karēṁ)

पानीय-चंदन-सदक्षत-पुष्पपुंज- नैवेद्य-दीपक-सुधूप-फल-व्रजेन |

कर्माष्टक-क्रथन-वीर-मनन्त-शक्तिं संपूजयामि महसां महसां निधानम् ||१२||

Pānīya-candana-sadakṣata-puṣpapuñja- naivēdya-dīpaka-sudhūpa-phala-vrajēna |
Karmāṣṭaka-krathana-vīra-mananta-śaktiṁ sampūjayāmi mahasāṁ mahasāṁ nidhānam ||12||

ओं ह्रीं अभिषेकान्ते वृषभादिवीरान्तेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

Ōṁ hrīṁ abhiṣēkāntē vr̥ṣabhādivīrāntēbhyō'rghyaṁ nirvapāmīti svāhā.

हे तीर्थपा निजयशो-धवली-कृताशा सिद्धौषधाश्च भवदु:ख-महागदानाम् |
सद्भव्य-हृज्जनित-पंक-कबन्ध-कल्पा, यूयं जिना: सतत-शान्तिकरा: भवन्तु ||१३||

Hē tīrthapā nijayaśō-dhavalī-kr̥tāśā sid'dhauṣadhāśca bhavadu:Kha-mahāgadānām |
Sadbhavya-hr̥jjanita-paṅka-kabandha-kalpā, yūyaṁ jinā: Satata-śāntikarā: Bhavantu ||13||

ओं ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं झं झं झ्वीं झ्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं सं क्ष्वीं क्ष्वीं हं स: झं वं ह्र य: स: क्षां क्षीं क्षं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्ष: क्ष्वीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रों ह्रौं ह्रं ह्रः ह्रीं द्रां द्रीं नमोऽर्हते भगवते श्रीमते ठ: ठ: इति शान्तिमन्त्रेणाभिषेकं करोमि।

Ōṁ hrīṁ śrīṁ klīṁ aiṁ ar'haṁ vaṁ maṁ haṁ saṁ taṁ paṁ vaṁ vaṁ maṁ maṁ haṁ haṁ saṁ saṁ taṁ taṁ paṁ paṁ jhaṁ jhaṁ jhvīṁ jhvīṁ kṣvīṁ kṣvīṁ drāṁ drāṁ drīṁ drīṁ haṁ saṁ kṣvīṁ kṣvīṁ haṁ sa: Jhaṁ vaṁ hra ya: Sa: Kṣāṁ kṣīṁ kṣaṁ kṣēṁ kṣaiṁ kṣōṁ kṣauṁ kṣaṁ kṣa: Kṣvīṁ hrāṁ hrīṁ hrūṁ hrēṁ hraiṁ hrōṁ hrauṁ hraṁ hraḥ hrīṁ drāṁ drīṁ namō'r'hatē bhagavatē śrīmatē ṭha: Ṭha: Iti śāntimantrēṇābhiṣēkaṁ karōmi.

।। पुष्पांजलिं क्षिपामि।।

|| ***Puṣpāñjaliṁ kṣipāmi*** ||

(यदि आकुलता न हो तो वृहत् शांतिधारा पाठ सहित शांतिधारा करें।)

(Yadi ākulatā na hō tō vr̥hat śāntidhārā pāṭha sahita śāntidhārā karēṁ.)

नत्वा मुहु-र्निज-करै-रमृतोपमेयै:, स्वच्छै-र्जिनेन्द्र तव चन्द्र-करावदातै: |
शुद्धांशुकेन विमलेन नितान्त-रम्ये, देहे स्थितान् जल कणान् परिमार्जयामि ||१४||
Natvā muhu-rnija-karai-ramṛtōpamēyai:, Svacchai-rjinēndra tava candra-karāvadātai:|
Śud'dhānśukēna vimalēna nitānta-ramyē, dēhē sthitān jala kaṇān parimārjayāmi ||14||

ओं ह्रीं अमलांशुकेन जिनबिम्ब-मार्जनं करोमि।
Ōṁ hrīṁ amalānśukēna jinabimba-mārjanaṁ karōmi |

स्नानं विधाय भवतोष्ट-सहस्र-नाम्ना-मुच्चारणेन मनसो वचसो विशुद्धिम् |
जिघृक्षु-रिष्टिमिनतेष्ट-तयीं विधातुं, सिंहासने विधि-वदत्र निवेशयामि ||१५||
Snānaṁ vidhāya bhavatōṣṭa-sahasra-nāmnā-muccāraṇēna manasō vacasō viśud'dhim |
jighṛkṣu-riṣṭiminatēṣṭa-tayīṁ vidhātuṁ, sinhāsanē vidhi-vadatra nivēśayāmi ||15||

ओं ह्रीं वेदिकायां सिंहासने जिनबिम्बं स्थापयामि।
Ōṁ hrīṁ vēdikāyāṁ sinhāsanē jinabimbaṁ sthāpayāmi|

जल-गन्धक्षतै:पुष्पैश्चरू-दीप-सुधूपकै |
फलै-रर्घै-जिनमर्चेज्जन्मदुखापहानये ||१६||
Jala-gandhakṣatai:Puṣpaiścarū-dīpa-sudhūpakai: |
Phalai-rarghai-jinamarcējjanmadukhāpahānayē ||16||

ओं ह्रीं सिंहासनस्थित जिनायऽर्घ्यम निर्वपामीति स्वाहा।
Ōṁ hrīṁ sinhāsanasthita jināyaऽrghyama nirvapāmīti svāhā |

(नीचे लिखा श्लोक पढ़कर गन्धोदक ग्रहण करें)
(Nīcē likhā ślōka paṛhakara gandhōdaka grahaṇa karēṁ)

मुक्ति-श्रीवनिता-करोदक-मिदं पुण्याङ्कुरोत्पादकम्,
नागेंद्र-त्रिदशेंद्र-चक्र पदवी राज्याभिषेकोदकम् |
सम्यग्ज्ञान-चरित्र-दर्शन-लता संवृद्धि-संपादकं,

कीर्ति-श्री-जय-साधकं जिन- वर स्नानस्य गन्धोदकम् ||१७||

Mukti-śrīvanitā-karōdaka-midaṁ puṇyāṛkurōtpādakam,
nāgēndra-tridaśēndra-cakra padavī rājyābhiṣēkōdakam |
Samyagjñāna-caritra-darśana-latā sanvṛd'dhi-sampādakaṁ,
kīrti-śrī-jaya-sādhakaṁ jina- vara snānasya gandhōdakam ||17||

नत्वा परीत्य निज-नेत्र ललाटयोश्च, व्यात्युक्षणेन हरतादघ-संचयं मे |

शुद्धोदकं जिनपते तव पाद-योगाद्, भूयाद्-भवातपहरं धृत-मादरेण ||१८||

Natvā parītya nija-nētra lalāṭayōśca, vyātyukṣaṇēna haratādagha-
sañcayaṁ mē |
Śud'dhōdakaṁ jinapatē tava pāda-yōgād, bhūyād-bhavātapaharaṁ
dhṛta-mādarēṇa ||18||

(नीचे लिखा श्लोक पढ़कर पुष्पांजलि करें)

(Nīcē likhā ślōka paṛhakara puṣpāñjali karēṁ)

इमे नेत्रे जाते सुकृत-जलसिक्ते-सफलिते,

ममेदं मानुष्यं कृति जनगणादेयमभवत् |

मदीयाद्-भल्लाटादशुभतर-कर्माटन-मभूत,

सदेदृक-पुण्यार्हन् मम भवतु ते पूजन-विधौ ||१९||

Imē nētrē jātē sukṛta-jalasiktē-saphalitē,
mamēdaṁ mānuṣyaṁ kṛti janagaṇādēyamabhavat |
Madīyād-bhallāṭādaśubhatara-karmāṭana-mabhūta,
sadēdṛka-puṇyār'han mama bhavatu tē pūjana-vidhau ||19||

।। पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।।

|| ***Puṣpāñjaliṁ kṣipāmi*** ||

नित्य नियम पूजा Nitya Niyam Pooja

विनयपाठ VinayPaath

पूजा प्रारम्भ करते समय नौ बार णमोकार मंत्र पढ़कर नीचे लिखे विनय पाठ और मंगल पाठ बोलकर पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए |

Please chant namokar mantra nine times before reciting vinay paath and mangal paath and then begin pooja.

इह विधि ठाड़े होयके, प्रथम पढ़ें यो पाठ |
धन्य जिनेश्वर देव तुम! नाशे कर्म जु आठ ||१||
Iha vidhi ṭhāṛē hōyakē, prathama paṛhēṁ yō pāṭha |
Dhan'ya jinēśvara dēva tuma! Nāśē karma ju āṭha ||1||

अनंत चतुष्टय के धनी, तुम ही हो सिरताज |
मुक्ति-वधू के कंत तुम, तीन भुवन के राज ||२||
Ananta catuṣṭaya kē dhanī, tuma hī hō siratāja |
Mukti-vadhū kē kanta tuma, tīna bhuvana kē rāja ||2||

तिहुँ जग की पीड़ा-हरन, भवदधि शोषणहार |
ज्ञायक हो तुम विश्व के, शिवसुख के कर्तार ||३||
Tihuṁ jaga kī pīṛā-harana, bhavadadhi śōṣaṇahāra |
Jñāyaka hō tuma viśva kē, śivasukha kē kartāra ||3||

हर्ता अघ-अंधियार के, कर्ता धर्म-प्रकाश |
थिरतापद दातार हो, धर्ता निजगुण रास ||४||

Hartā agha-andhiyāra kē, kartā dharma-prakāśa |
Thiratāpada dātāra hō, dhartā nijaguṇa rāsa ||4||

धर्मामृत उर जलधिसों, ज्ञानभानु तुम रूप |
तुमरे चरण-सरोज को, नावत तिहुं जग भूप ||५||
Dharmāmr̥ta ura jaladhisōṁ, jñānabhānu tuma rūpa |
Tumarē caraṇa-sarōja kō, nāvata tihuṁ jaga bhūpa ||5||

मैं वन्दौं जिनदेव को, कर अति निर्मल भाव |
कर्मबंध के छेदने, और न कछू उपाव ||६||
Maiṁ vandauṁ jinadēva kō, kara ati nirmala bhāva |
Karmabandha kē chēdanē, aura na kachū upāva ||6||

भविजन को भवकूपतैं, तुम ही काढ़नहार |
दीनदयाल अनाथपति, आतम गुणभंडार ||७||
Bhavijana kō bhavakūpataiṁ, tuma hī kāṛhanahāra |
Dīnadayāla anāthapati, ātama guṇabhaṇḍāra ||7||

चिदानंद निर्मल कियो, धोय कर्मरज मैल |
सरल करी या जगत में, भविजन को शिवगैल ||८||
Cidānanda nirmala kiyō, dhōya karmaraja maila |
Sarala karī yā jagata mēṁ, bhavijana kō śivagaila ||8||

तुम पदपंकज पूजतैं, विघ्न रोग टर जाय |
शत्रु मित्रता को धरै, विष निर्विषता थाय ||९||
Tuma padapaṅkaja pūjataiṁ, vighna rōga ṭara jāya |
Śatru mitratā kō dharai, viṣa nirviṣatā thāya ||9||

चक्री खगधर इंद्र-पद, मिलें आपतैं आप |
अनुक्रमकर शिवपद लहें, नेम सकल हनि पाप ||१०||
Cakrī khagadhara indra-pada, milēṁ āpataiṁ āpa |
Anukramakara śivapada lahēṁ, nēma sakala hani pāpa ||10||

तुम बिन मैं व्याकुल भयो, जैसे जल बिन मीन |
जन्म जरा मेरी हरो, करो मोहि स्वाधीन ||११||
Tuma bina maiṁ vyākula bhayō, jaisē jala bina mīna |
Janma jarā mērī harō, karō mōhi svādhīna ||11||

पतित बहुत पावन किये, गिनती कौन करेव |
अंजन से तारे प्रभु! जय! जय! जय! जिनदेव ||१२||
Patita bahuta pāvana kiyē, ginatī kauna karēva |
Añjana sē tārē prabhu! Jaya! Jaya! Jaya! Jinadēva ||12||

थकी नाव भवदधिविषै तुम प्रभु पार करेव |
खेवटिया तुम हो प्रभु! जय! जय! जय! जिनदेव ||१३||
Thakī nāva bhavadadhiviṣai tuma prabhu pāra karēva |
Khēvaṭiyā tuma hō prabhu! Jaya! Jaya! Jaya! Jinadēva ||13||

रागसहित जग में रुल्यो, मिले सरागी देव |
वीतराग भेंटो अबै, मेटो राग कुटेव ||१४||
Rāgasahita jaga mēṁ rulyō, milē sarāgī dēva |
Vītarāga bhēṇṭō abai, mēṭō rāga kuṭēva ||14||

कित निगोद! कित नारकी! कित तिर्यंच अज्ञान |
आज धन्य! मानुष भयो, पायो जिनवर थान ||१५||

Kita nigōda! Kita nārakī! Kita tiryañca ajñāna |
Āja dhan'ya! Mānuṣa bhayō, pāyō jinavara thāna ||15||

तुमको पूजें सुरपती, अहिपति नरपति देव |
धन्य भाग्य मेरो भयो, करन लग्यो तुम सेव ||१६||
Tumakō pūjēṁ surapatī, ahipati narapati dēva |
Dhan'ya bhāgya mērō bhayō, karana lagyō tuma sēva ||16||

अशरण के तुम शरण हो, निराधार आधार |
मैं डूबत भवसिंधु में, खेओ लगाओ पार ||१७||
Aśaraṇa kē tuma śaraṇa hō, nirādhāra ādhāra |
Maiṁ ḍūbata bhavasindhu mēṁ, khē'ō lagā'ō pāra ||17||

इन्द्रादिक गणपति थके, कर विनती भगवान |
अपनो विरद निहारि के, कीजै आप समान ||१८||
Indrādika gaṇapati thakē, kara vinatī bhagavāna |
Apanō virada nihāri kē, kījai āpa samāna ||18||

तुमरी नेक सुदृष्टितें, जग उतरत है पार |
हा!हा! डूबो जात हौं, नेक निहारि निकार ||१९||
Tumarī nēka sudṛṣṭitēṁ, jaga utarata hai pāra |
Hā!Hā! Ḍūbō jāta hauṁ, nēka nihāri nikāra ||19||

जो मैं कहहूँ औरसों, तो न मिटे उर-झार |
मेरी तो तोसों बनी, तातैं करौं पुकार ||२०||
Jō maiṁ kahahūṁ aurasōṁ, tō na miṭē ura-jhāra |
Mērī tō tōsōṁ banī, tātaiṁ karauṁ pukāra ||20||

वन्दौं पांचों परमगुरु, सुरगुरु वंदत जास |
विघनहरन मंगलकरन, पूरन परम प्रकाश ||२१||
Vandauṁ pāñcōṁ paramaguru, suraguru vandata jāsa |
Vighanaharana maṅgalakarana, pūrana parama prakāśa ||21||

चौबीसों जिन पद नमौं, नमौं शारदा माय |
शिवमग-साधक साधु नमि, रच्यो पाठ सुखदाय ||२२||
Caubīsōṁ jina pada namauṁ, namauṁ śāradā māya |
Śivamaga-sādhaka sādhu nami, racyō pāṭha sukhadāya ||22||

मंगलपाठ MangalPaath

मंगल मूर्ति परम पद, पंच धरौं नित ध्यान |
हरो अमंगल विश्व का, मंगलमय भगवान |१|
Maṅgala mūrti parama pada, pañca dharauṁ nita dhyāna |
Harō amaṅgala viśva kā, maṅgalamaya bhagavāna |1|

मंगल जिनवर पद नमौं, मंगल अरिहन्त देव |
मंगलकारी सिद्ध पद, सो वन्दौं स्वयमेव |२|
Maṅgala jinavara-pada namauṁ, maṅgala arihanta dēva |
Maṅgalakārī sid'dha pada, sō vandauṁ svayamēva |2|

मंगल आचारज मुनि, मंगल गुरु उवझाय |
सर्व साधु मंगल करो, वन्दौं मन वच काय |३|
ओं ह्रीं श्री अनादिऽनिधनपंचनमस्कारमंत्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्! (आह्वाननम्)
ओं ह्रीं श्री अनादिऽनिधन पंचनमस्कारमंत्र ! अत्रा तिष्ट तिष्ट ठ: ठ: (स्थापनम्)
ओं ह्रीं श्री अनादिऽनिधन पंचनमस्कारमंत्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्! (सन्निधिकरणम्)

sthāpanā: Gītā chanda

Anupama anādi ananta hai, yaha mantrarāja mahān hai |
Saba maṅgalōṁ mēṁ prathama maṅgala, karatā agha kī hāna hai ||
Arihanta sid'dhācārya pāṭhaka, sādhu'ōṁ kī vandanā |
Isa śabdamaya parabrahma kō, thāpūṁ karūṁ nita arcanā ||1||

Ōṁ hrīṁ śrī anādinidhanapañcanamaskāramantra! Atra avatara avatara sanvauṣaṭ! (āhvānanam)
Ōṁ hrīṁ śrī anādinidhana pañcanamaskāramantra! Atrā tiṣṭa tiṣṭa ṭha: tha:! (Sthāpanam)
Ōṁ hrīṁ śrī anādinidhana pañcanamaskāramantra! Atrā mama sannihitō bhava bhava vaṣaṭ (sannidhikaraṇam)

अथाष्टक (भुजंगप्रयात छन्द)

महातीर्थ गंगा नदी नीर लाऊँ |
महामंत्र की नित्य पूजा रचाऊँ ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।१।

Athāṣṭaka (bhujaṅgaprayāta chanda)

Mahātīrtha gaṅgā nadī nīra lā'ūṁ |
Mahāmantra kī nitya pūjā racā'ūṁ ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya janma-jarā-mṛtyu-vināśanāya jalaṁ nirvapāmīti svāhā |1|

कपूरादि चंदन महागंध लाके |
परम शब्द-ब्रह्मा की पूजा रचाके ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ।२।

Kapūrādi candana mahāgandha lākē |
Parama śabda-brahmā kī pūjā racākē ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya sansāratāpa vināśanāya candanaṁ nirvapāmīti svāhā |2|

पय:सिन्धु के फेन सम अक्षतों को |
लिया थाल में पुंज से पूजने को ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।३।

Paya:Sindhu kē phēna sama akṣatōṁ kō |
Liyā thāla mēṁ puñja sē pūjanē kō ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya akṣayapada-prāptayē akṣatān nirvapāmīti svāhā |3|

जुही कुंद अरविन्द मंदार माला |
चढ़ाऊँ तुम्हें काम को मार डाला ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय कामबाण- विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।४।

Juhī kunda aravinda mandāra mālā |
Caṛhā'ūṁ tumhēṁ kāma kō māra ḍālā ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya kāmabāṇa- vidhvansanāya puṣpaṁ nirvapāmīti svāhā |4|

कलाकंद लड्डू इमर्ती बनाऊँ |
तुम्हें पूजते भूख व्याधि नशाऊँ ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

Kalākanda laḍḍū imartī banā'ūṁ |
Tumhēṁ pūjatē bhūkha vyādhi naśā'ūṁ ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya kṣudhārōga-vināśanāya naivēdyaṁ nirvapāmīti svāhā |5|

शिखा-दीप की ज्योति विस्तारती है |
महामोह अंधेर संहारती है ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।६।

Śikhā-dīpa kī jyōti vistāratī hai |
Mahāmōha andhēra sanhāratī hai ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya mōhāndhakāra-vināśanāya dīpaṁ nirvapāmīti svāhā |6|

सुगंधी बढ़े धूप खेते अगनि में |
सभी कर्म की, भस्म हो एक क्षण में ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

Sugandhī baṛhē dhūpa khētē agani mēṁ |
Sabhī karma kī, bhasma hō ēka kṣaṇa mēṁ ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya aṣṭakarma-dahanāya dhūpaṁ nirvapāmīti svāhā |7|

अनन्नास अंगूर अमरूद लाया |
महामोक्ष सम्पत्ति हेतु चढ़ाया ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।८।

Anannāsa aṅgūra amarūda lāyā |
Mahāmōkṣa sampatti hētu caṛhāyā ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya mōkṣaphala-prāptayē phalaṁ nirvapamiti Svāhā |8|

उदक गंध आदि मिला अर्घ्य लाया |
महामंत्र नवकार को मैं चढ़ाया ||
णमोकार मंत्राक्षरों को जजूँ मैं |
महाघोर संसार दु:ख से बचूँ मैं ||

ओं ह्रीं श्रीपंचनमस्कारमंत्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।९।

Udaka gandha ādi milā arghya lāyā |
Mahāmantra navakāra kō maiṁ caṛhāyā ||
Ṇamōkāra mantrākṣarōṁ kō jajūṁ maiṁ |
Mahāghōra sansāra du:Kha sē bacūṁ maiṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīpañcanamaskāramantrāya anarghyapada-prāptayē arghyam nirvapāmīti svāhā |9|

(दोहा)

शांतिधारा मैं करूँ, तिहुँ जग शांति हेत |
भव भव आतम शांत हो, पूजँ भक्ति समेत ||

(Dōhā)

Sāntidhārā maiṁ karūṁ, tihuṁ jaga śānti hēta |
Bhava bhava ātama śānta hō, pūjaṁ bhakti samēta ||

शांतये शांतिधारा

Śāntayē śāntidhārā

(दोहा)

बकुल मल्लिका पुष्प ले, पूजूँ मंत्र महान् |
पुष्पांजलि से पूजते, सकल सौख्य वरदान ||

(dōhā)

Bakula mallikā puṣpa lē, pūjūṁ mantra mahān |
Puṣpāñjali sē pūjatē, sakala saukhya varadāna ||

दिव्य पुष्पांजलिं क्षिपामि।

Divya puṣpāñjaliṁ kṣipāmi |

(जाप्य) ओं ह्रां णमो अरिहंताणं, ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं, ओं ह्रूं णमो आइरियाणं, ओं ह्रौं णमो उवज्झायाणं, ओं ह्र : णमो लोए सव्व-साहूणं।

(108 सुगन्धित श्वेतपुष्पों से या लवंग अथवा पीले तंदुलों से जाप्य करें।)

(Jāpya) ōṁ hrāṁ ṇamō arihantāṇaṁ, ōṁ hrīm ṇamō sid'dhāṇaṁ, ōṁ hrūṁ ṇamō ā'iriyāṇaṁ,
ōṁ hrauṁ ṇamō uvajjhāyāṇaṁ, ōṁ hra: Ṇamō lō'ē savva-sāhūṇaṁ.

(108 Sugandhita śvētapuṣpōṁ sē yā lavaṅga athavā pīlē tandulōṁ sē jāpya karēṁ.)

जयमाला

Jayamālā

(सोरठा छन्द)

पंच परमगुरु देव, नमूँ नमूँ नत शीश मैं |
करो अमंगल-छेव, गाऊँ तुम गुणमालिका ||

(sōraṭhā chanda)

Pañca paramaguru dēva, namūṁ namūṁ nata śīśa maiṁ |
Karō amaṅgala-chēva, gā'ūṁ tuma guṇamālikā ||

(चाल-हे दीनबन्धु.....)

जैवंत महामंत्र मूर्तिमंत धरा में |
जैवंत परम ब्रह्म शब्द ब्रह्म धरा में ||
जैवंत सर्व मंगलों में मंगलीक हो |
जैवंत सर्व लोक में तुम सर्वश्रेष्ठ हो ||१||

(Cāla-hē dīnabandhu.....)

Jaivanta mahāmantra mūrtimanta dharā mēṁ |
Jaivanta parama brahma śabda brahma dharā mēṁ ||
Jaivanta sarva maṅgalōṁ mēṁ maṅgalīka hō |
Jaivanta sarva lōka mēṁ tuma sarvaśrēṣṭha hō ||1||

त्रैलोक्य में हो एक तुम्हीं शरण हमारे |
माँ शारदा भी नित्य ही तव कीर्ति उचारे ||
विघ्नों का नाश होता है तुम नाम जाप से |
सम्पूर्ण उपद्रव नशे हैं तुम प्रताप से ||२||

Trailōkya mēṁ hō ēka tumhīṁ śaraṇa hamārē |
Māṁ śāradā bhī nitya hī tava kīrti ucārē ||
Vighnōṁ kā nāśa hōtā hai tuma nāma jāpa sē |
Sampūrṇa upadrava naśē haiṁ tuma pratāpa sē ||2||

छियालीस सुगुण को धरें अरिहंत जिनेशा |
सब दोष अठारह से रहित त्रिजग महेशा ||
ये घातिया को घात के परमात्मा हुये |
सर्वज्ञ वीतराग औ' निर्दोष गुरु हुए ||३||

Chiyālīsa suguṇa kō dharēṁ arihanta jinēśā |
Saba dōṣa aṭhāraha sē rahita trijaga mahēśā ||
Yē ghātiyā kō ghāta kē paramātmā huyē |
Sarvajña vītarāga au' nirdōṣa guru hu'ē ||3||

जो अष्ट-कर्म नाश के ही सिद्ध हुए हैं |
वे अष्ट गुणों से सदा विशिष्ट हुए हैं ||
लोकाग्र में हैं राजते वे सिद्ध अनंता |
सर्वार्थसिद्धि देते हैं वे सिद्ध महंता ||४||

Jō aṣṭa-karma nāśa kē hī sid'dha hu'ē haiṁ |
Vē aṣṭa guṇōṁ sē sadā viśiṣṭa hu'ē haiṁ ||
Lōkāgra mēṁ haiṁ rājatē vē sid'dha anantā |
Sarvārthasid'dhi dētē haiṁ vē sid'dha mahantā ||4||

छत्तीस गुण को धारते आचार्य हमारे |
चउसंघ के नायक हमें भव सिंधु से तारें ||
पच्चीस गुणों युक्त उपाध्याय कहाते |
भव्यों को मोक्षमार्ग का उपदेश पढ़ाते ||५||

Chattīsa guṇa kō dhāratē ācārya hamārē |
Ca'usaṅgha kē nāyaka hamēṁ bhava sindhu sē tārēṁ ||
Paccīsa guṇōṁ yuktta upādhyāya kahātē |
Bhavyōṁ kō mōkṣamārga kā upadēśa paṛhātē ||5||

जो साधु अट्ठाईस मूल गुण को धारते |
वे आत्म साधना से साधु नाम धारते ||
ये पंच परमदेव भूतकाल में हुए |
होते हैं वर्तमान में भी पंचगुरु ये ||६||

Jō sādhu aṭṭhāisa mūla guṇa kō dhāratē |
Vē ātma sādhanā sē sādhu nāma dhāratē ||
Yē pañca paramadēva bhūtakāla mēṁ hu'ē |
Hōtē haiṁ vartamāna mēṁ bhī pañcaguru yē ||6||

होंगे भविष्यकाल में भी सुगुरु अनंते |
ये तीन लोक तीन काल के हैं अनंते ||
इन सब अनंतानंत की वंदना करूँ |
शिव पथ के विघ्न पर्वतों की खंडना करूँ ||७||

Hōṅgē bhaviṣyakāla mēṁ bhī suguru anantē |
Yē tīna lōka tīna kāla kē haiṁ anantē ||
Ina saba anantānanta kī vandanā karūṁ |
Śiva patha kē vighna parvatōṁ kī khaṇḍanā karūṁ ||7||

इक ओर तराजू पे अखिल गुण को चढ़ाऊँ |
इक ओर महामंत्र अक्षरों को धराऊँ ||
इस मंत्र के पलड़े को उठा न सके कोई |
महिमा अनंत यह धरे ना इस सदृश कोई ||८||

Ika ōra tarājū pē akhila guṇa kō caṛhā'ūṁ |
Ika ōra mahāmantra akṣarōṁ kō dharā'ūṁ ||
Isa mantra kē palaṛē kō uṭhā na sakē kōi |
Mahimā ananta yaha dharē nā isa sadṛśa kōi ||8||

इस मंत्र-प्रभाव से श्वान देव हो गया |
इस मंत्र से अनंत का उद्धार हो गया ||
इस मंत्र की महिमा को कोई गा नहीं सके |
इसमें अनंत शक्ति पार पा नहीं सके ||९||

Isa mantra-prabhāva sē śvāna dēva hō gayā |
Isa mantra sē ananta kā ud'dhāra hō gayā ||
Isa mantra kī mahimā kō kōi gā nahīṁ sakē |
Isamēṁ ananta śakti pāra pā nahīṁ sakē ||9||

पाँचों पदों से युक्त मंत्र सारभूत है |
पैंतीस अक्षरों से मंत्र परमपूत है ||
पैंतीस अक्षरों के जो पैंतीस व्रत करे |
उपवास या एकासना से सौख्य को भरे ||१०||

Pāṁcōṁ padōṁ sē yukta mantra sārabhūta hai |
Paintīsa akṣarōṁ sē mantra paramapūta hai ||
Paintīsa akṣarōṁ kē jō paintīsa vrata karē |
Upavāsa yā ēkāsanā sē saukhya kō bharē ||10||

तिथि सप्तमी के सात पंचमी के पाँच हैं |
चौदश के चौदह नवमी के भी नव विख्यात हैं |
इस विधि से महामंत्र की आराधना करें |
वे मुक्ति वल्लभापति निज कामना धरें ||११||

Tithi saptamī kē sāta pañcamī kē pāṁca haiṁ |
Caudaśa kē caudaha navamī kē bhī nava vikhyāta haiṁ |
Isa vidhi sē mahāmantra kī ārādhanā karēṁ |
Vē mukti vallabhāpati nija kāmanā dharēṁ ||11||

(दोहा)

यह विष को अमृत करे, भव-भव पाप विदूर |
पूर्ण 'ज्ञानमति' हेतु मैं जजूँ, भरो सुख पूर ||१२||

ओं ह्रीं श्री अनादिऽनिधन पंचनमस्कारमंत्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(Dōhā)

Yaha viṣa kō amṛta karē, bhava-bhava pāpa vidūra |
Pūrṇa 'jñānamati' hētu maiṁ jajūṁ, bharō sukha pūra ||12||

Ōṁ hrīṁ śrī anādinidhana pañcanamaskāramantrāya jayamālā-pūrṇārghyam nirvapāmīti svāhā |

(सोरठा छन्द)

मंत्रराज सुखकार, आतम अनुभव देत है |
जो पूजें रुचिधार, स्वर्ग मोक्ष के सुख लहें ||

(Sōraṭhā chanda)

Mantrarāja sukhakāra, ātama anubhava dēta hai |
Jō pūjēṁ rucidhāra, svarga mōkṣa kē sukha lahēṁ ||

॥ इत्याशीर्वाद: शांतिधारा, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥
|| Ityāśīrvāda: Śāntidhārā, puṣpāñjaliṁ kṣipēt ||

श्रुतपंचमी पूजा Srutapañcamī Pūjā

स्थापना : कुसुमलता छंद

सरस्वती की पूजा करने, श्री जिनमंदिर आये हम |
भव्य-भारती की पूजाकर, जीवन सफल बनाएं हम ||
श्रुत के आराधन से मन में, ज्ञान की ज्योति जलाएं अब |
पर्यायों को कर विनष्ट अब, निजस्वरूप को पायें सब ||
कर रहे आह्वान मात का, दृढ़ता हमको दे देना |
सदा रहे बस ध्यान आपका, ये ही सबक सिखा देना ||

ओं ह्रीं श्रीपरमद्रव्यश्रुत षट्खंडागम! अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननम्)!
ओं ह्रीं श्रीपरमद्रव्यश्रुत षट्खंडागम! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ: ठ:! (स्थापनम्)
ओं ह्रीं श्रीपरमद्रव्यश्रुत षट्खंडागम! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्! (सन्निधिकरणम्)

sthāpanā: Kusumalatā chanda

Sarasvatī kī pūjā karanē, śrī jinamandira āyē hama |
Bhavya-bhāratī kī pūjākara, jīvana saphala banā'ēṁ hama ||
Śruta kē ārādhana sē mana mēṁ, jñāna kī jyōti jalā'ēṁ aba |
Paryāyōṁ kō kara vinaṣṭa aba, nijasvarūpa kō pāyēṁ saba ||
Kara rahē āhvāna māta kā, dṛṛhatā hamakō dē dēnā |
Sadā rahē basa dhyāna āpakā, yē hī sabaka sikhā dēnā ||

Ōṁ hrīṁ śrīparamadravyaśruta ṣaṭkhaṇḍāgama! Atra avatara avatara sanvauṣaṭ! (āhvānanam)
Ōṁ hrīṁ śrīparamadravyaśruta ṣaṭkhaṇḍāgama! Atra tiṣṭha tiṣṭha ṭha: tha:! (Sthāpanam)
Ōṁ hrīṁ śrīparamadravyaśruta ṣaṭkhaṇḍāgama! Atra mama sannihitō bhava bhava vaṣaṭ! (sannidhikaraṇam)

(जोगीरासा)

प्रासुक निर्मल नीर लिये, प्रभु का अभिषेक करायें |
गंधोदक निज शीश धारकर, प्रभुवाणी चित्त लायें ||

श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।१।

(Jōgīrāsā)

Prāsuka nirmala nīra liyē, prabhu kā abhiṣēka karāyēṁ |
Gandhōdaka nija śīśa dhārakara, prabhuvāṇī citta lāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Janma-jarā-mr̥tyu-vināśanāya jalaṁ nirvapāmīti svāhā |1|

शीतल और सुवासित चंदन, केसर संग घिसायें |
जिनवाणी का अर्चन करके, अंतर ताप मिटायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ।२।

Śītala aura suvāsita candana, kēsara saṅga ghisāyēṁ |
Jinavāṇī kā arcana karakē, antara tāpa miṭāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Sansāratāpa-vināśanāya candanaṁ nirvapāmīti svāhā |2|

चंद्रकांति-सम उज्ज्वल अक्षत, लेकर पुंज बनायें |
श्री जिन आगम पूजन करके, अक्षय पद पा जायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।३।

Candrakānti-sama ujjvala akṣata, lēkara puñja banāyēṁ |
Śrī jina āgama pūjana karakē, akṣaya pada pā jāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Akṣayapada-prāptayē akṣatān nirvapāmīti svāhā |3|

महासुगंधित पुष्प मनोहर, चुन-चुनकर ले आयें |
शारदा माँ को भेंट चढ़ाकर, कामवेग विनशायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।४।

Mahāsugandhita puṣpa manōhara, cuna-cunakara lē āyēṁ |
Śāradā māṁ kō bhēṇṭa caṛhākara, kāmavēga vinaśāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Kāmabāṇa-vidhvansanāya puṣpaṁ nirvapāmīti svāhā |4|

षट्रस मय नैवेद्य बनाकर, श्रुत अर्चन को लायें |
श्री जिनवर से करें प्रार्थना, क्षुधा रोग नश जायें |
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

Ṣaṭrarasa maya naivēdya banākara, śruta arcana kō lāyēṁ |
Śrī jinavara sē karēṁ prārthanā, kṣudhā rōga naśa jāyēṁ |
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Kṣudhārōga-vināśanāya naivēdyaṁ nirvapāmīti svāhā |5|

सुरभित गौघृत शुद्ध भराकर, रतनन दीप जलायें |
अंतर मन भी आलोकित हो, यही भावना भायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।६।

Surabhita gaughṛta śud'dha bharākara, ratanana dīpa jalāyēṁ |
Antara mana bhī ālōkita hō, yahī bhāvanā bhāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Mōhāndhakāra-vināśanāya dīpaṁ nirvapāmīti svāhā |6|

दशविध निर्मल गंध मिलाकर, चंदन चूर्ण बनायें |
अष्टकर्म दुर्गन्ध दूरकर, आतम को महकायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

Daśavidha nirmala gandha milākara, candana cūrṇa banāyēṁ |
Aṣṭakarma durgandha dūrakara, ātama kō mahakāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Aṣṭakarma-dahanāya dhūpaṁ nirvapāmīti svāhā |7|

मधुर रसीले श्रीफल, लेकर भारती भेंट चढायें |
संयम, त्याग का पालन करके, मनुज जन्म फल पायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।८।

Madhura rasīlē śrīphala, lēkara bhāratī bhēṇṭa caḍhāyēṁ |
Sanyama, tyāga kā pālana karakē, manuja janma phala pāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Mōkṣaphala-prāptayē phalaṁ nirvapāmīti svāhā |8|

आकर्षक मनहारी सुन्दर, वेष्टन नया बनायें |
सब ग्रंथों को करें सुरक्षित, धारा ज्ञान बहायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीपरमद्रव्यश्रुत-षट्खंडागमाय नवीन वेष्टन समर्पयामीति स्वाहा ।९।

Ākarṣaka manahārī sundara, vēshṭana nayā banāyēṁ |
Saba granthōṁ kō karēṁ surakṣita, dhārā jñāna bahāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣāyēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīparamadravyaśruta-ṣaṭkhaṇḍāgamāya navīna vēṣhṭana samarpayāmīti svāhā |9|

जल से फल तक अष्ट द्रव्य ले, वागीश्वरि गुण गायें |
अर्घ्य चढ़ाकर पद अनर्घ्य की, प्राप्ति करें सुख पायें ||
श्रुतपंचमी का पर्व सुपावन, सब मिल आज मनायें |
चारों अनुयोगों की पूजन, करके मन हर्षायें ||

ओं ह्रीं श्रीषट्खंडागमाय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।१०।

Jala sē phala taka aṣṭa dravya lē, vāgīśvari guṇa gāyēṁ |
Arghya caṛhākara pada anarghya kī, prāpti karēṁ sukha pāyēṁ ||
Śrutapañcamī kā parva supāvana, saba mila āja manāyēṁ |
Cārōṁ anuyōgōṁ kī pūjana, karakē mana harṣayēṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīṣaṭkhaṇḍāgamāya Anarghyapada-prāptayē arghyam nirvapāmīti svāhā |10|

तीर्थंकर गणधर मुनिवर को, झुक-झुक शीश नवायें |
जिनवाणी से अंतर्मन का, कर्मकलुष धो जायें ||

Tīrthaṅkara gaṇadhara munivara kō, jhuka-jhuka śīśa navāyēṁ |
Jinavāṇī sē antarmana kā, karmakaluṣa dhō jāyēṁ ||

जयमाला

Jayamālā

(कुसुमलता छंद)

श्री धरसेनाचार्य गुरु ने, दो शिष्यों को दिया सुज्ञान |
भूतबली अरु पुष्पदंत थे, दोनों शिष्य महागुणवान ||१||

(kusumalatā chanda)

Srī dharasēnācārya guru nē, dō śiṣyōṁ kō diyā sujñāna |
Bhūtabalī aru puṣpadanta thē, dōnōṁ śiṣya mahāguṇavāna ||1||

षट्खंडागम की रचना कर, प्रभुवाणी को अमर किया |
गजरथ पर आरूढ़ कराकर, सादर श्रुत को नमन किया ||२||

Ṣaṭkhaṇḍāgama kī racanā kara, prabhuvāṇī kō amara kiyā |
Gajaratha para ārūṛha karākara, sādara śruta kō namana kiyā ||2||

अंकलेश्वर वह परमधाम है, जहाँ ये उत्सव पूर्ण हुआ |
द्वादशांग में किया समाहित, स्याद्वाद का चूर्ण महा ||३||

Aṅkalēśvara vaha paramadhāma hai, jahāṁ yē utsava pūrṇa hu'ā |
Dvādaśāṅga mēṁ kiyā samāhita, syādvāda kā cūrṇa mahā ||3||

शुक्ल पंचमी ज्येष्ठ मास की, पावन पर्व मनाते हैं |
श्रुत का पूजन अर्चन करके, शुद्धातम गुण गाते हैं ||४||

Śukla pañcamī jyēṣṭha māsa kī, pāvana parva manātē haiṁ |
Śruta kā pūjana arcana karakē, śud'dhātama guṇa gātē haiṁ ||4||

मंगलाचरण लिखा है गुरु ने, जो भी षट्खंडागम में |
णमोकार यह महामंत्र है, पूजित हुआ सकलजग में ||५||

Maṅgalācaraṇa likhā hai guru nē, jō bhī ṣaṭkhaṇḍāgama mēṁ |
Ṇamōkāra yaha mahāmantra hai, pūjita hu'ā sakalajaga mēṁ ||5||

घर-घर पाठ करें नर-नारी, बच्चे भी कंठस्थ करें |
निजपद पाने को मुनिवर भी, मंत्र में ही ध्यानस्थ रहें ||६||

Ghara-ghara pāṭha karēṁ nara-nārī, baccē bhī kaṇṭhastha karēṁ |
Nijapada pānē kō munivara bhī, mantra mēṁ hī dhyānastha rahēṁ ||6||

वेष्टन नया चढ़ाकर इस दिन, श्रुत की पूजा करते हैं |
सब ग्रंथों को धूप दिखाकर, उनकी रक्षा करते हैं ||७||

Vēṣṭana nayā caṛhākara isa dina, śruta kī pūjā karatē haiṁ |
Saba granthōṁ kō dhūpa dikhākara, unakī rakṣā karatē haiṁ ||7||

सदा करें श्रुत का आराधन, आत्मसाधना करने को |
होंय निराकुल अंत समय में, कर्म कालिमा हरने को ||८||

Sadā karēṁ śruta kā ārādhana, ātmasādhanā karanē kō |
Hōnya nirākula anta samaya mēṁ, karma kālimā haranē kō ||8||

दर्शन ज्ञान चरित तप द्वारा, चारों आराधन पायें |
अन्त में आत्मज्ञान कर 'अरुणा', मरण समाधि कर जायें ||९||

ओं ह्रीं श्रीपरमद्रव्यश्रुत-षट्खंडागमाय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

Darśana jñāna carita tapa dvārā, cārōṁ ārādhana pāyēṁ |
Anta mēṁ ātmajñāna kara 'aruṇā', maraṇa samādhi kara jāyēṁ ||9||

Ōṁ hrīṁ śrīparamadravyaśruta-ṣaṭkhaṇḍāgamāya jayamālā-pūrṇārghyam nirvapāmīti svāhā.

(दोहा)

श्रुतपंचमी के पर्व पर, करें जो श्रुत-अभ्यास |
अनुभव में स्वातम मिले, अन्त-समय सन्यास ||

(Dōhā)

Srutapañcamī kē parva para, karēṁ jō śruta-abhyāsa |
Anubhava mēṁ svātama milē, anta-samaya san'yāsa ||

॥ इत्याशीर्वाद: पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥

.. Ityāśīrvāda: Puṣpāñjaliṁ kṣipēt..

निर्वाणकांड (हिंदी) Nirvāṇakāṇḍa (Hindī)

(दोहा)

वीतराग वंदूं सदा, भावसहित सिर नाय |
कहूँ कांड निर्वाण की, भाषा सुगम बनाय ||१||

(dōhā)

Vītarāga vanduṁ sadā, bhāvasahita sira nāya |
Kahūm̐ kāṇḍa nirvāṇa kī, bhāṣā sugama banāya ||1||

(चौपाई छन्द)

'अष्टापद' आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य 'चंपापुरि' नामि |
नेमिनाथ स्वामी 'गिरनार', वंदूं भाव भगति उर धार ||२||

(caupār'i chanda)

'Aṣṭāpada' ādīśvara svāmi, vāsupūjya 'campāpuri' nāmi |
Nēminātha svāmī 'giranāra', vanduṁ bhāva bhagati ura dhāra ||2||

चरम तीर्थंकर चरम शरीर, 'पावापुरि' स्वामी महावीर |
'शिखर सम्मेद' जिनेश्वर बीस, भाव सहित वंदूं निश दीस ||३||

Carama tīrthaṅkara carama śarīra, 'pāvāpuri' svāmī mahāvīra |
'Sikhara sam'mēda' jinēśvara bīsa, bhāva sahita vanduṁ niśa dīsa ||3||

वरदत्तराय रु इंद्र मुनिंद्र, सायरदत्त आदि गुणवृंद |
'नग सु तारवर' मुनि उठकोड़ि, वंदूं भाव सहित कर जोड़ि ||४||

Varadattarāya ru indra munindra, sāyaradatta ādi guṇavr̥nda |
'Naga su tāravara' muni uṭhakōṛi, vanduṁ bhāva sahita kara jōṛi ||4||

श्री 'गिरनार' शिखर विख्यात, कोड़ि बहत्तर अरु सौ सात |
शम्भु-प्रद्युम्न कुमर द्वय भाय, अनिरुद्ध आदि नमूँ तसु पाय ||५||

Srī 'giranāra' śikhara vikhyāta, kōṛi bahattara aru sau sāta |
Sambhu-pradyumna kumara dvaya bhāya, anirud'dha ādi namūṁ tasu pāya ||5||

रामचंद्र के सुत द्वय वीर, लाड नरिंद आदि गुणधीर |
पाँच कोड़ि मुनि मुक्ति मँझार, 'पावागढ़' वंदूं निरधार ||६||

Rāmacandra kē suta dvaya vīra, lāḍa narinda ādi guṇadhīra |
Pāṁca kōṛi muni mukti maṁjhāra, ‘pāvāgaṛha’ vanduṁ niradhāra ||6||

पांडव तीन द्रविड़ राजान, आठ कोड़ि मुनि मुकति पयान |
श्री ‘शत्रुंजय गिरि’ के सीस, भाव सहित वंदूं निश दीस ||७||

Pāṇḍava tīna draviṛa rājāna, āṭha kōṛi muni mukati payāna |
Srī ‘śatruñjaya giri’ kē sīsa, bhāva sahita vanduṁ niśa dīsa ||7||

जे बलभद्र मुकति में गये, आठ कोड़ि मुनि औरहु भये |
श्री ‘गजपंथ’ शिखर सुविशाल, तिनके चरण नमूँ तिहुँकाल ||८||

Jē balabhadra mukati mēṁ gayē, āṭha kōṛi muni aurahu bhayē |
Srī ‘gajapantha’ śikhara suviśāla, tinakē caraṇa namūṁ tihuṁkāla ||8||

राम हनू सुग्रीव सुडील, गवय गवाख्य नील महानील |
कोड़ि निन्याणवे मुक्ति पयान, ‘तुंगीगिरि’ वंदूं धरि ध्यान ||९||

Rāma hanū sugrīva suḍīla, gavaya gavākhya nīla mahānīla |
Kōṛi nin’yāṇavē mukti payāna, ‘tuṅgīgiri’ vanduṁ dhari dhyāna ||9||

नंग अनंगकुमार सुजान, पाँच कोड़ि अरु अर्ध प्रमान |
मुक्ति गये ‘सोनागिरि’ शीश, ते वंदूं त्रिभुवनपति ईश ||१०||

Naṅga anaṅgakumāra sujāna, pāṁca kōṛi aru ardha pramāna |
Mukti gayē ‘sōnāgiri’ śīśa, tē vanduṁ tribhuvanapati iśa ||10||

रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये ‘रेवा-तट’ सार |
कोटि पंच अरु लाख पचास, ते वंदूं धरि परम हुलास ||११||

Rāvaṇa kē suta ādikumāra, mukti gayē ‘rēvā-taṭa’ sāra |
Kōṭi pañca aru lākha pacāsa, tē vanduṁ dhari parama hulāsa ||11||

रेवानदी ‘सिद्धवर कूट’, पश्चिम दिशा देह जहँ छूट |
द्वय चक्री दश कामकुमार, उठकोड़ि वंदूं भव पार ||१२||

Rēvānadī ‘sid’dhavara kūṭa’, paścima diśā dēha jahaṁ chūṭa |
Dvaya cakrī daśa kāmakumāra, uṭhakōṛi vanduṁ bhava pāra ||12||

‘बड़वानी’ बड़नयर सुचंग, दक्षिण दिशि ‘गिरि चूल’ उतंग |
इंद्रजीत अरु कुंभ जु कर्ण, ते वंदूं भवसायर तर्ण ||१३||

‘Baṛavānī’ baṛanayara sucaṅga, dakṣiṇa diśi ‘giri cūla’ utaṅga |
Indrajīta aru kumbha ju karṇa, tē vanduṁ bhavasāyara tarṇa ||13||

सुवरणभद्र आदि मुनि चार, ‘पावागिरिवर’ शिखर मँझार |
चेलना नदी-तीर के पास, मुक्ति गये वंदूं नित तास ||१४||

Suvaraṇabhadra ādi muni cāra, ‘pāvāgirivara’ śikhara maṁjhāra |
Cēlanā nadī-tīra kē pāsa, mukti gayē vanduṁ nita tāsa ||14||

फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पश्चिम दिशा ‘द्रोणगिरि’ रूप |
गुरुदत्तादि मुनीश्वर जहाँ, मुक्ति गये वंदूं नित तहाँ ||१५||

Phalahōṛī baṛagāma anūpa, paścima diśā ‘drōṇagiri’ rūpa |
Gurudattādi munīśvara jahāṁ, mukti gayē vanduṁ nita tahāṁ ||15||

बाल महाबाल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय |
श्री 'अष्टापद' मुक्ति मँझार, ते वंदूं नित सुरत संभार ||१६||

Bāla mahābāla muni dōya, nāgakumāra milē traya hōya |
Srī 'aṣṭāpada' mukti maṁjhāra, tē vanduṁ nita surata sambhāra ||16||

अचलापुर की दिश ईसान, तहाँ 'मेंढ़गिरि' नाम प्रधान |
साढ़े तीन कोड़ि मुनिराय, तिनके चरण नमूँ चित लाय ||१७||

Acalāpura kī diśa r'isāna, tahāṁ 'mēṇṛhagiri' nāma pradhāna |
Sāṛhē tīna kōṛi munirāya, tinakē caraṇa namūṁ cita lāya ||17||

वंसस्थल वन के ढिंग होय, पच्छिम दिशा 'कुंथुगिरि' सोय |
कुलभूषण देशभूषण नाम, तिनके चरणनि करूँ प्रणाम ||१८||

Vansasthala vana kē ḍhiṅga hōya, pacchima diśā 'kunthugiri' sōya |
Kulabhūṣaṇa dēśabhūṣaṇa nāma, tinakē caraṇani karūṁ praṇāma ||18||

जसरथ राजा के सुत कहे, देश कलिंग पाँच सौ लहे |
'कोटिशिला' मुनि कोटि प्रमान, वंदन करूँ जोड़ जुग पान ||१९||

Jasaratha rājā kē suta kahē, dēśa kaliṅga pāṁca sau lahē |
'Kōṭiśilā' muni kōṭi pramāna, vandana karūṁ jōṛa juga pāna ||19||

समवसरण श्री पार्श्व जिनंद, 'रेसिंदीगिरि' नयनानंद |
वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वंदूं नित धरम जिहाज ||२०||

Samavasaraṇa śrī pārśva jinanda, 'rēsindīgiri' nayanānanda |
Varadattādi pañca ṛṣirāja, tē vanduṁ nita dharama jihāja ||20||

'मथुरापुरी' पवित्र उद्यान, जम्बूस्वामी जी निर्वाण |
चरम केवली पंचमकाल, ते वंदूं नित दीनदयाल ||२१||

'Mathurāpurī' pavitra udyāna, jambūsvāmī jī nirvāṇa |
Carama kēvalī pañcamakāla, tē vanduṁ nita dīnadayāla ||21||

तीन लोक के तीरथ जहाँ, नित प्रति वंदन कीजे तहाँ |
मन वच काय सहित सिरनाय, वंदन करहिं भविक गुणगाय ||२२||

Tina lōka kē tīratha jahāṁ, nita prati vandana kījē tahāṁ |
Mana vaca kāya sahita siranāya, vandana karahiṁ bhavika guṇagāya ||22||

संवत सतरह-सौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल |
'भैया' वंदन करहिं त्रिकाल, जय निर्वाणकांड गुणमाल ||२३||

Samvata sataraha-sau ikatāla, āśvina sudi daśamī suviśāla |
'Bhaiyā' vandana karahiṁ trikāla, jaya nirvāṇakāṇḍa guṇamāla ||23||

॥ इत्याशीर्वाद: पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥
|| Ityāśīrvāda: Puṣpāñjaliṁ kṣipēt ||

श्री गौतम-गणधरदेव की पूजा Srī Gautama-Gaṇadharadēva Ki Pūjā

(कुसुमलता छन्द)

मगधदेश के गौतमपुर में, वसुभूति ब्राह्मण थे श्रेष्ठ |
माता पृथ्वीदेवी के थे, पुत्र तीन इन्द्रभूति ज्येष्ठ ||
हुए प्रथम गणधर श्री वीर के, द्वादशांग का ज्ञान लिया |
प्रभु के पावन पथ पर चलकर, अपना भी कल्याण किया ||
वीर-देशना को गुंजित करके, जग को सुज्ञान दिया |
तुम सम बनने को ही स्वामी! मैं ने तुव आह्वान किया ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिन् ! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट्! (आह्वाननम्)
ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिन् ! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठ: ठ:! (स्थापनम्)
ओं ह्रीं श्रीगौतम गणधर स्वामिन् ! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट्! (सन्निधिकरणम्)

(kusumalatā chanda)

Magadhadēśa kē gautamapura mēṁ, vasubhūti brāhmaṇa thē śrēṣṭha |
Mātā pṛthvīdēvī kē thē, putra tīna indrabhūti jyēṣṭha ||
Hu'ē prathama gaṇadhara śrī vīra kē, dvādaśāṅga kā jñāna liyā |
Prabhu kē pāvana patha para calakara, apanā bhī kalyāṇa kiyā ||
Vīra-dēśanā kō guñjita karakē, jaga kō sujñāna diyā |
Tuma sama bananē kō hī svāmī! Main nē tuva āhvāna kiyā ||

Oṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāmin! Atrā avatarata avatarata sanvauṣaṭ! (āhvānanam)
Ōṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāmin! Atrā tiṣṭhata tiṣṭhata ṭha: tha:! (Sthāpanam)|
Ōṁ hrīṁ śrīgautama gaṇadhara svāmin! Atrā mama sannihitō bhavata bhavata vaṣaṭ! (sannidhikaraṇam)

अष्टक

श्री गुरुवर के चरणों में, प्रासुक जलधार कराऊँ |
जन्म मरण का रोग मिटे, बस ये ही आस लगाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।१।

Aṣṭaka

Srī guruvara kē caraṇōṁ mēṁ, prāsuka jaladhāra karā'ūṁ |
Janma maraṇa kā rōga miṭē, basa yē hī āsa lagā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Oṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē janma-jarā-mr̥tyu-vināśanāya
jalaṁ nirvapāmīti svāhā |1|

गुरु पद वंदन करने को, शीतल चंदन घिस लाऊँ |
भव आताप मिट जाए मेरा, अत: गुरु गुण गाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ।२।

Guru pada vandana karanē kō, śītala candana ghisa lā'ūṁ |
Bhava ātāpa miṭa jā'ē mērā, ata: Guru guṇa gā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Oṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē sansāratāpa-vināśanāya
candanaṁ nirvapāmīti svāhā |2|

तंदुल धवल अखंडित लेकर, जिनवर-पूज रचाऊँ |
अक्षय पद पा जाऊँ अपना, सोच-सोच हर्षाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।३।

Tandula dhavala akhaṇḍita lēkara, jinavara-pūja racā'ūṁ |
Akṣaya pada pā jā'ūṁ apanā, sōca-sōca harṣā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Oṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē akṣayapada-prāptayē akṣatān nirvapāmīti svāhā |3|

पुष्प सुगंधित मकरंद मंडित, भाँति भाँति के लाऊँ |
काम-वासनायें मिट जायें, आतम ध्यान लगाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।४।

Puṣpa sugandhita makaranda maṇḍita, bhāṁti bhāṁti kē lā'ūṁ |
Kāma-vāsanāyēṁ miṭa jāyēṁ, ātama dhyāna lagā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Oṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē kāmabāṇa-vidhvansanāya puṣpaṁ nirvapāmīti svāhā |4|

नाना व्यंजन मिष्ट बनाकर, स्वर्णथाल में लाऊँ |
हे प्रभु क्षुधा रोग मिट जाए, परम शांति पा जाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

Nānā vyañjana miṣṭa banākara, svarṇathāla mēṁ lā'ūṁ |
Hē prabhu kṣudhā rōga miṭa jā'ē, parama śānti pā jā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Oṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē kṣudhārōga-vināśanāya
naivēdyaṁ nirvapāmīti svāhā |5|

दीप प्रज्ज्वलित अर्पण करके, ज्ञान की ज्योति जलाऊँ |
काल अनादि से छाया यह, मोह तिमिर विघटाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ।
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत-पद पाऊँ।।

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।६।

Dīpa prajjvalita arpaṇa karakē, jñāna kī jyōti jalā'ūṁ |
Kāla anādi sē chāyā yaha, mōha timira vighaṭā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata-pada pā'ūṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē mōhāndhakāra-vināśanāya
dīpaṁ nirvapāmīti svāhā |6|

अगर तगर कालागुरु चंदन की सुवास फैलाऊँ |
मानों वसुकर्मों की दुर्गन्ध, इस विधि दूर भगाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

Agara tagara kālāguru candana kī suvāsa phailā'ūṁ |
Mānōṁ vasukarmōṁ kī durgandha, isa vidhi dūra bhagā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē aṣṭakarma-dahanāya dhūpaṁ nirvapāmīti svāhā |7|

श्रीफलादि अतिश्रेष्ठ फलों को, प्रभु चरणों में लाऊँ |
मुक्ति मार्ग पर चलकर मैं भी, जीवन सफल बनाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।८।

Śrīphalādi atiśrēṣṭha phalōṁ kō, prabhu caraṇōṁ mēṁ lā'ūṁ |
Mukti mārga para calakara maiṁ bhī, jīvana saphala banā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē mōkṣaphala-prāptayē phalaṁ nirvapāmīti svāhā |8|

आठों द्रव्य मिलाकर के मैं, मनहर अर्घ बनाऊँ |
निज अनर्घपद के पाने को, गीत प्रभु के गाऊँ ||
परम पूज्य गौतम स्वामी के, पद पंकज नित ध्याऊँ |
गुरुवाणी पर श्रद्धा करके, निज शाश्वत पद पाऊँ ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।९।

Āṭhōṁ dravya milākara kē maiṁ, manahara argha banā'ūṁ |
Nija anarghapada kē pānē kō, gīta prabhu kē gā'ūṁ ||
Parama pūjya gautama svāmī kē, pada paṅkaja nita dhyā'ūṁ |
Guruvāṇī para śrad'dhā karakē, nija śāśvata pada pā'ūṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē anarghyapada-prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |9|

जयमाला

Jayamālā

(चौपाई)

जय-जय जय-जय गौतम गणेश, तुमने सब कर्म किए नि:शेष |
हम भी अपने आतम के काज, तुम चरणों में आए हैं आज ||

(caupāi)

Jaya-jaya jaya-jaya gautama gaṇēśa, tumanē saba karma ki'ē ni:Śēṣa |
Hama bhī apanē ātama kē kāja, tuma caraṇōṁ mēṁ ā'ē haiṁ āja ||

तुम ज्ञान मान के मतवारे, सब विद्या के जानन हारे |
पर जब तक नहिं प्रभु दर्श किए, तब तक छाया था मान हिए ||

Tuma jñāna māna kē matavārē, saba vidyā kē jānana hārē |
Para jaba taka nahiṁ prabhu darśa ki'ē, taba taka chāyā thā māna hi'ē ||

देवेन्द्र ने योग जुटाया था, तब तुमने दर्शन पाया था |
जैसे ही मानस्तम्भ देखा, नहीं रही हृदय में मद रेखा ||

Dēvēndra nē yōga juṭāyā thā, taba tumanē darśana pāyā thā |
Jaisē hī mānastambha dēkhā, nahīṁ rahī hṛdaya mēṁ mada rēkhā ||

निर्मल मन से सीढ़ी चढ़ते, प्रभु के चरणों में सिर धरते |
जैनेश्वरी दीक्षा धारण की, हर शंका तभी निवारण की ||

Nirmala mana sē sīṛhī caṛhatē, prabhu kē caraṇōṁ mēṁ sira dharatē |
Jainēśvarī dīkṣā dhāraṇa kī, hara śaṅkā tabhī nivāraṇa kī ||

हुए चार ज्ञानधारी तत्क्षण, मन शुद्धि बढ़ी क्षण-क्षण प्रतिक्षण |
गणधर तुम पहले कहलाए, विपुलाचल पर यह फल पाए ||

Hu'ē cāra jñānadhārī tatkṣaṇa, mana śud'dhi baṛhī kṣaṇa-kṣaṇa pratikṣaṇa |
Gaṇadhara tuma pahalē kahalā'ē, vipulācala para yaha phala pā'ē ||

आश्चर्य हुआ जग को अपार, जब खिरी दिव्यध्वनि सौख्यकार |
सब जीव करें आकंठ पान, पाया सबने दु:खों से त्राण ||

Aścarya hu'ā jaga kō apāra, jaba khirī divyadhvani saukhyakāra |
Saba jīva karēṁ ākaṇṭha pāna, pāyā sabanē du:Khōṁ sē trāṇa ||

लघु द्वय भ्राता भी साधु बने, गणधर बनकर फिर कर्म हने |
थे शिष्य पाँच सौ जो संग में, वे भी रंग गए मुक्ति रंग में ||

Laghu dvaya bhrātā bhī sādhu banē, gaṇadhara banakara phira karma hanē |
Thē śiṣya pām̐ca sau jō saṅga mēṁ, vē bhī raṅga ga'ē mukti raṅga mēṁ ||

पशुओं का भी कल्याण हुआ, उनको भी आतमज्ञान हुआ |
सामान्यजनों ने भी धारे, अणुव्रत आदिक भी स्वीकारे ||

Paśu'ōṁ kā bhī kalyāṇa hu'ā, unakō bhī ātamajñāna hu'ā |
Sāmān'yajanōṁ nē bhī dhārē, aṇuvrata ādika bhī svīkārē ||

हे स्वामी! यदि तुम न होते, प्रभु वाणी से वंचित रहते |
हैं हम पर ये उपकार महा, जो हमने आतमज्ञान लहा ||

Hē svāmī! Yadi tuma na hōtē, prabhu vāṇī sē vañcita rahatē |
Haiṁ hama para yē upakāra mahā, jō hamanē ātamajñāna lahā ||

इसलिए प्रथम सुमिरन करते, श्रद्धा प्रसून अर्पण करते |
हे गुरुवर! पायें ज्ञानदान, कर सकें निजातम का कल्याण ||

Isali'ē prathama sumirana karatē, śrad'dhā prasūna arpaṇa karatē |
Hē guruvara! Pāyēṁ jñānadāna, kara sakēṁ nijātama kā kalyāṇa ||

तुमने प्रभु को जितना जाना, अपने को उतना लघु माना |
ऐसा अपूर्व साहस कीना, मद कर्म शत्रु का हर लीना ||

Tumanē prabhu kō jitanā jānā, apanē kō utanā laghu mānā |
Aisā apūrva sāhasa kīnā, mada karma śatru kā hara līnā ||

जब जिनवर का निर्वाण हुआ, तब तुमको केवलज्ञान हुआ |
होती प्रभात में प्रभु पूजा, सन्ध्या को दीप जले दूजा ||

Jaba jinavara kā nirvāṇa hu'ā, taba tumakō kēvalajñāna hu'ā |
Hōtī prabhāta mēṁ prabhu pūjā, sandhyā kō dīpa jalē dūjā ||

प्रात: मोदक ले आते हैं, मुक्ति का मोद मनाते हैं |
सन्ध्या को ज्ञानोत्सव करते, मन से अज्ञान तिमिर हरते ||

Prāta: Mōdaka lē ātē haiṁ, mukti kā mōda manātē haiṁ |
Sandhyā kō jñānōtsava karatē, mana sē ajñāna timira haratē ||

घर-घर में रंगोली करते हैं, समोसरण ही मानों रचते हैं |
तब बरसे थे बहुमूल्य रतन, बरसाते खील बताशे हम ||

Ghara-ghara mēṁ raṅgōlī karatē haiṁ, samōsaraṇa hī mānōṁ racatē haiṁ |
Taba barasē thē bahumūlya ratana, barasātē khīla batāśē hama ||

प्रभु आयेंगे मेरे घर पर, इसलिए सजाते हैं सब घर |
घर द्वार स्वच्छ करते पहले, फिर साफ करें तन मन मैले ||

Prabhu āyēṅgē mērē ghara para, isali'ē sajātē haiṁ saba ghara |
Ghara dvāra svaccha karatē pahalē, phira sāpha karēṁ tana mana mailē ||

लो स्वागत को तैयार हुए, अंतर में हर्ष अपार हुए |
सचमुच प्रभु हिरदय में आओ,मन ज्ञान की ज्योति जगा जाओ ||

Lō svāgata kō taiyāra hu'ē, antara mēṁ harṣa apāra hu'ē |
Sacamuca prabhu hiradaya mēṁ ā'ō,mana jñāna kī jyōti jagā jā'ō ||

अब 'अरुणा' का अज्ञान हटे, यह चतुर्गति का चक्र घटे |
गुरु आनंदसागर आज्ञा से, पूजा-रचना की भावों से ||

Aba 'aruṇā' kā ajñāna haṭē, yaha caturgati kā cakra ghaṭē |
Guru ānandasāgara ājñā sē, pūjā-racanā kī bhāvōṁ sē ||

ओं ह्रीं श्रीगौतमगणधरस्वामिने जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।
ōṁ hrīṁ śrīgautamagaṇadharasvāminē jayamālā-pūrṇārghyam
nirvapāmīti svāhā |

गुरु गणधर के वचन पर, जो भी श्रद्धा लाए |
इस भव में सुख भोगकर, परभव-सुखी बनाए ||

Guru gaṇadhara kē vacana para, jō bhī śrad'dhā lā'ē |
Isa bhava mēṁ sukha bhōgakara, parabhava-sukhī banā'ē ||

॥ इत्याशीर्वाद: पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥
|| Ityāśīrvāda: Puṣpāñjaliṁ kṣipēt ||

वीर-प्रभु की आरती **Vīra-prabhu kī āratī**

ओं जय सन्मति-देवा, प्रभु जय सन्मति-देवा |
वीर महा-अतिवीर, प्रभु जी वर्द्धमान-देवा || ओं जय सन्मति देवा !

Oṁ jaya sanmati-dēvā, prabhu jaya sanmati-dēvā |

Vīra mahā-ativīra, prabhu jī vard'dhamāna-dēva || Ōṁ jaya sanmati dēvā !

त्रिशला-उर अवतार लिया, प्रभु सुर-नर हरषाये |
पंद्रह-मास रत्न कुंडलपुर, धनपति बरसाये || ओं जय....

Triśalā-ura avatāra liyā, prabhu sura-nara haraṣāyē |
Pandraha-māsa ratna kuṇḍalapura, dhanapati barasāyē || Ōṁ jaya....

शुकल त्रयोदशी चैत्रमास की, आनंद करतारी |
राय सिद्धारथ घर जन्मोत्सव, ठाठ रचे भारी || ओं जय....

Śukala trayōdaśī caitramāsa kī, ānanda karatārī |
Rāya sid'dhāratha ghara janmōtsava, ṭhāṭha racē bhārī || Ōṁ jaya....

तीस वर्ष तक रहे गेह में, बाल ब्रह्मचारी |
राज त्यागकर भर यौवन में, मुनि दीक्षा धारी || ओं जय.....

Tīsa varṣa taka rahē gēha mēṁ, bāla brahmacārī |
Rāja tyāgakara bhara yauvana mēṁ, muni dīkṣā dhārī || Ōṁ jaya.....

द्वादश-वर्ष किया तप दुर्द्धर, विधि चकचूर किया |
झलके लोकालोक ज्ञान में, सुख भरपूर लिया || ओं जय....

Dvādaśa-varṣa kiyā tapa durd'dhara, vidhi cakacūra kiyā |
Jhalakē lōkālōka jñāna mēṁ, sukha bharapūra liyā || Ōṁ jaya....

कार्तिक श्याम अमावस के दिन,जाकर मोक्ष बसे |
पर्व दिवाली चला तभी से, घर-घर दीप सजे || ओं जय.....

Kārtika śyāma amāvasa kē dina,jākara mōkṣa basē |
Parva divālī calā tabhī sē, ghara-ghara dīpa sajē || Ōṁ jaya….

वीतराग सर्वज्ञ हितैषी, शिवमग परकाशी |
हरि हर ब्रह्मा नाथ तुम्हीं हो, जय-जय अविनाशी || ओं जय….

Vītarāga sarvajña hitaiṣī, śivamaga parakāśī |
Hari hara brahmā nātha tumhīṁ hō, jaya-jaya avināśī || Ōṁ jaya….

दीनदयाला जग-प्रतिपाला, सुर-नरनाथ जजें |
सुमिरत विघ्न टरे इक छिन में, पातक दूर भगें || ओं जय….

Dīnadayālā jaga-pratipālā, sura naranātha jajeṁ |
Sumirata vighna ṭarai ika china mēṁ, pātaka dūra bhagēṁ || Ōṁ jaya….

चोर भील चांडाल उबारे, भव दु:खहरण तुही |
पतित जान हमें आज उबारो, हे जिन! शरण गही || ओं जय….

Cōra bhīla cāṇḍāla ubārē, bhava du:Khaharaṇa tuhī |
Patita jāna hamēṁ āja ubārō, hē jina! Śaraṇa gahī || Ōṁ jaya….

इस विधि से दीपावली-पूजन सम्पन्न कर याचकों को दान, सज्जनों का सम्मान, सेवकों को मिष्टान्न वितरण आदि देशरीति अनुसार करना चाहिये और व्यवहारियों को उत्सव मनाने के समाचार भेजना चाहिये।

Isa vidhi se dīpāvalī-pūjana sampanna kara yācakōṁ kō dāna, sajjanōṁ kā sam'māna, sēvakōṁ kō miṣṭānna vitaraṇa ādi dēśarīti anusāra karanā cāhiyē aura vyavahāriyōṁ kō utsava manānē kē samācāra bhējanā cāhiyē |

विसर्जन-पाठ (हिन्दी) Visarjana-Pāṭha (Hindī)

बिन जाने या जान के, रही टूट जो कोय |
तुम प्रसाद से परम गुरु, सो सब पूरन होय ||

Bina jānē yā jāna kē, rahī ṭūṭa jō kōya |
Tuma prasāda sē parama guru, sō saba pūrana hōya ||

पूजन विधि जानूँ नहीं, नहिं जानूँ आह्वान |
और विसर्जन भी नहीं, क्षमा करो भगवान् ||

Pūjana vidhi jānūṁ nahīṁ, nahiṁ jānūṁ āhvāna |
Aura visarjana bhī nahīṁ, kṣamā karō bhagavān ||

मंत्र-हीन धन-हीन हूँ, क्रिया-हीन जिनदेव |
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरण की सेव ||

Mantra-hīna dhana-hīna hūṁ, kriyā-hīna jinadēva |
Kṣamā karahu rākhahu mujhē, dēhu caraṇa kī sēva ||

श्रद्धा से आराध्य पद पूजे भक्ति प्रमाण |
पूजा विसर्जन मैं करूँ, सदा करो कल्याण ||

Srad'dhā sē ārādhya pada pūjē bhakti pramāṇa |
Pūjā visarjana maiṁ karūṁ, sadā karō kalyāṇa ||

(इसके पश्चात् खड़े होकर आरती करें)
(isakē paścāt khaṛē hōkara āratī karēṁ)

शांति पाठ (हिन्दी) Sānti Pāṭha (Hindī)

शांतिनाथ ! मुख शशि-उनहारी, शील-गुण-व्रत, संयमधारी |
लखन एकसौ-आठ विराजें, निरखत नयन-कमल-दल लाजें ||१||

अर्थ- हे शांतिनाथ भगवान् ! आपका चन्द्रमा के समान निर्मल मुख है। आप शील गुण, व्रत और संयम के धारक हैं। आपकी देह में 108 शुभ-लक्षण हैं। और आपके नेत्रों को देखकर कमल-दल भी शरमा जाते हैं ।१।

Sāntinātha! Mukha śaśi-unahārī, śīla-guṇa-vrata, sanyamadhārī |
Lakhana ēkasau-āṭha virājeṁ, nirakhata nayana-kamala-dala lājēṁ ||1||

Artha- hē śāntinātha bhagavān! Āpakā candramā kē samāna nirmala mukha hai. Āpa śīla guṇa, vrata aura sanyama kē dhāraka haiṁ. Āpakī dēha mēṁ 108 śubha-lakṣaṇa haiṁ. Aura āpakē nētrōṁ kō dēkhakara kamala-dala bhī śaramā jātē haiṁ |1|

पंचम-चक्रवर्ति-पदधारी, सोलम-तीर्थंकर सुखकारी |
इन्द्र-नरेन्द्र-पूज्य जिननायक, नमो! शांतिहित शांतिविधायक ||२||

अर्थ- सुख को देनेवाले आप पाँचवें चक्रवर्ती हैं, आप सोलहवें तीर्थंकर हैं। इन्द्रों-नरेन्द्रों से सदा पूजित हे शांतिकर्त्ता! शांति की इच्छा से आपको नमस्कार है ।२।

Pañcama-cakravarti-padadhārī, sōlama-tīrthaṅkara sukhakārī |
Indra-narēndra-pūjya jinanāyaka, namo śāntihita śāntividhāyaka ||2||

Artha- sukha kō dēnēvālē āpa pāṁcavēṁ cakravartī haiṁ, āpa sōlahavēṁ tīrthaṅkara haiṁ | Indrōṁ-narēndrōṁ sē sadā pūjita hē śāntikarttā! Śānti kī icchā sē āpakō namaskāra hai |2|

दिव्य-विटप१ पहुपन की वरषा२, दुंदुभि३ आसन४ वाणी-सरसा५।
छत्र६ चमर७ भामंडल८ भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी॥३॥

अर्थ- 1. अशोकवृक्ष, 2. देवों द्वारा की गई फूलों की वर्षा, 3.दुंदुभि (नगाड़े) बजना, 4. सिंहासन, 5. एक योजन तक दिव्यध्वनि का पहुँचना, 6. सिर पर तीन छत्रों का होना, 7. चौंसठ चमरों का ढुरना, 8. भामंडल; मन को हरण करनेवाले ऐसे आठ प्रातिहार्य आपकी शोभा हैं ।३।

Divya-viṭapa1 pahupana kī varaṣā2, dundubhi3 āsana4 vāṇī-sarasā5|
Chatra6 camara7 bhāmaṇḍala8 bhārī, yē tuva prātihārya manahārī ||3||

Artha- 1. Aśōkavṛkṣa, 2. Dēvōṁ dvārā phūlōṁ kī varṣā, 3.Dundubhi (nagāṛe) bajanā, 4.Simhāsana, 5. Ēka yōjana taka divyadhvani kā pahuṁcanā, 6. Sira para tīna chatrōṁ kā hōnā, 7. Caunsaṭha camarōṁ kā ḍhuranā, 8. Bhāmaṇḍala; mana kō haraṇa karanēvālē aisē āṭha prātihārya āpakī śōbhā haiṁ |3|

शांति-जिनेश शांति-सुखदाई, जगत्-पूज्य! पूजें सिरनाई |
परम-शांति दीजे हम सबको, पढ़ें तिन्हें पुनि चार-संघ को ||४||

अर्थ- संसार में पूजनीय, और शांति-सुख को देनेवाले हे शांतिनाथ भगवान्! मस्तक नवाँकर नमस्कार है। आप हम सबको, पढ़नेवालों को एवं चतुर्विध-संघ को परम शांति प्रदान करें ।४।

Śānti-jinēśa śānti-sukhadāi, jagat-pūjya! pūjeṁ siranār'i |
Parama-śānti dījē hama sabakō, paṛhēṁ tinhēṁ puni cāra-saṅgha kō ||4||

Artha- sansāra mēṁ pūjanīya, aura śānti-sukha kō dēnēvālē hē śāntinātha bhagavān! mastaka navāṁkara namaskāra hai. Āpa hama sabakō, paṛhanēvālōṁ kō ēvaṁ caturvidha-saṅgha kō parama śānti pradāna karēṁ |4|

पूजें जिन्हें मुकुट-हार किरीट लाके,
इंद्रादिदेव अरु पूज्य पदाब्ज जाके |
सो शांतिनाथ वर-वंश जगत्-प्रदीप,
मेरे लिये करहु शांति सदा अनूप ||५||

अर्थ- मुकुट-कुंडल-हार-रत्न आदि को धारण करने वाले इन्द्र आदि देव जिनके चरण-कमलों की पूजा करते हैं, उत्तम-कुल में उत्पन्न, संसार को प्रकाशित करनेवाले ऐसे तीर्थंकर शांतिनाथ मुझे अनुपम-शांति प्रदान करें ।५।

Pūjēṁ jinhēṁ mukuṭa-hāra kirīṭa lākē,
indrādidēva aru pūjya padābja jākē |
Sō śāntinātha vara-vanśa jagat-pradīpa,
mērē liyē karahu śānti sadā anūpa ||5||

Artha- mukuṭa-kuṇḍala-hāra-ratna ādi kō dhāraṇa karanē vālē indra ādi dēva jinakē caraṇa-kamalōṁ kī pūjā karatē haiṁ, uttama-kula mēṁ utpanna, sansāra kō prakāśita karanēvālē aisē tīrthaṅkara śāntinātha mujhē anupama-śānti pradāna karēṁ |5|

संपूजकों को प्रतिपालकों को,
यतीन को औ' यतिनायकों को |
राजा-प्रजा-राष्ट्र-सुदेश को ले,
कीजे सुखी हे जिन ! शांति को दे ||६||

अर्थ- हे जिनेन्द्रदेव! आप पूजन करनेवालों को, रक्षा करने वालों को, मुनियों को, आचार्यों को, देश, राष्ट्र, प्रजा और राजा सभी को सदा शांति प्रदान करें ।६।

Sampūjakōṁ kō pratipālakōṁ kō,
yatīna kō au' yatināyakōṁ kō |
Rājā-prajā-rāṣṭra-sudēśa kō lē,
kījē sukhī hē jina! Śānti kō dē ||6||

Artha- hē jinēndradēva! Āpa pūjana karanēvālōṁ kō, rakṣā karanē vālōṁ kō, muniyōṁ kō, ācāryō kō, dēśa, rāṣṭra, prajā aura rājā sabhī kō sadā śānti pradāna karēṁ |6|

होवे सारी प्रजा को सुख, बलयुत हो धर्मधारी नरेशा |
होवे वर्षा समय पे, तिलभर न रहे व्याधियों का अंदेशा |

होवे चोरी न जारी, सुसमय वरते हो न दुष्काल मारी |
सारे ही देश धारें, जिनवर-वृष को जो सदा सौख्यकारी ||७||

अर्थ- सब प्रजा का कुशल हो, राजा बलवान और धर्मात्मा हो, बादल समय-समय पर वर्षा करें, सब रोगों का नाश हो, संसार में प्राणियों को एक क्षण भी दुर्भिक्ष, चोरी, अग्नि और बीमारी आदि के दु:ख न हों, सभी देश सदैव सुख देनेवाले जिनप्रणीत-धर्म को धारण करें ।७।

Hōvē sārī prajā kō sukha, balayuta hō dharmadhārī narēśā |
Hōvē varṣā samaya pe, tilabhara na rahē vyādhiyōṁ kā andēśā |
Hōvē cōrī na jārī, susamaya varatē hō na duṣkāla mārī |
Sārē hī dēśa dhārēṁ, jinavara-vr̥ṣa kō jō sadā saukhyakārī ||7||

Artha- saba prajā kā kuśala hō, rājā balavāna aura dharmātmā hō, bādala samaya-samaya para varṣā karēṁ, saba rōgōṁ kā nāśa hō, sansāra mēṁ prāṇiyōṁ kō ēka kṣaṇa bhī durbhikṣa, cōrī, agni aura bīmārī ādi kē du:Kha na hōṁ, sabhī dēśa sadaiva sukha dēnēvālē jinapraṇīta-dharma kō dhāraṇa karēṁ |7|

घाति-कर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज |
शांति करें सब-जगत् में, वृषभादिक-जिनराज ||८||

अर्थ- चार घातिया कर्म नाशकर केवलज्ञानरूपी साम्राज्य पाने वाले वृषभादि जिनेन्द्र भगवान् जगत् को शांति प्रदान करें ।८।

Ghāti-karma jina nāśa kari, pāyō kēvalarāja |
Śānti karēṁ saba-jagat mēṁ, vr̥ṣabhādika-jinarāja ||8||

Artha- cāra ghātiyā karma naash kara kēvalajñānarūpī sāmrājya pānē vālē vr̥ṣabhādi jinēndra bhagavān jagat kō śānti pradāna karēṁ |8|

(यह पढ़कर झारी में जल-चंदन की शांतिधारा तीन बार छोड़ें)
(Yaha paṛhakara jhārī mēṁ jala-candana kī śāntidhārā tīna bāra chōṛēṁ)

(छन्द मंदाक्रांता)

शास्त्रों का हो, पठन सुखदा, लाभ सत्संगती का | सद्वृत्तौं का, सुजस कहके, दोष ढाँकू सभी का ||9||
बोलूँ प्यारे, वचन हित के, आपका रूप ध्याऊँ |
तौ लों सेऊँ, चरण जिन के मोक्ष जौ लों न पाऊँ ||10||

अर्थ- हे भगवान् ! सुखकारी शास्त्रों का स्वाध्याय हो, सदा उत्तम पुरुष की संगति रहे, सदाचारी पुरुषों का गुणगान कर सभी के दोष छिपाऊँ, सभी जीवों का हित करनेवाले वचन बोलूँ और जब तक मोक्ष की प्राप्ति न हो जावे तब तक प्रत्येक जन्म में आपके रूप का अवलोकन करूँ, और आपके चरणों की सदा सेवा करता रहूँ।

(chanda mandākrāntā)

Sāstrōṁ kā hō, paṭhana sukhadā, lābha satsaṅgatī kā |
Sadvr̥ttauṁ kā, sujasa kahakē, dōṣa ḍhāṁkū sabhī kā ||9||
Bōlūṁ pyārē, vacana hita kē, āpakā rūpa dhyā'ūṁ |
Tau loṁ sē'ūṁ, caraṇa jina kē mōkṣa jau loṁ na pā'ūṁ ||10||

Artha- hē bhagavān! Sukhakārī śāstrōṁ kā svādhyāya hō, sadā uttama puruṣa kī saṅgati rahē, sadācārī puruṣōṁ kā guṇagāna kara sabhī kē dōṣa chipā'ūṁ, sabhī jīvōṁ kā hita karanēvālē vacana bōlūṁ aura jaba taka mōkṣa kī prāpti na hō jāvē taba taka pratyēka janma mēṁ āpakē rūpa kā avalōkana karūṁ, aura āpakē caraṇōṁ kī sadā sēvā karatā rahūṁ |

(छन्द आर्या)

तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में |
तब लों लीन रहे प्रभु, जब लों पाया न मुक्तिपद मैं ने ||११||

अर्थ- हे प्रभु ! तब तक आपके चरण मेरे हृदय में विराजमान रहें और मेरा हृदय आपके चरणों मे लीन रहे, जब तक मोक्ष की प्राप्ति न हो जावे।

(Chanda āryā)

Tava pada mērē hiya mēṁ, mama hiya tērē punīta caraṇōṁ mēṁ |
Taba loṁ līna rahē prabhu, jaba loṁ pāyā na muktipada main nē ||11||

Artha- hē prabhu! Taba taka āpakē caraṇa mērē hṛdaya mēṁ virājamāna rahēṁ aura mērā hṛdaya āpakē caraṇōṁ mē līna rahē, jaba taka mōkṣa kī prāpti na hō jāvē.

अक्षर-पद-मात्रा से, दूषित जो कुछ कहा गया मुझ से |
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणा करि पुनि छुड़ाहु भवदु:ख से ||१२||

अर्थ -हे परमात्मन् ! आपकी पूजा बोलने में मुझ से अक्षरों की, पदों की व मात्राओं आदि की जो भी गलतियाँ हुई हों, उन्हें आप क्षमा करें, करुणाकर मुझे संसार के दु:खों से छुड़ा दें।

Akṣara-pada-mātrā sē, dūṣita jō kucha kahā gayā mujha sē |
Kṣamā karō prabhu sō saba, karuṇā kari puni chuṛāhu bhavadu:Kha sē ||12||

Artha- hē paramātman! Āpakī pūjā bōlanē mēṁ mujha sē akṣarōṁ kī, padōṁ kī va mātrā'ōṁ ādi kī jō bhī galatiyāṁ hui hōṁ, unhēṁ āpa kṣamā karēṁ, karuṇākara mujhē sansāra kē du:Khōṁ sē chuṛā dēṁ |

हे जगबंधु जिनेश्वर ! पाऊँ तव चरण-शरण बलिहारी |
मरण-समाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी ||१३||

अर्थ- हे जगबन्धु जिनेश्वर! आपके चरणों की शरण की कृपा से दुर्लभ-समाधिमरण प्राप्त हो और कर्मों का क्षय होकर सुख देनेवाले केवलज्ञान की प्राप्ति हो।

Hē jagabandhu jinēśvara! Pā'ūṁ tava caraṇa-śaraṇa balihāri |
Maraṇa-samādhi sudurlabha, karmōṁ kā kṣaya subōdha sukhakārī ||13||

Artha- hē jagadbandhu jinēśvara! Āpakē caraṇōṁ kī śaraṇa kī kṛpā sē durlabha-samādhi -maraṇa prāpta hō aura karmō kā kṣaya hōkara sukha dēnēvālē kēvalajñāna kī prāpti hō |

इति शान्तिभक्तिं समाधिभक्तिं च पठित्वा कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

Iti śāntibhaktiṁ samādhibhiktiṁ ca paṭhitvā kāyōtsargaṁ karōmyaham |

॥ इत्याशीर्वाद: पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥

|| Ityāśīrvāda: Puṣpāñjaliṁ kṣipēt ||

(नौ बार णमोकार-मंत्र का जाप करें)

(Nau bāra ṇamōkāra-mantra kā jāpa karēṁ)

विसर्जन-पाठ (संस्कृत) **Visarjana-pāṭha (sanskṛta)**

ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि शास्त्रोक्तं न कृतं मया |
तत्सर्वं पूर्णमेवास्तु त्वत्प्रसादाज्जिनेश्वर ||१||

Jñānatōj̐ñānatō vāpi śāstrōktaṁ na kṛtaṁ mayā |
Tatsarvaṁ pūrṇamēvāstu tvatprasādājjinēśvara ||1||

आह्वाननं नैव जानामि नैव जानामि पूजनम् |
विसर्जनं न जानामि क्षमस्व परमेश्वर ||२||

Āhvānanaṁ naiva jānāmi naiva jānāmi pūjanam |
Visarjanaṁ na jānāmi kṣamasva paramēśvara ||2||

मन्त्रहीनं क्रियाहीनं द्रव्यहीनं तथैव च |
तत्सर्वं क्षम्यतां देव! रक्ष-रक्ष जिनेश्वर! ||३||

Mantrahīnaṁ kriyāhīnaṁ dravyahīnaṁ tathaiva ca |
Tatsarvaṁ kṣamyatāṁ dēva! Rakṣa-rakṣa jinēśvara! ||3||

सर्वमंगल-मांगल्यं सर्वकल्याण-कारकम् |
प्रधानं सर्वधर्माणां जैनं जयतु शासनम् ||

Sarvamaṅgala-māṅgalyaṁ sarvakalyāṇa-kārakam |
Pradhānaṁ sarvadharmāṇāṁ jainaṁ jayatu śāsanam ||

शांति पाठ (संस्कृत) Sānti Pāṭha (Sanskṛta)

(शांति-पाठ व विसर्जन-पाठ संस्कृत या हिंदी दोनों में से कोई भी एक पढ़ने चाहिए)
(शांति-पाठ बोलते समय दोनों हाथों से पुष्प-वृष्टि करते रहें)
(śānti-pāṭha va visarjana-pāṭha sanskṛta yā hindī dōnōṁ mēṁ sē kōi bhī ēka paṛhanē cāhi'yē)
(śānti-pāṭha bōlatē samaya dōnōṁ hāthōṁ sē puṣpa-vṛṣṭi karatē rahēṁ)

शांतिजिनं शशि-निर्मल-वक्त्रं, शील-गुण-व्रत-संयमपात्रम् |
अष्टशतार्चित-लक्षण-गात्रं, नौमि जिनोत्तममंबुजनेत्रम् ||१||

Sāntijinaṁ śaśi-nirmala-vaktraṁ, śīla-guṇa-vrata-sanyamapātram |
Aṣṭaśatārcita-lakṣaṇa-gātraṁ, naumi jinōttamamambujanētram ||1||

पंचमभीप्सितचक्रधराणां, पूजितमिंद्रनरेन्द्रगणैश्च |
शांतिकरं गणशांतिमभीप्सुः, षोडशतीर्थंकरं प्रणमामि ||२||

श्री शांति-जिनेशं, नुत-शक्रेशं, वृष-चक्रेशं चक्रेशं।
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं, दयाऽमृतेशं मक्रेशं।।

ओं ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

Pakavāna navīnē, pāvana kīnē, ṣaṭrarasa bhīnē sukhadāi |
Mana-mōdana hārē, chudhā vidārē, āgē dhārē gunagāi ||
Śrī śānti-jinēśaṁ, nuta-śakrēśaṁ, vr̥ṣa-cakrēśaṁ cakrēśaṁ |
Hani ari-cakrēśaṁ, hē gunadhēśaṁ, dayā'mr̥tēśaṁ makrēśaṁ ||
Ōṁ hrīṁ śrīśāntināthajinēndrāya kṣudhārōga-vināśanāya naivēdyaṁ nirvapāmīti svāhā |5|

तुम ज्ञान प्रकाशे, भ्रम-तम नाशे, ज्ञेय-विकासे सुख-रासे।
दीपक उजियारा, या तें धारा, मोह-निवारा निज भासे।।
श्री शांति-जिनेशं, नुत-शक्रेशं, वृष-चक्रेशं चक्रेशं।
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं, दयाऽमृतेशं मक्रेशं।।

ओं ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।६।

Tuma jñāna prakāśē, bhrama-tama nāśē, jñēya-vikāsē sukha-rāsē|
Dīpaka ujiyārā, yā tēṁ dhārā, mōha-nivārā nija bhāsē||
Śrī śānti-jinēśaṁ, nuta-śakrēśaṁ, vr̥ṣa-cakrēśaṁ cakrēśaṁ|

Hani ari-cakrēśaṁ, hē gunadhēśaṁ, dayā̐mr̥tēśaṁ makrēśaṁ||
Ōṁ hrīṁ śrīśāntināthajinēndrāya mōhāndhakāra-vināśanāya dīpaṁ nirvapāmīti svāhā |6|

चंदन करपूरं, करि वर-चूरं, पावक भूरं माहि जुरं।
तसु धूम उड़ावे, नाचत जावे, अलि गुंजावे मधुर सुरं।।
श्री शांति-जिनेशं, नुत-शक्रेशं, वृष-चक्रेशं चक्रेशं।
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं, दयाऽमृतेशं मक्रेशं।।
ओं ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

Candana karapūraṁ, kari vara-cūraṁ, pāvaka bhūraṁ māhi juraṁ |
Tasu dhūma uṛāvē, nācata jāvē, ali guñjāvē madhura suraṁ ||
Śrī śānti-jinēśaṁ, nuta-śakrēśaṁ, vr̥ṣa-cakrēśaṁ cakrēśaṁ |
Hani ari-cakrēśaṁ, hē gunadhēśaṁ, dayā̐mr̥tēśaṁ makrēśaṁ ||
Ōṁ hrīṁ śrīśāntināthajinēndrāya aṣṭakarma-dahanāya dhūpaṁ nirvapāmīti svāhā |7|

बादाम खजूरं, दाड़िम पूरं, निंबुक भूरं ले आयो।
ता सों पद जज्जूं, शिवफल सज्जूं, निजरस रज्जन उमगायो।।
श्री शांति-जिनेशं, नुत-शक्रेशं, वृष-चक्रेशं चक्रेशं।
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं, दयाऽमृतेशं मक्रेशं।।
ओं ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।८।

Bādāma khajūraṁ, dāṛima pūraṁ, nimbuka bhūraṁ lē āyō |
Tā sōṁ pada jajjūṁ, śivaphala sajjūṁ, nijarasa rajjan umagāyō ||
Śrī śānti-jinēśaṁ, nuta-śakrēśaṁ, vr̥ṣa-cakrēśaṁ cakrēśaṁ |
Hani ari-cakrēśaṁ, hē gunadhēśaṁ, dayā̐mr̥tēśaṁ makrēśaṁ ||
Ōṁ hrīṁ śrīśāntināthajinēndrāya mōkṣaphala-prāptayē phalaṁ nirvapāmīti svāhā |8|

वसु-द्रव्य सँवारी, तुम-ढिंग धारी, आनंदकारी, दृग-प्यारी।
तुम हो भवतारी, करुना-धारी, या तें थारी शरना री॥
श्री शांति-जिनेशं, नुत-शक्रेशं, वृष-चक्रेशं चक्रेशं।
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं, दयाऽमृतेशं मक्रेशं॥
ओं ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।९।

Vasu-dravya saṁvārī, tuma-ḍhiṅga dhārī, ānandakārī, dṛga-pyārī |
Tuma hō bhavatārī, karunā-dhārī, yā tēṁ thārī śaranā rī ||
Śrī śānti-jinēśaṁ, nuta-śakrēśaṁ, vṛṣa-cakrēśaṁ cakrēśaṁ |
Hani ari-cakrēśaṁ, hē gunadhēśaṁ, dayā'mṛtēśaṁ makrēśaṁ ||
Ōṁ hrīṁ śrīśāntināthajinēndrāya anarghyapada-prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |9|

पंचकल्याणक-अर्घ्यावली

Panchkalyanak Arghyavali

(छन्द)
असित-सातयँ-भादव जानिये, गरभ-मंगल ता-दिन मानिये।
सचि कियो जननी-पद-चर्चनं, हम करें इत ये पद-अर्चनं॥
ओं ह्रीं भाद्रपदकृष्ण-सप्तम्यां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।१।

(chanda)
Asita-sātayaṁ-bhādava jāniyē, garabha-maṅgala tā-dina māniyē |
Saci kiyō jananī-pada-carcanaṁ, hama karēṁ ita yē pada-arcanaṁ ||
Ōṁ hrīṁ bhādrapadakṛṣṇa-saptamyāṁ garbhamaṅgala-maṇḍitāya śrīśāntināthajinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |1|

जनम जेठ-चतुर्दशि-श्याम है, सकल-इन्द्र सु आगत धाम है।
गजपुरै गज-साजि सबै तबै, गिरि जजे इत मैं जजिहूँ अबै॥
ओं ह्रीं ज्येष्ठकृष्ण-चतुर्दश्यां जन्ममंगल-मंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।२।

Janama jēṭha-caturdaśi-śyāma hai, sakala-indra su āgata dhāma hai |
Gajapurai gaja-sāji sabai tabai, giri jajē ita maiṁ jajihūṁ abai ||

Ōṁ hrīṁ jyēṣṭhakṛṣṇa-caturdaśyāṁ janmamaṅgala-maṇḍitāya śrīśāntināthajinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |2|

भव-शरीर-सुभोग असार हैं, इमि विचार तबै तप धार हैं।

भ्रमर-चौदसि-जेठ सुहावनी, धरम हेत जजूं गुन पावनी।।

ओं ह्रीं ज्येष्ठकृष्ण-चतुर्दश्यां तपोमंगल-मंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।३।

Bhava-śarīra-subhōga asāra haiṁ, imi vicāra tabai tapa dhāra haiṁ |
Bhramara-caudasi-jēṭha suhāvanī, dharama hēta jajūṁ guna pāvanī ||
Ōṁ hrīṁ jyēṣṭhakṛṣṇa-caturdaśyāṁ tapōmaṅgala-maṇḍitāya śrīśāntināthajinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |3|

शुकल-पौष-दसैं सुखराश है, परम-केवलज्ञान प्रकाश है।

भव-समुद्र-उधारन देव की, हम करें नित मंगल-सेव ही।।

ओं ह्रीं पौषशुक्ल-दशम्यां केवलज्ञान-मंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।४।

Śukala-pauṣa-dasaiṁ sukharāśa hai, parama-kēvalajñāna prakāśa hai |
Bhava-samudra-udhārana dēva kī, hama karēṁ nita maṅgala-sēva hī ||
Ōṁ hrīṁ pauṣaśukla-daśamyāṁ kēvalajñāna-maṇḍitāya śrīśāntināthajinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |4|

असित-चौदशि-जेठ हने अरी, गिरि-समेद-थकी शिव-तिय वरी।

सकल-इन्द्र जजें तित आइ के, हम जजें इत मस्तक नाइ के।।

ओं ह्रीं ज्येष्ठकृष्ण-चतुर्दश्यां मोक्षमंगल-मंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

Asita-caudaśi-jēṭha hanē arī, giri-samēda-thakī śiva-tiya varī.
Sakala-indra jajēṁ tita ā'i kē, hama jajēṁ ita mastaka nā'i kē..
Ōṁ hrīṁ jyēṣṭhakṛṣṇa-caturdaśyāṁ mōkṣamaṅgala-maṇḍitāya śrīśāntināthajinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā|5|

जयमाला

Jayamālā

(छन्द रथोद्धता, चन्द्रवत्स तथा चन्द्रवर्म)

(chanda rathōd'dhatā, candravatsa tathā candravarma)

शांति शांतिगुन-मंडिते सदा, जाहि ध्यावत सुपंडिते सदा ।
मैं तिन्हें भगति मंडिते सदा, पूजिहूँ कलुष हंडिते सदा ॥
मोच्छ-हेत तुम ही दयाल हो, हे जिनेश गुन-रत्नमाल हो ।
मैं अबै सुगुन-दाम ही धरूं, ध्यावते तुरत मुक्ति-तिय वरूं ॥

Śānti śāntiguna-maṇḍitē sadā, jāhi dhyāvata supaṇḍitē sadā |
Maiṁ tinhēṁ bhagati maṇḍitē sadā, pūjihūṁ kaluṣa haṇḍitē sadā ||
Mōccha-hēta tuma hī dayāla hō, hē jinēśa guna-ratnamāla hō |
Maiṁ abai suguna-dāma hī dharūṁ, dhyāvatē turata mukti-tiya varūṁ ||

(छन्द पद्धरि, मात्रा १५)

जय शांतिनाथ चिद्रूप-राज, भवसागर में अद्भुत-जहाज ।
तुम तजि सरवारथ-सिद्ध थान, सरवारथ-जुत गजपुर महान् ।१।

(Chanda pad'dhari, mātrā 15)

Jaya śāntinātha cidrūpa-rāja, bhavasāgara mēṁ adbhuta-jahāja |
Tuma taji saravāratha-sid'dha thāna, saravāratha-juta gajapura mahān |1|

तित जनम लियो आनंद-धार, हरि ततछिन आयो राजद्वार ।
इन्द्रानी जाय प्रसूति-थान, तुम को कर में ले हरष-मान ।२।

Tita janama liyō ānanda-dhāra, hari tatachina āyō rājadvāra |
Indrānī jāya prasūti-thāna, tuma kō kara mēṁ lē haraṣa-māna |2|

हरि-गोद देय सो मोदधार, सिर चमर अमर ढारत अपार ।
गिरिराज जाय तित शिला-पांडु, ता पे थाप्यो अभिषेक माँडु ।३।

Hari-gōda dēya sō mōdadhāra, sira camara amara ḍhārata apāra |
Girirāja jāya tita śilā-pāṇḍu, tā pē thāpyō abhiṣēka māṁḍu |3|

तित पंचम-उदधि-तनो सु वार, सुर कर-कर करि ल्याये उदार ।

तब इन्द्र सहस-कर करि अनंद, तुम सिर धारा ढारी सुमंद ।४।

Tita pañcama-udadhi-tanō su vāra, sura kara-kara kari lyāyē udāra |
Taba indra sahasa-kara kari ananda, tuma sira dhārā ḍhārī sumanda |4|

अघ घघ घघ धुनि होत घोर, भभ भभ भभ धध धध कलश शोर ।

दृम दृम दृम दृम बाजत मृदंग, झन नन नन नन नन नूपुरंग ।५।

Agha ghagha ghagha dhuni hōta ghōra, bhabha bhabha bhabha dhadha dhadha kalaśa śōra |
Dṛma dṛma dṛma dṛma bājata mṛdaṅga, jhana nana nana nana nana nūpuraṅga |5|

तन नन नन नन नन तनन तान, घन नन नन घंटा करत ध्वान ।

ता-थेइ थेइ थेइ थेइ सुचाल, जुत नाचत गावत तुमहिं भाल ।६।

Tana nana nana nana nana tanana tāna, ghana nana nana ghaṇṭā karata dhvāna |
Tā-thēi thēi thēi thēi thēi sucāla, juta nācata gāvata tumahiṁ bhāla |6|

चट चट चट अटपट नटत नाट, झट झट झट हट नट थट विराट ।

इमि नाचत राचत भगति रंग, सुर लेत जहाँ आनंद-संग ।७।

Caṭa caṭa caṭa aṭapaṭa naṭata nāṭa, jhaṭa jhaṭa jhaṭa haṭa naṭa thaṭa virāṭa |
Imi nācata rācata bhagati raṅga, sura lēta jahāṁ ānanda-saṅga |7|

इत्यादि अतुल-मंगल सुठाठ, तित बन्यो जहाँ सुर-गिरि विराट ।

पुनि करि नियोग पितु-सदन आय, हरि सौंप्यो तुम तित वृद्धि थाय ।८।

Ityādi atula-maṅgala suṭhāṭha, tita ban'yō jahāṁ sura-giri virāṭa |
Puni kari niyōga pitu-sadana āya, hari saumpyō tuma tita vṛd'dhi thāya |8|

पुनि राजमाँहिं लहि चक्ररत्न, भोग्यो छह-खंड करि धरम-जत्न ।

पुनि तप धरि केवल-रिद्धि पाय, भवि-जीवनि को शिवमग बताय ।९।

Puni rājamāṁhiṁ lahi cakraratna, bhōgyō chaha-khaṇḍa kari dharama-jatna |
Puni tapa dhari kēvala-rid'dhi pāya, bhavi-jīvani kō śivamaga batāya |9|

शिवपुर पहुँचे तुम हे जिनेश, गुण-मंडित अतुल अनंत-भेष ।
मैं ध्यावत हूं नित शीश-नाय, हमरी भव-बाधा हर जिनाय ।१०।
Śivapura pahuṁcē tuma hē jinēśa, guṇa-maṇḍita atula ananta-bhēṣa |
Maiṁ dhyāvata hūṁ nita śīśa-nāya, hamarī bhava-bādhā hara jināya |10|

सेवक अपनो निज जान-जान, करुणा करि भौ-भय भान-भान ।
यह विघन-मूल-तरु खंड-खंड, चितचिंतित आनंद मंड-मंड ।११।
Sēvaka apanō nija jāna-jāna, karuṇā kari bhau-bhaya bhāna-bhāna |
Yaha vighana-mūla-taru khaṇḍa-khaṇḍa, citacintita ānanda maṇḍa-maṇḍa |11|

श्री शांति महंता, शिवतिय-कंता, सुगुन-अनंता भगवंता ।
भव-भ्रमन हनंता, सौख्य अनंता, दातारं तारनवंता ॥
Śrī śānti mahantā, śivatiya-kantā, suguna-anantā bhagavantā |
Bhava-bhramana hanantā, saukhya anantā, dātāraṁ tāranavantā ||

ओं ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
Ōṁ hrīṁ śrīśāntināthajinēndrāya jayamālā-pūrṇārghyaṁ nirvapāmīti svāhā |

(छन्द रूपक सवैया मात्रा 31)
शांतिनाथ-जिन के पद-पंकज, जो भवि पूजें मन-वच-काय।
जनम-जनम के पातक ता के, तत-छिन तजि के जांय पलाय॥
मनवाँछित सुख पावे सो नर, बाँचे भगति-भाव अति लाय।
ता तें 'वृन्दावन' नित वंदे, जा तें शिवपुर-राज कराय॥

(Chanda rūpaka savaiyā mātrā 31)
Śāntinātha-jina kē pada-paṅkaja, jō bhavi pūjēṁ mana-vaca-kāya |
Janama-janama kē pātaka tā kē, tata-china taji kē jānya palāya ||
Manavāṁchita sukha pāvē sō nara, bāṁcē bhagati-bhāva ati lāya |
Tā tēṁ 'vṛndāvana' nita vandē, jā tēṁ śivapura-rāja karāya ||

॥ इत्याशीर्वाद: परिपुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥
|| ***Ityāśīrvāda: Paripuṣpāñjaliṁ kṣipēt*** ||

स्तोत्र-संग्रह **Stotra-Sangrah**

रत्नाकर पंचविंशतिका Ratnākara pañcavinśatikā

श्री रत्नाकर सूरि विरचित स्तोत्र का हिन्दी पद्यानुवाद
Srī Ratnākara sūri viracita stōtra kā Hindī padyānuvāda

शुभ-केलि के आनंद के धन के मनोहर धाम हो,
नरनाथ से सुरनाथ से पूजित चरण गतकाम हो |
सर्वज्ञ हो सर्वोच्च हो सबसे सदा संसार में,
प्रज्ञा कला के सिन्धु हो, आदर्श हो आचार में ||१||
Subha-kēli kē ānanda kē dhana kē manōhara dhāma hō,
Naranātha sē suranātha sē pūjita caraṇa gatakāma hō |
Sarvajña hō sarvōcca hō sabasē sadā sansāra mēṁ,
Prajñā kalā kē sindhu hō, ādarśa hō ācāra mēṁ ||1||

संसार-दु:ख के वैद्य हो, त्रैलोक्य के आधार हो,
जय श्रीश! रत्नाकरप्रभो! अनुपम कृपा-अवतार हो |
गतराग! है विज्ञप्ति मेरी, मुग्ध की सुन लीजिए,
क्योंकि प्रभो! तुम विज्ञ हो, मुझको अभय वर दीजिए ||२||

Sansāra-du:Kha kē vaidya hō, trailōkya kē ādhāra hō,
Jaya śrīśa! Ratnākaraprabhō! Anupama kr̥pā-avatāra hō |
Gatarāga! Hai vijñapti mērī, mugdha kī suna līji'ē,
Kyōṅki prabhō! Tuma vijña hō, mujhakō abhaya vara dīji'ē ||2||

माता-पिता के सामने, बोली सुनाकर तोतली,
करता नहीं क्या अज्ञ बालक, बाल्य-वश लीलावली |
अपने हृदय के हाल को, त्यों ही यथोचित-रीति से,
मैं कह रहा हूँ आपके, आगे विनय से प्रीति से ||३||

Mātā-pitā kē sāmanē, bōlī sunākara tōtalī,
Karatā nahīṁ kyā ajña bālaka, bālya-vaśa līlāvalī |
Apanē hr̥daya kē hāla kō, tyōṁ hī yathōcita-rīti sē,
Maiṁ kaha rahā hūṁ āpakē, āgē vinaya sē prīti sē ||3||

मैंने नहीं जग में कभी कुछ, दान दीनों को दिया,
मैं सच्चरित भी हूँ नहीं, मैंने नहीं तप भी किया |
शुभ-भावनाएँ भी हुई, अब तक न इस संसार में,
मैं घूमता हूँ, व्यर्थ ही, भ्रम से भवोदधि-धार में ||४||

Mainnē nahīṁ jaga mēṁ kabhī kucha, dāna dīnōṁ kō diyā,
Maiṁ saccarita bhī hūṁ nahīṁ, mainnē nahīṁ tapa bhī kiyā |
Śubha-bhāvanā'ēṁ bhī hui, aba taka na isa sansāra mēṁ,
Maiṁ ghūmatā hūṁ, vyartha hī, bhrama sē bhavōdadhi-dhāra mēṁ ||4||

क्रोधाग्नि से मैं रात-दिन हा! जल रहा हूँ हे प्रभो !
मैं 'लोभ' नामक साँप से, काटा गया हूँ हे विभो !
अभिमान के खल-ग्राह से, अज्ञानवश मैं ग्रस्त हूँ,
किस भाँति हों स्मृत आप, माया-जाल से मैं व्यस्त हूँ ||५||

Krōdhāgni sē maiṁ rāta-dina hā! Jala rahā hūm̐ hē prabhō!
Maiṁ ‘lōbha’ nāmaka sām̐pa sē, kāṭā gayā hūm̐ hē vibhō!
Abhimāna kē khala-grāha sē, ajñānavaśa maiṁ grasta hūm̐,
Kisa bhām̐ti hōṁ smr̥ta āpa, māyā-jāla sē maiṁ vyasta hūm̐ ||5||

लोकेश! पर-हित भी किया, मैंने न दोनों लोक में,
सुख-लेश भी फिर क्यों मुझे हो, झींकता हूँ शोक में |
जग में हमारे सम नरों का, जन्म ही बस व्यर्थ है,
मानो जिनेश्वर! वह भवों की, पूर्णता के अर्थ है ||६||

Lōkēśa! Para-hita bhī kiyā, mainnē na dōnōṁ lōka mēṁ,
Sukha-lēśa bhī phira kyōṁ mujhē hō, jhīṅkatā hūm̐ śōka mēṁ |
Jaga mēṁ hamārē sama narōṁ kā, janma hī basa vyartha hai,
Mānō jinēśvara! Vaha bhavōṁ kī, pūrṇatā kē artha hai ||6||

प्रभु! आपने निज मुख-सुधा का, दान यद्यपि दे दिया,
यह ठीक है पर चित्त ने, उसका न कुछ भी फल लिया |
आनंद-रस में डूबकर, सद्वृत्त वह होता नहीं,
है वज्र-सा मेरा हृदय, कारण बड़ा बस है यही ||७||

Prabhu! Āpanē nija mukha-sudhā kā, dāna yadyapi dē diyā,
Yaha ṭhīka hai para citta nē, usakā na kucha bhī phala liyā |
Ānanda-rasa mēṁ ḍūbakara, sadvr̥tta vaha hōtā nahīṁ,
Hai vajra-sā mērā hr̥daya, kāraṇa baṛā basa hai yahī ||7||

रत्नत्रयी दुष्प्राप्य है, प्रभु से उसे मैंने लिया,
बहु-काल तक बहु-बार जब, जग का भ्रमण मैंने किया |
हा! खो गया वह भी विवश, मैं नींद आलस में रहा,
बतलाइये उसके लिए रोऊँ, प्रभो! किसके यहाँ? ||८||

span class=”green-text”>Ratnatrayī duṣprāpya hai, prabhu sē usē main nē liyā,
Bahu-kāla taka bahu-bāra jaba, jaga kā bhramaṇa main nē kiyā |
Hā! Khō gayā vaha bhī vivaśa, maiṁ nīnda ālasa mēṁ rahā,
Batalā’iyē usakē li’ē rō’ūm̐, prabhō! Kisakē yahām̐? ||8||

संसार ठगने के लिए, वैराग्य को धारण किया,
जग को रिझाने के लिए, उपदेश धर्मों का दिया |
झगड़ा मचाने के लिए, मम जीभ पर विद्या बसी,
निर्लज्ज हो कितनी उड़ाऊँ, हे प्रभो! अपनी हँसी ||९||

Sansāra ṭhaganē kē li'ē, vairāgya kō dhāraṇa kiyā,
Jaga kō rijhānē kē li'ē, upadēśa dharmōṁ kā diyā |
Jhagaṛā macānē kē li'ē, mama jībha para vidyā basī,
Nirlajja hō kitanī uṛā'ūm̐, hē prabhō! Apanī ham̐sī ||9||

परदोष को कहकर सदा, मेरा वदन दूषित हुआ,
लखकर पराई नारियों को, हा नयन दूषित हुआ |
मन भी मलिन है सोचकर, पर की बुराई हे प्रभो !
किस भाँति होगी लोक में, मेरी भलाई हे प्रभो!||१०||

Paradōṣa kō kahakara sadā, mērā vadana dūṣita hu'ā,
lakhakara parāi nāriyōṁ kō, hā nayana dūṣita hu'ā |
Mana bhī malina hai sōcakara, para kī burāi hē prabhō!
Kisa bhām̐ti hōgī lōka mēṁ, mērī bhalāi hē prabhō! ||10||

मैंने बढ़ाई निज विवशता, हो अवस्था के वशी,
भक्षक रतीश्वर से हुई, उत्पन्न जो दु:ख-राक्षसी |
हा! आपके सम्मुख उसे, अति लाज से प्रकटित किया,
सर्वज्ञ! हो सब जानते, स्वयमेव संसृति की क्रिया ||११||

Mainnē baṛhāi nija vivaśatā, hō avasthā kē vaśī,
Bhakṣaka ratīśvara sē hui, utpanna jō du:Kha-rākṣasī |
Hā! Āpakē sam'mukha usē, ati lāja sē prakaṭita kiyā,
Sarvajña! Hō saba jānatē, svayamēva sansr̥ti kī kriyā ||11||

अन्यान्य मंत्रों से परम, परमेष्ठि-मंत्र हटा दिया,
सच्छास्त्र-वाक्यों को कुशास्त्रों, से दबा मैं ने दिया |
विधि-उदय को करने वृथा, मैंने कुदेवाश्रय लिया,
है नाथ! यों भ्रमवश अहित, मैंने नहीं क्या-क्या किया ||१२||

An’yān’ya mantrōṁ sē parama, paramēṣṭhi-mantra haṭā diyā,
Sacchāstra-vākyōṁ kō kuśāstrōṁ, sē dabā main nē diyā |
Vidhi-udaya kō karanē vr̥thā, mainnē kudēvāśraya liyā,
Hai nātha! Yōṁ bhramavaśa ahita, main nē nahīṁ kyā-kyā kiyā ||12||

हा! तज दिया मैंने प्रभो ! प्रत्यक्ष पाकर आपको,
अज्ञानवश मैंने किया, फिर देखिये किस पाप को |
वामाक्षियों के राग में, रत हो सदा मरता रहा,
उनके विलासों के हृदय में, ध्यान को धरता रहा ||१३||

Hā! Taja diyā main nē prabhō! Pratyakṣa pākara āpakō,
Ajñānavaśa main nē kiyā, phira dēkhiyē kisa pāpa kō |
Vāmākṣiyōṁ kē rāga mēṁ, rata hō sadā maratā rahā,
Unakē vilāsōṁ kē hr̥daya mēṁ, dhyāna kō dharatā rahā ||13||

लखकर चपल-दृग-युवतियों, के मुख मनोहर रसमई,
जो मन-पटल पर राग भावों, की मलिनता बस गई |
वह शास्त्र-निधि के शुद्ध जल से, भी न क्यों धोई गई,
बतलाइए यह आप ही, मम बुद्धि तो खोई गई ||१४||

Lakhakara capala-dr̥ga-yuvatiyōṁ, kē mukha manōhara rasamai,
Jō mana-paṭala para rāga bhāvōṁ, kī malinatā basa gai |
Vaha śāstra-nidhi kē śud’dha jala sē, bhī na kyōṁ dhōi gai
Batalā’i’ē yaha āpa hī, mama bud’dhi tō khōi gai ||14||

मुझमें न अपने अंग के, सौन्दर्य का आभास है,
मुझमें न गुणगण हैं विमल, न कला-कलाप-विलास है |
प्रभुता न मुझ में स्वप्न को, भी चमकती है देखिये,
तो भी भरा हूँ गर्व से, मैं मूढ़ हो किसके लिए ||१५||

Mujhamēṁ na apanē aṅga kē, saundarya kā ābhāsa hai,
Mujhamēṁ na guṇagaṇa haiṁ vimala, na kalā-kalāpa-vilāsa hai |
Prabhutā na mujha mēṁ svapna kō, bhī camakatī hai dēkhiyē,
Tō bhī bharā hūm̐ garva sē, maiṁ mūṛha hō kisakē li’ē ||15||

हा! नित्य घटती आयु है, पर पाप-मति घटती नहीं,
आई बुढ़ौती पर विषय से, कामना हटती नहीं |
मैं यत्न करता हूँ दवा में, धर्म मैं करता नहीं,
दुर्मोह-महिमा से ग्रसित हूँ, नाथ! बच सकता नहीं ||१६||

Hā! Nitya ghaṭatī āyu hai, para pāpa-mati ghaṭatī nahīṁ,
Aai buṛhautī para viṣaya sē, kāmanā haṭatī nahīṁ |
Maiṁ yatna karatā hūṁ davā mēṁ, dharma maiṁ karatā nahīṁ,
Durmōha-mahimā sē grasita hūṁ, nātha! Baca sakatā nahīṁ ||16||

अघ-पुण्य को, भव-आत्म को, मैंने कभी माना नहीं,
हा! आप आगे हैं खड़े, दिननाथ से यद्यपि यहीं |
तो भी खलों के वाक्यों को, मैंने सुना कानों वृथा,
धिक्कार मुझको है गया, मम जन्म ही मानों वृथा ||१७||

Agha-puṇya kō, bhava-ātma kō, main nē kabhī mānā nahīṁ,
Hā! Āpa āgē haiṁ khaṛē, dinanātha sē yadyapi yahīṁ |
Tō bhī khalōṁ kē vākyōṁ kō, main nē sunā kānōṁ vṛthā,
Dhikkāra mujhakō hai gayā, mama janma hī mānōṁ vṛthā ||17||

सत्पात्र-पूजन देव-पूजन कुछ नहीं मैंने किया,
मुनिधर्म-श्रावकधर्म का भी, नहिं सविधि पालन किया |
नर-जन्म पाकर भी वृथा ही, मैं उसे खोता रहा,
मानो अकेला घोर वन में, व्यर्थ ही रोता रहा ||१८||

Satpātra-pūjana dēva-pūjana kucha nahīṁ mainnē kiyā,
Munidharma-śrāvakadharma kā bhī, nahiṁ savidhi pālana kiyā |
Nara-janma pākara bhī vṛthā hī, maiṁ usē khōtā rahā,
Mānō akēlā ghōra vana mēṁ, vyartha hī rōtā rahā ||18||

प्रत्यक्ष सुखकर जिन-धरम, में प्रीति मेरी थी नहीं,
जिननाथ! मेरी देखिये, है मूढ़ता भारी यही |
हा! कामधुक कल्पद्रुमादिक, के यहाँ रहते हुए,
हमने गँवाया जन्म को, धिक्कार दु:ख सहते हुए ||१९||

sukhakara jina-dharama, mēṁ prīti mērī thī nahīṁ,
Jinanātha! Mērī dēkhiyē, hai mūṛhatā bhārī yahī |
Hā! Kāmadhuka kalpadrumādika, kē yahāṁ rahatē hu'ē,
Hamanē gaṁvāyā janma kō, dhikkāra du:Kha sahatē hu'ē ||19||

मैंने न रोका रोग-दु:ख, संभोग-सुख देखा किया,
मनमें न माना मृत्यु-भय, धन-लाभ ही लेखा किया |
हा! मैं अधम युवती-जनों, का ध्यान नित करता रहा,
पर नरक-कारागार से, मन में न मैं डरता रहा ||२०||

Main nē na rōkā rōga-du:Kha, sambhōga-sukha dēkhā kiyā,
Mana mēṁ na mānā mṛtyu-bhaya, dhana-lābha hī lēkhā kiyā |
Hā! Maiṁ adhama yuvatī-janōṁ, kā dhyāna nita karatā rahā,
Para naraka-kārāgāra sē, mana mēṁ na maiṁ ḍaratā rahā ||20||

सद्वृत्ति से मन में न, मैंने साधुता ही साधिता,
उपकार करके कीर्ति भी, मैंने नहीं कुछ अर्जिता |
शुभ तीर्थ के उद्धार आदिक, कार्य कर पाये नहीं,
नर-जन्म पारस-तुल्य निज मैंने गँवाये व्यर्थ ही ||२१||

Sadvṛtti sē mana mēṁ na, main nē sādhutā hī sādhitā,
Upakāra karakē kīrti bhī, main nē nahīṁ kucha arjitā |
Śubha tīrtha kē ud'dhāra ādika, kārya kara pāyē nahīṁ,
Nara-janma pārasa-tulya nija mainnē gaṁvāyē vyartha hī ||21||

शास्त्रोक्त-विधि वैराग्य भी, करना मुझे आता नहीं,
खल-वाक्य भी गतक्रोध हो, सहना मुझे आता नहीं |
अध्यात्म-विद्या है न मुझमें, है न कोई सत्कला,
फिर देव! कैसे यह भवोदधि, पार होवेगा भला? ||२२||

Śāstrōkta-vidhi vairāgya bhī, karanā mujhē ātā nahīṁ,
Khala-vākya bhī gatakrōdha hō, sahanā mujhē ātā nahīṁ |
Adhyātma-vidyā hai na mujha mēṁ, hai na kōi satkalā,
Phira dēva! Kaisē yaha bhavōdadhi, pāra hōvēgā bhalā? ||22||

सत्कर्म पहले-जन्म में, मैंने किया कोई नहीं,
आशा नहीं जन्मान्य में, उसको करूँगा मैं कहीं |
इस भाँति का यदि हूँ जिनेश्वर! क्यों न मुझको कष्ट हों
संसार में फिर जन्म तीनों, क्यों न मेरे नष्ट हों? ||२३||

Satkarma pahalē-janma mēṁ, main nē kiyā kōi nahīṁ,
Aśā nahīṁ janmān'ya mēṁ, usakō karūm̐gā maiṁ kahīṁ |
Isa bhām̐ti kā yadi hūm̐ jinēśvara! Kyōṁ na mujhakō kaṣṭa hōṁ
Sansāra mēṁ phira janma tīnōṁ, kyōṁ na mērē naṣṭa hōṁ? ||23||

हे पूज्य! अपने चरित को, बहुभाँति गाऊँ क्या वृथा,
कुछ भी नहीं तुमसे छिपी, है पापमय मेरी कथा |
क्योंकि त्रिजग के रूप हो, तुम ईश, हो सर्वज्ञ हो,
पथ के प्रदर्शक हो तुम्हीं, मम चित्त के मर्मज्ञ हो ||२४||

Hē pūjya! Apanē carita kō, bahubhām̐ti gā'ūm̐ kyā vr̥thā,
Kucha bhī nahīṁ tumasē chipī, hai pāpamaya mērī kathā |
Kyōṅki trijaga kē rūpa hō, tuma iśa, hō sarvajña hō,
Patha kē pradarśaka hō tumhīṁ, mama citta kē marmajña hō ||24||

दीनोद्धारक धीर हे प्रभु! आप-सा नहीं अन्य है,
कृपा-पात्र भी नाथ! न, मुझ-सा कहीं अवर है |
तो भी माँगूं नहीं धान्य धन कभी भूलकर,
अर्हन्! प्राप्त होवे केवल, बोधिरत्न ही मंगलकर ||२५||

Dīnōd'dhāraka dhīra hē prabhu! Āpa-sā nahīṁ an'ya hai,
Kr̥pā-pātra bhī nātha! Na, mujha-sā kahīṁ avara hai |
Tō bhī mām̐gūṁ nahīṁ dhān'ya dhana kabhī bhūlakara,
Ar'han! Prāpta hōvē kēvala, bōdhiratna hī maṅgalakara ||25||

(दोहा)
श्री रत्नाकर गुणगान यह, दुरित-दु:ख सबके हरे |
बस एक यही है प्रार्थना, मंगलमय जग को करे ||

(Dōhā)
Srī ratnākara guṇagāna yaha, durita-du:Kha sabakē harē |
Basa ēka yahī hai prārthanā, maṅgalamaya jaga kō karē ||

भूपाल चतुर्विंशतिका) हिन्दी (Bhūpāla Chaturvinśatikā (Hindī)

मूल संस्कृत-काव्य कवि भूपाल की रचना है। इसमें अलंकार की अनुपम-छटा छिटक रही है। भूपाल 11-12वीं शताब्दी के उच्चकोटि के कवि हैं। उनका अधिक परिचय प्राप्त नहीं है। इस हिंदी अनुवाद का उपकार कविश्री भूधरदास द्वारा हुआ है |

Mool sanskṛta-kāvya kavi bhūpāla kī racanā hai. Isamēṁ alaṅkāra kī anupama-chaṭā chiṭaka rahī hai. Bhūpāla 11-12vīṁ śatābdī kē uccakōṭi kē kavi haiṁ. Unakā adhika paricaya prāpta nahīṁ hai | is hindi anuvaad ka upakaara Kaviśrī Bhūdharadāsa dwara hua hai.

(दोहा)
सकल सुरासुर-पूज्य नित, सकलसिद्धि-दातार |
जिन-पद वंदूँ जोर कर, अशरन-जन-आधार ||

(Dōhā)
Sakala surāsura-pūjya nita, sakalasid'dhi-dātāra |
Jina-pada vandūm̐ jōra kara, aśarana-jana-ādhāra ||

(चौपाई)
श्री सुख-वास-मही कुलधाम, कीरति-हर्षण-थल अभिराम |
सरसुति के रतिमहल महान्, जय-जुवती को खेलन-थान ||
अरुण वरण वाँछित वरदाय, जगत्-पूज्य ऐसे जिन पाय |
दर्शन प्राप्त करे जो कोय, सब शिवनाथ सो जन होय ||१||

(Caupā'i)
Srī sukha-vāsa-mahī kuladhāma, kīrati-harṣaṇa-thala abhirāma |
Sarasuti kē ratimahala mahān, jaya-juvatī kō khēlana-thāna ||
Aruṇa varaṇa vāṁchita varadāya, jagat-pūjya aisē jina pāya |
Darśana prāpta kare jō kōya, saba śivanātha sō jana hōya ||1||

निर्विकार तुम सोम शरीर, श्रवण सुखद वाणी गम्भीर |
तुम आचरण जगत् में सार, सब जीवन को है हितकार ||
महानिंद भव मारु देश, तहाँ तुंग तरु तुम परमेश |
सघन-छाँहि-मंडित छवि देत, तुम पंडित सेवें सुख-हेत ||२||
Nirvikāra tuma sōma śarīra, śravaṇa sukhada vāṇī gabhbhīra |
Tuma ācaraṇa jagat mēṁ sāra, saba jīvana kō hai hitakāra ||
Mahāninda bhava māru dēśa, tahāṁ tuṅga taru tuma paramēśa |
Saghana-chāṁhi-maṇḍita chavi dēta, tuma paṇḍita sēveṁ sukha-hēta ||2||

गर्भकूपतें निकस्यो आज, अब लोचन उघरे जिनराज |
मेरो जन्म सफल भयो अबै, शिवकारण तुम देखे जबै ||
जग-जन-नैन-कमल-वनखंड, विकसावन शशि शोक विहंड |
आनंदकरन प्रभा तुम तणी, सोई अमी झरन चाँदणी ||३||
Garbhakūpateṁ nikasyo āja, aba lōcana ugharē jinarāja |
Mērō janma saphala bhayō abai, śivakāraṇa tuma dēkhē jabai ||
Jaga-jana-naina-kamala-vanakhaṇḍa, vikasāvana śaśi śōka vihaṇḍa |
Ānandakarana prabhā tuma taṇī, sō'i amī jharana cāṁdaṇī ||3||

सब सुरेन्द्र शेखर शुभ रैन, तुम आसन तट माणक ऐन |
दोऊँ दुति मिल झलकें जोर, मानों दीपमाल दुहँ ओर ||
यह संपति अरु यह अनचाह, कहाँ सर्वज्ञानी शिवनाह |
ता तें प्रभुता है जगमाँहिं, सही असम है संशय नाहिं ||४||

Saba surēndra śēkhara śubha raina, tuma āsana taṭa māṇaka aina |
Dō'ūṁ duti mila jhalakeṁ jōra, mānōṁ dīpamāla duhaṁ ōra ||
Yaha sampati aru yaha anacāha, kahāṁ sarvajñānī śivanāha |
Tā teṁ prabhutā hai jagamāṁhiṁ, sahī asama hai sanśaya nāhiṁ ||4||

सुरपति आन अखंडित बहै, तृण जिमि राज तज्यो तुम वहै |
जिन छिन में जगमहिमा दली, जीत्यो मोहशत्रु महाबली ||
लोकालोक अनंत अशेख, कीनो अंत ज्ञानसों देख |
प्रभु-प्रभाव यह अद्भुत सबै, अवर देव में भूल न फबै ||५||
Surapati āna akhaṇḍita bahai, tṛṇa jiṁi rāja tajyō tuma vahai |
Jina china mēṁ jagamahimā dalī, jītyō mōhaśatru mahābalī ||
Lōkālōka ananta aśēkha, kīnō anta jñānasōṁ dēkha |
Prabhu-prabhāva yaha adbhuta sabai, avara dēva mēṁ bhūla na phabai ||5||

पात्रदान तिन दिन-दिन दियो, तिन चिरकाल महातप कियो |
बहुविध पूजाकारक वही, सर्व शील पाले उन सही ||
और अनेक अमल गुणरास, प्रापति आय भये सब तास |
जिन तुम सरधा सों कर टेक ,दृग-वल्लभ देखे छिन एक ||६||
Pātradāna tina dina-dina diyō, tina cirakāla mahātapa kiyō |
Bahuvidha pūjākāraka vahī, sarva śīla pālē una sahī ||
Aura anēka amala guṇarāsa, prāpati āya bhayē saba tāsa |
Jina tuma saradhā sōṁ kara ṭēka,dṛga-vallabha dēkhē china ēka ||6||

त्रिजग-तिलक तुम गुणगण जेह, भवन-भुजंग-विषहर-मणि तेह |
जो उर-कानन माँहि सदीव, भूषण कर पहरे भवि-जीव ||
सोई महामती संसार, सो श्रुतसागर पहुँचे पार |
सकल-लोक में शोभा लहैं, महिमा जाग जगत् में वहै ||७||
Trijaga-tilaka tuma guṇagaṇa jēha, bhavana-bhujaṅga-viṣahara-maṇi tēha |
Jō ura-kānana māṁhi sadīva, bhūṣaṇa kara paharai bhavi-jīva ||
Sō'i mahāmatī sansāra, sō śrutasāgara pahuṁcē pāra |

Sakala-lōka mēṁ śōbhā lahaiṁ, mahimā jāga jagat mēṁ vahai ||7||

(दोहा)

सुर-समूह ढोरें चमर, चंदकिरण-द्युति जेम |

नवतन-वधू-कटाक्षतें, चपल चलैं अति एम ||

छिन-छिन ढलकें स्वामि पर, सोहत ऐसो भाव |

किधौं कहत सिधि-लच्छि सों, जिनपति के ढिंग आव ||८||

(Dōhā)

Sura-samūha ḍhōreṁ camara, candakiraṇa-dyuti jēma |
Navatana-vadhū-kaṭākṣateṁ, capala calaiṁ ati ēma ||
China-china ḍhalakeṁ svāmi para, sōhata aisō bhāva |
Kidhauṁ kahata sidhi-lacchi sōṁ, jinapati kē ḍhiṅga āva ||8||

(चौपाई छन्द १५ मात्रा)

शीश छत्र सिंहासन तलै, दिपै देह दुति चामर ढुरैं |

बाजे दुंदुभि बरसैं फूल, ढिंग अशोक वाणी सुखमूल ||

इहविधि अनुपम शोभा मान, सुर-नर सभा पदमनी भान |

लोकनाथ वंदें सिरनाय, सो हम शरण होहु जिनराय ||९||

(Caupā'i chanda 15 mātrā)

Sīśa chatra sinhāsana talai, dipai dēha duti cāmara ḍhalaiṁ |
Bājē dundubhi barasaiṁ phūla, ḍhiṅga aśōka vāṇī sukhamūla ||
Ihavidhi anupama śōbhā māna, sura-nara sabhā padamanī bhāna |
Lōkanātha vandeṁ siranāya, sō hama śaraṇa hōhu jinarāya ||9||

सुर-गजदंत कमल-वन-माँहिं, सुरनारी-गण नाचत जाँहि |

बहुविधि बाजे बाजैं थोक, सुन उछाह उपजै तिहुँलोक ||

हर्षत हरि जै जै उच्चरै, सुमनमाल अपछर कर धरै |

यों जन्मादि समय तुम होय, जयो देव देवागम सोय ||१०||

Sura-gajadanta kamala-vana-māṁhiṁ, suranārī-gaṇa nācata jāṁhi |
Bahuvidhi bājē bājaiṁ thōka, suna uchāha upajai tihuṁlōka ||

Harṣata hari jai jai uccarai, sumanamāla apachara kara dharai |
Yōṁ janmādi samaya tuma hōya, jayō dēva dēvāgama sōya ||10||

तोष बढ़ावन तुम मुखचंद, जन नयनामृत करन अमंद |
सुन्दर दुतिकर अधिक उजास, तीन भुवन नहिं उपमा तास ||
ताहि निरखि सनयन हम भये, लोचन आज सुफल कर लये |
देखन-योग जगत् में देख, उमग्यो उर आनंद-विशेष ||११||

Tōṣa baṛhāvana tuma mukhacanda, jana nayanāmr̥ta karana Amanda |
Sundara dutikara adhika ujāsa, tīna bhuvana nahiṁ upamā tāsa ||
Tāhi nirakhi sanayana hama bhayē, lōcana āja suphala kara layē |
Dēkhana-yōga jagat mēṁ dēkha, umagyō ura ānanda-viśēṣa ||11||

कैयक यों मानैं मतिमंद, विजित-काम विधि-ईश मुकंद |
ये तो हैं वनिता-वश दीन, काम-कटक-जीतन-बलहीन ||
प्रभु आगैं सुर-कामिनि करैं, ते कटाक्ष सब खाली परैं |
यातैं मदन-विध्वंसन वीर, तुम भगवंत और नहिं धीर ||१२||

Kaiyaka yōṁ mānaiṁ matimanda, vijita-kāma vidhi-iśa mukanda |
Yē tō haiṁ vanitā-vaśa dīna, kāma-kaṭaka-jītana-balahīna ||
Prabhu āgaiṁ sura-kāmini karaiṁ, tē kaṭākṣa saba khālī paraiṁ |
Yātaiṁ madana-vidhvansana vīra, tuma bhagavanta aura nahiṁ dhīra ||12||

दर्शन-प्रीति हिये जब जगी, तबै आम्र-कोपल बहु लगी |
तुम समीप उठ आवन ठयो, तब सों सघन प्रफुल्लित भयो ||
अबहूँ निज नैनन ढिंग आय, मुख मयंक देख्यो जगराय |
मेरो पुन्य विरख इहबार, सुफल फल्यो सब सुखदातार ||१३||

Darśana-prīti hiyē jaba jagī, tabai āmra-kōpala bahu lagī |
Tuma samīpa uṭha āvana ṭhayō, taba sōṁ saghana praphullita bhayō ||
Abahūṁ nija nainana ḍhiṅga āya, mukha mayaṅka dēkhyō jagarāya |
Mērō pun'ya virakha ihabāra, suphala phalyō saba sukhadātāra ||13||

(दोहा)

त्रिभुवन-वन में विस्तरी, काम-दावानल जोर |

वाणी-वरषाभरण सों, शांति करहु चहुँ ओर ||

इंद्र मोर नाचै निकट, भक्ति भाव धर मोह |

मेघ सघन चौबीस जिन, जैवंते जग होय ||१४||

(Dōhā)

Tribhuvana-vana mēṁ vistarī, kāma-dāvānala jōra |
Vāṇī-varaṣābharaṇa sōṁ, śānti karahu cahuṁ ōra ||
Indra mōra nācai nikaṭa, bhakti bhāva dhara mōha |
Mēgha saghana caubīsa jina, jaivantē jaga hōya ||14||

(चौपाई)

भविजन-कुमुदचंद सुखदैन, सुर-नरनाथ प्रमुख-जग जैन |

ते तुम देख रमैं इह भाँत, पहुप गेह लह ज्यों अलि पाँत ||

सिर धर अंजुलि भक्ति समेत, श्रीगृह प्रति परिदक्षण देत |

शिवसुख की सी प्रापति भई, चरण छाँहसों भव-तप गई ||१५||

(Caupāi)

Bhavijana-kumudacanda sukhadaina, sura-naranātha pramukha-jaga jaina |
Tē tuma dēkha ramaiṁ iha bhāṁta, pahupa gēha laha jyōṁ ali pāṁta ||
Sira dhara añjuli bhakti samēta, śrīgṛha prati paridakṣaṇa dēta |
Śivasukha kī sī prāpati bhai, caraṇa chāṁhasōṁ bhava-tapa gai ||15||

वह तुम-पद-नख-दर्पण देव, परम पूज्य सुन्दर स्वयमेव |

तामें जो भवि भाग विशाल, आनन अवलोकै चिरकाल ||

कमला की रति काँति अनूप, धीरज प्रमुख सकल सुखरूप |

वे जग मंगल कौन महान्, जो न लहै वह पुरुष प्रधान ||१६||

Vaha tuma-pada-nakha-darpaṇa dēva, parama pūjya sundara svayamēva |
Tāmēṁ jō bhavi bhāga viśāla, ānana avalōkai cirakāla ||
Kamalā kī rati kāṁti anūpa, dhīraja pramukha sakala sukharūpa |
Vē jaga maṅgala kauna mahān, jō na lahai vaha puruṣa pradhāna ||16||

इंद्रादिक श्रीगंगा जेह, उत्पति थान हिमाचल येह |
जिन-मुद्रा-मंडित अति-लसै, हर्ष होय देखे दु:ख नसै ||
शिखर ध्वजागण सोहैं एम, धर्म सुतरुवर पल्लव जेम |
यों अनेक उपमा-आधार, जयो जिनेश जिनालय सार ||१७||

Indrādika śrīgaṅgā jēha, utpati thāna himācala yēha |
Jina-mudrā-maṇḍita ati-lasai, harṣa hōya dēkhē du:Kha nasai ||
Śikhara dhvajāgaṇa sōhaiṁ ēma, dharma sutaruvara pallava jēma |
Yōṁ anēka upamā-ādhāra, jayō jinēśa jinālaya sāra ||17||

शीस नवाय नमत सुरनार, केश-कांति-मिश्रित मनहार |
नख-उद्योत-वरतैं जिनराज, दशदिश-पूरित किरण-समाज ||
स्वर्ग-नाग-नर नायक संग, पूजत पाय-पद्म अतुलंग |
दुष्ट कर्मदल दलन सुजान, जैवंतो वरतो भगवान् ||१८||

Śīsa navāya namata suranāra, kēśa-kānti-miśrita manahāra |
Nakha-udyōta-varataiṁ jinarāja, daśadiśa-pūrita kiraṇa-samāja ||
Svarga-nāga-nara nāyaka saṅga, pūjata pāya-padma atulaṅga |
Duṣṭa karmadala dalana sujāna, jaivantō varatō bhagavān ||18||

सो कर जागै जो धीमान, पंडित सुधी सुमुख गुणगान |
आपन मंगल-हेत प्रशस्त, अवलोकन चाहैं कछु वस्त ||
और वस्तु देखें किस काज, जो तुम मुख राजै जिनराज |
तीन-लोक को मंगल-थान, प्रेक्षणीय तिहुँ जग-कल्यान ||१९||

Sō kara jāgai jō dhīmāna, paṇḍita sudhī sumukha guṇagāna |
Āpana maṅgala-hēta praśasta, avalōkana cāhaiṁ kachu vasta ||
Aura vastu dēkhēṁ kisa kāja, jō tuma mukha rājai jinarāja |
Tīna-lōka kō maṅgala-thāna, prēkṣaṇīya tihuṁ jaga-kalyāna ||19||

धर्मोदय तापस-गृह कीर, काव्यबंध वन पिक तुम वीर |
मोक्ष-मल्लिका मधुप रसाल, पुन्यकथा कज सरसि मराल ||
तुम जिनदेव सुगुण मणिमाल, सर्व-हितंकर दीनदयाल |
ताको कौन न उन्नतकाय, धरै किरीट-मांहि हर्षाय ||२०||

Dharmōdaya tāpasa-gr̥ha kīra, kāvyabandha vana pika tuma vīra |
Mōkṣa-mallikā madhupa rasāla, pun'yakathā kaja sarasi marāla ||
Tuma jinadēva suguṇa maṇimāla, sarva-hitaṅkara dīnadayāla |
Tākō kauna na unntakāya, dharai kirīṭa-mānhi harṣāya ||20||

केई वाँछैं शिवपुर-वास, केई करैं स्वर्ग सुख आस |
पचै पंचानल आदिक ठान, दु:ख बँधै जस बँधै अयान ||
हम श्रीमुख-वानी अनुभवैं, सरधा पूरव हिरदै ठवैं |
तिस प्रभाव आनंदित रहैं, स्वर्गादि सुख सहजे लहैं ||२१||
Kēi vām̐chaiṁ śivapura-vāsa, kēi karaiṁ svarga sukha āsa |
Pacai pañcānala ādika ṭhāna, du:Kha bam̐dhai jasa bam̐dhai ayāna ||
Hama śrīmukha-vānī anubhavain, saradhā pūrava hiradai ṭhavaiṁ |
Tisa prabhāva ānandita rahaiṁ, svargādi sukha sahajē lahaiṁ ||21||

न्होन महोच्छव इन्द्रन कियो, सुरतिय मिल मंगल पढ़ लियो |
सुयश शरद-चंद्रोपम सेत, सो गंधर्व गान कर लेत ||
और भक्ति जो जो जिस जोग, शेष सुरन कीनी सुनियोग |
अब प्रभु करैं कौन-सी सेव, हम चित भयो हिंडोला एव ||२२||
Nhōna mahōcchava indrana kiyō, suratiya mila maṅgala paṛha liyō |
Suyaśa śarada-candrōpama sēta, sō gandharva gāna kara lēta ||
Aura bhakti jō jō jisa jōga, śēṣa surana kīnī suniyōga |
Aba prabhu karaiṁ kauna-sī sēva, hama cita bhayō hiṇḍōlā ēva ||22||

जिनवर-जन्मकल्यानक द्योस, इंद्र आप नाचै खो होस |
पुलकित अंग पिता-घर आय, नाचत विधि में महिमा पाय ||
अमरी बीन बजावै सार, धरी कुचाग्र करत झँकार |
इहिविधि कौतुक देख्यो जबै, औसर कौन कह सकै अबै ||२३||
Jinavara-janmakalyānaka dyōsa, indra āpa nācai khō hōsa |
Pulakita aṅga pitā-ghara āya, nācata vidhi mēṁ mahimā pāya ||
Amarī bīna bajāvai sāra, dharī kucāgra karata jham̐kāra |
Ihividhi kautuka dēkhyō jabai, ausara kauna kaha sakai abai ||23||

श्रीपति-बिंब मनोहर एम, विकसत वदन कमलदल जेम |
ताहि हेर हरखे दृग दोय, कह न सकूँ इतनो सुख होय ||
तब सुर-संग कल्यानक-काल, प्रगटरूप जावै जगपाल |
इकटक दृष्टि एक चितलाय, वह आनंद कहा क्यों जाय ||२४||

Śrīpati-bimba manōhara ēma, vikasata vadana kamaladala jēma |
Tāhi hēra harakhē dṛga dōya, kaha na sakūm̐ itanō sukha hōya ||
Taba sura-saṅga kalyānaka-kāla, pragaṭarūpa jāvai jagapāla |
Ikaṭaka dṛṣṭi ēka citalāya, vaha ānanda kahā kyōṁ jāya ||24||

देख्यो देव रसायन-धाम, देख्यो नव-निधि को विसराम |
चिंतारयन सिद्धिरस अबै, जिनगृह देखत देखे सबै ||
अथवा इन देखे कछु नाहिं, यम अनुगामी फल जगमाँहिं |
स्वामी सरयो अपूरव काज, मुक्ति समीप भई मुझ आज ||25||

Dēkhyō dēva rasāyana-dhāma, dēkhyō nava-nidhi kō visarāma |
Cintārayana sid'dhirasa abai, jinagṛha dēkhata dēkhē sabai ||
Athavā ina dēkhē kachu nāhiṁ, yama anugāmī phala jagamām̐hiṁ |
Svāmī sarayō apūrava kāja, mukti samīpa bhai mujha āja ||25||

अब विनवै भूपाल नरेश, देखे जिनवर हरन कलेश |
नेत्र कमल विकसे जगचंद्र, चतुर चकोर करण आनंद ||
थुति जल सोंयों पावन भयो, पाप-ताप मेरो मिट गयो |
मो चित है तुम चरणन-माहिं, फिर दर्शन हूज्यो अब जाहिं ||२६||

Aba vinavai bhūpāla narēśa, dēkhē jinavara harana kalēśa |
Nētra kamala vikasē jagacandra, catura cakōra karaṇa ānanda ||
Thuti jala soṁ yōṁ pāvana bhayō, pāpa-tāpa mērō miṭa gayō |
Mō cita hai tuma caraṇana-māhiṁ, phira darśana hūjyō aba jāhiṁ ||26||

(छप्पय छन्द)

इहिविधि बुद्धिविशाल राय भूपाल महाकवि |
कियो ललित-थुति-पाठ हिये सब समझ सकै नवि ||
टीका के अनुसार अर्थ कछु मन में आयो |
कहीं शब्द कहिं भाव जोड़ भाषा जस गायो ||

आतम पवित्र-कारण किमपि, बाल-ख्याल सो जानियो |
लीज्यो सुधार 'भूधर' तणी, यह विनती बुध मानियो ||२७||

(Chappaya chanda)

Ihividhi bud'dhiviśāla rāya bhūpāla mahākavi |
Kiyō lalita-thuti-pāṭha hiyē saba samajha sakai navi ||
Ṭīkā kē anusāra artha kachu mana mēṁ āyō |
Kahīṁ śabda kahiṁ bhāva jōṛa bhāṣā jasa gāyō ||
Ātama pavitra-kāraṇa kimapi, bāla-khyāla sō jāniyō |
Lījyō sudhāra 'bhūdhara' taṇī, yaha vinatī budha māniyō ||27||

विषापहार स्तोत्र (हिंदी अनुवाद) *Viṣāpahāra Stōtra (hindī anuvāda)*

संस्कृत रचना 'विषापहार स्तोत्र' के रचयिता 'महाकवि धनञ्जय' सुप्रसिद्ध द्विसंधान काव्यशैली के कर्ता थे। इस शैली के प्रत्येक पद्य के दो अर्थ होते हैं। पहला रामायण से सम्बन्धित और दूसरा महाभारत से। इसी कारण इस शैली को 'राघव-पांडवीय' भी कहते हैं। 'काव्यमीमांसा' जैसे महान ग्रन्थ के कर्ता राजशेखर ने धनंजय की बड़ी प्रशंसा की है। आपकी एक रचना 'धनंजय नाममाला' एक महत्त्वपूर्ण शब्दकोष है। धनंजय का समय विद्वानों ने आठवीं शताब्दी निश्चित किया है।

इस विषापहार-स्तोत्र में भगवान् ऋषभदेव की स्तुति है। यह स्तुति गंभीर, प्रौढ़ और अनूठी उक्तियों से भरपूर है। यह ग्रन्थ कवि की चतुराई से भरा हुआ है। हृदय-समुद्र को मथकर निकाला हुआ अमृत है। इसमें शब्दों का माधुर्य एवं अर्थों का गांभीर्य देखने को मिलता है। इस काव्य में स्थान-स्थान पर अलंकारों की छटा छिटकी हुई है।

एक बार कविराज धनंजय पूजन में लीन थे। उनके सुपुत्र को सर्प ने डस लिया। घर से कई बार समाचार आने पर भी वह निस्पृह-भाव से पूजन में पूर्णतया तन्मय रहे और पुत्र की कोई सुध नहीं ली। बच्चे को विष चढ़ रहा था, उनकी पत्नी ने कुपित होकर बच्चे को मंदिर में उनके सामने लाकर रख दिया। पूजन से निवृत्त होकर उन्होंने तत्काल भगवान् के सन्मुख ही विषापहार-स्तोत्र की रचना की, इधर स्तोत्र की रचना हो रही थी, उधर पुत्र का विष उतर रहा था। स्तोत्र पूरा होते होते बालक निर्विष होकर उठ बैठा । इससे धर्म की अपूर्व-प्रभावना हुई। श्रद्धा और मनोयोग-पूर्वक इसके पाठ से सुख-शांति मिलती है और सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं।

Sanskṛta racana 'Viṣāpahāra stōtra' kē racayitā 'mahākavi dhanañjaya' suprasid'dha dvisandhāna kāvyaśailī kē kartā thē. Isa śailī kē pratyēka padya kē dō artha hōtē haiṁ. Pahalā rāmāyaṇa sē sambandhita aura dūsarā mahābhārata sē. Isī kāraṇa isa śailī kō 'rāghava-pāṇḍavīya' bhī kahatē haiṁ. 'Kāvyamīmānsā' jaisē mahān grantha kē kartā rājaśēkhara nē dhanañjaya kī baṛī praśansā kī hai. Āpakī ēka racanā 'dhanañjaya nāmamālā' ēka mahattvapūrṇa śabdakōṣa hai. Dhanañjaya kā samaya vidvānōṁ nē āṭhavīṁ śatābdī niścita kiyā hai.

Isa viṣāpahāra-stōtra mēṁ bhagavān ṛṣabhadēva kī stuti hai. Yaha stuti gambhīra, prauṛha aura anūṭhī uktiyōṁ sē bharapūra hai. Yaha grantha kavi kī caturā'i sē bharā hu'ā hai. Hṛdaya-samudra kō mathakara nikālā hu'ā amṛta hai. Isa mēṁ śabdōṁ kā mādhurya ēvaṁ arthōn kā gāmbhīrya dēkhanē kō milatā hai. Isa kāvya mēṁ sthāna-sthāna para alaṅkārōṁ kī chaṭā chiṭakī hu'i hai.

Ēka bāra kavirāja dhanañjaya pūjana mēṁ līna thē. Unakē suputra kō sarpa nē ḍasa liyā. Ghara sē ka'i bāra samācāra ānē para bhī vaha nispṛha-bhāva sē pūjana mēṁ pūrṇatayā tanmaya rahē aura putra kī kr'i sudha nahīṁ lī. Baccē kō viṣa caṛha rahā thā, unakī patnī nē kupita hōkara baccē kō mandira mēṁ unakē sāmanē lākara rakha diyā. Pūjana sē nivṛtta hōkara unhōnnē tatkāla bhagavān kē sanmukha hī viṣāpahāra-stōtra kī racanā kī, idhara stōtra kī racanā hō rahī thī, udhara putra kā viṣa utara rahā thā. Stōtra pūrā hōtē hōtē bālaka nirviṣa hōkara uṭha baiṭhā. Isasē dharma kī apūrva-prabhāvanā hu'i. Śrad'dhā aura manōyōga-pūrvaka isakē pāṭha sē sukha-śānti milatī hai aura sārē manōratha pūrṇa hōtē haiṁ |

(दोहा)

नमौं नाभिनंदन बली, तत्त्व-प्रकाशनहार |

चतुर्थकाल की आदि में, भये प्रथम-अवतार ||

(Dōhā)
Namauṁ nābhinandana balī, tattva-prakāśanahāra |
Caturthakāla kī ādi mēṁ, bhayē prathama-avatāra ||

(रोला छन्द)

निज-आतम में लीन ज्ञानकरि व्यापत सारे |
जानत सब व्यापार संग नहिं कछु तिहारे ||
बहुत काल के हो पुनि जरा न देह तिहारी |
ऐसे पुरुष पुरान करहु रक्षा जु हमारी ||१||

(Rōlā chanda)
Nija-ātama mēṁ līna jñānakari vyāpata sārē |
Jānata saba vyāpāra saṅga nahiṁ kachu tihārē ||
Bahuta kāla kē hō puni jarā na dēha tihārī |
Aisē puruṣa purāna karahu rakṣā ju hamārī ||1||

पर करि के जु अचिंत्य भार जग को अति भारो |
सो एकाकी भयो वृषभ कीनों निसतारो ||
करि न सके जोगिंद्र स्तवन मैं करिहों ताको |
भानु प्रकाश न करै दीप तम हरै गुफा को ||२||
Para kari kē ju acintya bhāra jaga kō ati bhārō |
Sō ēkākī bhayō vr̥ṣabha kīnōṁ nisatārō ||
Kari na sakē jōgindra stavana maiṁ karihōṁ tākō |
Bhānu prakāśa na karai dīpa tama harai guphā kō ||2||

स्तवन करन को गर्व तज्यो सक्री बहुज्ञानी |
मैं नहिं तजौं कदापि स्वल्प ज्ञानी शुभध्यानी ||
अधिक अर्थ का कहूँ यथाविधि बैठि झरोके |
जालांतर धरि अक्ष भूमिधर को जु विलोके ||३||

Stavana karana kō garva tajyō sakrī bahujñānī |
Maiṁ nahiṁ tajauṁ kadāpi svalpa jñānī śubhadhyānī ||
Adhika artha kā kahūm̐ yathāvidhi baiṭhi jharōkē |
Jālāntara dhari akṣa bhūmidhara kō ju vilōkē ||3||

सकल जगत् को देखत अर सबके तुम ज्ञायक |
तुमको देखत नाहिं नाहिं जानत सुखदायक ||
हो किसाक तुम नाथ और कितनाक बखानें |
तातें थुति नहिं बने असक्ती भये सयाने ||४||
Sakala jagat kō dēkhata ara sabakē tuma jñāyaka |
Tumakō dēkhata nāhiṁ nāhiṁ jānata sukhadāyaka ||
Hō kisāka tuma nātha aura kitanāka bakhānēṁ |
Tātēṁ thuti nahiṁ banē asaktī bhayē sayānē ||4||

बालकवत निज दोष थकी इहलोक दु:खी अति |
रोगरहित तुम कियो कृपाकरि देव भुवनपति ||
हित अनहित की समझ नाहिं हैं मंदमती हम |
सब प्राणिन के हेत नाथ तुम बाल-वैद सम ||५||
Bālakavata nija dōṣa thakī ihalōka du:Khī ati |
Rōgarahita tuma kiyō kr̥pākari dēva bhuvanapati ||
Hita anahita kī samajha nāhiṁ haiṁ mandamatī hama |
Saba prāṇina kē hēta nātha tuma bāla-vaida sama ||5||

दाता हरता नाहिं भानु सबको बहकावत |
आज-कल के छल करि नितप्रति दिवस गुमावत ||
हे अच्युत! जो भक्त नमें तुम चरन कमल को |
छिनक एक में आप देत मनवाँछित फल को ||६||
Dātā haratā nāhiṁ bhānu sabakō bahakāvata |
Āja-kala kē chala kari nitaprati divasa gumāvata ||
Hē acyuta! Jō bhakta namēṁ tuma carana kamala kō |
Chinaka ēka mēṁ āpa dēta manavāṁchita phala kō ||6||

तुम सों सन्मुख रहै भक्ति सों सो सुख पावे |
जो सुभावतें विमुख आपतें दु:खहि बढ़ावै ||
सदा नाथ अवदात एक द्युतिरूप गुसांई |
इन दोन्यों के हेत स्वच्छ दरपणवत् झाँई ||७||

Tuma sōṁ sanmukha rahai bhakti sōṁ sō sukha pāvē |
Jō subhāvataiṁ vimukha āpataiṁ du:Khahi baṛhāvai ||
Sadā nātha avadāta ēka dyutirūpa gusā'in |
Ina dōn'yōṁ kē hēta svaccha darapaṇavat jhāim' ||7||

है अगाध जलनिधी समुद्र जल है जितनो ही |
मेरु तुंग सुभाव सिखरलों उच्च भन्यो ही ||
वसुधा अर सुरलोक एहु इस भाँति सई है |
तेरी प्रभुता देव भुवन कूं लंघि गई है ||८||

Hai agādha jalanidhī samudra jala hai jitanō hī |
Mēru tuṅga subhāva sikharalōṁ ucca bhan'yō hī ||
Vasudhā ara suralōka ēhu isa bhāṁti sa'i hai |
Tērī prabhutā dēva bhuvana kūṁ laṅghi ga'i hai ||8||

है अनवस्था धर्म परम सो तत्त्व तुमारे |
कह्यो न आवागमन प्रभू मत माँहिं तिहारे ||
इष्ट पदारथ छाँड़ि आप इच्छति अदृष्ट कौं |
विरुधवृत्ति तव नाथ समंजस होय सृष्ट कौं ||९||

Hai anavasthā dharma parama sō tattva tumārē |
Kahyō na āvāgamana prabhū mata māṁhiṁ tihārē ||
Iṣṭa padāratha chāṁṛi āpa icchati adr̥ṣṭa kauṁ |
Virudhavr̥tti tava nātha samañjasa hōya sr̥ṣṭa kauṁ ||9||

कामदेव को किया भस्म जगत्राता थे ही |
लीनी भस्म लपेटि नाम संभू निजदेही ||
सूतो होय अचेत विष्णु वनिताकरि हार्यो |
तुम को काम न गहे आप घट सदा उजार्यो ||१०||

Kāmadēva kō kiyā bhasma jagatrātā thē hī |
Līnī bhasma lapēṭi nāma sambhū nijadēhī ||
Sūtō hōya acēta viṣṇu vanitākari hāryō |
Tuma kō kāma na gahē āpa ghaṭa sadā ujāryō ||10||

पापवान वा पुन्यवान सो देव बतावे |
तिनके औगुन कहे नाहिं तू गुणी कहावे ||
निज सुभावतैं अंबु-राशि निज महिमा पावे |
स्तोक सरोवर कहे कहा उपमा बढ़ि जावे ||११||
Pāpavāna vā pun'yavāna sō dēva batāvē |
Tinakē auguna kahē nāhiṁ tū guṇī kahāvē ||
Nija subhāvataiṁ ambu-rāśi nija mahimā pāvē |
Stōka sarōvara kahē kahā upamā baṛhi jāvē ||11||

कर्मन की थिति जंतु अनेक करै दु:खकारी |
सो थिति बहु परकार करै जीवनकी ख्वारी ||
भवसमुद्र के माँहिं देव दोन्यों के साखी |
नाविक नाव समान आप वाणी में भाखी ||१२||
Karmana kī thiti jantu anēka karai du:Khakārī |
Sō thiti bahu parakāra karai jīvanakī khvārī ||
Bhavasamudra kē māṁhiṁ dēva dōn'yōṁ kē sākhī |
Nāvika nāva samāna āpa vāṇī mēṁ bhākhī ||12||

सुख को तो दु:ख कहे गुणनिकूं दोष विचारे |
धर्म करन के हेत पाप हिरदे विच धारे ||
तेल निकासन काज धूलि को पेलै घानी |
तेरे मत सों बाह्य ऐसे ही जीव अज्ञानी ||१३||
Sukha kō tō du:Kha kahē guṇanikūṁ dōṣa vicārē |
Dharma karana kē hēta pāpa hiradē vica dhārē ||
Tēla nikāsana kāja dhūli kō pēlai ghānī |
Tērē matasōṁ bāhya aisē hī jīva ajñānī ||13||

विष मोचै ततकाल रोग को हरै ततच्छन |
मणि औषधी रसांण मंत्र जो होय सुलच्छन ||
ए सब तेरे नाम सुबुद्धी यों मन धरिहैं |
भ्रमत अपरजन वृथा नहीं तुम सुमिरन करिहैं ||१४||

Viṣa mōcai tatakāla rōga kō harai tatacchana |
Maṇi auṣadhī rasāṇṇa mantra jō hōya sulacchana ||
Ē saba tērē nāma subud'dhī yōṁ mana dharihaiṁ |
Bhramata aparajana vr̥thā nahīṁ tuma sumirana karihaiṁ ||14||

किंचित् भी चितमाँहि आप कछु करो न स्वामी |
जे राखे चितमाँहिं आपको शुभ-परिणामी ||
हस्तामलकवत् लखें जगत् की परिणति जेती |
तेरे चित के बाह्य तोउ जीवै सुख सेती ||१५||

Kiñcit bhī citamāṁhi āpa kachu karō na svāmī |
Jē rākhē citamāṁhiṁ āpakō śubha-pariṇāmī ||
Hastāmalakavat lakhēṁ jagat kī pariṇati jētī |
Tērē cita kē bāhya tō'u jīvai sukha sētī ||15||

तीन लोक तिरकाल माहिं तुम जानत सारी |
स्वामी इनकी संख्या थी तितनी हि निहारी ||
जो लोकादिक हुते अनंते साहिब मेरा |
तेऽपि झलकते आनि ज्ञान का ओर न तेरा ||१६||

Tīna lōka tirakāla māhiṁ tuma jānata sārī |
Svāmī inakī saṅkhyā thī titanī hi nihārī ||
Jō lōkādika hutē anantē sāhiba mērā |
Tēapi jhalakatē āni jñāna kā ōra na tērā ||16||

है अगम्य तव रूप करे सुरपति प्रभु सेवा |
ना कछु तुम उपकार हेत देवन के देवा ||
भक्ति तिहारी नाथ इंद्र के तोषित मन को |
ज्यों रवि सन्मुख छत्र करे छाया निज तन को ||१७||

Hai agamya tava rūpa karē surapati prabhu sēvā |
Nā kachu tuma upakāra hēta dēvana kē dēvā ||
Bhakti tihārī nātha indra kē tōṣita mana kō |
Jyōṁ ravi sanmukha chatra karē chāyā nija tana kō ||17||

वीतरागता कहाँ कहाँ उपदेश सुखाकर |
सो इच्छा प्रतिकूल वचन किम होय जिनेसर ||
प्रतिकूली भी वचन जगत् कूँ प्यारे अति ही |
हम कछु जानी नाहिं तिहारी सत्यासति ही ||१८||
Vītarāgatā kahāṁ kahāṁ upadēśa sukhākara |
Sō icchā pratikūla vacana kima hōya jinēsara ||
Pratikūlī bhī vacana jagat kūṁ pyārē ati hī |
Hama kachu jānī nāhiṁ tihārī satyāsati hī ||18||

उच्च प्रकृति तुम नाथ संग किंचित् न धरनितैं |
जो प्रापति तुम थकी नाहिं सो धनेसुरनतैं ||
उच्च प्रकृति जल विना भूमिधर धूनी प्रकासै |
जलधि नीरतैं भर्यो नदी ना एक निकासै ||१९||
Ucca prakr̥ti tuma nātha saṅga kiñcit na dharanitaiṁ|
Jō prāpati tuma thakī nāhiṁ sō dhanēsuranataiṁ ||
Ucca prakr̥ti jala vinā bhūmidhara dhūnī prakāsai |
Jaladhi nīrataiṁ bharyō nadī nā ēka nikāsai ||19||

तीन लोक के जीव करो जिनवर की सेवा |
नियम थकी कर दंड धर्यो देवन के देवा ||
प्रातिहार्य तो बनैं इंद्र के बनै न तेरे |
अथवा तेरे बनै तिहारे निमित परे रे ||२०||
Tīna lōka kē jīva karō jinavara kī sēvā |
Niyama thakī kara daṇḍa dharyō dēvana kē dēvā ||
Prātihārya tō banaiṁ indra kē banai na tērē |
Athavā tērē banai tihārē nimita parē rē ||20||

तेरे सेवक नाहिं इसे जे पुरुष हीन-धन |
धनवानों की ओर लखत वे नाहिं लखत पन ||
जैसैं तम-थिति किये लखत परकास-थिती कूं |
तैसैं सूझत नाहिं तमथिती मंदमती कूं ||२१||

Tērē sēvaka nāhiṁ isē jē puruṣa hīna-dhana |
Dhanavānōṁ kī ōra lakhata vē nāhiṁ lakhata pana ||
Jaisaiṁ tama-thiti kiyē lakhata parakāsa-thitī kūṁ |
Taisaiṁ sūjhata nāhiṁ tamathitī mandamatī kūṁ ||21||

निज वृध श्वासोच्छवास प्रगट लोचन टमकारा |
तिनकों वेदत नाहिं लोकजन मूढ़ विचारा ||
सकल ज्ञेय ज्ञायक जु अमूरति ज्ञान सुलच्छन |
सो किमि जान्यो जाय देव तव रूप विचच्छन ||२२||

Nija vr̥dha śvāsōcchvāsa pragaṭa lōcana ṭamakārā |
Tinakōṁ vēdata nāhiṁ lōkajana mūṛha vicārā ||
Sakala jñēya jñāyaka ju amūrati jñāna sulacchana |
Sō kimi jān'yō jāya dēva tava rūpa vicacchana ||22||

नाभिराय के पुत्र पिता प्रभु भरत तने हैं |
कुलप्रकाशि कैं नाथ तिहारो स्तवन भनै हैं ||
ते लघु-धी असमान गुनन कों नाहिं भजै हैं |
सुवरन आयो हाथ जानि पाषान तजैं हैं ||२३||

Nābhirāya kē putra pitā prabhu bharata tanē haiṁ |
Kulaprakāśi kaiṁ nātha tihārō stavana bhanai haiṁ ||
Tē laghu-dhī asamāna gunana kōṁ nāhiṁ bhajai haiṁ |
Suvarana āyō hātha jāni pāṣāna tajaiṁ haiṁ ||23||

सुरासुरन को जीति मोह ने ढोल बजाया |
तीन लोक में किये सकल वशि यों गरभाया ||
तुम अनंत बलवंत नाहिं ढिंग आवन पाया |
करि विरोध तुम थकी मूलतैं नाश कराया ||२४||

Surāsurana kō jīti mōha nē ḍhōla bajāyā |
Tīna lōka mēṁ kiyē sakala vaśi yōṁ garabhāyā ||
Tuma ananta balavanta nāhiṁ ḍhiṅga āvana pāyā |
Kari virōdha tuma thakī mūlataiṁ nāśa karāyā ||24||

एक मुक्ति का मार्ग देव तुमने परकास्या |
गहन चतुरगति मार्ग अन्य देवन कूँ भास्या ||
'हम सब देखनहार' इसीविधि भाव सुमिरिकैं |
भुज न विलोको नाथ कदाचित् गर्भ जु धरिकैं ||२५||
Ēka mukti kā mārga dēva tumanē parakāsyā |
Gahana caturagati mārga an'ya dēvana kūṁ bhāsyā ||
'Hama saba dēkhanahāra' isīvidhi bhāva sumirikaiṁ |
Bhuja na vilōkō nātha kadācit garbha ju dharikaiṁ ||25||

केतु विपक्षी अर्क-तनो पुनि अग्नि तनो जल |
अंबुनिधी अरि प्रलय-काल को पवन महाबल ||
जगत्-माँहिं जे भोग वियोग विपक्षी हैं निति |
तेरो उदयो है विपक्ष तैं रहित जगत्-पति ||२६||
Kētu vipakṣī arka-tanō puni agni tanō jala |
Ambunidhī ari pralaya-kāla kō pavana mahābala ||
Jagat-māṁhiṁ jē bhōga viyōga vipakṣī haiṁ niti |
Tērō udayō hai vipakṣa taiṁ rahita jagat-pati ||26||

जाने बिन हूँ नमत आप को जो फल पावे |
नमत अन्य को देव जानि सो हाथ न आवे ||
हरी मणी कूँ काच काच कूँ मणी रटत हैं |
ताकी बुधि में भूल मूल्य मणि को न घटत है ||२७||
Jānē bina hūṁ namata āpa kō jō phala pāvē |
Namata an'ya kō dēva jāni sō hātha na āvē ||
Harī maṇī kūṁ kāca kāca kūṁ maṇī raṭata haiṁ |
Tākī budhi mēṁ bhūla mūlya maṇi kō na ghaṭata hai ||27||

जे विवहारी जीव वचन में कुशल सयाने |
ते कषाय-मधि-दग्ध नरन कों देव बखानैं ||
ज्यों दीपक बुझि जाय ताहि कह 'नंदि' गयो है |
भग्न घड़े को कहैं कलस ए मँगलि गयो है ||२८||

Jē vivahārī jīva vacana mēṁ kuśala sayānē |
Tē kaṣāya-madhi-dagdha narana kōṁ dēva bakhānaiṁ ||
Jyōṁ dīpaka bujhi jāya tāhi kaha 'nandi' gayō hai |
Bhagna ghaṛē kō kahaiṁ kalasa ē maṁgali gayō hai ||28||

स्याद्वाद संजुक्त अर्थ को प्रगट बखानत |
हितकारी तुम वचन श्रवन करि को नहिं जानत ||
दोषरहित ए देव शिरोमणि वक्ता जग-गुरु |
जो ज्वर-सेती मुक्त भयो सो कहत सरल सुर ||२९||

Syādvāda sañjukta artha kō pragaṭa bakhānata |
Hitakārī tuma vacana śravana kari kō nahiṁ jānata ||
Dōṣarahita ē dēva śirōmaṇi vaktā jaga-guru |
Jō jvara-sētī mukta bhayō sō kahata sarala sura ||29||

बिन वांछा ए वचन आपके खिरैं कदाचित् |
है नियोग ए कोऽपि जगत् को करत सहज-हित ||
करै न वाँछा इसी चंद्रमा पूरो जलनिधि |
शीत रश्मि कूँ पाय उदधि जल बढै स्वयं सिधि ||३०||

Bina vāñchā ē vacana āpakē khiraiṁ kadācit |
Hai niyōga ē kōapi jagat kō karata sahaja-hita ||
Karai na vāṁchā isī candramā pūrō jalanidhi |
Śīta raśmi kūṁ pāya udadhi jala baḍhai svayaṁ sidhi ||30||

तेरे गुण-गंभीर परम पावन जगमाँहीं |
बहुप्रकार प्रभु हैं अनंत कछु पार न पाहीं ||
तिन गुण को अंत एक याही विधि दीसै |
ते गुण तुझ ही माँहिं और में नाहिं जगीसै ||३१||

Tērē guṇa-gambhīra parama pāvana jagamāṁhīṁ |
Bahuprakāra prabhu haiṁ ananta kachu pāra na pāhīṁ ||
Tina guṇa kō anta ēka yāhī vidhi dīsai |
Tē guṇa tujha hī māṁhiṁ aura mēṁ nāhiṁ jagīsai ||31||

केवल थुति ही नाहिं भक्तिपूर्वक हम ध्यावत |
सुमिरन प्रणमन तथा भजनकर तुम गुण गावत ||
चितवन पूजन ध्यान नमन करि नित आराधैं |
को उपाव करि देव सिद्धि-फल को हम साधैं ||३२||
Kēvala thuti hī nāhiṁ bhaktipūrvaka hama dhyāvata |
Sumirana praṇamana tathā bhajanakara tuma guṇa gāvata||
Citavana pūjana dhyāna namana kari nita ārādhaiṁ |
Kō upāva kari dēva sid'dhi-phala kō hama sādhaiṁ ||32||

त्रैलोकी-नगराधिदेव नित ज्ञान-प्रकाशी |
परम-ज्योति परमात्म-शक्ति अनंती भासी ||
पुन्य पापतैं रहित पुन्य के कारण स्वामी |
नमौं नमौं जगवंद्य अवंद्यक नाथ अकामी ||३३||
Trailōkī-nagarādhidēva nita jñāna-prakāśī |
Parama-jyōti paramātma-śakti anantī bhāsī ||
Pun'ya pāpataiṁ rahita pun'ya kē kāraṇa svāmī |
Namauṁ namauṁ jagavandya avandyaka nātha akāmī ||33||

रस सुपरस अर गंध रूप नहिं शब्द तिहारे |
इनि के विषय विचित्र भेद सब जाननहारे ||
सब जीवन-प्रतिपाल अन्य करि हैं अगम्य जिन |
सुमरन-गोचर माहिं करौं जिन तेरो सुमिरन ||३४||
Rasa suparasa ara gandha rūpa nahiṁ śabda tihārē |
Ini kē viṣaya vicitra bhēda saba jānanahārē ||
Saba jīvana-pratipāla an'ya kari haiṁ agamya jina |
Sumarana-gōcara māhiṁ karauṁ jina tērō sumirana ||34||

तुम अगाध जिनदेव चित्त के गोचर नाहीं |
नि:किंचन भी प्रभू धनेश्वर जाचत सोई ||
भये विश्व के पार दृष्टि सों पार न पावै |
जिनपति एम निहारि संत-जन सरनै आवै ||३५||

Tuma agādha jinadēva citta kē gōcara nāhīṁ |
Ni:Kiñcana bhī prabhū dhanēśvara jācata sō'i ||
Bhayē viśva kē pāra dṛṣṭi sōṁ pāra na pāvai |
Jinapati ēma nihāri santa-jana saranai āvai ||35||

नमौं नमौं जिनदेव जगत्-गुरु शिक्षादायक |
निजगुण-सेती भई उन्नती महिमा-लायक ||
पाहन-खंड पहार पछैं ज्यों होत और गिर |
त्यों कुलपर्वत नाहिं सनातन दीर्घ भूमिधर ||३६||

Namauṁ namauṁ jinadēva jagat-guru śikṣādāyaka |
Nijaguṇa-sētī bha'i unnatī mahimā-lāyaka ||
Pāhana-khaṇḍa pahāra pachaiṁ jyōṁ hōta aura gira |
Tyōṁ kulaparvata nāhiṁ sanātana dīrgha bhūmidhara ||36||

स्वयंप्रकाशी देव रैन दिनसों नहिं बाधित |
दिवस रात्रि भी छतैं आपकी प्रभा प्रकाशित ||
लाघव गौरव नाहिं एक-सो रूप तिहारो |
काल-कला तैं रहित प्रभू सूँ नमन हमारो ||३७||

Svayamprakāśī dēva raina dinasōṁ nahiṁ bādhita |
Divasa rātri bhī chataiṁ āpakī prabhā prakāśita ||
Lāghava gaurava nāhiṁ ēka-sō rūpa tihārō |
Kāla-kalā taiṁ rahita prabhū sūṁ namana hamārō ||37||

इहविधि बहु परकार देव तव भक्ति करी हम |
जाचूँ कर न कदापि दीन ह्वै रागरहित तुम ||
छाया बैठत सहज वृक्षके नीचे ह्वै है |
फिर छाया कों जाचत यामें प्रापति क्वै है ||३८||

Ihavidhi bahu parakāra dēva tava bhakti karī hama |
Jācūṁ kara na kadāpi dīna hvai rāgarahita tuma ||
Chāyā baiṭhata sahaja vr̥kṣakē nīcē hvai hai |
Phira chāyā kōṁ jācata yāmēṁ prāpati kvai hai ||38||

जो कुछ इच्छा होय देन की तौ उपगारी |
द्यो बुधि ऐसी करूँ प्रीतिसौं भक्ति तिहारी ||
करो कृपा जिनदेव हमारे परि ह्वै तोषित |
सनमुख अपनो जानि कौन पंडित नहिं पोषित ||३९||
Jō kucha icchā hōya dēna kī tau upagārī |
Dyō budhi aisī karūṁ prītisauṁ bhakti tihārī ||
Karō kr̥pā jinadēva hamārē pari hvai tōṣita |
Sanamukha apanō jāni kauna paṇḍita nahiṁ pōṣita ||39||

यथा-कथंचित् भक्ति रचै विनयी-जन केई |
तिनकूँ श्रीजिनदेव मनोवाँछित फल देही ||
पुनि विशेष जो नमत संतजन तुमको ध्यावै |
सो सुख जस 'धन-जय' प्रापति है शिवपद पावै ||४०||
Yathā-kathañcit bhakti racai vinayī-jana kē'i |
Tinakūṁ śrījinadēva manōvāṁchita-phala dēhī ||
Puni viśēṣa jō namata santajana tumakō dhyāvai |
Sō sukha jasa 'dhana-jaya' prāpati hai śivapada pāvai ||40||

श्रावक 'माणिकचंद' सुबुद्धी अर्थ बताया |
सो कवि 'शांतीदास' सुगम करि छंद बनाया ||
फिरि-फिरिकै ऋषि-रूपचंद ने करी प्रेरणा |
भाषा-स्तोतर की विषापहार पढ़ो भविजना ||४१||
Śrāvaka 'māṇikacanda' subud'dhī artha batāyā |
Sō kavi 'śāntīdāsa' sugama kari chanda banāyā||
Phiri-phirikai r̥ṣi-rūpacanda nē karī prēraṇā |
Bhāṣā-stōtara kī viṣāpahāra paṛhō bhavijanā ||41||

एकीभाव-स्तोत्र (भाषानुवाद) *Ēkībhāva-Stōtra (Bhāṣānuvāda)*

एकीभाव संस्कृत-स्तोत्र के रचयिता आचार्य श्री वादिराज हैं। आपकी गणना महान् आचार्यों में की जाती है। आप महान् वाद-विजेता और कवि थे। आपकी पार्श्वनाथ-चरित्र, यशोधर-चरित्र, एकीभाव-स्तोत्र, न्याय-विनिश्चिय-विवरण, प्रमाण-निर्णय ये पाँच कृतियाँ प्रसिद्ध हैं। आपका समय विक्रम की 11वीं शताब्दी माना जाता है। आपका चौलुक्य-नरेश जयसिंह (प्रथम) की सभा में बड़ा सम्मान था। 'वादिराज' यह नाम नहीं वरन् पदवी है। प्रख्यात वादियों में आपकी गणना होने से आप 'वादिराज' के नाम से प्रसिद्ध हुए।

निस्पृही आचार्य श्री वादिराज ध्यान में लीन थे। कुछ द्वेषी-व्यक्तियों ने उन्हें कुष्ट-ग्रस्त देखकर राजसभा में जैन मुनियों का उपहास किया, जिसे जैनधर्म प्रेमी राजश्रेष्ठी सहन न कर सके और भावावेश में कह उठे कि हमारे मुनिराज की काया तो स्वर्ण जैसी सुन्दर होती है। राजा ने अगले दिन मुनिराज के दर्शन करने का विचार रखा। सेठ ने मुनिराज से सारा विवरण स्पष्ट कहकर धर्मरक्षा की प्रार्थना की। मुनिराज ने धर्मरक्षा और प्रभावना हेतु 'एकीभाव स्तोत्र' की रचना की जिससे उनका शरीर वास्तव में स्वर्ण-सदृश हो गया। राजा ने मुनिराज के दर्शन करके और उनके रूप को देखकर चुगल-खोरों को दंड सुनाया। परन्तु उत्तम-क्षमाधारक मुनिराज ने राजा को सब बात समझाकर तथा सबका भ्रम दूरकर सबको क्षमा करा दिया। इस स्तोत्र का श्रद्धा एवं पूर्ण मनोयोगपूर्वक पाठ करने से समस्त व्याधियाँ दूर होती हैं तथा सारी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

Ekībhāva sanskṛta-stōtra kē racayitā ācārya śrī vādirāja haiṁ. Āpakī gaṇanā mahān ācāryōṁ mēṁ kī jātī hai. Āpa mahān vāda-vijētā aura kavi thē. Āpakī pārśvanātha-caritra, yaśōdhara-caritra, ēkībhāva-stōtra, n'yāya-viniściya-vivaraṇa, pramāṇa-nirṇaya-yē pāṁca kṛtiyāṁ prasid'dha haiṁ. Āpakā samaya vikrama kī 11vīṁ śatābdī mānā jātā hai. Āpakā caulukya-narēśa jayasinha (prathama) kī sabhā mēṁ baṛā sam'māna thā. 'Vādirāja' yaha nāma nahīṁ varan padavī hai. Prakhyāta vādiyōṁ mēṁ āpakī gaṇanā hōnē sē āpa 'vādirāja' kē nāma sē prasid'dha hu'ē.

Nispṛhī ācārya śrī vādirāja dhyāna mēṁ līna thē. Kucha dvēṣī-vyaktiyōṁ nē unhēṁ kuṣṭa-grasta dēkhakara rājasabhā mēṁ jaina muniyōṁ kā upahāsa kiyā, jisē jainadharma prēmī rājaśrēṣṭhī sahana na kara sakē aura bhāvāvēśa mēṁ kaha uṭhē ki hamārē munirāja kī kāyā tō svarṇa jaisī sundara hōtī hai. Rājā nē agalē dina munirāja kē darśana karanē kā vicāra rakhā. Sēṭha nē munirāja sē sārā vivaraṇa spaṣṭa kahakara dharmarakṣā kī prārthanā kī. Munirāja nē dharmarakṣā aura prabhāvanā hētu 'ēkībhāva stōtra'kī racanā kī jisasē unakā śarīra vāstava mēṁ svarṇa-sadṛśa hō gayā. Rājā nē munirāja kē darśana karakē aura unakē rūpa kō dēkhakara cugala-khōrōṁ kō daṇḍa sunaya. Parantu uttama-kṣamādhāraka munirāja nē rājā kō saba bāta samajhākara tathā sabakā bhrama dūrakara sabakō kṣamā karā diyā. Isa stōtra kā śrad'dhā ēvaṁ pūrṇa manōyōgapūrvaka pāṭha karanē sē samasta vyādhiyāṁ dūra hōtī haiṁ tathā sārī manōkāmanā'ēṁ pūrṇa hōtī haiṁ|

(दोहा)

वादिराज मुनिराज के, चरणकमल चित-लाय |

भाषा एकीभाव की, करूँ स्व-पर सुखदाय ||

(Dōhā)

Vādirāja munirāja kē, caraṇakamala cita-lāya |
Bhāṣā ēkībhāva kī, karūṁ sva-para sukhadāya ||

(रोला छन्द, 'अहो जगत् गुरुदेव' विनती की चाल में)

यो अति एकीभाव भयो मानो अनिवारी |

जो मुझ कर्म प्रबंध करत भव-भव दु:ख भारी ||

ताहि तिहाँरी भक्ति जगत् रवि जो निरवारे |

अब सों और कलेश कौन सो नाहिं विदारे ||१||

(Rōlā chanda, 'ahō jagat gurudēva' vinatī kī cāla mēṁ)

Yō ati ēkībhāva bhayō mānō anivārī |
Jō mujha karma prabandha karata bhava-bhava du:Kha bhārī ||
Tāhi tihāṁrī bhakti jagat ravi jō niravārai |
Aba son aura kalēśa kauna sō nāhiṁ vidārai ||1||

तुम जिन जोति-स्वरूप दुरित-अँधियारि निवारी |
सो गणेश-गुरु कहें तत्त्व-विद्याधन-धारी ||
मेरे चित्त घर-माँहिं बसो तेजोमय यावत |
पाप-तिमिर अवकाश तहाँ सो क्यों करि पावत ||२||

Tuma jina jōtisvarūpa durita-aṁdhiyāri nivārī |
Sō gaṇēśa-guru kahēṁ tattva-vidyādhana-dhārī ||
Mērē citta ghara-māṁhiṁ baso tējōmaya yāvata |
Pāpa-timira avakāśa tahāṁ sō kyōṁ kari pāvata ||2||

आनंद-आँसू वदन धोयं जो तुम चित आने |
गदगद सुर सों सुयश मंत्र पढ़ि पूजा ठानें ||
ता के बहुविधि व्याधि व्याल चिरकाल निवासी |
भाजें थानक छोड़ देह बांबइ के वासी ||३||

Ānanda-āṁsū vadana dhōyan jo tuma cita ānē |
Gadagada sura soṁ suyaśa mantra paṛhi pūjā ṭhānēṁ ||
Tākē bahuvidhi vyādhi vyāla cirakāla nivāsī |
Bhājēṁ thānaka chōṛa dēha bāmba'i kē vāsī ||3||

दिवि तें आवन-हार भये भवि भाग-उदय बल |
पहले ही सुर आय कनकमय कीन महीतल ||
मनगृह-ध्यान-दुवार आय निवसो जगनामी |
जो सुवरन-तन करो कौन यह अचरज स्वामी ||४||

Divi teṁ āvana-hāra bhayē bhavi bhāga-udaya bala |
Pahalē hī sura āya kanakamaya kīna mahītala ||
Managṛha-dhyāna-duvāra āya nivasō jaganāmī |
Jō suvarana-tana karō kauna yaha acaraja svāmī ||4||

प्रभु सब जग के बिना-हेतु बांधव उपकारी |
निरावरन सर्वज्ञ शक्ति जिनराज तिंहारी ||
भक्ति-रचित मम चित्त सेज नित वास करोगे |
मेरे दु:ख-संताप देख किम धीर धरोगे ||५||

Prabhu saba jaga kē binā-hētu bāndhava upakārī |
Nirāvarana sarvajña śakti jinarāja tinhārī ||
Bhakti-racita mama citta sēja nita vāsa karōgē |
Mērē du:Kha-santāpa dēkha kima dhīra dharōgē ||5||

भव-वन में चिरकाल भ्रम्यो कछु कहिय न जाई |
तुम थुति-कथा-पियूष-वापिका भाग सों पाई ||
शशि-तुषार घनसार हार शीतल नहिं जा सम |
करत न्हौन ता माँहिं क्यों न भव-ताप बुझे मम ||६||
Bhava-vana mēṁ cirakāla bhramyō kachu kahiya na jāi |
Tuma thuti-kathā-piyūṣa-vāpikā bhāga son pāi ||
Śaśi-tuṣāra ghanasāra hāra śītala nahiṁ jā sama |
Karata nhauna tā māṁhiṁ kyōṁ na bhava-tāpa bujhe mama ||6||

श्री विहार परवाह होत शुचिरूप सकल जग |
कमल कनक आभाव सुरभि श्रीवास धरत पग ||
मेरो मन सर्वंग परस प्रभु को सुख पावे |
अब सो कौन कल्यान जो न दिन-दिन ढिंग आवे ||७||
Śrī vihāra paravāha hōta śucirūpa sakala jaga |
Kamala kanaka ābhāva surabhi śrīvāsa dharata paga ||
Mērō mana sarvaṅga parasa prabhu kō sukha pāvē |
Aba sō kauna kalyāna jō na dina-dina ḍhiṅga āvē ||7||

भव-तज सुख-पद बसे काम मद सुभट संहारे |
जो तुमको निरखंत सदा प्रिय दास तिहारे ||
तुम-वचनामृत-पान भक्ति अंजुलि सों पीवें |
तिन्हें भयानक क्रूर रोग-रिपु कैसे छीवें ||८||
Bhava-taja sukha-pada basē kāma mada subhaṭa sanhārē |
Jō tumakō nirakhanta sadā priya dāsa tihārē ||
Tuma-vacanāmṛta-pāna bhakti añjuli sōṁ pīven |
Tinheṁ bhayānaka krūra rōga-ripu kaisē chīven ||8||

मानथंभ-पाषाण अन्य-पाषाण पटंतर |
ऐसे और अनेक रतन दीखें जग-अंतर ||
देखत दृष्टि-प्रमान मानमद तुरत मिटावे |
जो तुम निकट न होय शक्ति यह क्यों कर पावे ||९||

Mānathambha-pāṣāna ānya-pāṣāna paṭantara |
Aisē aura anēka ratana dīkhēṁ jaga-antara ||
Dēkhata dṛṣṭi-pramāna mānamada turata miṭāvē |
Jō tuma nikaṭa na hōya śakti yaha kyōṁ kara pāvē ||9||

प्रभु-तन-पर्वत परस पवन उर में निबहे है |
ता सों ततछिन सकल रोग रज बाहिर ह्वे है ||
जा के ध्यानाहूत बसो उर अंबुज माहीं |
कौन जगत् उपकार-करन समरथ सो नाहीं ||१०||

Prabhu-tana-parvata parasa pavana ura mēṁ nibahē hai |
Tā soṁ tatachina sakala rōga raja bāhira hve hai ||
Jā kē dhyānāhūta basō ura ambuja māhīṁ |
Kauna jagat upakāra-karana samaratha sō nāhīṁ ||10||

जनम-जनम के दु:ख सहे सब ते तुम जानो |
याद किये मुझ हिये लगें आयुध से मानो ||
तुम दयाल जगपाल स्वामि मैं शरन गही है |
जो कुछ करनो होय करो परमान वही है ||११||

Janama-janama kē du:Kha sahē saba tē tuma jānō |
Yāda kiyē mujha hiyē lagēṁ āyudha sē mānō ||
Tuma dayāla jagapāla svāmi maiṁ śarana gahī hai |
Jō kucha karanō hōya karō paramāna vahī hai ||11||

मरन-समय तुम नाम मंत्र जीवक तें पायो |
पापाचारी श्वान प्रान तज अमर कहायो ||
जो मणिमाला लेय जपे तुम नाम निरंतर |
इन्द्र-सम्पदा लहे कौन संशय इस अंतर ||१२||

Marana-samaya tuma nāma mantra jīvaka taiṁ pāyō |
Pāpācārī śvāna prāna taja amara kahāyō ||
Jō maṇimālā lēya japē tuma nāma nirantara |
Indra-sampadā lahē kauna sanśaya isa antara ||12||

जो नर निर्मल ज्ञान मान शुचि चारित साधे |
अनवधि सुख की सार भक्ति कूँची नहिं लाँधे ||
सो शिव-वाँछक पुरुष मोक्ष पट केम उघारे |
मोह मुहर दिढ़ करी मोक्ष मंदिर के द्वारे ||१३||
Jō nara nirmala jñāna māna śuci cārita sādhe |
Anavadhi sukha kī sāra bhakti kūm̐cī nahiṁ lām̐dhē ||
Sō śiva-vām̐chaka puruṣa mōkṣa paṭa kēma ughārē |
Mōha muhara diṛha karī mōkṣa mandira kē dvāre ||13||

शिवपुर केरो पंथ पाप-तम सों अति छायो |
दु:ख-सरूप बहु कूप-खाई सों विकट बतायो ||
स्वामी सुख सों तहाँ कौन जन मारग लागे |
प्रभु-प्रवचन मणि दीप जोन के आगे-आगे ||१४||
Śivapura kērō pantha pāpa-tama sōṁ ati chāyō |
Du:Kha-sarūpa bahu kūpa-khār'i sōṁ vikaṭa batāyō ||
Svāmī sukha sōṁ tahām̐ kauna jana māraga lāgē!
Prabhu-pravacana maṇi dīpa jōna kē āgē-āgē ||14||

कर्म पटल भू माहिं दबी आतम निधि भारी |
देखत अतिसुख होय विमुख जन नाहिं उघारी ||
तुम सेवक ततकाल ताहि निहचे कर धारे|
थुति कुदाल सों खोद बंद भू कठिन विदारे ||१५||
Karma paṭala bhū māhiṁ dabī ātama nidhi bhārī |
Dēkhata atisukha hōya vimukha jana nāhiṁ ughārī ||
Tuma sēvaka tatakāla tāhi nihace kara dhāre |
Thuti kudāla sōṁ khōda banda bhū kaṭhina vidāre ||15||

स्याद्वाद-गिरि उपजि मोक्ष सागर लों धाई |
तुम चरणांबुज परस भक्ति गंगा सुखदाई ||
मो चित निर्मल थयो न्होन रुचि पूरव ता में |
अब वह हो न मलीन कौन जिन संशय या में ||१६||

Syādvāda-giri upaja mōkṣa sāgara lōṁ dhāi |
Tuma caraṇāmbuja parasa bhakti gaṅgā sukhadāi ||
Mō cita nirmala thayō nhōna ruci pūrava tā mēṁ |
Aba vaha hō na malīna kauna jina sanśaya yā mēṁ ||16||

तुम शिव सुखमय प्रगट करत प्रभु चिंतन तेरो |
मैं भगवान् समान भाव यों वरते मेरो ||
यदपि झूठ है तदपि तृप्ति निश्चल उपजावे |
तुव प्रसाद सकलंक जीव वाँछित फल पावे ||१७||

Tuma śiva sukhamaya pragaṭa karata prabhu cintana tērō |
Maiṁ bhagavān samāna bhāva yōṁ varate mērō ||
Yadapi jhūṭha hai tadapi tṛpti niścala upajāvē |
Tuva prasāda sakalaṅka jīva vāṁchita phala pāvē ||17||

वचन जलधि तुम देव सकल त्रिभुवन में व्यापे |
भंग-तरंगिनि विकथ-वाद-मल मलिन उथापें ||
मन सुमेरु सों मथें ताहि जे सम्यग्ज्ञानी |
परमामृत सों तृपत होहिं ते चिरलों प्रानी ||१८||

Vacana jaladhi tuma dēva sakala tribhuvana mēṁ vyāpē |
Bhaṅga-taraṅgini vikatha-vāda-mala malina uthāpēn ||
Mana sumēru sōṁ mathēn tāhi jē samyagjñānī |
Paramāmṛta sōṁ tṛpata hōhiṁ tē ciralōṁ prānī ||18||

जे कुदेव छविहीन वसन-भूषन अभिलाखें |
वैरी सों भयभीत होंय सो आयुध राखें ||
तुम सुन्दर सर्वांग शत्रु समरथ नहिं कोई |
भूषन वसन गदादि ग्रहन काहे को होई ||१९||

Je kudēva chavihīna vasana-bhūṣana abhilākhēn |
Vairī sōṁ bhayabhīta hōnya sō āyudha rākhēn ||
Tuma sundara sarvāṅga śatru samaratha nahiṁ kōi |
Bhūṣana vasana gadādi grahana kāhē kō hōi ||19||

सुरपति सेवा करे कहा प्रभु प्रभुता तेरी |
सो सलाघना लहे मिटे जग सों जग फेरी ||
तुम भव जलधि जिहाज तोहि शिव कंत उचरिये |
तुही जगत् जनपाल नाथ थुति की थुति करिये ||२०||
Surapati sēvā karē kahā prabhu prabhutā tērī |
Sō salāghanā lahai miṭē jaga sōṁ jaga phērī ||
Tuma bhava jaladhi jihāja tōhi śiva kanta ucariyē |
Tuhī jagat janapāla nātha thuti kī thuti kariyē ||20||

वचन जाल जड़रूप आप चिन्मूरति झाँई |
ता तें थुति आलाप नाहिं पहुँचे तुम थाहीं ||
तो भी निरफ़ल नाहिं भक्तिरस भीने वायक |
संतन को सुर तरु समान वाँछित वरदायक ||२१||
Vacana jāla jaṛarūpa āpa cinmūrati jhāṁi |
Tā teṁ thuti ālāpa nāhiṁ pahuṁcē tuma thāṁhi ||
Tō bhī nirphala nāhiṁ bhaktirasa bhīnē vāyaka |
Santana kō sura taru samāna vāṁchita varadāyaka ||21||

कोप कभी नहिं करो प्रीति कबहूँ नहिं धारो |
अति उदास बेचाह चित्त जिनराज तिहारो ||
तदपि आन जग बहे बैर तुम निकट न लहिये |
यह प्रभुता जगतिलक कहाँ तुम बिन सरदहिये ||२२|
Kōpa kabhī nahiṁ karō prīti kabahūṁ nahiṁ dhārō |
Ati udāsa bēcāha citta jinarāja tihārō ||
Tadapi āna jaga bahe baira tuma nikaṭa na lahiyē |
Yaha prabhutā jagatilaka kahāṁ tuma bina saradahiyē ||22||

सुरतिय गावें सुजश सर्वगत-ज्ञानस्वरूपी |
जो तुमको थिर होहिं नमे भवि आनंदरूपी ||
ताहि छेमपुर चलन वाट बाकी नहिं हो हे |
श्रुत के सुमिरन माँहिं सो न कबहूँ नर मोहे ||२३||

Suratiya gāvēṁ sujaśa sarvagata-jñānasvarūpī |
Jō tumakō thira hōhiṁ nameṁ bhavi ānandarūpī ||
Tāhi chēmapura calana vāṭa bākī nahiṁ hō he |
Śruta kē sumirana māṁhiṁ sō na kabahūṁ nara mōhe ||23||

अतुल चतुष्टयरूप तुम्हें जो चित में धारे |
आदर सों तिहुँकाल माहिं जग थुति विस्तारे ||
सो सुकृत शिवपंथ भक्ति रचना कर पूरे |
पंच कल्यानक ऋद्धि पाय निहचे भव चूरे ||२४||

Atula catuṣṭayarūpa tumhēṁ jō cita mēṁ dhārē |
Ādara sōṁ tihuṁkāla māhiṁ jaga thuti vistārē ||
Sō sukr̥ta śivapantha bhakti racanā kara pūrē |
Pañca kalyānaka r̥d'dhi pāya nihae bhava cūrē ||24||

अहो जगत्पति पूज्य अवधिज्ञानी मुनि हारे |
तुम गुनकीर्तन माहिं कौन हम मंद विचारे ||
थुति छल सों तुम विषे देव आदर विस्तारे |
शिव सुख-पूरनहार कलपतरु यही हमारे ||२||

Ahō jagatpati pūjya avadhijñānī muni hārē |
Tuma gunakīrtana māhiṁ kauna hama manda vicārē ||
Thuti chala sōṁ tuma viṣe dēva ādara vistārē |
Śiva sukha-pūranahāra kalapataru yahī hamārē ||25||

वादिराज मुनि तें अनु, वैयाकरणी सारे |
वादिराज मुनि तें अनु, तार्किक विद्या वारे ||
वादिराज मुनि तें अनु, हैं काव्यनि के ज्ञाता |
वादिराज मुनि तें अनु, हैं भविजन के त्राता ||२६||

Vādirāja muni teṁ anu, vaiyākaraṇī sārē |
Vādirāja muni teṁ anu, tārkika vidyā vārē ||
Vādirāja muni teṁ anu, haiṁ kāvyani kē jñātā |
Vādirāja muni teṁ anu, haiṁ bhavijana kē trātā ||26||

(दोहा)

मूल अर्थ बहुविधि कुसुम, भाषा सूत्र मँझार |
भक्ति माल 'भूधर' करी, करो कंठ सुखकार ||

(Dōhā)

Mūla artha bahuvidhi kusuma, bhāṣā sūtra maṁjhāra |
Bhakti māla 'bhūdhara' karī, karō kaṇṭha sukhakāra ||

कल्याणमंदिर स्तोत्र (हिंदी) *Kalyāṇamandira Stōtra (Hindī)*

संस्कृत भाषा में कल्याण-मंदिर-स्तोत्र के रचयिता श्री कुमुदचंद्राचार्य हैं। इसमें भगवान् पार्श्वनाथ की स्तुति होने से इसका नाम 'पार्श्वनाथ-स्तोत्रम्' भी है, परन्तु स्तोत्र 'कल्याण-मंदिर' शब्द से प्रारम्भ होने के कारण इसका यही नाम पड़ गया है। कहा जाता है कि उज्जयिनी में वाद-विवाद में इसके प्रभाव से एक अन्य-देव की मूर्ति से श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रकट हो गयी थी। इस स्तोत्र की अपूर्व-महिमा मानी गयी है। इसके पाठ और जाप से समस्त विघ्न-बाधायें दूर होती हैं तथा सुख-शांति मिलती है।

Kalyāṇa-mandira sanskṛta-stōtra kē racayitā śrī kumudacandrācārya haiṁ. Isamēṁ bhagavān pārśvanātha kī stuti hōnē sē isakā nāma 'pārśvanātha-stōtram' bhī hai, parantu stōtra 'kalyāṇa-mandira' śabda sē prārambha hōnē kē kāraṇa isakā yahī nāma paṛa gayā hai. Kahā jātā hai ki ujjayinī mēṁ vāda-vivāda mēṁ isakē prabhāva sē ēka an'ya-dēva kī mūrti sē śrī pārśvanātha kī pratimā prakaṭa hō gayī thī. Isa stōtra kī apūrva-mahimā mānī gayī hai. Isakē pāṭha aura jāpa sē samasta vighna-bādhāyēṁ dūra hōtī haiṁ tathā sukha-śānti milatī hai |

(दोहा)

परम-ज्योति परमात्मा, परम-ज्ञान परवीन |

वंदूँ परमानंदमय घट-घट-अंतर-लीन ||१||

(Dōhā)

Parama-jyōti paramātmā, parama-jñāna paravīna |
Vandūṁ paramānandamaya ghaṭa-ghaṭa-antara-līna ||1||

(चौपाई)

निर्भयकरन परम-परधान, भव-समुद्र-जल-तारन-यान |

शिव-मंदिर अघ-हरन अनिंद, वंदूं पार्श्व-चरण-अरविंद ||२||

(Caupāi)

Nirbhayakarana parama-paradhāna, bhava-samudra-jala-tārana-yāna |
Śiva-mandira agha-harana aninda, vanduṁ pārśva-caraṇa-aravinda ||2||

कमठ-मान-भंजन वर-वीर, गरिमा-सागर गुण-गंभीर |

सुर-गुरु पार लहें नहिं जास, मैं अजान जापूँ जस तास ||३||

Kamaṭha-māna-bhañjana vara-vīra, garimā-sāgara guṇa-gambhīra |
Sura-guru pāra laheṁ nahiṁ jāsa, maiṁ ajāna jāpūṁ jasa tāsa ||3||

प्रभु-स्वरूप अति-अगम अथाह, क्यों हम-सेती होय निवाह |

ज्यों दिन अंध उल्लू को होत, कहि न सके रवि-किरण-उद्योत ||४||

Prabhu-svarūpa ati-agama athāha, kyōṁ hama-sētī hōya nivāha |
Jyōṁ dina andha ullū kō hōta, kahi na sake ravi-kiraṇa-udyōta ||4||

मोह-हीन जाने मनमाँहिं, तो हु न तुम गुन वरने जाहिं |

प्रलय-पयोधि करे जल गौन, प्रगटहिं रतन गिने तिहिं कौन ||५||

Mōha-hīna jānē manamāṁhiṁ, tō hu na tuma guna varanē jāhiṁ |
Pralaya-payōdhi karē jala gauna, pragaṭahiṁ ratana ginē tihiṁ kauna ||5||

तुम असंख्य निर्मल गुणखान, मैं मतिहीन कहूँ निज बान|
ज्यों बालक निज बाँह पसार, सागर परमित कहे विचार ||६||
Tuma asaṅkhya nirmala guṇakhāna, maiṁ matihīna kahūm̐ nija bāna |
Jyōṁ bālaka nija bām̐ha pasāra, sāgara paramita kahē vicāra ||6||

जे जोगीन्द्र करहिं तप-खेद, तेऊ न जानहिं तुम गुनभेद |
भक्तिभाव मुझ मन अभिलाष, ज्यों पंछी बोले निज भाष ||७||
Jē jōgīndra karahiṁ tapa-khēda, tē'ū na jānahiṁ tuma gunabhēda |
Bhaktibhāva mujha mana abhilāṣa, jyōṁ pañchī bōlē nija bhāṣa ||7||

तुम जस-महिमा अगम अपार, नाम एक त्रिभुवन-आधार |
आवे पवन पदमसर होय, ग्रीषम-तपन निवारे सोय ||८||
Tuma jasa-mahimā agama apāra, nāma ēka tribhuvana-ādhāra |
Āvē pavana padamasara hōya, grīṣama-tapana nivāre sōya ||8||

तुम आवत भवि-जन मनमाँहिं, कर्मनि-बन्ध शिथिल ह्वे जाहिं |
ज्यों चंदन-तरु बोलहिं मोर, डरहिं भुजंग भगें चहुँ ओर ||९||
Tuma āvata bhavi-jana manamām̐hiṁ, karmani-bandha śithila havai jāhiṁ |
Jyōṁ candana-taru bōlahiṁ mōra, ḍarahiṁ bhujaṅga bhagēṁ cahum̐ ōra ||9||

तुम निरखत जन दीनदयाल, संकट तें छूटें तत्काल |
ज्यों पशु घेर लेहिं निशि चोर, ते तज भागहिं देखत भोर ||१०||
Tuma nirakhata jana dīnadayāla, saṅkaṭa teṁ chūṭēṁ tatkāla |
Jyōṁ paśu ghēra lēhiṁ niśi cōra, tē taja bhāgahiṁ dēkhata bhōra ||10||

तुम भविजन-तारक इमि होहि, जे चित धारें तिरहिं ले तोहि |
यह ऐसे करि जान स्वभाव, तिरहिं मसक ज्यों गर्भित बाव ||११||

Tuma bhavijana-tāraka imi hōhi, jē cita dhārēṁ tirahiṁ lē tōhi |
Yaha aisē kari jāna svabhāva, tirahiṁ masaka jyōṁ garbhita bāva ||11||

जिहँ सब देव किये वश वाम, तैं छिन में जीत्यो सो काम |
ज्यों जल करे अगनि-कुल हान, बडवानल पीवे सो पान ||१२||
Jihaṁ̃ saba dēva kiyē vaśa vāma, taiṁ china mēṁ jītyō sō kāma |
Jyōṁ jala karē agani-kula hāna, baḍavānala pīvē sō pāna ||12||

तुम अनंत गुरुवा गुन लिए, क्यों कर भक्ति धरूं निज हिये |
ह्वै लघुरूप तिरहिं संसार, प्रभु तुम महिमा अगम अपार ||१३||
Tuma ananta guruvā guna li'ē, kyōṁ kara bhakti dharuṁ nija hiyē |
hvai laghurūpa tirahiṁ sansāra, prabhu tuma mahimā agama apāra ||13||

क्रोध-निवार कियो मन शांत, कर्म-सुभट जीते किहिं भाँत |
यह पटुतर देखहु संसार, नील वृक्ष ज्यों दहै तुषार ||१४||
Krōdha-nivāra kiyō mana śānta, karma-subhaṭa jītē kihiṁ bhāṁ̃ta |
Yaha paṭutara dēkhahu sansāra, nīla vr̥kṣa jyōṁ dahai tuṣāra ||14||

मुनिजन हिये कमल निज टोहि, सिद्धरूप सम ध्यावहिं तोहि |
कमल-कर्णिका बिन-नहिं और, कमल बीज उपजन की ठौर ||१५||
Munijana hiyē kamala nija ṭōhi, sid'dharūpa sama dhyāvahiṁ tōhi |
Kamala-karṇikā bina-nahiṁ aura, kamala bīja upajana kī ṭhaura ||15||

जब तुव ध्यान धरे मुनि कोय, तब विदेह परमातम होय |
जैसे धातु शिला-तनु त्याग, कनक-स्वरूप धवे जब आग ||१६||
Jaba tuva dhyāna dharē muni kōya, taba vidēha paramātama hōya |
Jaisē dhātu śilā-tanu tyāga, kanaka-svarūpa dhavē jaba āga ||16||

जाके मन तुम करहु निवास, विनशि जाय सब विग्रह तास |
ज्यों महंत ढिंग आवे कोय, विग्रहमूल निवारे सोय ||१७||

Jākē mana tuma karahu nivāsa, vinaśi jāya saba vigraha tāsa |
Jyōṁ mahanta ḍhiṅga āvē kōya, vigrahamūla nivāre sōya ||17||

करहिं विबुध जे आतमध्यान, तुम प्रभाव तें होय निदान |
जैसे नीर सुधा अनुमान, पीवत विष विकार की हान ||१८||
Karahiṁ vibudha jē ātamadhyāna, tuma prabhāva ten hōya nidāna |
Jaisē nīra sudhā anumāna, pīvata viṣa vikāra kī hāna ||18||

तुम भगवंत विमल गुणलीन, समल रूप मानहिं मतिहीन |
ज्यों पीलिया रोग दृग गहे, वर्ण विवर्ण शंख सों कहे ||१९||
Tuma bhagavanta vimala guṇalīna, samala rūpa mānahiṁ matihīna |
Jyōṁ pīliyā rōga dṛga gahe, varṇa vivarṇa śaṅkha sōṁ kahe ||19||

(दोहा)
निकट रहत उपदेश सुन, तरुवर भयो 'अशोक' |
ज्यों रवि ऊगत जीव सब, प्रगट होत भुविलोक ||२०||
(Dōhā)
Nikaṭa rahata upadēśa suna, taruvara bhayō 'aśōka'|
Jyōṁ ravi ūgata jīva saba, pragaṭa hōta bhuvilōka ||20||

'सुमन वृष्टि' ज्यों सुर करहिं, हेठ बीठमुख सोहिं |
त्यों तुम सेवत सुमन जन, बंध अधोमुख होहिं ||२१||
'Sumana vṛṣṭi' jyōṁ sura karahiṁ, hēṭha bīṭhamukha sōhiṁ |
Tyōṁ tuma sēvata sumana jana, bandha adhōmukha hōhiṁ ||21||

उपजी तुम हिय उदधि तें, 'वाणी' सुधा समान |
जिहँ पीवत भविजन लहहिं, अजर अमर-पदथान ||२२||

Upajī tuma hiya udadhi teṁ, ‘vāṇī’ sudhā samāna |
Jihaṁ pīvata bhavijana lahahiṁ, ajara amara-padathāna ||22||

कहहिं सार तिहुँ-लोक को, ये ‘सुर-चामर’ दोय |
भावसहित जो जिन नमहिं, तिहँ गति ऊरध होय ||२३||
Kahahiṁ sāra tihuṁ-lōka kō, yē sura-’cāmara’ dōya |
Bhāvasahita jō jina namahiṁ, tihaṁ gati ūradha hōya ||23||

‘सिंहासन’ गिरि मेरु सम, प्रभु धुनि गरजत घोर |
श्याम सुतनु घनरूप लखि, नाचत भविजन मोर ||२४||
‘Simhāsana’ giri mēru sama, prabhu dhuni garajata ghōra |
Śyāma sutanu ghanarūpa lakhi, nācata bhavijana mōra ||24||

छवि-हत होत अशोक-दल, तुम ‘भामंडल’ देख |
वीतराग के निकट रह, रहत न राग विशेष ||२५||
Chavi-hata hōta aśōka-dala, tuma ‘bhāmaṇḍala’ dēkha |
Vītarāga kē nikaṭa raha, rahata na rāga viśēṣa ||25||

सीख कहे तिहुँ-लोक को, ये ‘सुर-दुंदुभि’ नाद |
शिवपथ-सारथ-वाह जिन, भजहु तजहु परमाद ||२६||
Sīkha kahe tihuṁ-lōka kōṁ, yē sura ‘dundubhi’ nāda |
Śivapatha-sāratha-vāha jina, bhajahu tajahu paramāda ||26||

‘तीन छत्र‘ त्रिभुवन उदित, मुक्तागण छवि देत |
त्रिविध-रूप धर मनहु शशि, सेवत नखत-समेत ||२७||
‘Tīna chatra‘tribhuvana udita, muktāgaṇa chavi dēta |
Trividha-rūpa dhara manahu śaśi, sēvata nakhata-samēta ||27||

(पद्धरि छन्द)

प्रभु तुम शरीर दुति रतन जेम,परताप पुंज जिम शुद्ध-हेम |

अतिधवल सुजस रूपा समान, तिनके गुण तीन विराजमान ||२८||

(Pad'dhari chanda)

Prabhu tuma śarīra duti ratana jēma,paratāpa puñja jima śud'dha-hēma |
Atidhavala sujasa rūpā samāna, tinakē guṇa tīna virājamāna ||28||

सेवहिं सुरेन्द्र कर नमत भाल, तिन सीस मुकुट तज देहिं माल |

तुम चरण लगत लहलहे प्रीति, नहिं रमहिं और जन सुमन रीति ||२९||

Sēvahiṁ surēndra kara namata bhāla, tina sīsa mukuṭa taja dēhiṁ māla |
Tuma caraṇa lagata lahalahe prīti, nahiṁ ramahiṁ aura jana sumana rīti ||29||

प्रभु भोग-विमुख तन करम-दाह, जन पार करत भवजल निवाह |

ज्यों माटी-कलश सुपक्व होय, ले भार अधोमुख तिरहिं तोय ||३०||

Prabhu bhōga-vimukha tana karama-dāha, jana pāra karata bhavajala nivāha |
Jyōṁ māṭī-kalaśa supakva hōya, lē bhāra adhōmukha tirahiṁ tōya ||30||

तुम महाराज निरधन निराश,तज तुम विभव सब जगप्रकाश |

अक्षर स्वभाव-सु लिखे न कोय, महिमा भगवंत अनंत सोय ||३१||

Tuma mahārāja niradhana nirāśa,taja tuma vibhava saba jagaprakāśa |
Akṣara svabhāva-su likhai na kōya, mahimā bhagavanta ananta sōya ||31||

कोपियो कमठ निज बैर देख, तिन करी धूलि वरषा विशेष |

प्रभु तुम छाया नहिं भई हीन, सो भयो पापी लंपट मलीन ||३२||

Kōpiyō kamaṭha nija baira dēkha, tina karī dhūli varaṣā viśēṣa |
Prabhu tuma chāyā nahiṁ bhar'i hīna, sō bhayō pāpī lampaṭa malīna ||32||

गरजंत घोर घन अंधकार, चमकंत-विज्जु जल मूसल-धार |

वरषंत कमठ धर ध्यान रुद्र, दुस्तर करंत निज भव-समुद्र ||३३||

Garajanta ghōra ghana andhakāra, camakanta-vijju jala mūsala-dhāra |
Varaṣanta kamaṭha dhara dhyāna rudra,dustara karanta nija bhava-samudra ||33||

(वास्तु छन्द)

मेघमाली मेघमाली आप बल फोरि |

भेजे तुरत पिशाच-गण, नाथ-पास उपसर्ग कारण |

अग्नि-जाल झलकंत मुख, धुनिकरत जिमि मत्त वारण |

कालरूप विकराल-तन, मुंडमाल-हित कंठ |

ह्वे निशंक वह रंक निज, करे कर्म दृढ़-गंठ ||३४||

(Vāstu chanda)
Mēghamālī mēghamālī āpa bala phōri |
Bhējē turata piśāca-gaṇa, nātha-pāsa upasarga kāraṇa |
Agni-jāla jhalakanta mukha, dhunikarata jimi matta vāraṇa |
Kālarūpa vikarāla-tana, muṇḍamāla-hita kaṇṭha |
Hve niśaṅka vaha raṅka nija, kare karma dr̥ṛha-gaṇṭha ||34||

(चौपाई छन्द)

जे तुम चरण-कमल तिहुँकाल, सेवहिं तजि माया जंजाल |

भाव-भगति मन हरष-अपार, धन्य-धन्य जग तिन अवतार ||३५||

(Caupāi chanda)
Jē tuma caraṇa-kamala tihuṁkāla, sēvahiṁ taji māyā jañjāla |
Bhāva-bhagati mana haraṣa-apāra, dhan'ya-dhan'ya jaga tina avatāra ||35||

भवसागर में फिरत अजान, मैं तुव सुजस सुन्यो नहिं कान |

जो प्रभु-नाम-मंत्र मन धरे, ता सों विपति भुजंगम डरे ||३६||

Bhavasāgara mēṁ phirata ajāna, maiṁ tuva sujasa sun'yō nahiṁ kāna |
Jō prabhu-nāma-mantra mana dharē, tā sōṁ vipati bhujaṅgama ḍarē ||36||

मनवाँछित-फल जिनपद माहिं, मैं पूरब-भव पूजे नाहिं |
माया-मगन फिर्यो अज्ञान, करहिं रंक-जन मुझ अपमान ||३७||
Manavām̐chita-phala jinapada māhiṁ, maiṁ pūraba-bhava pūjē nāhiṁ |
Māyā-magana phiryō ajñāna, karahiṁ raṅka-jana mujha apamāna ||37||

मोहतिमिर छायो दृग मोहि, जन्मान्तर देख्यो नहिं तोहि |
जो दुर्जन मुझ संगति गहें, मरम छेद के कुवचन कहें ||३८||
Mōhatimira chāyō dṛga mōhi, janmāntara dēkhyō nahiṁ tōhi |
Jō durjana mujha saṅgati gaheṁ, marama chēda kē kuvacana kaheṁ ||38||

सुन्यो कान जस पूजे पायँ, नैनन देख्यो रूप अघाय |
भक्ति हेतु न भयो चित चाव, दु:खदायक किरिया बिनभाव ||३९||
Sun'yō kāna jasa pūjē pāyam̐, nainana dēkhyō rūpa aghāya |
Bhakti hētu na bhayō cita cāva, du:Khadāyaka kiriyā binabhāva ||39||

महाराज शरणागत पाल, पतित-उधारण दीनदयाल |
सुमिरन करहूँ नाय निज-शीश, मुझ दु:ख दूर करहु जगदीश ||40||
Mahārāja śaraṇāgata pāla, patita-udhāraṇa dīnadayāla |
Sumirana karahūm̐ nāya nija-śīśa, mujha du:Kha dūra karahu jagadīśa ||40||

कर्म-निकंदन-महिमा सार, अशरण-शरण सुजस विस्तार |
नहिं सेये प्रभु तुमरे पाय, तो मुझ जन्म अकारथ जाय ||४१||
Karma-nikandana-mahimā sāra, aśaraṇa-śaraṇa sujasa vistāra |
Nahiṁ sēyē prabhu tumarē pāya, tō mujha janma akāratha jāya ||41||

सुर-गन-वंदित दया-निधान, जग-तारण जगपति अनजान |
दु:ख-सागर तें मोहि निकासि, निर्भय-थान देहु सुख-रासि ||४२||
Sura-gana-vandita dayā-nidhāna, jaga-tāraṇa jagapati anajāna |
Du:Kha-sāgara teṁ mōhi nikāsi, nirbhaya-thāna dēhu sukha-rāsi ||42||

मैं तुम चरण कमल गुणगाय, बहु-विधि-भक्ति करी मनलाय |
जनम-जनम प्रभु पाऊँ तोहि, यह सेवाफल दीजे मोय ||४३||
Maiṁ tuma caraṇa kamala guṇagāya, bahu-vidhi-bhakti karī manalāya |
Janama-janama prabhu pā'ūm̐ tōhi, yaha sēvāphala dījē mōya ||43||

(बेसरी छंद – षड्पद)
इहविधि श्री भगवंत, सुजस जे भविजन भाषहिं |
ते निज पुण्यभंडार, संचि चिर-पाप प्रणासहिं ||
रोम-रोम हुलसंति अंग प्रभु-गुण मन ध्यावहिं |
स्वर्ग संपदा भुंज वेगि पंचमगति पावहिं ||
यह कल्याणमंदिर कियो, कुमुदचंद्र की बुद्धि |
भाषा कहत 'बनारसी', कारण समकित-शुद्धि ||४४||
(Bēsarī chanda – ṣadpada)
Ihavidhi śrī bhagavanta, sujasa jē bhavijana bhāṣahiṁ |
Tē nija puṇyabhaṇḍāra, sañci cira-pāpa praṇāsahiṁ ||
Rōma-rōma hulasanti aṅga prabhu-gaṇa mana dhyāvahiṁ |
Svarga sampadā bhuñja vēgi pañcamagati pāvahiṁ ||
Yaha kalyāṇamandira kiyō, kumudacandra kī bud'dhi |
Bhāṣā kahata 'banārasī', kāraṇa samakita-śud'dhi ||44||

तीर्थंकर महावीर संबंधित महत्त्वपूर्ण तत्थ्य **Tīrthankara Mahāvīra sambandhita mahattvapūrṇa tatthya**

नाम :वर्द्धमान, सन्मति, वीर, अतिवीर, महावीर

Nāma : ***Vard'dhamāna, Sanmati, Vīra, Ativīra, Mahāvīra***

जन्मस्थान :कुंडपुर (जि.वैशाली,बिहार)

Janmasthāna: ***Kuṇḍapura (Distt. Vaiśāli, Bihāra)***

पिता एवं माता : सिद्धार्थ एवं त्रिशला (प्रियकारिणी)

Pitā ēvaṁ mātā: ***Sid'dhārtha ēvaṁ Triśalā (Priyakāriṇī)***

वंश एवं गोत्र : ज्ञातृवंशीय क्षत्रिय, काश्यप गोत्र

Vanśa ēvaṁ gōtra: ***Jñātṛvanśīya kṣatriya, kāśyapa gōtra***

चिह्न:सिंह

Cihna: ***Simha(Lion)***

जन्म-तिथि : चैत्र शुक्ला त्रयोदशी, ई.पू. ५९९

Janma-tithi : ***Caitra śuklā trayōdaśī, 599BC***

दीक्षा-तिथि: मार्गशीर्ष कृष्णा दशमी, ई.पू. ५७०

Dīkṣā-tithi: ***Margsheersha kṛṣṇā daśamī, 570BC***

तप-काल:१२ वर्ष ५ मास १५ दिन

Tapa-kāla: ***12 Varṣa 5 māsa 15 dina***

कैवल्य प्राप्ति :वैशाख शुक्ला दशमी, ई.पू. ५५७

Kaivalya prāpti: ***Vaiśākha śuklā daśamī, 557BC***

स्थान: जृम्भक गाँव, ऋजुकूला नदी-तट (बिहार)

Sthāna: ***Jṛmbhaka gāṁva, ṛjukūlā nadī-taṭa (bihāra)***

उपदेश-काल : २९ वर्ष ५ मास २० दिन
Upadēśa-kāla: ***29 Varṣa 5 māsa 20 dina***

निर्वाण तिथि :कार्तिक कृष्णा अमावस्या, ई.पू. ५२७
Nirvāṇa tithi: ***Kārtika kṛṣṇā amāvasyā, .Pū. 527BC***

निर्वाणस्थली : पावापुरी (जि. नालंदा, बिहार)
Nirvāṇasthali: ***Pāvāpurī (Distt. Nalandaa, Bihāra)***

आयु : लगभग ७२ वर्ष
Āyu: ***Approx 72 varṣa***

पुरुरवा से लेकर भगवान् महावीर के **34** भव

1. पुरुरवा भील
2. पहले स्वर्ग में देव
3. भरतपुत्र मारीचि
4. पाँचवें स्वर्ग में देव
5. जटिल ब्राह्मण
6. पहले स्वर्ग में देव
7. पुष्यमित्र ब्राह्मण
8. पहले स्वर्ग में देव
9. अग्निशर्मा ब्राह्मण
10. तीसरे स्वर्ग में देव
11. अग्निमित्र ब्राह्मण
12. चौथे स्वर्ग में देव
13. भारद्वाज ब्राह्मण
14. चौथे स्वर्ग में देव
15. मनुष्य
16. स्थावर ब्राह्मण
17. चौथे स्वर्ग में देव

18. विश्वनंदी
19. दशवें स्वर्ग में देव
20. त्रिपृष्ठ अर्धचक्री
21. सातवें नरक में
22. सिंह
23. पहले नरक में
24. सिंह
25. पहले स्वर्ग में देव
26. विद्याधर
27. सातवें स्वर्ग में देव
28. हरिषेण राजा
29. दशवें स्वर्ग में देव
30. चक्रवर्ती प्रियमित्र
31. बारहवें स्वर्ग में देव
32. राजा नंदन
33. सोलहवें स्वर्ग में इन्द्र
34. तीर्थंकर महावीर

Pururavā sē lēkara bhagavān mahāvīra kē 34 bhava

1. Pururavā bhīla
2. Pahalē svarga mēṁ dēva
3. Bharataputra mārīci
4. Pāṁcavēṁ svarga mēṁ dēva
5. Jaṭila brāhmaṇa
6. Pahalē svarga mēṁ dēva
7. Puṣyamitra brāhmaṇa
8. Pahalē svarga mēṁ dēva
9. Agniśarmā brāhmaṇa
10. Tīsarē svarga mēṁ dēva
11. Agnimitra brāhmaṇa
12. Cauthē svarga mēṁ dēva
13. Bhāradvāja brāhmaṇa

14. Cauthē svarga mēṁ dēva
15. Manuṣya
16. Sthāvara brāhmaṇa
17. Cauthē svarga mēṁ dēva
18. Viśvanandī
19. Daśavēṁ svarga mēṁ dēva
20. Tripṛṣṭha ardhacakrī
21. Sātavēṁ naraka mēṁ
22. Simha
23. Pahalē naraka mēṁ
24. Sinha
25. Pahalē svarga mēṁ dēva
26. Vidyādhara
27. Sātavēṁ svarga mēṁ dēva
28. Hariṣēṇa rājā
29. Daśavēṁ svarga mēṁ dēva
30. CakravataÊ priyamitra
31. Bārahavēṁ svarga mēṁ dēva
32. Rājā nandana
33. Sōlahavēṁ svarga mēṁ indra
34. Tīrthankara Mahāvīra

इनके पूर्व व मध्य में असंख्यात वर्षों तक इतर निगोद, नरकों, त्रस व स्थावर योनियों में जो भव ग्रहण किये, उनकी गिनती नहीं हो सकती।

Inakē pūrva va madhya mēṁ asaṅkhyāta varṣōn taka itara nigōda, narakōṁ, trasa va sthāvara yōniyōṁ mēṁ jō bhava grahaṇa kiyē, unakī ginatī nahīṁ hō sakatī |

महावीराष्टक-स्तोत्रम् Mahāvīrāṣṭaka-Stōtram

(शिखरिणी छन्द)

यदीये चैतन्ये मुकुर इव भावाश्चिदचित:,

समं भान्ति ध्रौव्य-व्यय-जनि-लसन्तो•न्तरहिता: |

जगत्साक्षी मार्ग-प्रकटनपरो भानुरिव यो,

महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||१||

जिन के चेतन (केवलज्ञान) में दर्पणवत् सभी जीवादि अनंत पदार्थों के भाव उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य सहित युगपत् निरंतर झलकते रहते हैं; जो जगत् के ज्ञाता-दृष्टा और मोक्षमार्ग को प्रकाशित करनेवाले अनुपम सूर्य के समान हैं; ऐसे भगवान् महावीर मेरे नयन-पथ-गामी होवें; अर्थात् मुझे दर्शन दें ।१।

(śikhariṇī chanda)

Yadīyē caitan'yē mukura iva bhāvāścidacita:,

Samaṁ bhānti dhrauvya-vyaya-jani-lasantō•ntarahitā: |

Jagatsākṣī mārga-prakaṭanaparō bhānuriva yō,

mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||1||

Jina kē cētana (kēvalajñāna) mēṁ darpaṇavat sabhī jīvādi ananta padārthōṁ kē bhāva utpāda-vyaya-dhrauvya sahita yugapat nirantara jhalakatē rahatē haiṁ; jō jagat kē jñātā-dṛṣṭā aura mōkṣamārga kō prakāśita karanēvālē anupama sūrya kē samāna haiṁ; aisē bhagavān mahāvīra mērē nayana-patha-gāmī hōvēṁ; arthāt mujhē darśana dēṁ |1|

अताम्रं यच्चक्षु: कमल-युगलं स्पन्द-रहितम्,

जनान्कोपापायं प्रकटयति बाह्यान्तरमपि |

स्फुटं मूर्तिर्यस्य प्रशमितमयी वातिविमला,

महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||२||

लालिमा और स्पंद (पलक झपकना) से रहित जिनके दोनों नेत्रकमलों से मनुष्यों को बाह्य और आन्तरिक क्रोधादि विकारों का अभाव प्रगट हो रहा है; जिनकी शांत और निर्मल (विमल) ज्योति रूपी मुद्रा है; ऐसे भगवान् महावीर स्वामी मेरे नयन-पथ-गामी होवें अर्थात् मुझे दर्शन दें ।२।

Atāmraṁ yaccakṣu: Kamala-yugalaṁ spanda-rahitam,
janānkōpāpāyaṁ prakaṭayati bāhyābhyantaramapi |
Sphuṭaṁ mūrtiryasya praśamitamayī vātivimalā,
mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||2||

Lālimā aura spanda (palaka jhapakanā) sē rahita jinakē dōnōṁ nētrakamalōṁ sē manuṣyōṁ kō bāhya aura āntarika krōdhādi vikārōṁ kā abhāva pragaṭa hō rahā hai; jinakī śānta aura nirmala (vimala) jyōti rūpī mudrā hai; aisē bhagavān mahāvīra svāmī mērē nayana-patha-gāmī hōvēṁ arthāt mujhē darśana dēṁ |2 |

नमन्नाकेन्द्राली-मुकुट-मणि-भा-जाल-जटिलम्,
लसत्पादाम्भोज-द्वयमिह यदीयं तनुभृताम् |
भवज्ज्वाला-शान्त्यै प्रभवति जलं वा स्मृतमपि,
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||३||

नमन करते देवगणों के मुकुटों की मणियों के प्रभाजाल से शोभित जिनके दोनों कांतिमान चरणकमलों का स्मरण मात्र ही शरीरधारियों की सांसारिक दु:ख-ज्वालाओं को शांत करदेने वाला जल है; ऐसे भगवान् महावीर स्वामी मेरे नयनपथगामी होवें, अर्थात् मझे दर्शन दें ।३।

Namatrākēndrālī-mukuṭa-maṇi-bhā jāla-jaṭilam,
lasatpādāmbhōja-dvayamiha yadīyaṁ tanubhṛtām |
Bhavajjvālā-śāntyai prabhavati jalaṁ vā smṛtamapi,
Mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||3||

Namana karatē dēvagaṇōṁ kē mukuṭōṁ kī maṇiyōṁ kē prabhājāla sē śōbhita jinakē dōnōṁ kāntimāna caraṇakamalōṁ kā smaraṇa mātra hī śarīradhāriyōṁ kī sānsārika du:Kha-jvālā'ōṁ kō śānta karadēnē vālā jala hai; aisē bhagavān mahāvīra svāmī mērē nayanapathagāmī hōvēṁ, arthāt majhē darśana dēṁ |3|

यदर्चा-भावेन प्रमुदित-मना दर्दुर इह,
क्षणादासीत्स्वर्गी गुण-गण-समृद्ध: सुख-निधि: |
लभन्ते सद्भक्ता: शिव-सुख-समाजं किमु तदा,
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||४||

जिन की पूजा करने के भाव-मात्र से प्रसन्न-चित्त मेंढक क्षणमात्र में ही गुण-गण से समृद्ध हो, सुख के निधान स्वर्ग को प्राप्त हो गया, तब उनके सद्भक्तों को मुक्ति-सुख प्राप्त होता ही है इस में क्या आश्चर्य ! ऐसे भगवान् महावीर स्वामी मेरे नयनपथगामी होवें , अर्थात् मुझे दर्शन दें ।४।

Yadarcā-bhāvēna pramudita-manā dardura iha,
Kṣaṇādāsītsvargī guṇa-gaṇa-samṛd'dha: Sukha-nidhi: |
Labhantē sadbhaktā: Śiva-sukha-samājaṁ kimu tadā,
Mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||4||

Jina kī pūjā karanē kē bhāva-mātra sē prasanna-citta mēṇḍhaka kṣaṇamātra mēṁ hī guṇa-gaṇa sē samṛd'dha hō, sukha kē nidhāna svarga kō prāpta hō gayā, taba unakē sadbhaktōṁ kō mukti-sukha prāpta hōtā hī hai isa mēṁ kyā āścarya! Aisē bhagavān mahāvīra svāmī mērē nayanapathagāmī hōvēṁ, arthāt mujhē darśana dēṁ |4|

कनत्स्वर्णाभासोऽप्यपगत-तनुर्ज्ञान-निवहो,
विचित्रात्माप्येको नृपति-वर-सिद्धार्थ-तनय: |
अजन्मापि श्रीमान् विगत-भव-रागोऽद्भुत-गतिर्,
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||५||

तप्त-स्वर्ण के समान आभायुत शरीर से विरक्त, जो ज्ञान-शरीरी (केवलज्ञान-पुंज), अनेक ज्ञेय झलकाती विचित्र आत्मा होते हुए भी एक हैं; महाराजा सिद्धार्थ के पुत्र होते हुए भी अजन्मा हैं; केवलज्ञान तथा समवसरणादि लक्ष्मी से युक्त होने पर भी संसार के राग से रहित, अद्भुत मोक्ष गति प्राप्त हैं; ऐसे भगवान् महावीर स्वामी मेरे नयन-पथ-गामी होवें अर्थात् मुझे दर्शन दें ।५।

Kanatsvarṇābhāsōapyapagata-tanurjñāna-nivahō,
Vicitrātmāpyēkō nṛpati-vara-sid'dhārtha-tanaya: |
Ajanmāpi śrīmān vigata-bhava-rāgōadbhuta-gatir,
Mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||5||

Tapta-svarṇa kē samāna ābhāyuta śarīra sē virakta, jō jñāna-śarīrī (kēvalajñāna-puñja), anēka jñēya jhalakātī vicitra ātmā hōtē hu'ē bhī ēka haiṁ; mahārājā sid'dhārtha kē putra hōtē hu'ē bhī ajanmā haiṁ; kēvalajñāna tathā samavasaraṇādi lakṣmī sē yukta hōnē para bhī sansāra kē rāga sē rahita, adbhuta mōkṣa gati prāpta haiṁ; aisē bhagavān mahāvīra svāmī mērē nayana-patha-gāmī hōvēṁ arthāt mujhē darśana dēṁ |5|

यदीया वाग्गङ्गा विविध-नय-कल्लोल-विमला,
वृहज्ज्ञानाम्भोभिर्जगति जनतां या स्नपयति |
इदानीमप्येषा बुध-जन-मरालै: परिचिता,
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||६||

विविध नय-रूपी निर्मल तरंगों युक्त जिनकी वाणी रूपी गंगा अपने सर्वज्ञ, विराट, ज्ञान रूपी जल से जगत् के जीवों को स्नान कराती रहती है तथा इस समय भी विद्वत्-जन रूपी हंसों को परिचित है, ऐसे महावीर स्वामी मेरे नयन-पथ-गामी होवें अर्थात् मुझे दर्शन दें |६|

Yadīyā vāggaṅgā vividha-naya-kallōla-vimalā,
Vṛhajjñānāṁbhōbhirjagati janatāṁ yā snapayati |
Idānīmapyēṣā budha-jana-marālai: Paricitā,
Mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||6||

Vividha naya-rūpī nirmala taraṅgōṁ yukta jinakī vāṇīrūpī gaṅgā apanē sarvajña, virāṭa, jñāna rūpī jala sē jagat kē jīvōṁ kō snāna karātī rahatī hai tathā isa samaya bhī vidvat-jana rūpī hansōṁ kō paricita hai, aisē mahāvīra svāmī mērē nayana-patha-gāmī hōvēṁ arthāt mujhē darśana dēṁ |6|

अनिर्वारोद्रेकस्त्रिभुवन-जयी काम-सुभट:,
कुमारावस्थायामपि निज-बलाद्येन विजित: |
स्फुरन्नित्यानन्द-प्रशम-पद-राज्याय स जिन:,
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||७||

जिसने अपने अनिर्वार-वेग से तीनों लोकों को जीत रखा है, ऐसे 'काम' रूपी सुभट (योद्धा) को अपने आत्म-बल से कुमार आयु में ही जीत लेने वाले, शाश्वत व सुख आनंद के स्वामी बन मोक्ष-पद पर विराजित जो जिनेन्द्र हैं, ऐसे भगवान् महावीर स्वामी मेरे नयन-पथ-गामी होवें अर्थात् मुझे दर्शन दें।|७|

Anirvārōdrēkastribhuvana-jayī kāma-subhaṭa:,
Kumārāvasthāyāmapi nija-balādyēna vijita: |
Sphurannityānanda-praśama-pada-rājyāya sa jina:,
Mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||7||

Jisanē apanē anirvāra-vēga sē tīnōṁ lōkōṁ kō jīta rakhā hai, aisē 'kāma' rūpī subhaṭa (yōd'dhā) kō apanē ātma-bala sē kumāra āyu mēṁ hī jīta lēnē vālē, śāśvata va sukha ānanda kē svāmī bana mōkṣa-pada para virājita jō jinēndra haiṁ, aisē bhagavān mahāvīra svāmī mērē nayana-patha-gāmī hōvēṁ arthāt mujhē darśana dēṁ.|7|

महामोहातंक-प्रशमन-पराकस्मिकभिषक्,

निरापेक्षो बन्धुर्विदित-महिमा मंगलकर: |

शरण्य: साधूनां भव-भयभृतामुत्तमगुणो,

महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ||८||

मोह रूपी महारोग को शांत करने के लिए जो अनोखे आकस्मिक उपचारक (वैद्य) हैं, जीवमात्र के नि:स्वार्थ-बंधु रूप जिनकी महिमा विख्यात है, जो महामंगल के करनेवाले हैं, तथा संसार से डरे सज्जन जीवों के शरणदाता, और उत्तम-गुणों के धारी हैं, ऐसे भगवान् महावीर स्वामी मेरे नयन-पथ-गामी होवें; अर्थात् मुझे दर्शन दें। |८|

Mahāmōhātaṅka-praśamana-parākasmika-bhiṣak,
Nirāpēkṣō bandhurvidita-mahimā maṅgalakara: |
Śaraṇya: Sādhūnāṁ bhava-bhayabhṛtāmuttamaguṇō,
Mahāvīra-svāmī nayana-patha-gāmī bhavatu mē ||8||

Mōha rūpī mahārōga kō śānta karanē kē li'ē jō anōkhē ākasmika upacāraka (vaidya) haiṁ, jīvamātra kē ni:Svārtha-bandhu rūpa jinakī mahimā vikhyāta hai, jō mahāmaṅgala kē karanēvālē haiṁ, tathā sansāra sē ḍarē sajjana jīvōṁ kē śaraṇadātā, aura uttama-guṇōṁ kē dhārī haiṁ, aisē bhagavān mahāvīra svāmī mērē nayana-patha-gāmī hōvēṁ; arthāt mujhē darśana dēṁ. |8|

(अनुष्टुप्)

महावीराष्टकं स्तोत्रं भक्त्या 'भागेन्दुना' कृतम् |

य: पठेच्छृणेच्चापि स याति परमां गतिम् ||

कविवर भागचंद्र कृत इस भक्ति-स्तोत्र 'महावीराष्टक' का जो पाठ करता, व सुनता है; वह परम-गति (मोक्ष) को पाता है।

(Anuṣṭup)
Mahāvīrāṣṭakaṁ stōtraṁ bhaktyā 'bhāgēndunā' kr̥tam |
Ya: Paṭhēcchruṇeccāpi sa yāti paramāṁ gatim ||
Kavivara bhāgacandra kr̥ta isa bhakti-stōtra 'mahāvīrāṣṭaka' kā jō pāṭha karatā, va sunatā hai; vaha parama-gati (mōkṣa) kō pātā hai.

भक्तामर स्तोत्र (हिन्दी) **Bhaktāmara Stōtra (Hindī)**

(दोहा)
आदिपुरुष आदीश जिन, आदि सुविधि करतार |
धरम-धुरंधर परमगुरु, नमूं आदि अवतार ||
(dōhā)
Adipuruṣa ādīśa jina, ādi suvidhi karatāra |
Dharama-dhurandhara paramaguru, namuṁ ādi avatāra ||

(चौपाई छन्द)
सुर-नत-मुकुट रतन-छवि करें, अंतर पाप-तिमिर सब हरें ।
जिनपद वंदूं मन वच काय, भव-जल-पतित उधरन-सहाय ॥१॥
(Caupāi chanda)
Sura-nata-mukuṭa ratana-chavi kareṁ, antara pāpa-timira saba hareṁ |
Jinapada vandun mana vaca kāya, bhava-jala-patita udharana-sahāya ||1||

श्रुत-पारग इंद्रादिक देव, जाकी थुति कीनी कर सेव |
शब्द मनोहर अरथ विशाल, तिन प्रभु की वरनूं गुन-माल ||२||
Śruta-pāraga indrādika dēva, jākī thuti kīnī kara sēva |
Śabda manōhara aratha viśāla, tina prabhu kī varanuṁ guna-māla ||2||

विबुध-वंद्य-पद मैं मति-हीन, हो निलज्ज थुति मनसा कीन |
जल-प्रतिबिंब बुद्ध को गहे, शशिमंडल बालक ही चहे ||३||

Vibudha-vandya-pada maiṁ mati-hīna, hō nilajja thuti manasā kīna |
Jala-pratibimba bud'dha kō gahe, śaśimaṇḍala bālaka hī cahe ||3||

गुन-समुद्र तुम गुन अविकार, कहत न सुर-गुरु पावें पार |
प्रलय-पवन-उद्धत जल-जंतु, जलधि तिरे को भुज बलवंतु ||४||
Guna-samudra tuma guna avikāra, kahata na sura-guru pāveṁ pāra |
Pralaya-pavana-ud'dhata jala-jantu, jaladhi tire kō bhuja balavantu ||4||

सो मैं शक्ति-हीन थुति करूँ, भक्ति-भाव-वश कछु नहिं डरूँ |
ज्यों मृगि निज-सुत पालन हेत, मृगपति सन्मुख जाय अचेत ||५||
Sō maiṁ śakti-hīna thuti karūm̐, bhakti-bhāva-vaśa kachu nahiṁ ḍarūm̐ |
Jyōṁ mṛgi nija-suta pālana hēt, mṛgapati sanmukha jāya acēta ||5||

मैं शठ सुधी-हँसन को धाम, मुझ तव भक्ति बुलावे राम |
ज्यों पिक अंब-कली परभाव, मधु-ऋतु मधुर करे आराव ||६||
Maiṁ śaṭha sudhī-ham̐sana kō dhāma, mujha tava bhakti bulāve rāma |
Jyōṁ pika amba-kalī parabhāva, madhu-ṛtu madhura kare ārāva ||6||

तुम जस जंपत जन छिन माँहिं, जनम-जनम के पाप नशाहिं |
ज्यों रवि उगे फटे ततकाल, अलिवत् नील निशा-तम-जाल ||७||
Tuma jasa jampata jana china mām̐hiṁ, janama-janama kē pāpa naśāhiṁ |
Jyōṁ ravi ugē phaṭē tatakāla, alivat nīla niśā-tama-jāla ||7||

तव प्रभाव तें कहूँ विचार, होसी यह थुति जन-मन-हार |
ज्यों जल कमल-पत्र पे परे, मुक्ताफल की द्युति विस्तरे ||८||
Tava prabhāva teṁ kahūm̐ vicāra, hōsī yaha thuti jana-mana-hāra |
Jyōṁ jala kamala-patra pe pare, muktāphala kī dyuti vistare ||8||

तुम गुन-महिमा-हत दु:ख-दोष, सो तो दूर रहो सुख-पोष |
पाप-विनाशक है तुम नाम, कमल-विकासी ज्यों रवि-धाम ||९||
Tuma guna-mahimā-hata du:Kha-dōṣa, sō tō dūra rahō sukha-pōṣa |
Pāpa-vināśaka hai tuma nāma, kamala-vikāsī jyōṁ ravi-dhāma ||9||

नहिं अचंभ जो होहिं तुरंत, तुमसे तुम-गुण वरणत संत |
जो अधीन को आप समान, करे न सो निंदित धनवान ||१०||
Nahiṁ acambha jō hōhiṁ turanta, tumasē tuma-guṇa varaṇata santa |
Jō adhīna kō āpa samāna, kare na sō nindita dhanavāna ||10||

इकटक जन तुमको अवलोय, अवर विषै रति करे न सोय |
को करि क्षार-जलधि जल पान, क्षीर नीर पीवे मतिमान ||११||
Ikaṭaka jana tumakō avalōya, avara viṣai rati kare na sōya |
Kō kari kṣāra-jaladhi jala pāna, kṣīra nīra pīvē matimāna ||11||

प्रभु! तुम वीतराग गुण-लीन, जिन परमाणु देह तुम कीन |
हैं तितने ही ते परमाणु, या तें तुम सम रूप न आनु ||१२||
Prabhu! Tuma vītarāga guṇa-līna, jina paramāṇu dēha tuma kīna |
Haiṁ titanē hī tē paramāṇu, yā teṁ tuma sama rūpa na ānu ||12||

कहँ तुम मुख अनुपम अविकार, सुर-नर-नाग-नयन-मन हार |
कहाँ चंद्र-मंडल सकलंक, दिन में ढाक-पत्र सम रंक ||१३||
Kaham̐ tuma mukha anupama avikāra, sura-nara-nāga-nayana-mana hāra |
Kahām̐ candra-maṇḍala sakalaṅka, dina mēṁ ḍhāka-patra sama raṅka ||13||

पूरन-चंद्र-ज्योति छविवंत, तुम गुन तीन जगत् लंघंत |
एक नाथ त्रिभुवन-आधार, तिन विचरत को करे निवार ||१४||

Pūrana-candra-jyōti chavivanta, tuma guna tīna jagat laṅghanta |
Ēka nātha tribhuvana-ādhāra, tina vicarata kō kare nivāra ||14||

जो सुर-तिय विभ्रम आरम्भ, मन न डिग्यो तुम तोउ न अचंभ |
अचल चलावे प्रलय समीर, मेरु-शिखर डगमगें न धीर ||१५||
Jō sura-tiya vibhrama ārambha, mana na ḍigyō tuma tou na acambha |
Acala calāve pralaya samīra, mēru-śikhara ḍagamageṁ na dhīra ||15||

धूम-रहित बाती गत नेह, परकाशे त्रिभुवन-घर एह |
वात-गम्य नाहीं परचंड, अपर दीप तुम बलो अखंड ||१६||
Dhūma-rahita bātī gata nēha, parakāśe tribhuvana-ghara ēha |
Vāta-gamya nāhīṁ paracaṇḍa, apara dīpa tuma balō akhaṇḍa ||16||

छिपहु न लुपहु राहु की छाहिं, जग-परकाशक हो छिन-माहिं |
घन-अनवर्त दाह विनिवार, रवि तें अधिक धरो गुणसार ||१७||
Chipahu na lupahu rāhu kī chāhiṁ, jaga-parakāśaka hō china-māhiṁ |
Ghana-anavarta dāha vinivāra, ravi teṁ adhika dharō guṇasāra ||17||

सदा उदित विदलित तममोह, विघटित मेघ-राहु-अवरोह |
तुम मुख-कमल अपूरब चंद, जगत्-विकाशी जोति अमंद ||१८||
Sadā udita vidalita tamamōha, vighaṭita mēgha-rāhu-avarōha |
Tuma mukha-kamala apūraba canda, jagat-vikāśī jōti Amanda ||18||

निश-दिन शशि रवि को नहिं काम, तुम मुख-चंद हरे तम-धाम |
जो स्वभाव तें उपजे नाज, सजल मेघ तें कौनहु काज ||१९||
Niśa-dina śaśi ravi kō nahiṁ kāma, tuma mukha-canda harē tama-dhāma |
Jō svabhāva ten upajē nāja, sajala mēgha ten kaunahu kāja ||19||

जो सुबोध सोहे तुम माँहिं, हरि हर आदिक में सो नाहिं |
जो द्युति महा-रतन में होय, कांच-खंड पावे नहिं सोय ||२०||
Jō subōdha sōhē tuma māṁhiṁ, hari hara ādika mēṁ sō nāhiṁ |
Jō dyuti mahā-ratana mēṁ hōya, kāñca-khaṇḍa pāve nahiṁ sōya ||20||

(नाराच छन्द)
सराग देव देख मैं भला विशेष मानिया |
स्वरूप जाहि देख वीतराग तू पिछानिया ||
कछू न तोहि देखके जहाँ तुही विशेखिया |
मनोग चित्त-चोर ओर भूल हू न पेखिया ||२१||
(Nārāca chanda)
Sarāga dēva dēkha maiṁ bhalā viśēṣa māniyā |
Svarūpa jāhi dēkha vītarāga tū pichāniyā ||
Kachū na tōhi dēkhakē jahāṁ tuhī viśēkhiyā |
Manōga citta-cōra ora bhūla hū na pēkhiyā ||21||

अनेक पुत्रवंतिनी नितंबिनी सपूत हैं |
न तो समान पुत्र और मात तें प्रसूत हैं ||
दिशा धरंत तारिका अनेक कोटि को गिने |
दिनेश तेजवंत एक पूर्व ही दिशा जने ||२२||
Anēka putravantinī nitambinī sapūta haiṁ |
Na tō samāna putra aura māta ten prasūta haiṁ ||
Diśā dharanta tārikā anēka kōṭi kō gine |
Dinēśa tējavanta ēka pūrva hī diśā jane ||22||

पुरान हो पुमान हो पुनीत पुण्यवान हो |
कहें मुनीश! अंधकार-नाश को सुभानु हो ||
महंत तोहि जान के न होय वश्य काल के |
न और मोहि मोक्ष पंथ देय तोहि टाल के ||२३||
Purāna hō pumāna hō punīta puṇyavāna hō |
Kaheṁ munīśa! Andhakāra-nāśa kō subhānu hō ||

Mahanta tōhi jāna kē na hōya vaśya kāla kē |
Na aura mōhi mōkṣa pantha dēya tōhi ṭāla kē ||23||

अनंत नित्य चित्त की अगम्य रम्य आदि हो |
असंख्य सर्वव्यापि विष्णु ब्रह्म हो अनादि हो ||
महेश कामकेतु जोगि ईश योग ज्ञान हो |
अनेक एक ज्ञानरूप शुद्ध संतमान हो ||२४||

Ananta nitya citta kī agamya ramya ādi hō |
Asaṅkhya sarvavyāpi viṣṇu brahma hō anādi hō ||
Mahēśa kāmakētu jōgi īśa yōga jñāna hō |
Anēka ēka jñānarūpa śud'dha santamāna hō ||24||

तुही जिनेश! बुद्ध है सुबुद्धि के प्रमान तें |
तुही जिनेश! शंकरो जगत्त्रयी विधान तें ||
तुही विधात है सही सुमोख-पंथ धार तें |
नरोत्तमो तुही प्रसिद्ध अर्थ के विचार तें ||२५||

Tuhī jinēśa! Bud'dha hai subud'dhi kē pramāna ten |
Tuhī jinēśa! Śaṅkarō jagattrayī vidhāna ten ||
Tuhī vidhāta hai sahī sumōkha-pantha dhāra ten |
Narōttamō tuhī prasid'dha artha kē vicāra ten ||25||

नमो करूँ जिनेश! तोहि आपदा निवार हो |
नमो करूँ सु भूरि भूमि-लोक के सिंगार हो ||
नमो करूँ भवाब्धि-नीर-राशि-शोष-हेतु हो |
नमो करूँ महेश! तोहि मोख-पंथ देतु हो ||२६||

Namō karūṁ jinēśa! Tōhi āpadā nivāra hō |
Namō karūṁ su bhūri bhūmi-lōka kē siṅgāra hō ||
Namō karūṁ bhavābdhi-nīra-rāśi-śōṣa-hētu hō |
Namō karūṁ mahēśa! Tōhi mōkha-pantha dētu hō ||26||

(चौपाई 15 मात्रा)

तुम जिन पूरन गुन-गन भरे, दोष गर्व करि तुम परिहरे |

और देव-गण आश्रय पाय,स्वप्न न देखे तुम फिर आय ||२७||

(Caupāi 15 mātrā)

Tuma jina pūrana guna-gana bharē, dōṣa garva kari tuma pariharē |
Aura dēva-gaṇa āśraya pāya,svapna na dēkhē tuma phira āya ||27||

तरु अशोक-तल किरन उदार, तुम तन शोभित है अविकार |

मेघ निकट ज्यों तेज फुरंत, दिनकर दिपे तिमिर निहनंत ||२८||

Taru aśōka-tala kirana udāra, tuma tana śōbhita hai avikāra |
Mēgha nikaṭa jyōṁ tēja phuranta, dinakara dipe timira nihananta ||28||

सिंहासन मणि-किरण-विचित्र, ता पर कंचन-वरन पवित्र |

तुम तन शोभित किरन विथार, ज्यों उदयाचल रवि तम-हार ||२९||

Sinhāsana maṇi-kiraṇa-vicitra, tā para kañcana-varana pavitra |
Tuma tana śōbhita kirana vithāra, jyōṁ udayācala ravi tama-hāra ||29||

कुंद-पुहुप-सित-चमर ढुरंत, कनक-वरन तुम तन शोभंत |

ज्यों सुमेरु-तट निर्मल कांति, झरना झरे नीर उमगांति ||३०||

Kunda-puhupa-sita-camara dhuranta, kanaka-varana tuma tana śōbhanta
|
Jyōṁ sumēru-taṭa nirmala kānti, jharanā jhare nīra umagānti ||30||

ऊँचे रहें सूर-दुति लोप, तीन छत्र तुम दिपें अगोप |

तीन लोक की प्रभुता कहें, मोती झालरसों छवि लहें ||३१||

Ūm̐cē rahēṁ sūra-duti lōpa, tīna chatra tuma dipen agōpa |
Tīna lōka kī prabhutā kahēn, mōtī jhālarasōṁ chavi lahēn ||31||

दुंदुभि-शब्द गहर गंभीर, चहुँ दिशि होय तुम्हारे धीर |

त्रिभुवन-जन शिव-संगम करें, मानो जय-जय रव उच्चरें ||३२||

Dundubhi-śabda gahara gambhīra, cahuṁ diśi hōya tumhārē dhīra |
Tribhuvana-jana śiva-saṅgama karēṁ, mānō jaya-jaya rava uccarēṁ ||32||

मंद पवन गंधोदक इष्ट, विविध कल्पतरु पुहुप सुवृष्ट |
देव करें विकसित दल सार, मानो द्विज-पंकति अवतार ||३३||
Manda pavana gandhōdaka iṣṭa, vividha kalpataru puhupa suvr̥ṣṭa |
Dēva karēn vikasita dala sāra, mānō dvija-paṅkati avatāra ||33||

तुम तन-भामंडल जिन-चंद, सब दुतिवंत करत हैं मंद |
कोटि संख्य रवि-तेज छिपाय, शशि निर्मल निशि करे अछाय ||३४||
Tuma tana-bhāmaṇḍala jina-canda, saba dutivanta karata haiṁ manda |
Kōṭi saṅkhya ravi-tēja chipāya, śaśi nirmala niśi kare achāya ||34||

स्वर्ग-मोख-मारग संकेत, परम-धरम उपदेशन हेत |
दिव्य वचन तुम खिरें अगाध, सब भाषा-गर्भित हित-साध ||३५||
Svarga-mōkha-māraga saṅkēta, parama-dharama upadēśana hēta |
Divya vacana tuma khiren agādha, saba bhāṣā-garbhita hita-sādha ||35||

(दोहा छन्द)
विकसित-सुवरन-कमल-दुति, नख-दुति मिलि चमकाहिं |
तुम पद पदवी जहँ धरो, तहँ सुर कमल रचाहिं ||३६||
(Dōhā chanda)
Vikasita-suvarana-kamala-duti, nakha-duti mili camakāhiṁ |
Tuma pada padavī jahaṁ dharō, tahaṁ sura kamala racāhiṁ ||36||

ऐसी महिमा तुम-विषै, और धरे नहिं कोय |
सूरज में जो जोत है, नहिं तारा-गण होय ||३७||
Aisī mahimā tuma-viṣaiṁ, aura dharai nahiṁ kōya |
Sūraja mēṁ jō jōta hai, nahiṁ tārā-gaṇa hōya ||37||

(षट्पद छन्द)

मद-अवलिप्त-कपोल-मूल अलि-कुल झँकारें |
तिन सुन शब्द प्रचंड क्रोध उद्धत अति धारें ||
काल-वरन विकराल कालवत् सनमुख आवे |
ऐरावत सो प्रबल सकल जन भय उपजावे ||
देखि गयंद न भय करे, तुम पद-महिमा लीन |
विपति-रहित संपति-सहित, वरतैं भक्त अदीन ||३८||

(Ṣaṭpada chanda)

Mada-avalipta-kapōla-mūla ali-kula jhaṁkārēn |
भ्रांति का नाश हो, शांति का वास हो, ब्रह्म प्यारे |
तेरी भक्ति में क्षण जायें सारे ||१||

Mērē śāśvata-śaraṇa, satya-tāraṇataraṇa brahma pyārē |
Tērī bhakti mēṁ kṣaṇa jāyēṁ sārē..Ṭēka ||
Jñāna sē jñāna mēṁ jñāna hī hō, kalpanā'ōṁ kā ēkadama vilaya hō |
Bhrānti kā nāśa hō, śānti kā vāsa hō, brahma pyārē |
Tērī bhakti mēṁ kṣaṇa jāyēṁ sārē ||1||

सर्वगतियों में रह गति से न्यारे, सर्वभावों में रह उनसे न्यारे |
सर्वगत आत्मगत, रत न नाहीं विरत, ब्रह्म प्यारे |
तेरी भक्ति में क्षण जायें सारे ||२||

Sarvagatiyōṁ mēṁ raha gati sē n'yārē, sarvabhāvōṁ mēṁ raha unasē n'yārē |
Sarvagata ātmagata, rata na nāhīṁ virata, brahma pyārē |
Tērī bhakti mēṁ kṣaṇa jāyēṁ sārē ||2||

सिद्धि जिनने भी अबतक है पाई, तेरा आश्रय ही उसमें सहाई |
मेरे संकटहरण, ज्ञान-दर्शन-चरण, ब्रह्म प्यारे |
तेरी भक्ति में क्षण जायें सारे ||३||

Sid'dhi jinanē bhī abataka hai pāi, tērā āśraya hī usamēṁ sahāi |
Mērē saṅkaṭaharaṇa, jñāna-darśana-caraṇa, brahma pyārē |
Tērī bhakti mēṁ kṣaṇa jāyēṁ sārē ||3||

देह-कर्मादि सब जग से न्यारे, गुण व पर्यय के भेदों से पारे |
नित्य अन्त:अचल, गुप्त ज्ञायक अमल, ब्रह्म प्यारे |
तेरी भक्ति में क्षण जायें सारे ||४||

Dēha-karmādi saba jaga sē n'yārē, guṇa va paryaya ke bhēdōṁ sē pārē |
Nitya anta:Acala, gupta jñāyaka amala, brahma pyārē |
Tērī bhakti mēṁ kṣaṇa jāyēṁ sārē ||4||

आपका आप ही श्रेय तू है, सर्व श्रेयों में नित श्रेय तू है |
सहजानंदी प्रभो, अन्तर्यामी विभो, ब्रह्म प्यारे |
तेरी भक्ति में क्षण जायें सारे ||५||

Āpakā āpa hī śrēya tū hai, sarva śrēyōṁ mēṁ nita śrēya tū hai |
Sahajānandī prabhō, antaryāmī vibhō, brahma pyārē |
Tērī bhakti mēṁ kṣaṇa jāyēṁ sārē ||5||

आत्म-रमण Ātma-ramaṇa

मैं दर्शन-ज्ञान-स्वरूपी हूँ, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ |
हूँ ज्ञानमात्र परभाव शून्य, हूँ सहज-ज्ञानघन स्वयंपूर्ण |
हूँ सत्य-सहज आनंद धाम, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ ||१||

Maiṁ darśana-jñāna svarūpī hūṁ, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ |
Hūṁ jñānamātra parabhāva śūn'ya, hūṁ sahaja-jñānaghana svayampūrṇa |
Hūṁ satya-sahaja ānanda dhāma, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ ||1||

हूँ खुद का ही कर्ता भोक्ता, पर में मेरा कुछ काम नहीं |
पर का न प्रवेश, न कार्य यहाँ, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ ||२||

Hūṁ khuda kā hī kartā bhōktā, para mēṁ mērā kucha kāma nahīṁ |
Para kā na pravēśa, na kārya yahāṁ, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ ||2||

आऊँ, उतरूँ, रम लूँ निज में, निज की निज में दुविधा ही क्या |
निज-अनुभव-रस से सहज-तृप्त, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ ||३||
Ā'ūṁ, utarūṁ, rama lūṁ nija mēṁ, nija kī nija mēṁ duvidhā hī kyā |
Nija-anubhava-rasa sē sahaja-tṛpta, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ ||3||

सम्बोधन Sambōdhana

सदा संतोष कर प्राणी, अगर सुख से रहा चाहे,
घटा दे मन की तृष्णा को, अगर अपना भला चाहे |
आग में जिस कदर ईंधन, पड़ेगा ज्योति ऊँची हो,
बढ़ा मत लोभ की तृष्णा, अगर दु:ख से बचा चाहे ||१||
Sadā santōṣa kara prāṇī, agara sukha sē rahā cāhē,
Ghaṭā dē mana kī tṛṣṇā kō, agara apanā bhalā cāhē |
Āga mēṁ jisa kadara indhana, paḍēgā jyōti ūṁcī hō,
Baṛhā mata lōbha kī tṛṣṇā, agara du:Kha sē bacā cāhē ||1||

वही धनवान है जग में, लोभ जिसके नहीं मन में,
वह निर्धन रंक होता है, जो परधन को हरा चाहे ||२||
Vahī dhanavāna hai jaga mēṁ, lōbha jisakē nahīṁ mana mēṁ,
Vaha nirdhana raṅka hōtā hai, jō paradhana kō harā cāhē ||2||

दु:खी रहते हैं वह निश दिन, जो आरत ध्यान करते हैं,
न कर लालच अगर आजाद, रहने का मजा चाहे ||३||
Du:Khī rahatē haiṁ vaha niśa dina, jō ārata dhyāna karatē haiṁ,
Na kara lālaca agara ājāda, rahanē kā majā cāhē ||3||

बिना माँगे मिले मोती, न्याय मत देख दुनियाँ में,
भीख माँगे नहीं मिलती, अगर कोई गहा चाहे ||४||
Binā māṁgē milē mōtī, n'yāya mata dēkha duniyāṁ mēṁ,
Bhīkha māṁgē nahīṁ milatī, agara kōi gahā cāhē ||4||

चालीसा संग्रह Chalisa Sangrah

श्री महावीर जिन चालीसा Śrī Mahāvīra Jina Cālīsā

(दोहा)
शीश नवा अरिहन्त को, सिद्धन करूँ प्रणाम ।
उपाध्याय आचार्य का, ले सुखकारी नाम ॥१॥
(dōhā)
Śīśa navā arihanta kō, sid'dhana karūṁ praṇāma.
Upādhyāya ācārya kā, lē sukhakārī nāma..1..

सर्व साधु और सरस्वती, जिन मंदिर सुखकार ।
महावीर भगवान को, मन मंदिर में धार ॥२॥
Sarva sādhu aura sarasvatī, jina mandira sukhakāra.
Mahāvīra bhagavāna kō, mana mandira mēṁ dhāra..2..

(चौपाई)
जय महावीर दयालु स्वामी, वीर प्रभु तुम जग में नामी ॥३॥
(Caupāi)
Jaya mahāvīra dayālu svāmī, vīra prabhu tuma jaga mēṁ nāmī..3..

वर्धमान है नाम तुम्हारा, लगे हृदय को प्यारा प्यारा ॥४॥
Vardhamāna hai nāma tumhārā, lagē hṛdaya kō pyārā pyārā..4..

शांत-छवि और मोहनी मूरत, शांत हँसीली सोहनी सूरत ॥५॥
Śānta-chavi aura mōhanī mūrata, śānta haṁsīlī sōhanī sūrata..5..

तुमने वेष दिगम्बर धारा, कर्म शत्रु भी तुम से हारा ॥६॥
Tumanē vēṣa digambara dhārā, karma śatru bhī tuma sē hārā..6..

क्रोध मान और लोभ भगाया, माया-मोह तुमसे डर खाया ॥७॥
Krōdha māna aura lōbha bhagāyā, māyā-mōha tumasē ḍara khāyā..7..

तू सर्वज्ञ सर्व का ज्ञाता, तुझको दुनिया से क्या नाता ॥८॥
Tū sarvajña sarva kā jñātā, tujhakō duniyā sē kyā nātā..8..

तुझमें नहीं राग और द्वेषा, वीतराग तू हितोपदेशा ॥९॥
Tujhamēṁ nahīṁ rāga aura dvēṣā, vītarāga tū hitōpadēśā..9..

तेरा नाम जगत में सच्चा, जिसको जाने बच्चा-बच्चा ॥१०॥
Tērā nāma jagata mēṁ saccā, jisakō jānē baccā-baccā..10..

भूत प्रेत तुम से भय खावें, व्यंतर-राक्षस सब भग जावें ॥११॥
Bhūta prēta tuma sē bhaya khāvēṁ, vyantara-rākṣasa saba bhaga jāvēṁ..11..

महा व्याध मारी न सतावे, महा विकराल काल डर खावें ॥१२॥
Mahā vyādha mārī na satāvē, mahā vikarāla kāla ḍara khāvēṁ..12..

काला नाग होय फन धारी, या हो शेर भयंकर भारी ॥१३॥
Kālā nāga hōya phana dhārī, yā hō śēra bhayaṅkara bhārī..13..

न हो कोई बचाने वाला, स्वामी तुम्हीं करो प्रतिपाला ॥१४॥
Na hō kōi bacānē vālā, svāmī tumhīṁ karō pratipālā..14..

अगनि दवानल सुलग रही हो, तेज हवा से भड़क रही हो ॥१५॥
Agani davānala sulaga rahī hō, tēja havā sē bhaṛaka rahī hō..15..

नाम तुम्हारा सब दुख खोवे, आग एकदम ठण्डी होवे ॥१६॥
Nāma tumhārā saba dukha khōvē, āga ēkadama ṭhaṇḍī hōvē..16..

हिंसामय था जग विस्तारा, तब तुमने कीना निस्तारा ॥१७॥
Hinsāmaya thā jaga vistārā, taba tumanē kīnā nistārā..17..

जन्म लिया कुंडलपुर नगरी, हुई सुखी तब प्रजा सगरी ॥१८॥
Janma liyā kuṇḍalapura nagarī, hui sukhī taba prajā sagarī..18..

सिद्धारथ जी पिता तुम्हारे, त्रिशला के आँखों के तारे ॥१९॥
Sid'dhāratha jī pitā tumhārē, triśalā kē āṁkhōṁ kē tārē..19..

छोड़ सभी झंझट संसारी, स्वामी हुए बाल ब्रह्मचारी ॥२०॥
Chōṛa sabhī jhañjhaṭa sansārī, svāmī hu'ē bāla brahmacārī..20..

पंचम काल महा दुखदाई, चाँदनपुर महिमा दिखलाई ॥२१॥
Pañcama kāla mahā dukhadāi, cāṁdanapura mahimā dikhalāi..21..

टीले में अतिशय दिखलाया, एक गाय का दूध गिराया ॥२२॥
Ṭīlē mēṁ atiśaya dikhalāyā, ēka gāya kā dūdha girāyā..22..

सोच हुआ मन में ग्वाले के, पहुँचा एक फावड़ा लेके ॥२३॥
Sōca hu'ā mana mēṁ gvālē kē, pahuṁcā ēka phāvaṛā lēkē..23..

सारा टीला खोद गिराया, तब तुमने दर्शन दिखलाया ॥२४॥
Sārā ṭīlā khōda girāyā, taba tumanē darśana dikhalāyā..24..

जोधराज को दुख ने घेरा, उसने नाम जपा तब तेरा ॥२५॥
Jōdharāja kō dukha nē ghērā, usanē nāma japā taba tērā..25..

ठण्डा हुआ तोप का गोला, तब सबने जयकारा बोला ॥२६॥
Ṭhaṇḍā hu'ā tōpa kā gōlā, taba sabanē jayakārā bōlā..26..

मंत्री ने मंदिर बनवाया, राजा ने भी दरब लगाया ॥२७॥
Mantrī nē mandira banavāyā, rājā nē bhī daraba lagāyā..27..

बड़ी धर्मशाला बनवाई, तुमको लाने को ठहराई ॥२८॥
Baṛī dharmaśālā banavāi, tumakō lānē kō ṭhaharāi..28..

तुमने तोड़ी बीसों गाड़ी, पहिया खिसका नहीं अगाड़ी ॥२९॥
Tumanē tōṛī bīsōṁ gāṛī, pahiyā khisakā nahīṁ agāṛī..29..

ग्वाले ने जो हाथ लगाया, फिर तो रथ चलता ही पाया ॥३०॥
Gvālē nē jō hātha lagāyā, phira tō ratha calatā hī pāyā..30..

पहिले दिन बैशाख बदी के, रथ जाता है तीर नदी के ॥३१॥
Pahilē dina baiśākha badī kē, ratha jātā hai tīra nadī kē..31..

मीना गूजर सब ही आते, नाच-कूद सब चित्त उमगाते ॥३२॥
Mīnā gūjara saba hī ātē, nāca-kūda saba citta umagātē..32..

स्वामी तुमने प्रेम निभाया, ग्वाले का तुम मान बढ़ाया ॥३३॥
Svāmī tumanē prēma nibhāyā, gvālē kā tuma māna baṛhāyā..33..

हाथ लगे ग्वाले का जब ही, स्वामी रथ चलता है तब ही ॥३४॥
Hātha lagē gvālē kā jaba hī, svāmī ratha calatā hai taba hī..34..

मेरी है टूटी सी नैया, तुम बिन कोई नहीं खिवैया ॥३५॥

Mērī hai ṭūṭī sī naiyā, tuma bina kōi nahīṁ khivaiyā..35..

मुझ पर स्वामी जरा कृपा कर, मैं हूँ प्रभू तुम्हारा चाकर ॥३६॥

Mujha para svāmī jarā kr̥pā kara, maiṁ hūṁ prabhū tumhārā cākara..36..

तुमसे मैं अरु कछु नहीं चाहूँ, जन्म-जन्म तेरे दर्शन पाऊं ॥३७॥

Tumasē maiṁ aru kachu nahīṁ cāhūṁ, janma-janma tērē darśana pā'ūṁ..37..

चालीसे को 'चन्द्र' बनावे, वीर प्रभू को शीश नवावे ॥३८॥

Cālīsē kō 'candra' banāvē, vīra prabhū kō śīśa navāvē..38..

(सोरठा)

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन ।

खेय सुगंध अपार, वर्धमान के सामने ॥३९॥

होय कुबेर समान, जन्म दरिद्री होय जो ।

जिसके नहिं संतान, नाम वश जग में चले ॥४०॥

(Sōraṭhā)

Nita cālīsahiṁ bāra, pāṭha karē cālīsa dina.
Khēya sugandha apāra, vardhamāna kē sāmanē..39..
Hōya kubēra samāna, janma daridrī hōya jō.
Jisakē nahiṁ santāna, nāma vaśa jaga mēṁ calē..40..

श्री पार्श्वनाथ जिन चालीसा (अहिच्छत्र) Śrī Pārśvanātha Jina Cālīsā (Ahicchatra)

(दोहा)

शीश नवा अरिहंत को, सिद्धन करूँ प्रणाम ।
उपाध्याय आचार्य का ले सुखकारी नाम ॥
सर्व साधु और सरस्वती, जिन-मंदिर सुखकार ।
अहिच्छत्र और पार्श्व को, मन-मंदिर में धार ॥

(dōhā)

Śīśa navā arihanta kō, sid'dhana karūm̐ praṇāma.
Upādhyāya ācārya kā lē sukhakārī nāma..
Sarva sādhu aura sarasvatī, jina-mandira sukhakāra.
Ahicchatra aura pārśva kō, mana-mandira mēṁ dhāra..

(चौपाई छन्द)

पार्श्वनाथ जगत्-हितकारी, हो स्वामी तुम व्रत के धारी ।
सुर-नर-असुर करें तुम सेवा, तुम ही सब देवन के देवा ॥१॥

(Caupāi chanda)

Pārśvanātha jagat-hitakārī, hō svāmī tuma vrata kē dhārī.
Sura-nara-asura karēṁ tuma sēvā, tuma hī saba dēvana kē dēvā..1..

तुमसे करम-शत्रु भी हारा, तुम कीना जग का निस्तारा ।
अश्वसेन के राजदुलारे, वामा की आँखों के तारे ॥२॥

Tumasē karama-śatru bhī hārā, tuma kīnā jaga kā nistārā.
Aśvasēna kē rājadulārē, vāmā kī ām̐khōṁ kē tārē..2..

काशी जी के स्वामी कहाये, सारी परजा मौज उड़ाये ।
इक दिन सब मित्रों को लेके, सैर करन को वन में पहुँचे ॥३॥

Kāśī jī kē svāmī kahāyē, sārī parajā mauja uṛāyē.
Ika dina saba mitrōṁ kō lēkē, saira karana kō vana mēṁ pahuṁcē..3..

हाथी पर कसकर अम्बारी, इक जगंल में गई सवारी ।

एक तपस्वी देख वहाँ पर, उससे बोले वचन सुनाकर ॥४॥

Hāthī para kasakara ambārī, ika jaganla mēṁ gai savārī.
Ēka tapasvī dēkha vahāṁ para, usasē bōlē vacana sunākara..4..

तपसी! तुम क्यों पाप कमाते, इस लक्कड़ में जीव जलाते ।

तपसी तभी कुदाल उठाया, उस लक्कड़ को चीर गिराया ॥५॥

Tapasī! Tuma kyōṁ pāpa kamātē, isa lakkaṛa mēṁ jīva jalātē.
Tapasī tabhī kudāla uṭhāyā, usa lakkaṛa kō cīra girāyā..5..

निकले नाग-नागनी कारे, मरने के थे निकट बिचारे ।

रहम प्रभु के दिल में आया, तभी मंत्र-नवकार सुनाया ॥६॥

Nikalē nāga-nāganī kārē, maranē kē thē nikaṭa bicārē.
Rahama prabhu kē dila mēṁ āyā, tabhī mantra-navakāra sunāyā..6..

मरकर वो पाताल सिधाये, पद्मावति-धरणेन्द्र कहाये ।

तपसी मरकर देव कहाया, नाम 'कमठ' ग्रन्थों में गाया ॥७॥

Marakara vō pātāla sidhāyē, padmāvati-dharaṇēndra kahāyē.
Tapasī marakara dēva kahāyā, nāma 'kamaṭha' granthōṁ mēṁ gāyā..7..

एक समय श्री पारस स्वामी, राज छोड़कर वन की ठानी ।

तप करते थे ध्यान लगाये, इक-दिन 'कमठ' वहाँ पर आये ॥८॥

Ēka samaya śrī pārasa svāmī, rāja chōṛakara vana kī ṭhānī.
Tapa karatē thē dhyāna lagāyē, ika-dina 'kamaṭha' vahāṁ para āyē..8..

फौरन ही प्रभु को पहिचाना, बदला लेना दिल में ठाना ।

बहुत अधिक बारिश बरसाई, बादल गरजे बिजली गिराई ॥९॥

Phaurana hī prabhu kō pahicānā, badalā lēnā dila mēṁ ṭhānā.
Bahuta adhika bāriśa barasāi, bādala garajē bijalī girāi..9..

बहुत अधिक पत्थर बरसाये, स्वामी तन को नहीं हिलाये ।

पद्मावती-धरणेन्द्र भी आए, प्रभु की सेवा में चित लाए ॥१०॥

Bahuta adhika pat'thara barasāyē, svāmī tana kō nahīṁ hilāyē.
Padmāvatī-dharaṇēndra bhī ā'ē, prabhu kī sēvā mēṁ cita lā'ē..10..

धरणेन्द्र ने फन फैलाया, प्रभु के सिर पर छत्र बनाया ।

पद्मावति ने फन फैलाया, उस पर स्वामी को बैठाया ॥११॥

Dharaṇēndra nē phana phailāyā, prabhu kē sira para chatra banāyā.
Padmāvati nē phana phailāyā, usa para svāmī kō baiṭhāyā..11..

कर्मनाश प्रभु ज्ञान उपाया, समोसरण देवेन्द्र रचाया ।

यही जगह 'अहिच्छत्र' कहाये, पात्रकेशरी जहाँ पर आये ॥१२॥

Karmanāśa prabhu jñāna upāyā, samōsaraṇa dēvēndra racāyā.
Yahī jagaha 'ahicchatra'kahāyē, pātrakēśarī jahāṁ para āyē..12..

शिष्य पाँच सौ संग विद्वाना, जिनको जाने सकल जहाना ।

पार्श्वनाथ का दर्शन पाया, सबने जैन-धरम अपनाया ॥१३॥

Śiṣya pāṁca sau saṅga vidvānā, jinakō jānē sakala jahānā.
Pārśvanātha kā darśana pāyā, sabanē jaina-dharama apanāyā..13..

'अहिच्छत्र' श्री सुन्दर नगरी, जहाँ सुखी थी परजा सगरी ।

राजा श्री वसुपाल कहाये, वो इक जिन-मंदिर बनवाये ॥१४॥

'Ahicchatra'śrī sundara nagarī, jahāṁ sukhī thī parajā sagarī.
Rājā śrī vasupāla kahāyē, vō ika jina-mandira banavāyē..14..

प्रतिमा पर पालिश करवाया, फौरन इक मिस्त्री बुलवाया ।

वह मिस्तरी माँस था खाता, इससे पालिश था गिर जाता ॥१५॥

Pratimā para pāliśa karavāyā, phaurana ika mistrī bulavāyā.
Vaha mistarī māṁsa thā khātā, isasē pāliśa thā gira jātā..15..

मुनि ने उसे उपाय बताया, पारस-दर्शन-व्रत दिलवाया ।

मिस्त्री ने व्रत-पालन कीना, फौरन ही रंग चढ़ा नवीना ॥१६॥

Muni nē usē upāya batāyā, pārasa-darśana-vrata dilavāyā.
Mistrī nē vrata-pālana kīnā, phaurana hī raṅga caṛhā navīnā..16..

गदर सतावन का किस्सा है, इक माली का यों लिक्खा है ।

वह माली प्रतिमा को लेकर, झट छुप गया कुएँ के अंदर ॥१७॥

Gadara satāvana kā kis'sā hai, ika mālī kā yōṁ likkhā hai.
Vaha mālī pratimā kō lēkara, jhaṭa chupa gayā ku'ēm̐ kē andara..17..

उस पानी का अतिशय-भारी, दूर होय सारी बीमारी ।

जो अहिच्छत्र हृदय से ध्यावे, सो नर उत्तम-पदवी पावे ॥१८॥

Usa pānī kā atiśaya-bhārī, dūra hōya sārī bīmārī.
Jō ahicchatra hr̥daya sē dhyāvē, sō nara uttama-padavī pāvē..18..

पुत्र-संपदा की बढ़ती हो, पापों की इकदम घटती हो ।

है तहसील आँवला भारी, स्टेशन पर मिले सवारी ॥१९॥

Putra-sampadā kī baṛhatī hō, pāpōṁ kī ikadama ghaṭatī hō.
Hai tahasīla ām̐valā bhārī, sṭēśana para milē savārī..19..

रामनगर इक ग्राम बराबर, जिसको जाने सब नारी-नर ।

चालीसे को 'चंद्र' बनाये, हाथ जोड़कर शीश नवाये ॥२०॥

Rāmanagara ika grāma barābara, jisakō jānē saba nārī-nara.
Cālīsē kō 'candra' banāyē, hātha jōṛakara śīśa navāyē..20..

(सोरठा)

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन ।

खेय सुगंध अपार, अहिच्छत्र में आय के ॥

होय कुबेर-समान, जन्म-दरिद्री होय जो ।

जिसके नहिं संतान, नाम-वंश जग में चले ॥

(Sōraṭhā)
Nita cālīsahiṁ bāra, pāṭha karē cālīsa dina.
Khēya sugandha apāra, ahicchatra mēṁ āya kē..
Hōya kubēra-samāna, janma-daridrī hōya jō.
Jisakē nahiṁ santāna, nāma-vanśa jaga mēṁ calē..

बड़ागाँव पार्श्वनाथ जिन चालीसा **Baṛāgāṁva pārśvanātha jina cālīsā**

(दोहा)

बड़ागाँव अतिशय बड़ा, बनते बिगड़े काज ।

तीन लोक तीरथ नमहुँ, पार्श्व प्रभु महाराज ॥१॥

(dōhā)
Baṛāgāṁva atiśaya baṛā, banatē bigaṛē kāja.
Tīna lōka tīratha namahuṁ, pārśva prabhu mahārāja..1..

आदि-चन्द्र-विमलेश-नमि, पारस-वीरा ध्याय ।

स्याद्वाद जिन-धर्म नमि, सुमति गुरु शिरनाय ॥२॥

Ādi-candra-vimalēśa-nami, pārasa-vīrā dhyāya.
Syādvāda jina-dharma nami, sumati guru śiranāya..2..

(मुक्त छन्द)

भारत वसुधा पर वसु गुण सह, गुणिजन शाश्वत राज रहे ।

सबकल्याणक तीर्थ-मूर्ति सह, पंचपरम पद साज रहे ॥१॥

(Mukta chanda)
Bhārata vasudhā para vasu guṇa saha, guṇijana śāśvata rāja rahē.
Sabakalyāṇaka tīrtha-mūrti saha, pañcaparama pada sāja rahē..1..

खाण्डव वन की उत्तर भूमी, हस्तिनापुर लग भाती है।
धरा-धन्य रत्नों से भूषित, देहली पास सुहाती है ॥२॥
Khāṇḍava vana kī uttara bhūmī, hastināpura laga bhātī hai.
Dharā-dhan'ya ratnōṁ sē bhūṣita, dēhalī pāsa suhātī hai..2..

अर्धचक्रि रावण पंडित ने, आकर ध्यान लगाया था।
अगणित विद्याओं का स्वामी, विद्याधर कहलाया था ॥३॥
Ardhacakri rāvaṇa paṇḍita nē, ākara dhyāna lagāyā thā.
Agaṇita vidyā'ōṁ kā svāmī, vidyādhara kahalāyā thā..3..

आदि तीर्थंकर ऋषभदेव का, समवशरण मन भाया था।
अगणित तीर्थंकर उपदेशी, भव्यों बोध कराया था ॥४॥
Ādi tīrthaṅkara ṛṣabhadēva kā, samavaśaraṇa mana bhāyā thā.
Agaṇita tīrthaṅkara upadēśī, bhavyōṁ bōdha karāyā thā..4..

चन्द्रप्रभु अरु विमलनाथ का, यश-गौरव भी छाया था।
पारसनाथ वीर प्रभुजी का, समोशरण लहराया था ॥५॥
Candraprabhu aru vimalanātha kā, yaśa-gaurava bhī chāyā thā.
Pārasanātha vīra prabhujī kā, samōśaraṇa laharāyā thā..5..

बड़ागाँव की पावन-भूमी, यह इतिहास पुराना है।
भव्यजनों ने करी साधना, मुक्ती का पैमाना है ॥६॥
Baṛāgāṁva kī pāvana-bhūmī, yaha itihāsa purānā hai.
Bhavyajanōṁ nē karī sādhanā, muktī kā paimānā hai..6..

काल परिणमन के चक्कर में, परिवर्तन बहुबार हुए।
राजा नेक शूर-कवि-पण्डित, साधक भी क्रम वार हुए ॥७॥
Kāla pariṇamana kē cakkara mēṁ, parivartana bahubāra hu'ē.
Rājā nēka śūra-kavi-paṇḍita, sādhaka bhī krama vāra hu'ē..7..

जैन धर्म की ध्वजा धरा पर, आदिकाल से फहरायी ।
स्याद्वाद की सप्त-तरंगें, जन-मानस में लहरायी ॥८॥
Jaina dharma kī dhvajā dharā para, ādikāla sē phaharāyī.
Syādvāda kī sapta-taraṅgēṁ, jana-mānasa mēṁ laharāyī..8..

बड़ागाँव जैनों का गढ़ था, देवों गढ़ा कहाता था ।
पाँचों पाण्डव का भी गहरा, इस भूमी से नाता था ॥९॥
Baṛāgāṁva jainōṁ kā gaṛha thā, dēvōṁ gaṛhā kahātā thā.
Pāṁcōṁ pāṇḍava kā bhī gaharā, isa bhūmī sē nātā thā..9..

पारस-टीला एक यहाँ पर, जन-आदर्श कहाता था ।
भक्त मुरादें पूरी होतीं, देवों सम यश पाता था ॥१०॥
Pārasa-ṭīlā ēka yahāṁ para, jana-ādarśa kahātā thā.
Bhakta murādēṁ pūrī hōtīṁ, dēvōṁ sama yaśa pātā thā..10..

टीले की ख्याती वायु सम, दिग्-दिगन्त में लहराई ।
अगणित चमत्कार अतिशय-युत, सुरगण ने महिमा गाई ॥११॥
Ṭīlē kī khyātī vāyu sama, dig-diganta mēṁ laharāi.
Agaṇita camatkāra atiśaya-yuta, suragaṇa nē mahimā gāi..11..

शीशराम की सुन्दर धेनु, नित टीले पर आती थी ।
मौका पाकर दूध झराकर, भक्ति-भाव प्रगटाती थी ॥१२॥
Śīśarāma kī sundara dhēnu, nita ṭīlē para ātī thī.
Maukā pākara dūdha jharākara, bhakti-bhāva pragaṭātī thī..12..

ऐलक जी जब लखा नजारा, कैसी अद्भुत माया है ।
बिना निकाले दूध झर रहा, क्या देवों की छाया है ॥१३॥
Ailaka jī jaba lakhā najārā, kaisī adbhuta māyā hai.
Binā nikālē dūdha jhara rahā, kyā dēvōṁ kī chāyā hai..13..

टीले पर जब ध्यान लगाया, देवों ने आ बतलाया ।
पारस-प्रभु की अतिशय प्रतिमा, चमत्कार सुर दिखलाया ॥१४॥

Ṭīlē para jaba dhyāna lagāyā, dēvōṁ nē ā batalāyā.
Pārasa-prabhu kī atiśaya pratimā, camatkāra sura dikhalāyā..14..

भक्तगणों की भीड़ भावना, धैर्य बाँध भी फूट पड़ा ।
लगे खोदने टीले को सब, नागों का दल टूट पड़ा ॥१५॥
Bhaktagaṇōṁ kī bhīṛa bhāvanā, dhairya bām̐dha bhī phūṭa paṛā.
Lagē khōdanē ṭīlē kō saba, nāgōṁ kā dala ṭūṭa paṛā..15..

भयाकुलित लख भक्त-गणों को, नभ से मधुर-ध्वनी आयी ।
घबराओ मत पारस प्रतिमा, शनै: शनै: खोदो भाई ॥१६॥
Bhayākulita lakha bhakta-gaṇōṁ kō, nabha sē madhura-dhvanī āyī.
Ghabarā'ō mata pārasa pratimā, śanai: Śanai: Khōdō bhāi..16..

ऐलक जी ने मंत्र शक्ति से, सारे विषधर विदा किये ।
णमोकार का जाप करा कर, पार्श्व-प्रभू के दर्श लिये ॥१७॥
Ailaka jī nē mantra śakti sē, sārē viṣadhara vidā kiyē.
Ṇamōkāra kā jāpa karā kara, pārśva-prabhū kē darśa liyē..17..

अतिशय दिव्य सुशोभित प्रतिमा, लखते खुशियाँ लहराई ।
नाच उठे नर-नारि खुशी से, जय-जय ध्वनि भू नभ छाई ॥१८॥
Atiśaya divya suśōbhita pratimā, lakhatē khuśiyām̐ laharāi.
Nāca uṭhē nara-nāri khuśī sē, jaya-jaya dhvani bhū nabha chāi..18..

मेला सा लग गया धरा, पारस प्रभु जय-जयकारे ।
मानव पशुगण की क्या गणना, भक्ती में सुरपति हारे ॥१९॥
Mēlā sā laga gayā dharā, pārasa prabhu jaya-jayakārē.
Mānava paśugaṇa kī kyā gaṇanā, bhaktī mēṁ surapati hārē..19..

जब-जब संकट में भक्तों ने, पारस प्रभु पुकारे हैं।
जग-जीवन में साथ न कोई, प्रभुवर बने सहारे हैं ॥२०॥
Jaba-jaba saṅkaṭa mēṁ bhaktōṁ nē, pārasa prabhu pukārē haiṁ.
Jaga-jīvana mēṁ sātha na kōi, prabhuvara banē sahārē haiṁ..20..

बंजारों के बाजारों में, बड़ेगाँव की कीरत थी।
लक्ष्मण सेठ बड़े व्यापारी, सेठ रत्न की सीरत थी ॥२१॥
Bañjārōṁ kē bājārōṁ mēṁ, baṛēgām̐va kī kīrata thī.
Lakṣmaṇa sēṭha baṛē vyāpārī, sēṭha ratna kī sīrata thī..21..

अंग्रेजों ने अपराधी कह, झूठा दाग लगाया था।
तोपों से उड़वाने का फिर, निर्दय हुकुम सुनाया था ॥२२॥
Aṅgrējōṁ nē aparādhī kaha, jhūṭhā dāga lagāyā thā.
Tōpōṁ sē uṛavānē kā phira, nirdaya hukuma sunāyā thā..22..

दुखी हृदय लक्ष्मण ने आकर, पारस-प्रभु से अर्ज करी।
अगर सत्य हूँ हे निर्णायक, करवा दो प्रभु मुझे बरी ॥२३॥
Dukhi hṛdaya lakṣmaṇa nē ākara, pārasa-prabhu sē arja karī.
Agara satya hūm̐ hē nirṇāyaka, karavā dō prabhu mujhē barī..23..

कैसा अतिशय हुआ वहाँ पर, शीतल हुआ तोप गोला।
गद-गद्-हृदय हुआ भक्तों का, उतर गया मिथ्या-चोला ॥२४॥
Kaisā atiśaya hu'ā vahām̐ para, śītala hu'ā tōpa gōlā.
Gada-gad-hṛdaya hu'ā bhaktōṁ kā, utara gayā mithyā-cōlā..24..

भक्त-देव आकर के प्रतिदिन, नूतन नृत्य दिखाते हैं।
आपत्ति लख भक्तगणों पर, उनको धैर्य बंधाते हैं ॥२५॥
Bhakta-dēva ākara kē pratidina, nūtana nṛtya dikhātē haiṁ.
Āpatti lakha bhaktagaṇōṁ para, unakō dhairya bandhātē haiṁ..25..

भूत-प्रेत जिन्दों की बाधा, जप करते कट जाती है।
कैसी भी हो कठिन समस्या, अर्चे हल हो जाती है ॥२६॥
Bhūta-prēta jindōṁ kī bādhā, japa karatē kaṭa jātī hai.
Kaisī bhī hō kaṭhina samasyā, arcē hala hō jātī hai..26..

नेत्रहीन कतिपय भक्तों ने, नेत्र-भक्ति कर पाये हैं।
कुष्ठ-रोग से मुक्त अनेकों, कंचन-काया भाये हैं ॥२७॥
Nētrahīna katipaya bhaktōṁ nē, nētra-bhakti kara pāyē haiṁ.
Kuṣṭha-rōga sē mukta anēkōṁ, kañcana-kāyā bhāyē haiṁ..27..

दुख-दारिद्र ध्यान से मिटता, शत्रु मित्र बन जाते हैं।
मिथ्या तिमिर भक्ति दीपक लख, स्वाभाविक छंट जाते हैं ॥२८॥
Dukha-dāridra dhyāna sē miṭatā, śatru mitra bana jātē haiṁ.
Mithyā timira bhakti dīpaka lakha, svābhāvika chaṇṭa jātē haiṁ..28..

पारस कुइया का निर्मल जल, मन की तपन मिटाता है।
चर्मरोग की उत्तम औषधि रोगी पी सुख पाता है ॥२९॥
Dukha-dāridra dhyāna sē miṭatā, śatru mitra bana jātē haiṁ.
Mithyā timira bhakti dīpaka lakha, svābhāvika chaṇṭa jātē haiṁ..28..

तीन शतक पहले से महिमा, अधुना बनी यथावत् है।
श्रद्धा-भक्ती भक्त शक्ति से, फल नित वरे तथावत् है ॥३०॥
Tīna śataka pahalē sē mahimā, adhunā banī yathāvat hai.
Śrad'dhā-bhaktī bhakta śakti sē, phala nita varē tathāvat hai..30..

स्वप्न सलोना दे श्रावक को, आदीश्वर प्रतिमा पायी।
वसुधा-गर्भ मिले चन्दाप्रभु, विमल सन्मती गहरायी ॥३१॥
Svapna salōnā dē śrāvaka kō, ādīśvara pratimā pāyī.
Vasudhā-garbha milē candāprabhu, vimala sanmatī gaharāyī..31..

आदिनाथ का सुमिरन करके, आधि-व्याधि मिट जाती है।
चन्दाप्रभु अर्चे छवि निर्मल, चन्दा सम मन भाती है ॥३२॥

Ādinātha kā sumirana karakē, ādhi-vyādhi miṭa jātī hai.
Candāprabhu arcē chavi nirmala, candā sama mana bhātī hai..32..

विमलनाथ पूजन से विमला, स्वाभाविक मिल जाती है ।

पारस प्रभु पारस सम महिमा, वर्द्धमान सुख थाती है ॥३३॥

Vimalanātha pūjana sē vimalā, svābhāvika mila jātī hai.
Pārasa prabhu pārasa sama mahimā, vard'dhamāna sukha thātī hai..33..

दिव्य मनोहर उच्च जिनालय समवशरण सह शोभित हैं ।

पंच जिनालय परमेश्वर के, भव्यों के मन मोहित हैं ॥३४॥

Divya manōhara ucca jinālaya samavaśaraṇa saha śōbhita haiṁ.
Pañca jinālaya paramēśvara kē, bhavyōṁ kē mana mōhita haiṁ..34..

बनी धर्मशाला अति सुन्दर, मानस्तम्भ सुहाता है ।

आश्रम गुरुकुल विद्यालय यश, गौरव क्षेत्र बढ़ाता है ॥३५॥

Banī dharmaśālā ati sundara, mānastambha suhātā hai.
Āśrama gurukula vidyālaya yaśa, gaurava kṣētra baṛhātā hai..35..

यह स्याद्वाद का मुख्यालय, यह धर्म-ध्वजा फहराता है ।

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरण सह, मुक्ती-पथ दरशाता है ॥३६॥

Yaha syādvāda kā mukhyālaya, yaha dharma-dhvajā phaharātā hai.
Samyagdarśana-jñāna-caraṇa saha, muktī-patha daraśātā hai..36..

तीन लोक तीरथ की रचना, ज्ञान ध्यान अनुभूति करो ।

गुरुकुल साँवलिया बाबाजी, जो माँगो दें अर्ज करो ॥३७॥

Tīna lōka tīratha kī racanā, jñāna dhyāna anubhūti karō.
Gurukula sāṁvaliyā bābājī, jō māṁgō dēṁ arja karō..37..

अगहन शुक्ला पंचमि गुरुदिन, विद्याभूषण शरण लही ।

स्याद्वाद गुरुकुल स्थापन, पच्चीसों चौबीस भई ॥३८॥

Agahana śuklā pañcami gurudina, vidyābhūṣaṇa śaraṇa lahī.
Syādvāda gurukula sthāpana, paccīsōṁ caubīsa bhai..38..

शिक्षा मंदिर औषधि शाला, बने साधना केन्द्र यहीं ।

दुख दारिद्र मिटे भक्तों का, अनशरणों की शरण सही ॥३९॥

Śikṣā mandira auṣadhi śālā, banē sādhanā kēndra yahīṁ.
Dukha dāridra miṭē bhaktōṁ kā, anaśaraṇōṁ kī śaraṇa sahī..39..

स्वारथ जग नित-प्रति धोखे खा, सन्मति शरणा आये हैं ।

चूक माफ मनवांछित फल दो, स्याद्वाद गुण गाये हैं ॥४०॥

Svāratha jaga nita-prati dhōkhē khā, sanmati śaraṇā āyē haiṁ.
Cūka māpha manavāñchita phala dō, syādvāda guṇa gāyē haiṁ..40..

(दोहा)

हे पारस जग जीव हों, सुख सम्पति भरपूर ।

साम्यभाव 'सन्मति' रहे, भव दुख हो चकचूर ॥

(Dōhā)

Hē pārasa jaga jīva hōṁ, sukha sampati bharapūra.
Sāmyabhāva 'sanmati' rahē, bhava dukha hō cakacūra..

श्री मुनिसुव्रतनाथ जिन चालीसा **Śrī Munisuvratanātha Jina Cālīsā**

(दोहा)

अरिहंत सिद्ध आचार्य को करूँ प्रणाम ।

उपाध्याय सर्व-साधू करते स्व-पर-कल्याण ॥

जिनधर्म जिनागम जिनमंदिर पवित्र-धाम ।

वीतराग की प्रतिमा को कोटि-कोटि प्रणाम ॥

(Dōhā)

Arihanta sid'dha ācārya kō karūm̐ praṇāma.
Upādhyāya sarva-sādhū karatē sva-para-kalyāṇa..
Jinadharma jināgama jinamandira pavitra-dhāma.

Vītarāga kī pratimā kō kōṭi-kōṭi praṇāma ..

(चौपाई)

जय मुनिसुव्रत दया के सागर, नाम प्रभू का लोक-उजागर ।

सुमित्रा राजा के तुम नंदा, माँ शामा की आँखों के चंदा ॥१॥

(Caupāi)

Jaya munisuvrata dayā kē sāgara, nāma prabhū kā lōka-ujāgara.
Sumitrā rājā kē tuma nandā, māṁ śāmā kī āṁkhōṁ kē candā..1..

श्यामवर्ण-मूरत प्रभू की प्यारी, गुणगान करें निश-दिन नर-नारी ।

मुनिसुव्रत-जिन हो अंतरयामी, श्रद्धा-भाव-सहित तुम्हें प्रणामी ॥२॥

Shyaamavarn-muurat prabhu kee pyaaree, gunagaan kar nish-din nar-naaree .
Munisuvrat-jin hoo antarayaamee, shraddha-bhaav-sahit tumheen pranaamee ..2..

भक्ति आपकी जो निश-दिन करता, पाप-ताप भय-संकट हरता ।

प्रभु संकटमोचन नाम तुम्हारा, दीन-दु:खी जीवों का सहारा ॥३॥

Bhakti āpakī jō niśa-dina karatā, pāpa-tāpa bhaya-saṅkaṭa haratā.
Prabhu saṅkaṭamōcana nāma tumhārā, dīna-du:Khī jīvōṁ kā sahārā..3..

कोई दरिद्री या तन का रोगी, प्रभु दर्शन से होते हैं निरोगी ।

मिथ्या-तिमिर भयो अतिभारी, भव-भव की बाधा हरो हमारी ॥४॥

Kōi daridrī yā tana kā rōgī, prabhu darśana sē hōtē haiṁ nirōgī.
Mithyā-timira bhayō atibhārī, bhava-bhava kī bādhā harō hamārī..4..

यह संसार महादु:खदाई, सुख नहीं यहाँ दु:ख की खाई ।

मोह-जाल में फंसा है बंदा, काटो प्रभु भव भव का फंदा ॥५॥

Yaha sansāra mahādu:Khadāi, sukha nahīṁ yahāṁ du:Kha kī khāi.
Mōha-jāla mēṁ phansā hai bandā, kāṭō prabhu bhava bhava kā phandā..5..

रोग-शोक-भय-व्याधि मिटावो, भवसागर से पार लगावो ।
घिरा कर्म से चौरासी भटका, मोह-माया-बंधन में अटका ॥६॥

Rōga-śōka-bhaya-vyādhi miṭāvō, bhavasāgara sē pāra lagāvō.
Ghirā karma sē caurāsī bhaṭakā, mōha-māyā-bandhana mēṁ aṭakā..6..

संयोग-वियोग भव-भव का नाता, राग-द्वेष जग में भटकाता ।
हित-मित-प्रिय प्रभु की वाणी, स्व-पर-कल्याण करें मुनि ध्यानी ॥७॥
Sanyōga-viyōga bhava-bhava kā nātā, rāga-dvēṣa jaga mēṁ bhaṭakātā.
Hita-mita-priya prabhu kī vāṇī, sva-para-kalyāṇa karēṁ muni dhyānī..7..

भवसागर बीच नाव हमारी, प्रभु पार करो यह विरद तिहारी ।
मन-विवेक मेरा अब जागा, प्रभु-दर्शन से कर्म-मल भागा ॥८॥
Bhavasāgara bīca nāva hamārī, prabhu pāra karō yaha virada tihārī.
Mana-vivēka mērā aba jāgā, prabhu-darśana sē karma-mala bhāgā..8..

नाम आपका जपे जो भाई, लोकालोक सुख-सम्पदा पाई ।
कृपा-दृष्टि जब आपकी होवे, धन-आरोग्य सुख-समृधि पावे ॥९॥
Nāma āpakā japē jō bhāi, lōkālōka sukha-sampadā pāi.
Kṛpā-dṛṣṭi jaba āpakī hōvē, dhana-ārōgya sukha-samṛdhi pāvē..9..

प्रभु-चरणन में जो जो आवे, श्रद्धा-भक्ति फल-वाँछित पावे ।
प्रभु आपका चमत्कार है न्यारा, संकटमोचन प्रभु नाम तुम्हारा ॥१०॥
Prabhu-caraṇana mēṁ jō jō āvē, śrad'dhā-bhakti phala-vāṁchita pāvē.
Prabhu āpakā camatkāra hai n'yārā, saṅkaṭamōcana prabhu nāma tumhārā..10..

सर्वज्ञ अनंत-चतुष्टय के धारी, मन-वच-तन वंदना हमारी ।

सम्मेद-शिखर से मोक्ष सिधारे, उद्धार करो मैं शरण तिहारे ॥११॥

Sarvajña ananta-catuṣṭaya kē dhārī, mana-vaca-tana vandanā hamārī.
Sam'mēda-śikhara sē mōkṣa sidhārē, ud'dhāra karō maiṁ śaraṇa tihārē..11..

महाराष्ट्र का पैठण-तीर्थ, सुप्रसिद्ध यह अतिशय-क्षेत्र ।

मनोज्ञ-मंदिर बना है भारी, वीतराग की प्रतिमा सुखकारी ॥१२॥

Mahārāṣṭra kā paiṭhaṇa-tīrtha, suprasid'dha yaha atiśaya-kṣētra.
Manōjña-mandira banā hai bhārī, vītarāga kī pratimā sukhakārī..12..

चतुर्थ-कालीन मूर्ति है निराली, मुनिसुव्रत प्रभु की छवि है प्यारी ।

मानस्तंभ उत्तंग की शोभा न्यारी, देखत गलत मान-कषाय भारी ॥१३॥

Caturtha-kālīna mūrti hai nirālī, munisuvrata prabhu kī chavi hai pyārī.
Mānastambha uttaṅga kī śōbhā n'yārī, dēkhata galata māna-kaṣāya bhārī..13..

मुनिसुव्रत शनिग्रह-अधिष्ठाता, दु:ख-संकट हरे देवे सुख-साता ।

शनि-अमावस की महिमा भारी, दूर-दूर से आते नर-नारी ।

मुनिसुव्रत-दर्शन महा-हितकारी, मन-वच-तन वंदना हमारी ॥१४॥

Munisuvrata śanigraha-adhiṣṭhātā, du:Kha-saṅkaṭa harē dēvē sukha-sātā.
Śani-amāvasa kī mahimā bhārī, dūra-dūra sē ātē nara-nārī.
Munisuvrata-darśana mahā-hitakārī, mana-vaca-tana vandanā hamārī..14..

(चौबोला)

सम्यक् श्रद्धा से चालीसा, चालीस दिन पढिये नर-नार ।

मुक्ति-पथ के राही बन, भक्ति से होवे भव-पार ॥

(Caubōlā)
Samyak śrad'dhā sē cālīsā, cālīsa dina paḍhiyē nara-nāra.
Mukti-patha kē rāhī bana, bhakti sē hōvē bhava-pāra..

श्री चंद्रप्रभ जिन चालीसा **Śrī Candraprabha Jina Cālīsā**

वीतराग सर्वज्ञ जिन, जिनवाणी को ध्याय ।
लिखने का साहस करूँ, चालीसा सिर-नाय ॥१॥
Vītarāga sarvajña jina, jinavāṇī kō dhyāya.
Likhanē kā sāhasa karūm̐, cālīsā sira-nāya..1..

देहरे के श्री चंद्र को, पूजूं मन-वच-काय ॥
ऋद्धि-सिद्धि मंगल करें, विघ्न दूर हो जाय ॥२॥
Dēharē kē śrī candra kō, pūjūṁ mana-vaca-kāya..
Ṛd'dhi-sid'dhi maṅgala karēṁ, vighna dūra hō jāya..2..

जय श्री चंद्र दया के सागर, देहरेवाले ज्ञान-उजागर ॥३॥
Jaya śrī candra dayā kē sāgara, dēharēvālē jñāna-ujāgara..3..

शांति-छवि मूरति अति-प्यारी, भेष-दिगम्बर धारा भारी ॥४॥
zŚānti-chavi mūrati ati-pyārī, bhēṣa-digambara dhārā bhārī..4..

नासा पर है दृष्टि तुम्हारी, मोहनी-मूरति कितनी प्यारी ।५॥
Nāsā para hai dṛṣṭi tumhārī, mōhanī-mūrati kitanī pyārī.5..

देवों के तुम देव कहावो, कष्ट भक्त के दूर हटावो ॥६॥

Dēvōṁ kē tuma dēva kahāvō, kaṣṭa bhakta kē dūra haṭāvō..6..

समंतभद्र मुनिवर ने ध्याया, पिंडी फटी दर्श तुम पाया ॥७॥
Samantabhadra munivara nē dhyāyā, piṇḍī phaṭī darśa tuma pāyā..7..

तुम जग में सर्वज्ञ कहावो, अष्टम-तीर्थंकर कहलावो ॥८॥
Tuma jaga mēṁ sarvajña kahāvō, aṣṭama-tīrthaṅkara kahalāvō..8..

महासेन के राजदुलारे, मात सुलक्षणा के हो प्यारे ॥९॥
Mahāsēna kē rājadulārē, māta sulakṣaṇā kē hō pyārē..9..

चंद्रपुरी नगरी अतिनामी, जन्म लिया चंद्र-प्रभ स्वामी ॥१०॥
Candrapurī nagarī atināmī, janma liyā candra-prabha svāmī..10..

पौष-वदी-ग्यारस को जन्मे, नर-नारी हरषे तब मन में ॥११॥
Pauṣa-vadī-gyārasa kō janmē, nara-nārī haraṣē taba mana mēṁ..11..

काम-क्रोध-तृष्णा दु:खकारी, त्याग सुखद मुनिदीक्षा-धारी ॥१२॥
Kāma-krōdha-tr̥ṣṇā du:Khakārī, tyāga sukhada munidīkṣā-dhārī..12..

फाल्गुन-वदी-सप्तमी भाई, केवलज्ञान हुआ सुखदाई ॥१३॥
Phālguna-vadī-saptamī bhāi, kēvalajñāna hu'ā sukhadāi..13..

फिर सम्मेद-शिखर पर जाके, मोक्ष गये प्रभु आप वहाँ से ॥१४॥
Phira sam'mēda-śikhara para jākē, mōkṣa gayē prabhu āpa vahāṁ sē..14..

लोभ-मोह और छोड़ी माया, तुमने मान-कषाय नसाया ॥१५॥
Lōbha-mōha aura chōṛī māyā, tumanē māna-kaṣāya nasāyā..15..

रागी नहीं नहीं तू द्वेषी, वीतराग तू हित-उपदेशी ॥१६॥
Rāgī nahīṁ nahīṁ tū dvēṣī, vītarāga tū hita-upadēśī..16..

पंचम-काल महा दु:खदाई, धर्म-कर्म भूले सब भाई ॥१७॥
Pañcama-kāla mahā du:Khadāi, dharma-karma bhūlē saba bhāi..17..

अलवर-प्रांत में नगर तिजारा, होय जहाँ पर दर्शन प्यारा ॥१८॥
Alavara-prānta mēṁ nagara tijārā, hōya jahāṁ para darśana pyārā..18..

उत्तर-दिशि में देहरा-माँहीं, वहाँ आकर प्रभुता प्रगटाई ॥१९॥
Uttara-diśi mēṁ dēharā-māṁhīṁ, vahāṁ ākara prabhutā pragaṭāi..19..

सावन सुदि दशमी शुभ नामी, प्रकट भये त्रिभुवन के स्वामी ॥२०॥
Sāvana sudi daśamī śubha nāmī, prakaṭa bhayē tribhuvana kē svāmī..20..

चिह्न चंद्र का लख नर-नारी, चंद्रप्रभ की मूरती मानी ॥२१॥
Cihna candra kā lakha nara-nārī, candraprabha kī mūratī mānī..21..

मूर्ति आपकी अति-उजियाली, लगता हीरा भी है जाली ॥२२॥
Mūrti āpakī ati-ujiyālī, lagatā hīrā bhī hai jālī..22..

अतिशय चंद्रप्रभ का भारी, सुनकर आते यात्री भारी ॥२३॥
Atiśaya candraprabha kā bhārī, sunakara ātē yātrī bhārī..23..

फाल्गुन-सुदी-सप्तमी प्यारी, जुड़ता है मेला यहाँ भारी ॥२४॥
Phālguna-sudī-saptamī pyārī, juṛatā hai mēlā yahāṁ bhārī..24..

कहलाने को तो शशिधर हो, तेज-पुंज रवि से बढ़कर हो ॥२५॥
Kahalānē kō tō śaśidhara hō, tēja-puñja ravi sē baṛhakara hō..25..

नाम तुम्हारा जग में साँचा, ध्यावत भागत भूत-पिशाचा ॥२६॥
Nāma tumhārā jaga mēṁ sāṁcā, dhyāvata bhāgata bhūta-piśācā..26..

राक्षस-भूत-प्रेत सब भागें, तुम सुमिरत भय कभी न लागे ॥२७॥
Rākṣasa-bhūta-prēta saba bhāgēṁ, tuma sumirata bhaya kabhī na lāgē..27..

कीर्ति तुम्हारी है अतिभारी, गुण गाते नित नर और नारी ॥२८॥
Kīrti tumhārī hai atibhārī, guṇa gātē nita nara aura nārī..28..

जिस पर होती कृपा तुम्हारी, संकट झट कटता है भारी ॥२९॥
Jisa para hōtī kr̥pā tumhārī, saṅkaṭa jhaṭa kaṭatā hai bhārī..29..

जो भी जैसी आस लगाता, पूरी उसे तुरत कर पाता ॥३०॥
Jō bhī jaisī āsa lagātā, pūrī usē turata kara pātā..30..

दु:खिया दर पर जो आते हैं, संकट सब खोकर जाते हैं ॥३१॥
Du:Khiyā dara para jō ātē haiṁ, saṅkaṭa saba khōkara jātē haiṁ..31..

खुला सभी हित प्रभु-द्वार है, चमत्कार को नमस्कार है ॥३२॥
Khulā sabhī hita prabhu-dvāra hai, camatkāra kō namaskāra hai..32..

अंधा भी यदि ध्यान लगावे, उसके नेत्र शीघ्र खुल जावें ॥३३॥
Andhā bhī yadi dhyāna lagāvē, usakē nētra śīghra khula jāvēṁ..33..

बहरा भी सुनने लग जावे, पगले का पागलपन जावे ॥३४॥
Baharā bhī sunanē laga jāvē, pagalē kā pāgalapana jāvē..34..

अखंड-ज्योति का घृत जो लगावे, संकट उसका सब कट जावे ॥३५॥
Akhaṇḍa-jyōti kā ghr̥ta jō lagāvē, saṅkaṭa usakā saba kaṭa jāvē..35..

चरणों की रज अति-सुखकारी, दु:ख-दरिद्र सब नाशनहारी ॥३६॥
Caraṇōṁ kī raja ati-sukhakārī, du:Kha-daridra saba nāśanahārī..36..

चालीसा जो मन से ध्यावे, पुत्र-पौत्र सब सम्पति पावे ॥३७॥

Cālīsā jō mana sē dhyāvē, putra-pautra saba sampati pāvē..37..

पार करो दु:खियों की नैया, स्वामी तुम बिन नहीं खिवैया ॥३८॥
Pāra karō du:Khiyōṁ kī naiyā, svāmī tuma bina nahīṁ khivaiyā..38..

प्रभु मैं तुम से कुछ नहिं चाहूँ, दर्श तिहारा निश-दिन पाऊँ ॥३९॥
Prabhu maiṁ tuma sē kucha nahiṁ cāhūṁ, darśa tihārā niśa-dina pā'ūṁ ..39..

करूँ वंदना आपकी, श्री चंद्रप्रभ जिनराज ।
जंगल में मंगल कियो, रखो 'सुरेश' की लाज ॥४०॥
Karūṁ vandanā āpakī, śrī candraprabha jinarāja.
Jaṅgala mēṁ maṅgala kiyō, rakhō 'surēśa' kī lāja..40..

चालीसा : श्री पद्मप्रभ भगवान Cālīsā: Śrī Padmaprabha Bhagavāna

(दोहा)
शीश नवा अरिहन्त को सिद्धन करूँ प्रणाम ।
उपाध्याय आचार्य का ले सुखकारी नाम ॥
सर्व साधु और सरस्वती जिनमंदिर सुखकार ।
पद्मपुरी के पद्म को मन-मंदिर में धार ॥
(dōhā)
śīśa navā arihanta kō sid'dhana karūṁ praṇāma.
Upādhyāya ācārya kā lē sukhakārī nāma..
Sarva sādhu aura sarasvatī jinamandira sukhakāra.
Padmapurī kē padma kō mana-mandira mēṁ dhāra..

(चौपाई)

जय श्री पद्मप्रभ गुणधारी, भवि-जन को तुम हो हितकारी।

देवों के तुम देव कहाओ, पाप भक्त के दूर हटाओ ॥१॥

(Caupāi)

Jaya śrī padmaprabha guṇadhārī, bhavi-jana kō tuma hō hitakārī.
Dēvōṁ kē tuma dēva kahā'ō, pāpa bhakta kē dūra haṭā'ō..1..

तुम जग में सर्वज्ञ कहाओ, छट्ठे तीर्थंकर कहलाओ।

तीन-काल तिहुँ-जग को जानो, सब बातें क्षण में पहचानो ॥२॥

Tuma jaga mēṁ sarvajña kahā'ō, chaṭṭhē tīrthaṅkara kahalā'ō.
Tīna-kāla tihuṁ-jaga kō jānō, saba bātēṁ kṣaṇa mēṁ pahacānō..2..

वेष-दिगम्बर धारणहारे, तुम से कर्म-शत्रु भी हारे।

मूर्ति तुम्हारी कितनी सुन्दर, दृष्टि-सुखद जमती नासा पर ॥३॥

Vēṣa-digambara dhāraṇahārē, tuma sē karma-śatru bhī hārē.
Mūrti tumhārī kitanī sundara, dṛṣṭi-sukhada jamatī nāsā para..3..

क्रोध-मान-मद-लोभ भगाया, राग-द्वेष का लेश न पाया।

वीतराग तुम कहलाते हो, सब जग के मन को भाते हो ॥४॥

Krōdha-māna-mada-lōbha bhagāyā, rāga-dvēṣa kā lēśa na pāyā.
Vītarāga tuma kahalātē hō, saba jaga kē mana kō bhātē hō..4..

कौशाम्बी नगरी कहलाए, राजा धारण जी बतलाए।

सुन्दरी नाम सुसीमा उनके, जिनके उर से स्वामी जन्मे ॥५॥

Kauśāmbī nagarī kahalā'ē, rājā dhāraṇa jī batalā'ē.
Sundarī nāma susīmā unakē, jinakē ura sē svāmī janmē..5..

कितनी लम्बी उमर कहाई, तीस लाख पूरब बतलाई ।

इक दिन हाथी बँधा निरखकर, झट आया वैराग उमड़कर ॥६॥

Kitanī lambī umara kahāi, tīsa lākha pūraba batalāi.
Ika dina hāthī baṁdhā nirakhakara, jhaṭa āyā vairāga umaṛakara..6..

कार्तिक-वदी-त्रयोदशी भारी, तुमने मुनिपद-दीक्षा धारी ।

सारे राज-पाट को तज के, तभी मनोहर-वन में पहुँचे ॥७॥

Kārtika-vadī-trayōdaśī bhārī, tumanē munipada-dīkṣā dhārī.
Sārē rāja-pāṭa kō taja kē, tabhī manōhara-vana mēṁ pahuṁcē..7..

तपकर केवलज्ञान उपाया, चैत सुदी पूनम कहलाया ।

एक सौ दस गणधर बतलाए, मुख्य वज्रचामर कहलाए ॥८॥

Tapakara kēvalajñāna upāyā, caita sudī pūnama kahalāyā.
Ēka sau dasa gaṇadhara batalā'ē, mukhya vajracāmara kahalā'ē..8..

लाखों मुनि अर्यिका लाखों, श्रावक और श्राविका लाखों ।

संख्याते तिर्यंच बताये, देवी-देव गिनत नहीं पाये ॥९॥

Lākhōṁ muni aryikā lākhōṁ, śrāvaka aura śrāvikā lākhōṁ.
Saṅkhyātē tiryañca batāyē, dēvī-dēva ginata nahīṁ pāyē..9..

फिर सम्मेदशिखर पर जाकर, शिवरमणी को ली परणा कर ।

पंचमकाल महादु:खदाई, जब तुमने महिमा दिखलाई ॥१०॥

Phira sam'mēdaśikhara para jākara, śivaramaṇī kō lī paraṇā kara.
Pañcamakāla mahādu:Khadāi, jaba tumanē mahimā dikhalāi..10..

जयपुर-राज ग्राम 'बाड़ा' है, स्टेशन 'शिवदासपुरा' है ।

'मूला' नाम जाट का लड़का, घर की नींव खोदने लागा ॥११॥

Jayapura-rāja grāma 'bāṛā' hai, sṭēśana 'śivadāsapurā' hai.
'Mūlā' nāma jāṭa kā laṛakā, ghara kī nīnva khōdanē lāgā..11..

खोदत-खोदत मूर्ति दिखाई, उसने जनता को बतलाई ।

चिहन 'कमल' लख लोग लुगाई, पद्म-प्रभ की मूर्ति बताई ॥१२॥

Khōdata-khōdata mūrti dikhāi, usanē janatā kō batalāi.
Cihana 'kamala' lakha lōga lugāi, padma-prabha kī mūrti batāi..12..

मन में अति हर्षित होते हैं, अपने दिल का मल धोते हैं ।

तुमने यह अतिशय दिखलाया, भूत-प्रेत को दूर भगाया ॥१३॥

Mana mēṁ ati harṣita hōtē haiṁ, apanē dila kā mala dhōtē haiṁ.
Tumanē yaha atiśaya dikhalāyā, bhūta-prēta kō dūra bhagāyā..13..

भूत-प्रेत दु:ख देते जिसको, चरणों में लेते हो उसको ।

जब गंधोदक छींटे मारे, भूत-प्रेत तब आप बकारे ॥१४॥

Bhūta-prēta du:Kha dētē jisakō, caraṇōṁ mēṁ lētē hō usakō.
Jaba gandhōdaka chīṇṭē mārē, bhūta-prēta taba āpa bakārē..14..

जपने से जब नाम तुम्हारा, भूत-प्रेत वो करे किनारा ।

ऐसी महिमा बतलाते हैं, अन्धे भी आँखें पाते हैं ॥१५॥

Japanē sē jaba nāma tumhārā, bhūta-prēta vō karē kinārā.
Aisī mahimā batalātē haiṁ, andhē bhī ām̐khēṁ pātē haiṁ..15..

प्रतिमा श्वेत-वर्ण कहलाए, देखत ही हिरदय को भाए ।

ध्यान तुम्हारा जो धरता है, इस-भव से वह नर तरता है ॥१६॥

Pratimā śvēta-varṇa kahalā'ē, dēkhata hī hiradaya kō bhā'ē.
Dhyāna tumhārā jō dharatā hai, isa-bhava sē vaha nara taratā hai..16..

अन्धा देखे गूंगा गावे, लंगड़ा पर्वत पर चढ़ जावे ।

बहरा सुन-सुनकर खुश होवे, जिस पर कृपा तुम्हारी होवे ॥१७॥

Andhā dēkhē gūṅgā gāvē, laṅgaṛā parvata para caṛha jāvē.
Baharā suna-sunakara khuśa hōvē, jisa para kṛpā tumhārī hōvē..17..

मैं हूँ स्वामी दास तुम्हारा, मेरी नैया कर दो पारा।
चालीसे को 'चंद्र' बनावे, पद्म-प्रभ को शीश नवावे ॥१८॥

Maiṁ hūṁ svāmī dāsa tumhārā, mērī naiyā kara dō pārā.
Cālīsē kō 'candra' banāvē, padma-prabha kō śīśa navāvē..18..

(सोरठा)

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगंध अपार, पद्मपुरी में आयके !!
होय कुबेर-समान, जन्म-दरिद्री होय जो।
जिसके नहिं संतान, नाम-वंश जग में चले ॥

(Sōraṭhā)

Nita cālīsahiṁ bāra, pāṭha karē cālīsa dina.
Khēya sugandha apāra, padmapurī mēṁ āyakē!!
Hōya kubēra-samāna, janma-daridrī hōya jō.
Jisakē nahiṁ santāna, nāma-vanśa jaga mēṁ calē..

चालीसा : भगवान् आदिनाथ (चाँदखेड़ी) Cālīsā: Bhagavān Ādinātha (Cāṁdakhēṛī)

(छंद: दोहा)

शीश नवा अरिहंत को, सिद्धन करूँ प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का ले सुखकारी नाम ॥
सर्व साधु और सरस्वती जिनमंदिर सुखकार।
आदिनाथ भगवान् को मन-मंदिर में धार ॥

(chanda: Dōhā)

śīśa navā arihanta kō, sid'dhana karūṁ praṇāma.
Upādhyāya ācārya kā lē sukhakārī nāma..

Sarva sādhu aura sarasvatī jinamandira sukhakāra.
Ādinātha bhagavān kō mana-mandira mēṁ dhāra..

(चौपाई छन्द)

जै जै आदिनाथ जिन स्वामी, तीन-काल तिहुँ-जग में नामी ।

वेष-दिगम्बर धार रहे हो, कर्मों को तुम मार रहे हो ॥१॥

(Caupāi chanda)

Jai jai ādinātha jina svāmī, tīna-kāla tihuṁ-jaga mēṁ nāmī.
Vēṣa-digambara dhāra rahē hō, karmōṁ kō tuma māra rahē hō..1..

हो सर्वज्ञ बात सब जानो; सारी दुनियाँ को पहचानो ।

नगर अयोध्या जो कहलाये, राजा नाभिराज बतलाये ॥२॥

Hō sarvajña bāta saba jānō; sārī duniyāṁ kō pahacānō.
Nagara ayōdhyā jō kahalāyē, rājā nābhirāja batalāyē..2..

मरुदेवी माता के उदर से, चैत-वदी-नवमी को जन्मे ।

तुमने जग को ज्ञान सिखाया, कर्मभूमि का बीज उपाया ॥३॥

Marudēvī mātā kē udara sē, caita-vadī-navamī kō janmē.
Tumanē jaga kō jñāna sikhāyā, karmabhūmi kā bīja upāyā..3..

कल्पवृक्ष जब लगे बिछरने, जनता आई दु:खड़ा कहने ।

सब का संशय तभी भगाया, सूर्य-चंद्र का ज्ञान कराया ॥४॥

Kalpavr̥kṣa jaba lagē bicharanē, janatā āi du:Khaṛā kahanē.
Saba kā sanśaya tabhī bhagāyā, sūrya-candra kā jñāna karāyā..4..

खेती करना भी सिखलाया, न्याय-दंड आदिक समझाया ।

तुमने राज किया नीति का, सबक आपसे जग ने सीखा ॥५॥

Khētī karanā bhī sikhalāyā, n'yāya-daṇḍa ādika samajhāyā.
Tumanē rāja kiyā nīti kā, sabaka āpasē jaga nē sīkhā..5..

पुत्र आपका भरत बताया, चक्रवर्ती जग में कहलाया ।
बाहुबलि जो पुत्र तुम्हारे, भरत से पहले मोक्ष सिधारे ॥६॥
Putra āpakā bharata batāyā, cakravartī jaga mēṁ kahalāyā.
Bāhubali jō putra tumhārē, bharata sē pahalē mōkṣa sidhārē..6..

सुता आपकी दो बतलाई, 'ब्राह्मी' और 'सुन्दरी' कहलाई ।
उनको भी विद्या सिखलाई, अक्षर और गिनती बतलाई ॥७॥
Sutā āpakī dō batalāi, 'brāhmī' aura 'sundarī' kahalāi.
Unakō bhī vidyā sikhalāi, akṣara aura ginatī batalāi..7..

एक दिन राजसभा के अंदर, एक अप्सरा नाच रही थी ।
आयु उसकी बची अल्प थी, इसीलिए आगे नहिं नाच सकी थी ॥८॥
Ēka dina rājasabhā kē andara, ēka apsarā nāca rahī thī.
Āyu usakī bacī alpa thī, isīli'ē āgē nahiṁ nāca sakī thī..8..

विलय हो गया उसका सत्वर, झट आया वैराग्य उमड़कर ।
बेटों को झट पास बुलाया, राजपाट सब में बँटवाया ॥९॥
Vilaya hō gayā usakā satvara, jhaṭa āyā vairāgya umaṛakara.
Bēṭōṁ kō jhaṭa pāsa bulāyā, rājapāṭa saba mēṁ baṁṭavāyā..9..

छोड़ सभी झंझट संसारी, वन जाने की करी तैयारी ।
राजा हजारों साथ सिधाए, राजपाट-तज वन को धाये ॥१०॥
Chōṛa sabhī jhañjhaṭa sansārī, vana jānē kī karī taiyārī.
Rājā hajārōṁ sātha sidhā'ē, rājapāṭa-taja vana kō dhāyē..10..

लेकिन जब तुमने तप कीना, सबने अपना रस्ता लीना ।
वेष-दिगम्बर तजकर सबने, छाल आदि के कपड़े पहने ॥११॥
Lēkina jaba tumanē tapa kīnā, sabanē apanā rastā līnā.
Vēṣa-digambara tajakara sabanē, chāla ādi kē kapaṛē pahanē..11..

भूख-प्यास से जब घबराये, फल आदिक खा भूख मिटाये ।
तीन सौ त्रेसठ धर्म फैलाये, जो अब दुनियाँ में दिखलाये ॥१२॥
Bhūkha-pyāsa sē jaba ghabarāyē, phala ādika khā bhūkha miṭāyē.
Tīna sau trēsaṭha dharma phailāyē, jō aba duniyāṁ mēṁ dikhalāyē..12..

छै: महीने तक ध्यान लगाये, फिर भोजन करने को धाये ।
भोजन-विधि जाने नहिं कोय, कैसे प्रभु का भोजन होय ॥१३॥
Chai: Mahīnē taka dhyāna lagāyē, phira bhōjana karanē kō dhāyē.
Bhōjana-vidhi jānē nahiṁ kōya, kaisē prabhu kā bhōjana hōya..13..

इसी तरह बस चलते चलते, छै: महीने भोजन-बिन बीते ।
नगर हस्तिनापुर में आये, राजा सोम श्रेयांस बताए ॥१४॥
Isī taraha basa calatē calatē, chai: Mahīnē bhōjana-bina bītē.
Nagara hastināpura mēṁ āyē, rājā sōma śrēyānsa batā'ē..14..

याद तभी पिछला-भव आया, तुमको फौरन ही पड़घाया ।
रस-गन्ने का तुमने पाया, दुनिया को उपदेश सुनाया ॥१५॥
Yāda tabhī pichalā-bhava āyā, tumakō phaurana hī paṛaghāyā.
Rasa-gannē kā tumanē pāyā, duniyā kō upadēśa sunāyā..15..

तप कर केवलज्ञान उपाया, मोक्ष गए सब जग हर्षाया ।
अतिशययुक्त तुम्हारा मंदिर, चाँदखेड़ी भँवरे के अंदर ॥१६॥
Tapa kara kēvalajñāna upāyā, mōkṣa ga'ē saba jaga harṣāyā.
Atiśayayukta tumhārā mandira, cāṁdakhēṛī bhaṁvarē kē andara..16..

उसका यह अतिशय बतलाया, कष्ट-क्लेश का होय सफाया ।
मानतुंग पर दया दिखाई, जंजीरें सब काट गिराई ॥१७॥
Usakā yaha atiśaya batalāyā, kaṣṭa-klēśa kā hōya saphāyā.
Mānatuṅga para dayā dikhāi, jañjīrēṁ saba kāṭa girāi..17..

राजसभा में मान बढ़ाया, जैनधर्म जग में फैलाया।
मुझ पर भी महिमा दिखलाओ, कष्ट भक्त का दूर भगाओ ॥१८॥
Rājasabhā mēṁ māna baṛhāyā, jainadharma jaga mēṁ phailāyā.
Mujha para bhī mahimā dikhalā'ō, kaṣṭa bhakta kā dūra bhagā'ō..18..

(सोरठा)
पाठ करे चालीस दिन, नित चालीस ही बार।
चाँदखेड़ी में आय के, खेवे धूप अपार ॥
जन्म दरिद्री होय जो, होय कुबेर-समान।
नाम-वंश जग में चले, जिनके नहीं संतान ॥
(Sōraṭhā)
Pāṭha karē cālīsa dina, nita cālīsa hī bāra.
Cām̐dakhēṛī mēṁ āya kē, khēvē dhūpa apāra..
Janma daridrī hōya jō, hōya kubēra-samāna.
Nāma-vanśa jaga mēṁ calē, jinakē nahīṁ santāna..

आरती संग्रह Aarti Sangrah

आरती श्री पार्श्वनाथजी (बड़ागांव) Āratī shree Pārśvanāthaji (Baṛāgānva)

ओं जय पारस देवा, स्वामी जय पारस देवा |
आरति हम सब करते, मिले मुक्ति मेवा || टेक ||
Oṁ jaya pārasa dēvā, svāmī jaya pārasa dēvā |
Ārati hama saba karatē, milē mukti mēvā || Ṭēka ||

बड़ागांव टीले से, स्वप्न दिया तुमने |
चमत्कार कर प्रगटे, शरण लही हमने || ओं ..
Baṛāgānva ṭīlē sē, svapna diyā tumanē |
Camatkāra kara pragaṭē, śaraṇa lahī hamanē || Ōṁ..

लक्ष्मण बचे तोप से, महिमा जग छायी |
तन निरोग कितनों ने, नेत्र ज्योति पायी || ओं ..
Lakṣmaṇa bacē tōpa sē, mahimā jaga chāyī |
Tana nirōga kitanōṁ nē, nētra jyōti pāyī || Ōṁ..

स्याद्वाद गुरुकुल में, इन्द्र शीश राजे |
शतक आठ फण छाया, सौम्य मूर्ति साजे || ओं ..
Syādvāda gurukula mēṁ, indra śīśa rājē |
Śataka āṭha phaṇa chāyā, saumya mūrti sājē || Ōṁ..

जो भी शरण में आते, वांछित फल पाते |
भूत-प्रेत, करमों-कृत, संकट कट जाते || ओं ..
Jō bhī śaraṇa mēṁ ātē, vāñchita phala pātē |
Bhūta-prēta, karamōṅ-kṛta, saṅkaṭa kaṭa jātē || Ōṁ..

स्याद्वाद ध्वज धरती पर, आपहि फहराया |
किया समर्पण सन्मति, अनुभव लहराया || ओं ..
Syādvāda dhvaja dharatī par, āpahi phaharāyā |
Kiyā samarpaṇa sanmati, anubhava laharāyā || Ōṁ..

आरती श्री महावीर प्रभु (चाँदनपुर) Āratī Śrī Mahāvīra Prabhu (Chām̐danapura)

जय महावीर प्रभो, स्वामी जय महावीर प्रभो |
कुंडलपुर अवतारी, त्रिशलानंद विभो ||
Jaya mahāvīra prabhō, svāmī jaya mahāvīra prabhō |
Kuṇḍalapura avatārī, triśalānanda vibhō ||

सिद्धारथ घर जन्मे, वैभव था भारी,
बाल ब्रह्मचारी व्रत पाल्यो तपधारी | ओं जय..
Sid'dhāratha ghara janmē, vaibhava thā bhārī,
Bāla brahmacārī vrata pālyo tapadhārī | Ōṁ jaya..

आतम ज्ञान विरागी, समदृष्टि धारी |
माया मोह विनाशक, ज्ञान ज्योति जारी | ओं जय..
Ātama jñāna virāgī, samadr̥ṣṭi dhārī |
Māyā mōha vināśaka, jñāna jyōti jārī | Ōṁ jaya..

जग में पाठ अहिंसा, आपहि विस्तार्यो |
हिंसा पाप मिटाकर, सुधर्म परचार्यो | ओं जय..
Jaga mēṁ pāṭha ahinsā, āpahi vistāryō |
Hinsā pāpa miṭākara, sudharma paracāryō | Ōṁ jaya..

इह विधि चाँदनपुर में, अतिशय दर्शायो |
ग्वाल मनोरथ पूर्यो, दूध गाय पायो | ओं जय..
Iha vidhi cām̐danapura mēṁ, atiśaya darśāyō |
Gvāla manōratha pūryō, dūdha gāya pāyō | Ōṁ jaya..

अमरचंद को सपना, तुमने प्रभु दीना |
मंदिर तीन शिखर का, निर्मित है कीना | ओं जय..
Amaracanda kō sapanā, tumanē prabhu dīnā |
Mandira tīna śikhara kā, nirmita hai kīnā | Ōṁ jaya..

जयपुर-नृप भी तेरे, अतिशय के सेवी |
एक ग्राम तिन दीनो, सेवा-हित यह भी | ओं जय..
Jayapura-nṛpa bhī tērē, atiśaya kē sēvī |
Ēka grāma tina dīnō, sēvā-hita yaha bhī | Ōṁ jaya..

जो कोई तेरे दर पर, इच्छा कर आवे |
होय मनोरथ-पूरण, संकट मिट जावे | ओं जय..
Jō kōi tērē dara para, icchā kara āvē |
Hōya manōratha-pūraṇa, saṅkaṭa miṭa jāvē | Ōṁ jaya..

निशि-दिन प्रभु-मंदिर में, जगमग-ज्योति जरे |
हम सेवक चरणों में, आनंद-मोद धरें | ओं जय..
Niśi-dina prabhu-mandira mēṁ, jagamaga-jyōti jare |
Hama sēvaka caraṇōṁ mēṁ, ānanda-mōda dharen | Ōṁ jaya..

आरती श्री वर्द्धमान स्वामी **Āratī Śrī Vard'dhamāna Swami**

करूं आरती वर्द्धमान की, पावापुर निरवान थान की |
राग बिना सब जगजन तारे, द्वेष बिना सब कर्म विदारे |
Karuṁ āratī vard'dhamāna kī, pāvāpura niravāna thāna kī |
Rāga binā saba jagajana tārē, dvēṣa binā saba karma vidārē |

शील धुरंधर शिव तिय भोगी, मन वच कायनि कहिये योगी | करूं..
रत्नत्रय निधि, परिग्रह-हारी, ज्ञानसुधा-भोजनव्रतधारी | करूं..

Śīla dhurandhara śiva tiya bhōgī, mana vaca kāyani kahiyē yōgī | Karuṁ ..
Ratnatraya nidhi parigraha hārī, jñānasudhā bhōjanavratadhārī | Karuṁ ..

लोकालोक व्यापे निजमाँहीं, सुखमय इंद्रिय सुख दु:ख नाहीं | करूं..
पंचकल्याणक पूज्य विरागी, विमल दिगंबर अंबर त्यागी | करूं..
Lōkālōka vyāpe nijamāṁhīṁ, sukhamaya indriya sukha du:Kha nāhīṁ | Karuṁ ..
Pañcakalyāṇaka pūjya virāgī, vimala digambara amba tyāgī | Karuṁ ..

गुनमणि भूषण भूषित स्वामी, जगत् उदास जगंतर नामी | करूं..
कहें कहाँ लों तुम सब जानो, 'द्यानत' की अभिलाष प्रमाणो | करूं..
Gunamaṇi bhūṣaṇa bhūṣita svāmī, jagat udāsa jagantara nāmī | Karuṁ ..
Kahen kahāṁ lon tuma saba jāno, 'dyānata' kī abhilāṣa pramāṇo | Karuṁ ..

आरती श्री महावीर स्वामी **Āratī Śrī Mahāvīra Svāmī**

ओं जय सन्मति देवा, प्रभु! जय सन्मति देवा |
वर्द्धमान महावीर वीर अति, जय संकट छेवा ||
Oṁ jaya sanmati dēvā, prabhu! jaya sanmati dēvā |
Vard'dhamāna mahāvīra vīra ati, jaya saṅkaṭa chēvā ||

सिद्धारथ नृप नंद दुलारे त्रिशला के जाये |
कुंडलपुर अवतार लिया, प्रभु सुर नर हर्षाये || ओं ..
Sid'dhāratha nṛpa nanda dulārē triśalā kē jāyē |
Kuṇḍalapura avatāra liyā, prabhu sura nara harṣāyē || Ōṁ..

देव इन्द्र जन्माभिषेक कर, उर प्रमोद भरिया |
रूप आपका लख नहिं पाये, सहस आँख धरिया || ओं ..

Dēva indra janmābhiṣēka kara, ura pramōda bhariyā |
Rūpa āpakā lakha nahiṁ pāyē, sahasa āṁkha dhariyā || Ōṁ..

जल में भिन्न कमल ज्यों रहिये, घर में बाल यती |
राज पाट ऐश्वर्य छाँड सब, ममता मोह हती || ओं ..
Jala mēṁ bhinna kamala jyōṁ rahiyē, ghara mēṁ bāla yatī |
Rāja pāṭa aiśvarya chāṁḍa saba, mamatā mōha hatī || Ōṁ..

बारह वर्ष छद्मावस्था में, आतम ध्यान किया |
घाति कर्म चकचूर-चूर प्रभु! केवल ज्ञान लिया || ओं ..
Bāraha varṣa chadmāvasthā mēṁ, ātama dhyāna kiyā |
Ghāti karma cakacūra-cūra prabhu! kēvala jñāna liyā || Ōṁ..

पावापुर के बीच सरोवर, आकर योग कसे |
हने अघातिया कर्म शत्रु सब, शिवपुर जाय बसे || ओं ..
Pāvāpura kē bīca sarōvara, ākara yōga kasē |
Hanē aghātiyā karma śatru saba, śivapura jāya basē || Ōṁ..

भूमंडल के चाँदनपुर में, मंदिर मध्य लसे |
चौथी: प्रोषध व्रत प्रतिमा: धारक अष्टमी, चतुर्दशी, व पर्वों के दिनों में आरंभ छोड़कर धर्म-स्थान में रहता है |

Cauthī: pōṣadha vrata pratimā: dhāraka aṣṭamī, caturdaśī va parvoṁ kē dinōṁ mēṁ ārambha chōṛakara dharma-sthāna mēṁ rahatā hai |

पाँचवीं:सचित्त-त्याग व्रत प्रतिमा: धारक सचित्त वस्तुओं के भोग-उपभोग का त्याग करता है |

Pām̐cavīṁ: sacitatt-tyāga vrata pratimā: dhāraka sacitta vastuom ke bhog-upabhog kā tyāga karatā hai |

छठी: रात्रिभुक्तित्याग व्रत प्रतिमा: धारक रात्रि भोजन और दिन में कुशील छोड़ता है |

Chaṭhī: rātribhuktityāga vrata pratimā: dhāraka rātri bhōjana aura dina mēṁ kuśīla chōṛatā hai |

सातवीं: ब्रहमचर्य व्रत प्रतिमा: धारक रात्रि और दिन में मैथुन-सेवन का त्याग करता है |

Sātavīṁ: brahamacarya vrata pratimā: dhāraka rātri aura dina mēṁ maithuna -sēvana kā tyāga karatā hai |

आठवीं:आरंभत्याग व्रत प्रतिमा: धारक आरंभ तजता है, अर्थात हिंसा-मय क्रियाओं का त्याग करता है|

Aṭhavīṁ: ārambhatyāga vrata pratimā: dhāraka ārambha tajatā hai, arthaat himsa-maya kriyāoṁ ka tyāg karatā hai |

नवमीं: परिग्रहत्याग व्रत प्रतिमा: धारक चौबीसों परिग्रहों का त्याग करता है |

Navamīṁ: parigrahatyāga vrata pratimā: dhāraka chaubisoṁ parigrahoṁ kā tyāga karatā hai |

दशवीं: अनुमतित्याग व्रत प्रतिमा: धारक पाप-कार्य के उपदेश व अनुमोदना का त्याग करता है |

Daśavīṁ: anumatityāga vrata pratimā: dhāraka pāpa-kārya ke upadēśa va anumōdanā kā tyāga karatā hai |

ग्यारहवीं: उद्दिष्टत्याग व्रत प्रतिमा: धारक केवल 'अपने लिए बनाए गए' भोजनादि का त्याग करता है|

Gyarahaviṁ:udidaṣṭatyāga vrata pratimā: dhāraka keval 'apane liye banāye gaye' bhojanādi ka tyāg karatā hai |

इन ग्यारह प्रतिमाओं के पश्चात बारहवीं प्रतिमा मुनिराज की होती है | मुनिराज पूर्ण रत्नत्रय का पालन करते हुए साक्षात् नर से नारायण बनकर हमेशा-हमेशा के लिए मोक्ष सुख,परमानन्द के साथ आत्मगुणों से पूर्ण हो जाते हैं |

Ina gyāraha pratimā'ōṁ kē pashchāt bārahavīṁ pratimā munirāja kī hōtī hai | Munirāja pūrṇa ratnatraya kā pālana karatē hu'ē sākṣāt nara sē nārāyaṇa banakara hamēśā-hamēśā kē li'ē mōkṣa sukha, paramānanda kē sātha ātmaguṇōṁ sē pūrṇa hō jātē hai |

चैत्य-चैत्यालय निर्माण : वास्तु-विचार Chaitya – Chaityalay Nirmaan : Vastu – Vichar

पं. गुलाबचंद्र 'पुष्प' एवं ब्र. जय निशांत

Paṁ. Gulābacandra 'Puṣpa' ēvaṁ bra. Jaya Niśānta

जैनदर्शन के अनुसार लोक-रचना अनादि-अनिधन है। इसका कोई आदि अंत नहीं है, स्वयंसिद्ध अर्थात् अकृत्रिम है, जिसमें ९५% रचना शाश्वत (अपरिवर्तनशील) है। अधोलोक एवं ऊर्ध्वलोक की रचना में कोई परिवर्तन नहीं होता। मध्यलोक में भी केवल जम्बू, धातकी एवं पुष्करार्ध द्वीपों के आर्यखंडों में ही काल-चक्र का विशेष परिणमन होता है, शेष-खंडों में नहीं |

Jainadarśana kē anusāra lōka-racanā anādi-anidhana hai. Isakā kōi ādi anta nahīṁ hai, svayamsid'dha arthāt akṛtrima hai, jisamēṁ 95% racanā śāśvata (aparivartanaśīla) hai. Adhōlōka ēvaṁ ūrdhvalōka kī racanā mēṁ kōi parivartana nahīṁ hōtā. Madhyalōka mēṁ bhī kēvala jambū,

dhātakī ēvaṁ puṣkarārdha dvīpōṁ kē āryakhaṇḍōṁ mēṁ hī kāla-cakra kā viśēṣa pariṇamana hōtā hai, śēṣa-khaṇḍōṁ mēṁ nahīṁ |

प्रकृति के नियम भी शाश्वत हैं। आधुनिक विज्ञान का विकास भी प्रकृति के नियमनुसार ही हुआ है, जैसे पहिये का घूमना, चक्की का चलना, विद्युत उपकरणों की गति, घड़ी की गति आदि। जब भी विज्ञान ने प्रकृति के विरुद्ध कार्य किया, हानि उठानी पड़ी तथा विनाश का कारण बना, चाहे वह पर्यावरण पारिस्थितिक, जैविक, रासायनिक या भौतिक कोई भी कार्य हो |

Prakr̥ti kē niyama bhī śāśvata haiṁ. Ādhunika vijñāna kā vikāsa bhī prakr̥ti kē niyamanusāra hī hu'ā hai, jaisē pahiyē kā ghūmanā, cakkī kā calanā, vidyuta upakaraṇōṁ kī gati, ghaṛī kī gati ādi. Jaba bhī vijñāna nē prakr̥ti kē virud'dha kārya kiyā, hāni uṭhānī paṛī tathā vināśa kā kāraṇa banā, cāhē vaha paryāvaraṇa pāristhitika, jaivika, rāsāyanika yā bhautika kōi bhī kārya hō |

प्रकृति ने स्वयंसिद्ध होने के साथ-साथ मानव-शरीर के निर्माण को भी निश्चित-आकार एवं स्थान दिया है। आचार्य श्री वीरसेन स्वामी ने 'धवला'-टीका में स्पष्ट उल्लेख किया है। नारकी ८ ताल, देव १० ताल, मनुष्य ९ ताल, एवं तिर्यंच विभिन्न-ताल वाले होते हैं। इसीप्रकार वास्तु अर्थात् निर्माण-व्यवस्था भी अनादि-अनिधन है। जैनदर्शन ने नव-देवताओं को आराध्य/पूज्य माना है, जिनमें चैत्य व चैत्यालय भी हैं। अकृत्रिम-चैत्यालयों एवं प्रतिमाओं की दिशा एवं माप-अनुपात निश्चित हैं। अकृत्रिम-चैत्यालय पूर्व एवं उत्तराभिमुख हैं, प्रतिमायें गर्भगृह में स्थापित हैं। शिखर-युक्त जिनालयों में मुख्यद्वार एवं लघुद्वार हैं, प्रतिमा की दृष्टि द्वार से बाहर निकलती है। प्रतिमाएँ समचतुरस्र-संस्थान-युक्त हैं। प्रतिष्ठा-शास्त्रों एवं वास्तु-शास्त्रों में मंदिर एवं प्रतिमा के माप का विस्तृत उल्लेख है। उसी अनुसार यदि कृत्रिम-जिनालयों की रचना की जावे, तो वह लौकिक एवं पारलौकिक विकास में सहयोगी होती है। वर्तमान में इसमें कई विसंगतियाँ सामने आ रही हैं। विपरीत-निर्माण से प्रतिष्ठाकारक, प्रतिष्ठास्थल एवं समाज पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। आचार्यों ने वास्तुग्रंथों के उल्लंघन न करने का भी स्पष्ट कथन किया है |

Prakr̥ti nē svayamsid'dha hōnē kē sātha-sātha mānava-śarīra kē nirmāṇa kō bhī niścita-ākāra ēvaṁ sthāna diyā hai. Ācārya śrī vīrasēna svāmī nē 'dhavalā'-ṭīkā mēṁ spaṣṭa ullēkha kiyā hai. Nārakī 8 tāla, dēva 10 tāla, manuṣya 9 tāla, ēvaṁ tiryanca vibhinna-tāla vālē hōtē haiṁ. Isī prakāra vāstu arthāt nirmāṇa-vyavasthā bhī anādi-anidhana hai. Jainadarśana nē nava-dēvatā'ōṁ kō ārādhya/pūjya mānā hai, jinamēṁ caitya-caityālaya bhī haiṁ. Akr̥trima-caityālayōṁ ēvaṁ pratimā'ōṁ kī diśā ēvaṁ māpa-

anupāta niścita haiṁ. Akṛtrima-caityālaya pūrva ēvaṁ uttarābhimukha haiṁ, pratimāyēṁ garbhagṛha mēṁ sthāpita haiṁ. Śikhara-yukta jinālayōṁ mēṁ mukhyadvāra ēvaṁ laghudvāra haiṁ, pratimā kī dṛṣṭi dvāra sē bāhara nikalatī hai. Pratimā'ēṁ̐ samacaturasra-sansthāna-yukta haiṁ. Pratiṣṭhā- śāstrōṁ ēvaṁ vāstu-śāstrōṁ mēṁ mandira ēvaṁ pratimā kē māpa kā vistṛta ullēkha hain. Usī anusāra yadi kṛtrima-jinālayōṁ kī racanā kī jāvē, tō vaha laukika ēvaṁ pāralaukika vikāsa mēṁ sahayōgī hōtī hai. Vartamāna mēṁ isamēṁ kai visaṅgatiyāṁ̐ sāmanē ā rahī haiṁ. Viparīta-nirmāṇa sē pratiṣṭhākāraka, pratiṣṭhāsthala ēvaṁ samāja para bhī viparīta prabhāva paṛatā hai. Ācāryōṁ nē vāstugranthōṁ kē ullaṅghana na karanē kā bhī spaṣṭa kathana kiyā hai |

वर्तमान में नगरीय विकास के कारण जगह-जगह पर मंदिरों के निर्माण हो रहे हैं। मंदिर-हेतु भूखंड का चुनाव करते समय प्रवेश की दिशा का ध्यान अवश्य रखें। भूमिशोधन करके मंदिर-निर्माण करने के पूर्व प्रतिष्ठाचार्य एवं वास्तुशास्त्री से परामर्श अवश्य लें। मंदिर-निर्माण में निम्न सावधानियाँ अवश्य रखी जावें:-

Vartamāna mēṁ nagarīya vikāsa kē kāraṇa jagaha-jagaha para mandirōṁ ke nirmāṇa hō rahe hain. Mandira-hētu bhūkhaṇḍa kā cunāva karatē samaya pravēśa kī diśā kā dhyāna avaśya rakhēṁ. Bhūmiśōdhana karakē mandira-nirmāṇa karanē kē pūrva pratiṣṭhācārya ēvaṁ vāstuśāstrī sē parāmarśa avaśya lēṁ. Mandira-nirmāṇa mēṁ nimna sāvadhāniyāṁ̐ avaśya rakhī jāvēṁ:-

१. मंदिर के परिसर में मंदिर जी के नींव क्षेत्र के साथ अन्य निवास एवं प्रसाधन (बाथरूम) आदि का निर्माण न करें। यदि इसका निर्माण करना ही पड़े, तो मंदिर भवन से हटकर अलग भूमिपर करें |

1. Mandira kē parisara mēṁ mandira jī kē nīnva kṣētra kē sātha an'ya nivāsa ēvaṁ prasādhana (bātharūma) ādi kā nirmāṇa na karēṁ. Yadi isakā nirmāṇa karanā hī paṛē, tō mandira bhavana sē haṭakara alaga bhūmipara karēṁ |

२. वेदी का निर्माण गर्भगृह में ही करें। गर्भगृह ठीक चौकोर बनायें |

2. Vēdī kā nirmāṇa garbhagṛha mēṁ hī karēṁ. Garbhagṛha ṭhīka caukōra banāyēṁ |

३. गर्भगृह के बाहर की दोनों ओर बराबर-स्थान छोड़ें | वेदी ठोस एवं परिक्रमा-स्थान छोड़कर ही बनायें | दीवार से सटी वेदी बनाना अशुभ है। वेदी के ठीक ऊपर बीम या गार्डर नहीं होना चाहिए |

3. Garbhagr̥ha kē bāhara kī dōnōṁ ōra barābara-sthāna chōṛēṁ | Vēdī ṭhōsa ēvaṁ parikramā-sthāna chōṛakara hī banāyēṁ. Dīvāra sē saṭī vēdī banānā aśubha hai| Vēdī kē ṭhīka ūpara bīma yā gārḍara nahīṁ hōnā cāhi'ē |

४. वेदी की ऊँचाई ३ फुट रखें तथा वेदी पर एक या तीन कटनी ही बनायें, दो नहीं |

4. Vēdī kī ūm̐cāi 3 phuṭa rakhēṁ tathā vēdī para ēka yā tīna kaṭanī hī banāyēṁ, dō nahīṁ |

५. वेदी में प्रतिमाएँ विषम-संख्या में ही विराजमान करें |

5. Vēdī mēṁ pratimā'ēm̐ viṣama-saṅkhyā mēṁ hī virājamāna karēṁ |

६. एक ही तल पर दो वेदियों का निर्माण न करें |

6. Ēka hī tala para dō vēdiyōṁ kā nirmāṇa na karēṁ |

७. वेदी के पीछे खिड़की, झरोखा, अलमारी, द्वार कदापि न बनायें |

7. Vēdī kē pīchē khiṛakī, jharōkhā, alamārī, dvāra kadāpi na banāyēṁ |

८. प्रतिमा जी को क्रय करने से पूर्व प्रतिष्ठाचार्य को अवश्य दिखायें |

8. Pratimā jī kō kraya karanē sē pūrva pratiṣṭhācārya kō avaśya dikhāyēṁ |

९. मूलनायक-प्रतिमा, प्रतिष्ठाकारक, नगर एवं तीर्थंकर की राशि का मिलान करके ही निश्चित करें |

9. Mūlanāyaka-pratimā, pratiṣṭhākāraka, nagara ēvaṁ tīrthaṅkara kī rāśi kā milāna karakē hī niścita karēṁ |

१०. मंदिर के मुख्य-द्वार के सामने खंभा, कुआँ, पेड़ न हो तथा वेदी के द्वार के सामने स्तंभ नहीं होना चाहिए |

10. Mandira kē mukhya-dvāra kē sāmanē khambhā, ku'ām̐, pēṛa na hō

tathā vēdī kē dvāra kē sāmanē stambha nahīṁ hōnā cāhi'ē |

११. मंदिर के निर्माण में पूर्व एवं उत्तर-खाली हो तथा दक्षिण-पश्चिम भारी रखना चाहिए |

11. Mandira kē nirmāṇa mēṁ pūrva ēvaṁ uttara-khālī hō tathā dakṣiṇa-paścima bhārī rakhanā cāhi'ē |

जैन-धर्म-दर्शन की सामान्य प्रवृतियाँ Jain – Dharm – Darshan Ki Samanya Pravartiyan

विश्व के धर्मों में 'जैनधर्म' प्राचीनतम धर्म है | भारत में श्रमण विचारधारा का प्रतिनिधित्व केवल जैन-विचार तथा आचार पद्धति करती रही है| प्रस्तुत हैं जैन धर्म और दर्शन की कतिपय सामान्य प्रवृतियाँ-

Viśva kē dharmōṁ mēṁ 'jainadharma' prācīnatama dharma hai | bhārata mēṁ śramaṇa vicāradhārā kā pratinidhitva kēvala jaina-vicāra tathā ācāra pad'dhati karatī rahī hai| prastuta haiṁ jaina dharma aura darśana kī katipaya sāmān'ya pravr̥tiyāṁ-

मनुष्य एक चिन्तनशील प्राणी है | आदिमकाल से ही वह अपनी सहज जिज्ञासा प्रवृति के कारण विश्व के रहस्य को समझने का प्रयत्न करता आ रहा है | इन रहस्यों को सुलझाने के लिए वह एक अलौकिक, नित्य एवं पूर्ण दिव्य सर्वशक्तिमान सत्ता पर विश्वास भी करता है, इसी सत्ता को वह ईश्वर नाम से पुकारता है | ईश्वर क्या है? ईश्वर का स्वरूप और गुण क्या है? इस पर सतत चिन्तन होता रहा है | धार्मिक व्यक्तियों के लिए तो ईश्वर स्वयं-सिद्ध सत्ता है |

Manuṣya ēka cintanaśīla prāṇī hai | ādimakāla sē hī vaha apanī sahaja jijñāsā pravr̥ti kē kāraṇa viśva kē rahasya kō samajhanē kā prayatna karatā ā rahā hai| ina rahasyōṁ kō sulajhānē kē li'ē vaha ēka alaukika, nitya ēvaṁ pūrṇa divya sarvaśaktimāna sattā para viśvāsa bhī karatā hai, isī sattā kō vaha īśvara nāma sē pukāratā hai | īśvara kyā hai? Īśvara kā svarūpa aura guṇa kyā hai? Isa para satata cintana hōtā rahā hai | dhārmika vyaktiyōṁ kē li'ē tō īśvara svayaṁ-sid'dha sattā hai |

जैन-दर्शन में अन्य दर्शनों की अपेक्षा ईश्वर का स्वरूप कुछ विलक्षण है | यहाँ किसी पुरुष विशेष का नाम ईश्वर नहीं, वरन् जैन दर्शन की दृष्टि से अरिहंत (अर्हन्त, अरुहन्त) और सिद्ध अवस्था को प्राप्त प्रत्येक जीव 'ईश्वर' कहलाता है |

Jaina-darśana mēṁ an'ya darśanōṁ kī apēkṣā īśvara kā svarūpa kucha vilakṣaṇa hai | yahāṁ kisī puruṣa viśēṣa kā nāma īśvara nahīṁ, varan jaina darśana kī dṛṣṭi sē arihanta (ar'hanta, aruhanta) aura sid'dha avasthā kō prāpta pratyēka jīva 'īśvara' kahalātā hai |

जैन दर्शन में ईश्वर एक नहीं वरन् अनन्त ईश्वर हैं | संचित कर्मों को नाश करके अभी तक जितने जीव मुक्त हो चुके हैं ओर जो आगे भी मुक्त होंगे वे सब ईश्वर पद के वाच्य हैं | ज्ञानावरणादि चार घातिया कर्मों का क्षय करके यह जीव अरिहन्त बन जाता है, इसे सर्वज्ञ, जिन, जीवनमुक्त और केवली भी कहते हैं |

Jaina darśana mēṁ īśvara ēka nahīṁ, varan anantoṁ īśvara haiṁ | sañcita karmōṁ kō nāśa karakē abhī taka jitanē jīva mukta hō cukē haiṁ ōra jō āgē bhī mukta hōṅgē vē saba īśvara pada kē vācya haiṁ | jñānāvaraṇādi cāra ghātiyā karmōṁ ko kṣaya karakē yaha jīva arihanta bana jātā hai, isē sarvajña, jina, jīvanamukta aura kēvalī bhī kahatē haiṁ |

अरिहन्त: अरि अर्थात् शत्रु, एवं उसके हनन अथवा नाश करने वाले को अरिहन्त संज्ञा प्राप्त होती है | आत्मा का परम अरि (शत्रु) आठों कर्मों के राजा मोह को कहा गया है | मोह- कर्म पर विजय पाने वाला जीव अरिहंत कहलाता है।

Arihanta: Ari arthāt śatru, ēvaṁ usakē hanana athavā nāśa karanē vālē kō arihanta sañjñā prāpta hōtī hai| ātmā kā parama ari (śatru) āṭhōṁ karmōṁ kē rājā mōha kō kahā gayā hai| mōha-karma para vijaya pānē vālā jīva arihanta kahalātā hai|

अर्हन्त : अर्थात अतिशयपूज्य | तीर्थंकर भगवान के गर्भ, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान एवं निर्वाण इन पांच कल्याणकों के समय देवताओं द्वारा पूजा और प्रभावना की जाती है | इस प्रकार देवताओं, असुरों एवं मानवों द्वारा की जाने वाली पूजा के उत्कृष्टतम पात्र होने के कारण वे अर्हन्त कहे जाते हैं |

Ar'hanta: Arthāta atiśayapūjya | tīrthaṅkara bhagavāna kē garbha, janma, dīkṣā, kēvalajñāna ēvaṁ nirvāṇa ina pāñca kalyāṇakōṁ kē samaya dēvatā'ōṁ dvārā pūjā aura prabhāvanā kī jātī hai | isa prakāra dēvatā'ōṁ, asurōṁ ēvaṁ mānavōṁ dvārā kī jānē vālī pūjā kē utkr̥ṣṭatama pātra hōnē kē kāraṇa vē ar'hanta kahē jātē haiṁ |

अरुहन्त : अरु का अर्थ होता है जन्म | अत: रागद्वेष रूपी शत्रुओं का नाश हो जाने से दग्धबीजवत् जिनका भावी जन्म सन्तति अर्थात् पुनर्जन्म समाप्त हो गया है; अरुहन्त कहते हैं | जैनागम में अर्हन्त, अरिहन्त और अरुहन्त ये तीन पाठान्तर मिलते हैं |

Aruhanta: Aru kā artha hōtā hai janma | ata: Rāgadvēṣa rūpī śatru'ōṁ kā nāśa hō jānē sē dagdha bījavat jinakā bhāvī janma santati arthāt punarjanma samāpta hō gayā hai; aruhanta kahatē haiṁ | jaināgama mēṁ ar'hanta, arihanta aura aruhanta yē tīna pāṭhāntara milatē haiṁ |

सिद्ध : जिन्होंने सभी सिद्धियां प्राप्त करली है, उन्हें सिद्ध कहते हैं | जो ज्ञानावरणादि समस्त कर्मों से मुक्त होकर ऊर्ध्वगमन स्वभाव से लोक के अग्रभाग सिद्धालय में विराजमान हैं, जिनके आत्मप्रदेश चरमशरीर से कुछ कम अवगाहना वाले पुरुषाकार रूप में अवस्थित हैं, जो लोक व अलोक के मात्र ज्ञाता-दृष्टा हैं, आठ मूलगुणों एवं अनन्त उतरगुणों से शोभित हैं |

Sid'dha: Jinhōnnē sabhī sid'dhiyāṁ prāpta karalī hai, unhēṁ sid'dha kahatē haiṁ | jō jñānāvaraṇādi samasta karmōṁ sē mukta hōkara ūrdhvagamana svabhāva sē lōka kē agrabhāga sid'dhālaya mēṁ virājamāna haiṁ, jinakē ātmapradēśa caramaśarīra sē kucha kama avagāhanā vālē puruṣākāra rūpa mēṁ avasthita haiṁ, jō lōka va alōka kē mātra jñātā-dr̥ṣṭā haiṁ, āṭha mūlaguṇōṁ ēvaṁ ananta utaraguṇōṁ sē śōbhita haiṁ |

आचार्य विद्यानन्द मुनि ने आप्त मीमांसा में लिखा है कि – कोई भी पुरुष (सदा से) कर्मों से रहित नहीं है क्योंकि बिना किसी उपाय के उसका सिद्ध होना किसी भी प्रकार नहीं बनता है |

Ācārya vidyānanda muni nē āpta mīmānsā mēṁ likhā hai ki – kō'ī bhī puruṣa (sadā sē) karmōṁ sē rahita nahīṁ hai kyōṅki binā kisī upāya kē usakā sid'dha hōnā kisī bhī prakāra nahīṁ banatā hai |

जैनधर्म की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि विश्व का प्रत्येक धर्म किसी-न-किसी व्यक्ति विशेष के नाम जुड़ा है, जैसे- विष्णुजी वैष्णव धर्म, शिवजी शैवधर्म, मुहम्मद इस्लाम धर्म, ईसामसीह इसाई धर्म, बुद्ध बौद्ध धर्म आदि| परन्तु जैन धर्म में व्यक्ति विशेष का नाम नहीं, वरन् जिन्होंने इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर आत्मीय शक्ति को जगाते हुए केवलज्ञान प्राप्त किया और वस्तु तत्व का उपदेश प्राणिमात्र को दिया, उन ही का मार्ग 'जैनधर्म' कहलाया |

Jainadharma kī sabasē mahatvapūrṇa viśēṣatā yaha hai ki viśva kā pratyēka dharma se kisī-na-kisī vyakti viśēṣa kē nāma juṛā hai, jaisē- viṣṇujī vaiṣṇava dharma, śivajī śaiva dharma, muham'mada islāma dharma, īsāmasīha isā'ī dharma, bud'dha baud'dha dharma ādi| parantu jaina dharma mēṁ vyakti viśēṣa kā nāma nahīṁ, varan jinhōnnē indriyōṁ para vijaya prāpta kara ātmīya śakti kō jagātē hu'ē kēvalajñāna prāpta kiyā aura vastu tatva kā upadēśa prāṇimātra kō diyā, una hī kā mārga 'jaina dharma' kahalāyā |

जैनागम के अनुसार जैनधर्म अनादि है, फिर भी इस युग की अपेक्षा जैन तीर्थ (धर्म) के प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव हैं | चौबीस तीर्थंकरों में ऋषभदेव प्रथम तीर्थंकर हैं | कतिपय मनीषियों का कहना है कि भगवान महावीर जैन धर्म के संस्थापक हैं; उनकी यह भ्रामक धारणा है |

Jaināgama kē anusāra jainadharma anādi hai, phira bhī isa yuga kī apēkṣā jaina tīrtha (dharma) kē pravartaka bhagavāna ṛ̥ṣabhadēva haiṁ | caubīsa tīrthaṅkarōṁ mēṁ ṛ̥ṣabhadēva prathama tīrthaṅkara haiṁ | katipaya manīṣiyōṁ kā kahanā hai ki bhagavāna mahāvīra jaina dharma kē sansthāpaka haiṁ; unakī yaha bhrāmaka dhāraṇā hai |

मानव जीवन के लिए धर्म और दर्शन आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है | जब मानव चिंतन-सागर में निमग्न होता है तब दर्शन की, और जब उस चिंतन को अपने जीवन में उपयोग करता है तब धर्म की उत्पति होती है | मानव जीवन की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु धर्म और दर्शन का जन्म हुआ | धर्म और दर्शन परस्पर सापेक्ष हैं, एक दुसरे के पूरक हैं | चिंतकों ने धर्म में भावना, बुद्धि और क्रिया ये तीन तत्व माने हैं | भावना से श्रद्धा, बुद्धि से ज्ञान और क्रिया से आचार अपेक्षित है | जैन दर्शन में इसी को सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यकचारित्र कहा जाता है |

Mānava jīvana kē li'ē dharma aura darśana āvaśyaka hī nahīṁ apitu anivārya hai | jaba mānava cintana-sāgara mēṁ nimagna hōtā hai taba darśana kī, aura jaba usa cintana kō apanē jīvana mēṁ upayōga karatā hai taba dharma kī utpati hōtī hai | mānava jīvana kī vibhinna samasyā'ōṁ kē samādhāna hētu dharma aura darśana kā janma hu'ā |

dharma aura darśana paraspara sāpēkṣa haiṁ, ēka dusarē kē pūraka haiṁ | cintakōṁ nē dharma mēṁ bhāvanā, bud'dhi aura kriyā yē tīna tatva mānē haiṁ | bhāvanā sē śrad'dhā, bud'dhi sē jñāna aura kriyā sē ācāra apēkṣita hai | jaina darśana mēṁ isī kō samyagdarśana, samyagjñāna aura samyakacāritra kahā jātā hai|

जैनदर्शन ने कर्म को केवल क्रिया रूप नहीं माना बल्कि उसे द्रव्य रूप स्वीकार किया है | आचार की भूमिका पर कर्मवाद की उत्पति हुई है | कर्मवाद का अर्थ है- कार्यकारणवाद | प्रत्येक कार्य का कोई-न-कोई कारण होता है और प्रत्येक कारण किसी-न-किसी कार्य को उत्पन्न करता है | कार्य और कारण का यह पारस्परिक संबंध ही विश्व की विविधता और विचित्रता का आधार है | इस प्रकार वर्तमान का निर्माण भूत के आधार पर और भविष्य निर्माण वर्तमान के आधार पर होता है |

Jainadarśana nē karma kō kēvala kriyā rūpa nahīṁ mānā balki usē dravya rūpa svīkāra kiyā hai | ācāra kī bhūmikā para karmavāda kī utpati hu'ī hai | karmavāda kā artha hai- kāryakāraṇavāda | pratyēka kārya kā kō'ī-na-kō'ī kāraṇa hōtā hai aura pratyēka kāraṇa kisī-na-kisī kārya kō utpanna karatā hai | kārya aura kāraṇa kā yaha pārasparika sambandha hī viśva kī vividhatā aura vicitratā kā ādhāra hai | isa prakāra vartamāna kā nirmāṇa bhūta kē ādhāra para aura bhaviṣya nirmāṇa vartamāna kē ādhāra para hōtā hai |

अहिंसा का सूक्ष्म विशलेषण प्राणी मात्र पर करुणा दृष्टि रखना, यह भारतीय दर्शन की महत्वपूर्ण विशेषता है | अनेकान्त सिद्धांत एवं स्याद्वाद शैली के माध्यम से विविधता में एकता को प्रतिपादित करने वाले जैन दर्शन का लक्ष्य है कि प्राणियों के आचार में अहिंसा, विचारों में अनेकान्त, वाणी में स्याद्वाद, समाज में अपरिग्रहवाद की भावना उद्भूत हो |

Ahinsā kā sūkṣma viśalēṣaṇa prāṇī mātra para karuṇā dr̥ṣṭi rakhanā, yaha bhāratīya darśana kī mahatvapūrṇa viśēṣatā hai | anēkānta sid'dhānta ēvaṁ syādvāda śailī kē mādhyama sē vividhatā mēṁ ēkatā kō pratipādita karanē vālē jaina darśana kā lakṣya hai ki prāṇiyōṁ kē ācāra mēṁ ahinsā, vicārōṁ mēṁ anēkānta, vāṇī mēṁ syādvāda, samāja mēṁ aparigrahavāda kī bhāvanā udbhūta hō |

जैन दर्शन के अनुसार जीव अपनी नियति का निर्माता स्वयं है | स्वयं के कर्मों के कारण वह बंधन में पड़ता है और स्वय के प्रयत्नों से ही उन से मुक्ति प्राप्त करता है | जीव जिस शरीर में निवास करता है उसका सह-विस्तारी बन जाता है, ठीक वैसे ही जैसे कि दीपक का प्रकाश जिस कमरे में रखा है वह उसका सहविस्तारी बन जाता है | स्वभाव से जीव में अनन्तचतुष्टय (अनन्तज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सुख और अनन्त वीर्य) निहित है | प्रश्न स्वभावत: उत्पन्न होता है कि यदि जीव स्वभाव से शुद्ध अनन्त चतुष्टय का स्वामी है तब वह बंधन में कैसे पड़ता है ?

Jaina darśana kē anusāra jīva apanī niyati kā nirmātā svayaṁ hai | svayaṁ kē karmōṁ kē kāraṇa vaha bandhana mēṁ paṛatā hai aura svayam kē prayatnōṁ sē hī una sē mukti prāpta karatā hai | jīva jisa śarīra mēṁ nivāsa karatā hai usakā saha-vistārī bana jātā hai, ṭhīka vaisē hī jaisē ki dīpaka kā prakāśa jisa kamarē mēṁ rakhā hai vaha usakā sahavistārī bana jātā hai | svabhāva sē jīva mēṁ anantacatuṣṭaya (anantajñāna, ananta darśana, ananta sukha aura ananta vīrya) nihita hai| praśna svabhāvata: Utpanna hōtā hai ki yadi jīva svabhāva sē śud'dha ananta catuṣṭaya kā svāmī hai taba vaha bandhana mēṁ kaisē paṛatā hai?

मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्र ये तीन जीव के बंधन में कारण हैं | तीर्थंकरों और उनके बताए गए तत्वों में श्रद्धा न रखना ही मिथ्यादर्शन है | तत्वों के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान न होना मिथ्याज्ञान है | राग-द्वेष से युक्त लिप्त भाव से कार्य करना मिथ्याचारित्र है | कर्म केवल मानसिक और शारीरिक क्रियाएं नहीं हैं, वे वस्तुगत सत्ताएं हैं | जीव की प्रत्येक मानसिक एवं शारीरिक क्रिया के साथ ऐसी क्रिया कितनी भी सूक्ष्म क्यों न हो, जीव में परिवर्तन होता है |

Mithyādarśana, mithyājñāna aura mithyācāritra yē tīna jīva kē bandhana mēṁ kāraṇa haiṁ | tīrthaṅkarōṁ aura unakē batā'ē ga'ē tatvōṁ mēṁ śrad'dhā na rakhanā hī mithyādarśana hai | tatvōṁ kē yathārtha svarūpa kā jñāna na hōnā mithyājñāna hai | rāga-dvēṣa sē yukta lipta bhāva sē kārya karanā mithyācāritra hai | karma kēvala mānasika aura śārīrika kriyā'ēṁ nahīṁ haiṁ, vē vastugata sattā'ēṁ haiṁ | jīva kī pratyēka mānasika ēvaṁ śārīrika kriyā kē sātha aisī kriyā kitanī bhī sūkṣma kyōṁ na hō, jīva mēṁ parivartana hōtā hai |

स्याद्वाद समन्वयवाद का मार्ग प्रस्तुत करता है| यह नित्य व्यवहार की वस्तु है| इसके बिना लोक व्यवहार चल नहीं सकता | जितना भी व्यवहार होता है वह सब आपेक्षिक होता है | अनेक विरोधी तत्वों का यथार्थ निरूपण होने पर सब अपने-अपने दृष्टिकोणों के साथ अन्य दृष्टिकोणों का भी समन्वय करें यही स्याद्वाद है |

Syādvāda samanvayavāda kā mārga prastuta karatā hai| yaha nitya vyavahāra kī vastu hai| isakē binā lōka vyavahāra cala nahīṁ sakatā | jitanā bhī vyavahāra hōtā hai vaha saba āpēkṣika hōtā hai | anēka virōdhī tatvōṁ kā yathārtha nirūpaṇa hōnē para saba apanē-apanē dṛṣṭikōṇōṁ kē sātha an'ya dṛṣṭikōṇōṁ kā bhī samanvaya karēṁ yahī syādvāda hai |

स्याद्वाद जैन धर्म का वह अभेद्य किला है| उसके अंदर वादी-प्रतिवादियों के मायामयी गोले प्रवेश नहीं कर सकते | स्याद्वाद जैनदर्शन व जैन-तत्व-ज्ञान की नींव है | स्याद्वाद सिद्धांत वैज्ञानिक और युक्ति सम्मत है | कहा भी है-

हठ छोड़ समन्वय अपनाओ, समझो वक्ता का अभिप्राय |
रह सकते कैसे कहो वहां, कलह ईर्ष्या और कषाय ||

Syādvāda jaina dharma kā vaha abhēdya kilā hai| usakē andara vādī-prativādiyōṁ kē māyāmayī gōlē pravēśa nahīṁ kara sakatē | syādvāda jainadarśana va jaina-tatva-jñāna kī nīnva hai | syādvāda sid'dhānta vaijñānika aura yukti sam'mata hai | kahā bhī hai-

Haṭha chōṛa samanvaya apanā'ō, samajhō vaktā kā abhiprāya |
Raha sakatē kaisē kahō vahāṁ, kalaha īrṣyā aura kaṣāya ||

दिशाशूल-विचार **Dishashul – Vichar**

सोमवार, शनिवार को – पूर्व-दिशा में,
Sōmavāra, Sanivāra Kō – Pūrva-Diśā Mēṁ,

रविवार, शुक्रवार को – पश्चिम-दिशा में,
Ravivāra, Sukravāra Kō – Paścima-Diśā Mēṁ,

गुरुवार को – दक्षिण-दिशा में,
Guruvāra Kō – Dakṣiṇa-Diśā Mēṁ,

मंगलवार, बुधवार को – उत्तर-दिशा में दिशाशूल होता है ।
Maṅgalavāra, Budhavāra kō – Uttara-Diśā mēṁ Diśāśūla Hōtā hai.

परदेश जाने में दिशा-शूल सामने और दक्षिण में अच्छा नहीं होता। फिर भी कारणवश जाना अनिवार्य हो, तो मंगलवार को गुड़, बुधवार को खांड, गुरुवार को राई, शुक्रवार को वायविडंग, शनिवार को दही, रविवार को पान खा कर और सोमवार को दर्पण देखकर गमन करना चाहिये ।

Paradēśa jānē mēṁ diśā-śūla sāmanē aura dakṣiṇa mēṁ acchā nahīṁ hōtā. Phira bhī kāraṇavaśa jānā anivārya hō, tō maṅgalavāra kō guṛa, budhavāra kō khāṇḍa, guruvāra kō rāi, śukravāra kō vāyaviḍaṅga, śanivāra kō dahī, ravivāra kō pāna kha kara aura sōmavāra kō darpaṇa dēkhakara gamana karanā cāhiyē |

पंच कल्याणक तिथि (चार्ट) Panch Kalyanak Tithi (Chart)

श्री चौबीस तीर्थंकरों की पंच कल्याणक तिथियाँ Śrī Caubīsa Tīrthankarōn Kī Pañca Kalyāṇaka Tithiyāṁ

हर एक श्रावक नीचे लिखे दिनों में कल्याणक पाठ सहित पूजन और स्वाध्याय जरूर करें | इससे अतिशय पुण्य और लाभ की प्राप्ति होती है |

क्रं.	तीर्थंकर	गर्भ	जन्म	तप	केवलज्ञान	मोक्ष
Kraṁ	**Tīrthaṅkara**	**Garbha**	**Janma**	**Tapa**	**Kēvalajñāna**	**Mōkṣa**
1	श्री आदिनाथ जी	आषाढ वदी २	चैत्र वदी ९	चैत्र वदी ९	फाल्गुन वदी ११	माघ वदी १४
	Śrī Adinātha jī	Āṣāḍha vadī 2	Caitra vadī 9	Caitra vadī 9	Phālguna vadī 11	Māgha vadī 14
2	श्री अजितनाथ जी	ज्येष्ठ वदी १५	माघ सुदी १०	माघ सुदी १०	पौष सुदी ११	चैत्र सुदी ५
	Śrī Ajitanātha jī	Jyēṣṭha vadī 15	Māgha sudī 10	Māgha sudī 10	Pauṣa sudī 11	Caitra sudī 5
3	श्री संभवनाथ जी	फाल्गुन सुदी ८	कार्तिक सुदी १५	मंगसिर सुदी १५	कार्तिक वदी ४	चैत्र सुदी १५
	Śrī Sambhavanātha jī	Phālguna sudī 8	Kārtika sudī 15	Maṅgasira sudī 15	Kārtika vadī 4	Caitra sudī 15
4	श्री अभिनंदननाथ जी	बैशाख सुदी ६	माघ सुदी १२	माघ सुदी १२	पौष सुदी १४	बैशाख सुदी ६
	Śrī Abhinandananātha jī	Baiśākha sudī 6	Māgha sudī 12	Māgha sudī 12	sudī 14	Baiśākha sudī 6
5	श्री सुमतिनाथ जी	सावन सुदी २	चैत्र सुदी ११	बैशाख सुदी ९	चैत्र सुदी ११	चैत्र सुदी ११
	Śrī Sumatinātha jī	Sāvana sudī 2	Caitra sudī 11	Baiśākha sudī 9	Caitra sudī 11	Caitra sudī 11
6	श्री पद्मप्रभ जी	माघ वदी ६	कार्तिक वदी १३	कार्तिक वदी १३	चैत्र सुदी १५	फाल्गुन वदी ४
	Śrī Padmaprabha jī	Māgha vadī 6	Kārtika vadī 13	Kārtika vadī 13	Caitra sudī 15	Phālguna vadī 4
7	श्री सुपार्श्वनाथ जी	भादों सुदी ६	ज्येष्ठ सुदी १२	ज्येष्ठ सुदी १२	फाल्गुन वदी ६	फाल्गुन वदी ७

	Śrī Supārśvanātha jī	Bhādōṁ sudī 6	Jyēṣṭha sudī 12	Jyēṣṭha sudī 12	Phālguna vadī 6	Phālguna vadī 7
8	श्री चंद्रप्रभ जी	चैत्र वदी ५	पौष वदी ११	पौष वदी ११	फाल्गुन वदी ७	फाल्गुन सुदी ७
	Śrī Candraprabha jī	Caitra vadī 5	Pauṣa vadī 11	Pauṣa vadī 11	Phālguna vadī 7	Phālguna sudī 7
9	श्री पुष्पदंत जी	फाल्गुन वदी ९	मंगसिर सुदी १	मंगसिर सुदी १	कार्तिक सुदी २	भादों सुदी ८
	Śrī Puṣpadanta jī	Phālguna vadī 9	Maṅgasira sudī 1	Maṅgasira sudī 1	Kārtika sudī 2	Bhādōṁ sudī 8
10	श्री शीतलनाथ जी	चैत्र वदी ८	माघ वदी १२	माघ वदी १२	पौष वदी १४	आसोज सुदी ८
	Śrī Sītalanātha jī	Caitra vadī 8	Māgha vadī 12	Māgha vadī 12	vadī 14	Āsōja sudī 8
11	श्री श्रेयांसनाथ जी	ज्येष्ठ वदी ६	फाल्गुन वदी ११	फाल्गुन वदी ११	माघ वदी १५	सावन सुदी १५
	Śrī Srēyānsanātha jī	Jyēṣṭha vadī 6	vadī 11	Phālguna vadī 11	vadī 15	Sāvana sudī 15
12	श्री वासुपूज्य जी	आषाढ वदी ६	फाल्गुन वदी १४	फाल्गुन वदी १४	माघ सुदी २	भादों सुदी १४
	Śrī Vāsupūjya jī	Āṣāḍha vadī 6	Phālguna vadī 14	Phālguna vadī 14	Māgha sudī 2	Bhādōṁ sudī 14
13	श्री विमलनाथ जी	ज्येष्ठ वदी १०	माघ सुदी ४	माघ सुदी ४	माघ सुदी ६	आषाढ वदी ६
	Śrī Vimalanātha jī	Jyēṣṭha vadī 10	Māgha sudī 4	Māgha sudī 4	Māgha sudī 6	Āṣāḍha vadī 6
14	श्री अनंतनाथ जी	कार्तिक वदी १	ज्येष्ठ वदी १२	ज्येष्ठ वदी १२	चैत्र वदी १५	चैत्र वदी १५
	Śrī Anantanātha jī	Kārtika vadī 1	Jyēṣṭha vadī 12	Jyēṣṭha vadī 12	Caitra vadī 15	Caitra vadī 15
15	श्री धर्मनाथ जी	बैशाख सुदी ८	माघ सुदी १३	माघ सुदी १३	पौष सुदी १५	ज्येष्ठ सुदी ४
	Śrī Dharmannātha jī	Baiśākha sudī 8	Māgha sudī 13	Māgha sudī 13	Pauṣa sudī 15	Jyēṣṭha sudī 4
16	श्री शांतिनाथ जी	भादों वदी ७	ज्येष्ठ वदी १४	ज्येष्ठ वदी १४	पौष सुदी १०	ज्येष्ठ वदी १४
	Śrī Sāntinātha jī	Bhādōṁ vadī 7	Jyēṣṭha vadī 14	Jyēṣṭha vadī 14	Pauṣa sudī 10	Jyēṣṭha vadī 14
17	श्री कुंथुनाथ जी	सावन वदी १०	बैशाख सुदी १	बैशाख सुदी १	चैत्र सुदी ३	बैशाख सुदी १
	Śrī Kunthunātha jī	Sāvana vadī 10	Baiśākha sudī 1	Baiśākha sudī 1	Caitra sudī 3	Baiśākha sudī 1

18	श्री अरनाथ जी	फाल्गुन सुदी ३	मंगसिर सुदी १४	मंगसिर सुदी १०	सुदी१२	चैत्र वदी १५
	Śrī Aranātha jī	Phālguna sudī 3	Maṅgasira sudī 14	Maṅgasira sudī 10	Kārtika sudī12	Caitra vadī 15
19	श्री मल्लिनाथ जी	चैत्र सुदी १	मंगसिर सुदी ११	मंगसिर सुदी ११	पौष वदी २	फाल्गुन सुदी ५
	Śrī Mallinātha jī	Caitra sudī 1	Maṅgasira sudī 11	Maṅgasira sudī 11	Pauṣa vadī 2	Phālguna sudī 5
20	श्री मुनिसुव्रतनाथ जी	सावन वदी २	बैशाख वदी १०	बैशाख वदी १०	बैशाख वदी ९	फाल्गुन वदी १२
	Śrī Munisuvratanātha jī	Sāvana vadī 2	Baiśākha vadī 10	vadī 10	Baiśākha vadī 9	Phālguna vadī 12
21	श्री नमिनाथ जी	आश्विन वदी २	आषाढ वदी १०	आषाढ वदी १०	मंगसिर सुदी ११	बैशाख वदी १४
	Śrī Naminātha jī	Āśhvina vadī 2	Āṣāḍha vadī 10	Āṣāḍha vadī 10	Maṅgasira sudī 11	Baiśākha vadī 14
22	श्री नेमिनाथ जी	कार्तिक सुदी ६	सावन सुदी ६	सावन सुदी ६	असोज सुदी १	आषाढ सुदी ७
	Śrī Nēminātha jī	Kārtika sudī 6	Sāvana sudī 6	Sāvana sudī 6	Asōja sudī 1	Āṣāḍha sudī 7
23	श्री पार्श्वनाथ जी	बैशाख वदी २	पौष वदी ११	पौष वदी ११	चैत्र वदी ४	सावन सुदी ७
	Śrī Pārśvanātha jī	Baiśākha vadī 2	Pauṣa vadī 11	Pauṣa vadī 11	Caitra vadī 4	sudī 7
24	श्री महावीर जी	आषाढ. सुदी ६	चैत्र सुदी १३	मार्गशीर्ष वदी १०	मार्गशीर्ष वदी १०	कार्तिक वदी १५
	Śrī Mahāvīra jī	. sudī 6	Caitra sudī 13	Mārgaśīrṣa vadī 10	Mārgaśīrṣa vadī 10	Kārtika vadī 15

पंच- कल्याणक तिथियाँ Panch Kalyanak Tithiyan

महीनों के क्रम से पंच- कल्याणक तिथियाँ Mahīnō Kē Krama Sē Pañca-Kalyāṇaka tithiyāṁ

श्रावकगण नीचे लिखे दिनों में अवश्य पूजन एवं स्वाध्याय करें, क्योंकि ऐसा करने से विशेष-पुण्य व लाभ की प्राप्ति होती है|

तीर्थंकर का नाम तिथि एवं कल्याणक का नाम के क्रम से निम्नलिखित विवरण को समझें |

Śravakagaṇa nīcē likhē dinōṁ mēṁ āvaśaya pūjana ēvaṁ svādhyāya karē, kyōṅki aisā karanē sē viśēṣa – puṇya va lābha kī prāpti hōtī hai |

Tīrthakara kā nām tithi ēvaṁ kalyāṇaka kā nāma kē krama sē nimnalikhita vivaraṇa kō samajhēṁ|

चैत्र कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Caitra kṛṣṇa – pakṣa (vadī)	
पार्श्वनाथ जी - ४ - ज्ञान	चंद्रप्रभ जी - ५ - गर्भ
Pārśvanātha jī – 4 – jñāna	Candraprabha jī – 5 – garbha
शीतलनाथ जी - ८ - गर्भ	ऋषभनाथ जी - ९ - जन्म, तप
Śītalanātha jī – 8 – garbha	Ṛṣabhanātha jī – 9 – janma, tapa
अनंतनाथ जी - १५ - ज्ञान, मोक्ष	अरहनाथ जी - १५ - मोक्ष
Anantanātha jī – 15 – jñāna, mōkṣa	Arahnātha jī -15 – mōkṣa
चैत्र शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Caitra śukla – pakṣa (sudī)	
मल्लिनाथ जी - १ - गर्भ	कुंथुनाथ जी - ३ - ज्ञान
Mallīnātha jī – 1 – garbha	Kunthunātha jī – 3 – jñāna
अजितनाथ जी - ५ - मोक्ष	संभवनाथ जी - ६ - मोक्ष
Ajitanātha jī – 5 – mōkṣa	Sambhavanātha jī – 6 – mōkṣa
सुमतिनाथ जी - ११ - जन्म, ज्ञान, मोक्ष	महावीर जी - १३ - जन्म
Sumatinātha jī 11 janma, jñāna, mōkṣa	Mahāvīra jī – 13 – janma
पद्मप्रभ जी - १५ - ज्ञान	
Padmaprabha jī – 15 – jñāna	
बैशाख कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Baiśākha kṛṣṇa – pakṣa (vadī)	
पार्श्वनाथ जी - २ - गर्भ	मुनिसुव्रतनाथ जी - ९ - ज्ञान
Pārśvanātha jī – 2 – garbha	Munisuvratanātha jī – 9 – jñāna

मुनिसुव्रतनाथ जी - १० - जन्म, तप	नमिनाथ जी - १४ - मोक्ष
Munisuvratanātha jī – 10 – janma, tapa	Naminātha jī – 14 – mōkṣa
बैशाख शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Baiśākha śukla – pakṣa (sudī)	
कुंथुनाथ जी - १ - जन्म, तप, मोक्ष	अभिनंदन जी - ६ - गर्भ, मोक्ष
Kunthunātha jī – 1 – janma, tapa, mōkṣa	Abhinandana jī – 6 – garbha, mōkṣa
धर्मनाथ जी - ८ - गर्भ	सुमतिनाथ जी - ९ - तप
Dharmanātha jī – 8 – garbha	Sumatinātha jī – 9 – tapa
महावीर स्वामी - १२ - ज्ञान	
Mahāvīra svāmī – 12 – jñāna	
ज्येष्ट कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Jyēṣṭa kr̥ṣṇa – pakṣa (vadī)	
श्रेयांसनाथ जी - ६ - गर्भ	विमलनाथ जी - १० - गर्भ
Śrēyānsanātha jī – 6 – garbha	Vimalanātha jī – 10 – garbha
अनंतनाथ जी - १२ - जन्म, तप	शांतिनाथ जी - १४ - जन्म, तप, मोक्ष
Anantanātha jī – 12 – janma, tapa	Śāntinātha jī – 14 – janma, tapa, mōkṣa
अजितनाथ जी - १५ - गर्भ	
Ajitanātha jī – 15 – garbha	
ज्येष्ट शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Jyēṣṭa śukla – pakṣa (sudī)	
धर्मनाथ जी - ४ - मोक्ष	सुपार्श्वनाथ जी - १२ - जन्म, तप
Dharmanātha jī – 4 – mōkṣa	Supārśvanātha jī – 12 – janma, tapa
आषाढ़ कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Āṣāṛha kr̥ṣṇa – pakṣa (vadī)	
ऋषभनाथ जी - २ - गर्भ	वासुपूज्य जी - ६ - गर्भ
Ṛṣabhanātha jī – 2 – garbha	Vāsupūjya jī – 6 – garbha
विमलनाथ जी - ६ - मोक्ष	नमिनाथ जी - १० - जन्म, तप
Vimalanātha jī – 6 – mōkṣa	Naminātha jī – 10 – janma, tapa
आषाढ़ शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Āṣāṛha śukla – pakṣa (sudī)	
महावीर स्वामी - ६ - गर्भ	नेमिनाथ जी - ७ - मोक्ष
Mahāvīra svāmī – 6 – garbha	Nēminātha jī – 7 – mōkṣa
श्रावण कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Śrāvaṇa Kr̥ṣṇa – pakṣa (vadī)	
मुनिसुव्रतनाथ जी - २ - गर्भ	कुंथुनाथ जी - १० - गर्भ
Munisuvratanātha jī – 2 – garbha	Kunthunātha jī – 10 – garbha
श्रावण शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Śrāvaṇa śukla – pakṣa (sudī)	

सुमतिनाथ जी - २ - गर्भ	नेमिनाथ जी - ६ - जन्म, तप
Sumatinātha jī – 2 – garbha	Nēminātha jī – 6 – janma, tapa
पार्श्वनाथ जी - ७ - मोक्ष	श्रेयांसनाथ जी - १५ - मोक्ष
Pārśvanātha jī – 7 – mōkṣa	Śrēyānsanātha jī – 15 – mōkṣa
भाद्रपद कृष्ण-पक्ष (भादों) (वदी)	
Bhādrapada Kṛṣṇa – pakṣa (bhādōṁ) (vadī)	
शांतिनाथ जी - ७ - गर्भ	
Śāntinātha jī – 7 – garbha	
भाद्रपद शुक्ल-पक्ष (भादों) (सुदी)	
Bhādrapada śukla – pakṣa (bhādōṁ) (sudī)	
सुपार्श्वनाथ जी - ६ - गर्भ	पुष्पदंत जी - ८ - मोक्ष
Supārśvanātha jī – 6 – garbha	Puṣpadanta jī – 8 – mōkṣa
वासुपूज्य जी - १४ - मोक्ष	
Vāsupūjya jī – 14 – mōkṣa	
आश्विन कृष्ण-पक्ष (आसौज, क्वांर) (वदी)	
Āśvina kṛṣṇa – pakṣa (āsauja, kvānra) (vadī)	
नमिनाथ जी - २ - गर्भ	
Naminātha jī – 2 – garbha	
आश्विन शुक्ल-पक्ष (आसौज, क्वांर) (सुदी)	
Āśvina śukla – pakṣa (āsauja, kvānra) (sudī)	
नेमिनाथ जी - १ - ज्ञान	शीतलनाथ जी - ८ - मोक्ष
Nēminātha jī – 1 – jñāna	Śītalanātha jī – 8 – mōkṣa
कार्तिक कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Kārtika kṛṣṇa – pakṣa (vadī)	
अनंतनाथ जी - १ - गर्भ	संभवनाथ जी - ४ - ज्ञान
Anantanātha jī – 1 – garbha	Sambhavanātha jī – 4 – jñāna
पद्मप्रभ - १३ - जन्म, तप	महावीर स्वामी - १५ - मोक्ष
Padmaprabha -13 – janma, tapa	Mahāvīra svāmī – 15 – mōkṣa
कार्तिक शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Kārtika śukla – pakṣa (sudī)	
पुष्पदंत जी - २ - ज्ञान	नेमिनाथ जी - ६ - गर्भ
Puṣpadanta jī – 2 – jñāna	Nēminātha jī – 6 – garbha
अरनाथ जी - १२ - ज्ञान	संभवनाथ जी - १५ - जन्म
Aranātha jī – 12 – jñāna	Sambhavanātha jī – 15 – janma
मार्गशीर्ष कृष्ण-पक्ष (मंगसिर, अगहन) (वदी)	
Mārgaśīrṣa kṛṣṇa – pakṣa (maṅgasira, agahana) (vadī)	
महावीर स्वामी - १० - तप	
Mahāvīra svāmī – 10 – tapa	
मार्गशीर्ष शुक्ल-पक्ष (मंगसिर, अगहन) (सुदी)	

Mārgaśīrṣa śukla – pakṣa (maṅgasira, agahana) (sudī)	
पुष्पदंत जी - १ - जन्म, तप	अरहनाथ जी - १० - तप
Puṣpadanta jī – 1 – janma, tapa	Arahnātha jī – 10 – tapa
मल्लिनाथ जी - ११ - जन्म, तप	नमिनाथ जी - ११ - ज्ञान
Mallinātha jī – 11 – janma, tapa	Naminātha jī – 11 – jñāna
अरहनाथ जी - १४ - जन्म	संभवनाथ जी - १५ - तप
Arahnātha jī – 14 – janma	Sambhavanātha jī – 15 – tapa
पौष कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Pauṣa kr̥ṣṇa – pakṣa (vadī)	
मल्लिनाथ जी - २ - ज्ञान	चंद्रप्रभ जी - ११ - जन्म, तप
Mallinātha jī – 2 – jñāna	Candraprabha jī – 11 – janma, tapa
पार्श्वनाथ जी - ११ - जन्म, तप	शीतलनाथ जी- १४ - ज्ञान
Pārśvanātha jī – 11 – janma, tapa	Śītalanātha ji- 14 – jñāna
पौष शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Pauṣa śukla – pakṣa (sudī)	
शांतिनाथ जी - १० - ज्ञान	अजितनाथ जी - ११ - ज्ञान
Śāntinātha jī – 10 – jñāna	Ajitanātha jī – 11 – jñāna
अभिनंदन जी - १४ - ज्ञान	धर्मनाथ जी - १५ - ज्ञान
Abhinandana jī – 14 – jñāna	Dharmanātha jī – 15 – jñāna
माघ कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Māgha kr̥ṣṇa – pakṣa (vadī)	
पद्मप्रभ जी - ६ - गर्भ	शीतलनाथ जी - १२ - जन्म तप
Padmaprabha jī – 6 – garbha	Śītalanātha jī – 12 – janma tapa
ऋषभनाथ जी - १४ - मोक्ष	श्रेयांसनाथ जी - १५ - ज्ञान
R̥ṣabhanātha jī – 14 – mōkṣa	Śrēyānsanātha jī – 15 – jñāna
माघ शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Māgha śukla – pakṣa (sudī)	
वासुपूज्य जी - २ - ज्ञान	विमलनाथ जी - ४ - जन्म, तप
Vāsupūjya jī – 2 – jñāna	Vimalanātha jī – 4 – janma, tapa
विमलनाथ जी - ६ - ज्ञान	अजितनाथ जी - १० - जन्म, तप
Vimalanātha jī – 6 – jñāna	Ajitanātha jī – 10 – janma, tapa
अभिनंदन जी - १२ - जन्म, तप	धर्मनाथ जी - १३ - जन्म, तप
Abhinandana jī – 12 – janma, tapa	Dharmanātha jī – 13 – janma, tapa
फाल्गुन कृष्ण-पक्ष (वदी)	
Phālguna kr̥ṣṇa – pakṣa (vadī)	
पद्मप्रभ जी - ४ - मोक्ष	सुपार्श्वनाथ जी - ६ - ज्ञान
Padmaprabha jī – 4 – mōka	Supārśvanātha jī – 6 – jñāna
सुपार्श्वनाथ जी - ७ - मोक्ष	चंद्रप्रभ जी - ७ - ज्ञान
Supārśvanātha jī – 7 – mōkṣa	Candraprabha jī – 7 – jñāna

पुष्पदंत जी - ९ - गर्भ	ऋषभनाथ जी - ११ - ज्ञान
Puṣpadanta jī – 9 – garbha	Ṛṣabhanātha jī – 11 – jñāna
श्रेयांसनाथ जी - ११ - जन्म, तप	मुनिसुव्रतनाथ जी - १२ - मोक्ष
Śrēyānsanātha jī – 11 – janma, tapa	Munisuvratanātha jī – 12 – mōkṣa
वासुपूज्य जी - १४ - जन्म, तप	
Vāsupūjya jī – 14 – janma, tapa	
फाल्गुन शुक्ल-पक्ष (सुदी)	
Phālguna śukla – pakṣa (sudī)	
अरहनाथ जी - ३ - गर्भ	मल्लिनाथ जी - ५ - मोक्ष
Arahanātha jī – 3 – garbha	Mallinātha jī – 5 – mōkṣa
चंद्रप्रभ जी - ७ - मोक्ष	संभवनाथ जी - ८ - गर्भ
Candraprabha jī – 7 – mōkṣa	Sambhavanātha jī – 8 – garbha

रस त्याग विचार **Ras Tyag Vichar**

रस-त्याग के अभ्यास से हम अपनी जिव्हा इंद्रिय पर नियंत्रण कर सकते हैं |

Rasa-tyāg kē abhyās sē hama apanīJivhā indriya para niyantraṇa kara sakatē haiṁ|

रविवार को – नमक (खारे पदार्थ)

Ravivāra kō – Namaka (khāre padārth)

सोमवार को – हरे फल, सब्जियां

Sōmavāra kō – harē phala, Sabjiyāṁ

मंगलवार को – मीठे पदार्थ

Maṅgalavāra kō – Mīṭhe padārth

बुधवार को – घी

Budhvāra kō – ghī

गुरुवार को – दूध व उस से बने पदार्थ

Guruvāra kō – Dūdh v us se bane padārth

शुक्रवार को – दही (खट्टे पदार्थ)

Sukravāra kō – Dahī (khatte padārth)

शनिवार को – तेल (तेलों में बने पदार्थ)
Sanivāra kō – tēla (tēlon men bane padārth)

इस संसार में सबसे आसान काम है दूसरों को देखना,
और सबसे कठिन काम है स्वयं को देखना |
Isa sansāra mēṁ sabasē āsāna kāma hai dūsarōṁ kō dēkhanā,
aura sabasē kaṭhina kāma hai svayaṁ kō dēkhanā |

ज्ञान सतो-गुण है, राग-द्वेष रजो-गुण है, और अज्ञान तमो-गुण है |
Jñāna sato-guṇa hai, rāga-dvēṣa rājō-guṇa hai, aura ajñāna tamō-guṇa hai |

संक्षिप्त सूतक-अवधि-विचार **Sankshipt Sutak – Avadhi – Vichar**

सूतक में देव-शास्त्र-गुरु का पूजन-प्रक्षालादि तथा मंदिर जी की जाजम-वस्त्रादि को स्पर्श नहीं करना चाहिये।
सूतक का समय पूर्ण हुए बाद पूजनादि, सत्पात्र-दानादि करना चाहिये |
Sūtaka mēṁ dēva-śāstra-guru kā pūjana-prakṣālādi tathā mandira jī kī jājama-vastrādi kō sparśa nahīṁ karanā cāhiyē. Sūtaka kā samaya pūrṇa hu'ē bāda pūjanādi,satpātra-dānādi karanā cāhiyē |

१ जन्म का सूतक दस दिन तक माना जाता है |
1 Janma kā sūtaka dasa dina taka mānā jātā hai |

२. यदि स्त्री का गर्भपात (पाँचवें-छठे महीने में) हो, तो जितने महीने के गर्भ का पात हो, उतने दिन का सूतक माना जाता है |
2. Yadi strī kā garbhapāta (pām̐cavēṁ-chaṭhē mahīnē mēṁ) hō, tō jitanē mahīnē kē garbha kā pāta hō, utanē dina kā sūtaka mānā jātā hai |

३. प्रसूता स्त्री को ४५ दिन का सूतक होता है, कहीं-कहीं चालीस दिन का भी माना जाता है | प्रसूति स्थान एक मास तक अशुद्ध है |
3. Prasūtā strī kō 45 dina kā sūtaka hōtā hai, kahīṁ-kahīṁ cālīsa dina kā bhī mānā

jātā hai| Prasūtisthāna ēka māsa taka aśud'dha hai |

४. रजस्वला स्त्री चौथे दिन पति के भोजनादि के लिये शुद्ध होती है, परन्तु देव-पूजन, पात्रदान के लिये पाँचवें दिन शुद्ध होती है | व्यभिचारिणी स्त्री के सदा ही सूतक रहता है |

4. Rajasvalā strī cauthē dina pati kē bhōjanādi kē liyē śud'dha hōtī hai, parantu
dēva-pūjana, pātradāna kē liyē pāṁcavēṁ dina śud'dha hōtī hai. Vyabhicāriṇī strī kē
sadā hī sūtaka rahatā hai |

५. मृत्यु का सूतक तीन पीढ़ी तक १२ दिन का माना जाता है। चौथी पीढ़ी में छह दिन का, पाँचवीं-छठी पीढ़ी तक चार दिन का, सातवीं पीढ़ी में तीन दिन, आठवीं पीढ़ी में एक दिन-रात, नवमी पीढ़ी में स्नान-मात्र में शुद्धता हो जाती है |

5. Mr̥tyu kā sūtaka tīna pīṛhī taka 12 dina kā mānā jātā hai. Cauthī pīṛhī mēṁ chaha
dina kā, pāṁcavīṁ-chaṭhī pīṛhī taka cāra dina kā, sātavīṁ pīṛhī mēṁ tīna dina,
āṭhavīṁ pīṛhī mēṁ ēka dina-rāta, navamī pīṛhī mēṁ snāna-mātra mēṁ śud'dhatā hō jātī hai |

६. जन्म तथा मृत्यु का सूतक गोत्र के मनुष्य का पाँच दिन का होता है | तीन दिन के बालक की मृत्यु का दस दिन (माता-पिता को), आठ वर्ष के बालक की मृत्यु पर दस दिन परिवार को माना जाता है | इसके आगे बारह दिन का सूतक माना जाता है |

6. Janma tathā mr̥tyu kā sūtaka gōtra kē manuṣya kā pāṁca dina kā hōtā hai | Tīnadina kē bālaka kī mr̥tyu kā dasa dina (mātā-pitā kō), āṭha varṣa kē bālaka kī
mr̥tyu para dasa dina parivāra kō mānā jātā hai | Isakē āgē bāraha dina kā sūtaka
mānā jātā hai |

७. अपने कुल के किसी गृहत्यागी का संन्यासमरण या किसी कुटुंबी का संग्राम में मरण हो जाय, तो एक दिन का सूतक माना जाता है |

7. Apanē kula kē kisī gr̥hatyāgī kā sann'yāsamaraṇa yā kisī kuṭumbī kā

saṅgrāma mēṁ maraṇa hō jāya, tō ēka dina kā sūtaka mānā jātā hai |

८. यदि अपने कुल का कोई देशांतर में मरण करे और १० दिन के भीतर खबर सुने, तो शेष दिनों का ही सूतक मानना चाहिये | यदि १० दिन पूर्ण हो, गये हों तो स्नान-मात्र सूतक जानो |

8. Yadi apanē kula kā kōi dēśāntara mēṁ maraṇa karē aura 10 dina kē bhītara
khabara sunē, tō śēṣa dinōṁ kā hī sūtaka mānanā cāhiyē| Yadi 10 dina pūrṇa hō, gayē hōṁ tō snāna-mātra sūtaka jānō |

९.गौ, भैंस, घोड़ी आदि पशु अपने घर में जने, तो एक दिन का सूतक और घर के बाहर जने, तो सूतक नहीं होता |

9. Gau, bhainsa, ghōṛī ādi paśu apanē ghara mēṁ janē, tō ēka dina kā sūtaka aura ghara kē bāhara janē, tō sūtaka nahīṁ hōtā |

१०. बच्चा हुए बाद भैंस का दूध १५ दिन तक, गाय का दूध १० दिन तक, बकरी का ८ दिन तक अभक्ष्य (अशुद्ध) होता है |

10. Baccā hu'ē bāda bhainsa kā dūdha 15 dina taka, gāya kā dūdha 10 dina taka, bakarī kā 8 dina taka abhakṣya (aśud'dha) hōtā hai |

देश-भेद से सूतक-विधान में कुछ न्यूनाधिक भी होता है, परन्तु शास्त्र की पद्धति मिलाकर ही सूतक मानना चाहिए |

Dēśa-bhēda sē sūtaka-vidhāna mēṁ kucha n'yūnādhika bhī hōtā hai, parantu śāstra kī pad'dhati milākara hī sūtaka mānanā cāhi'ē |

सल्लेखना का स्वरूप Sallekhana Ka Swarup

प्रतिकार-रहित उपसर्ग आने पर, दुष्काल होने पर, बुढ़ापा अथवा रोग विशेष के हो जाने पर, रत्नत्रय धर्म की आराधना करते हुये शरीर का त्याग करना सल्लेखना है | श्रावक के बारह व्रतों के अन्त में सल्लेखना करने का विधान है |

Pratikāra-rahita upasarga ānē para, duṣkāla hōnē para, buṛhāpā athavā rōga viśēṣa kē ho jānē para, ratnatraya dharma kī ārādhanā karatē huyē śarīra kā tyāga karanā sallēkhanā hai | śrāvaka kē bāraha vratōṁ kē anta mēṁ sallēkhanā karanē kā vidhāna hai |

'मरण के समय में होने वाली सल्लेखना को प्रेमपूर्वक सेवन करना चाहिये | '

'Maraṇa kē samaya mēṁ hōnē vālī sallēkhanā kō prēmapūrvaka sēvana karanā cāhiyē | '

वसुनंदि-श्रावकाचार आदि अनेक ग्रंथों में शिक्षाव्रत के चतुर्थ भेद में सल्लेखना व्रत को लिया है| यथा-'वस्त्रमात्र परिग्रह को रखकर, शेष समस्त परिग्रह को छोड़कर, अपने ही घर में अथवा जिनालय में रहकर जो श्रावक, गुरु के समीप में त्रिकरण (मन-वचन-तन)- शुद्धिपूर्वक अपनी आलोचना करके, पीने योग्य पदार्थ के सिवाय शेष तीन प्रकार के आहार का त्याग कर देता है उसे सल्लेखना शिक्षाव्रत कहते हैं |'

Vasunandi-śrāvakācāra ādi anēka granthōṁ mēṁ śikṣāvrata kē caturtha bhēda mēṁ sallēkhanā vrata kō liyā hai | yathā-
'vastramātra parigraha kō rakhakara,śheṣha samasta parigraha kō chōṛakara apanē hī ghara mēṁ athavā jinālaya mēṁ rahakara jō śrāvaka, guru kē samīpa mēṁ trikaraṇa (mana-vachana-tana)-śud'dhipūrvaka apanī ālōcanā karakē, pīnē yōgya padārtha kē sivāya śēṣa tīna prakāra kē āhāra kā tyāga kara dētā hai usē sallēkhanā śikṣāvrata kahatē haiṁ |'

तात्पर्य यह है कि आयु के अंत समय में क्रम से कषाय और काय को कृश करना सल्लेखना है | इसमें मुनि व श्रावक दोनों ही क्रम-क्रम से आहार-पानी का त्याग करते हुए णमोकार मंत्र का जाप्य करते हुए शरीर को छोड़ते हैं | इसका बहुत बड़ा महत्व है | जो मनुष्य एक बार भी सल्लेखना विधि से मरण करता है वह कम से कम एक या दो भव में और अधिक से अधिक सात-आठ भव में मोक्ष को प्राप्त कर लेता है |

Tātparya yaha hai ki āyu kē anta samaya mēṁ krama sē kaṣāya aura kāya kō kṛśa karanā sallēkhanā hai | isamēṁ muni va shrāvak donoṁ hi krama-krama sē āhāra pānī kā tyāga karatē hu'ē ṇamōkāra mantra kā jāpya karatē hu'ē śarīra kō chōṛate hain | isakā bahuta baṛā mahatva hai | jō manuṣya ēka bāra bhī sallēkhanā vidhi sē maraṇa karatā hai vaha kama sē kama ēka yā dō bhava meṁ aura adhika sē adhika sāta-āṭha bhava meṁ mōkṣa kō prāpta kara lētā hai |

तत्वार्थसूत्र में श्री उमास्वामी आचार्य ने कहा है कि 'व्रती को शल्य रहित होना चाहिए |'

शल्य के तीन भेद हैं- माया, मिथ्यात्व और निदान |

Tatvārthasūtra mēṁ śrī umāsvāmī ācārya nē kahā hai ki 'vratī kō śalya rahita hōnā cāhi'ē |' Salya kē tīna bhēda hai- māyā, mithyātva aura nidāna |

माया का अर्थ है – मन में छल-कपट आदि रखना |

Māyā ka arth hai – mana mem chala–kapat ādi rakhanā |

मिथ्यात्व का अर्थ है – तत्वों का केवली प्रणीत श्रद्धान न करना |

Mithyātva ka arth hai – Tatvōṁ kā kevali-pranīt śrad'dhāna na karanā |

निदान का अर्थ है – देखे, सुने, अनुभव में आए हुए विषय-भोगों की आकांक्षा बनी रहना |

Nidāna ka arth hai – dekhe, sune, anubhava mem aaye hue viṣaya-bhōgō kī ākānkśā bani rahanā |

जो शल्य रहित पाँच अणुव्रत, रात्रि भोजन त्याग और सात शीलों (तीन गुणव्रत, चार शिक्षाव्रत) को अतिचार रहित पालता है वही 'व्रती' कहलाता है |

Jō śalya rahita pāṁca aṇuvrata, rātri bhōjana tyāga aura sāta śīlōṁ (tīna guṇavrata, cāra śikṣāvrata) kō aticāra rahita pālatā hai vahī 'vratī' kahalātā hai |